दैनिक
# लोकमित्र
सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :123
प्रतापगढ़ | गुरूवार , 6 मार्च-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## सोनप्रयाग से केदारनाथ तक बनेगा रोपवे

**● कैबिनेट ने दी मंजूरी**

**9 घंटे का सफर सिर्फ 36 मिनट में**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उत्तराखंड में दो रोपवे परियोजनाओं के विकास को मंजूरी दी गयी। इसमें सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी लंबी और गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक 12.4 किमी लंबी रोपवे परियोजनाओं के विकास को मंजूदी दी गयी है।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोनप्रयाग से केदारनाथ तक 12.9 किमी लंबी परियोजना को 4,081.28 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत पर डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटैचेबल गोंडोला (3एस) तकनीक पर आधारित होगा, जिसकी डिजाइन क्षमता 1,800 यात्री प्रति घंटा प्रति दिशा (पीपीएचपीडी) होगी और यह प्रतिदिन 18,000 यात्रियों को ले जाएगा।वैष्णव ने बताया कि रोपवे परियोजना केदारनाथ आने वाले तीर्थयात्रियों के लिए एक वरदान साबित होगी क्योंकि यह पर्यावरण के अनुकूल, आरामदायक और तेज़ कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। इससे यात्रा का समय लगभग 8 से 9 घंटे से घटकर लगभग 36 मिनट हो जाएगा। रोपवे परियोजना निर्माण और संचालन के साथ-साथ पूरे वर्ष आतिथ्य, यात्रा, खाद्य और पेय पदार्थ (एफ एंड बी) और पर्यटन जैसे संबद्ध पर्यटन उद्योगों में पर्याप्त रोजगार के अवसर भी पैदा करेगी। रोपवे परियोजना का विकास संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, पहाड़ी क्षेत्रों में अंतिम मील कनेक्टिविटी को बढ़ाने और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केदारनाथ मंदिर की यात्रा गौरीकुंड से 16 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है और वर्तमान में इसे पैदल या टट्टू, पालकी और हेलिकॉप्टर से तय किया जाता है।केदारनाथ उत्तराखंड राज्य के रुद्रप्रयाग जिले में 3,583 मीटर (11968 फीट) की ऊंचाई पर स्थित 12 पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यह मंदिर अक्षय तृतीया (अप्रैल-मई) से दीपावली (अक्टूबर-नवंबर) तक साल में लगभग 6 से 7 महीने तीर्थयात्रियों के लिए खुला रहता है और इस मौसम के दौरान सालाना लगभग 20 लाख तीर्थयात्री यहां आते हैं।इसके साथ पर्वतमाला परियोजना के तहत उत्तराखंड में गोविंदघाट से हेमकुंड साहिब जी तक 12.4 किमी लंबी रोपवे परियोजना को 2,730.13 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत से डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) मोड पर विकसित किया जाएगा। वर्तमान में हेमकुंड साहिब जी की यात्रा पैदल या टट्टू या पालकी द्वारा सरकार से 21 किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई है। प्रस्तावित रोपवे की योजना हेमकुंड साहिब जी के दर्शन करने वाले तीर्थयात्रियों और फूलों की घाटी में आने वाले पर्यटकों को सुविधा प्रदान करने के लिए बनाई गई है और यह गोविंदघाट और हेमकुंड साहिब जी के बीच हर मौसम में अंतिम मील की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगा।

## चट्टान गिरने से हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी को जोड़ने वाला पुल ध्वस्त

**कई इलाकों से कटा संपर्क**

**गांवों में आवश्यक सामग्री पहुंचाने के निर्देश**



**गोपेश्वर,(हि.स.)।** चमोली जिले के ज्योतिर्मठ विकास खंड के बदरीनाथ हाइवे के गोविन्दघाट से हेमकुंड साहिब और विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी को जोड़ने वाला पुल बुधवार को पहाड़ से टूटकर गिरी चटटान से पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। इससे जिले में स्थित सिखों के पवित्र धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब और प्रसिद्ध फूलों की घाटी के बीच पर्यटकों और तीर्थयात्रियों की आवाजाही फिलहाल पूरी तरह से ठप हो गई है। इसकी सूचना पर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है।बुधवार सुबह पहाड़ों से बड़ी चट्टान के गिरने से सिखों के पवित्र धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब और प्रसिद्ध फूलों की घाटी को जोड़ने वाला गोविन्दघाट पुल टूट गया। इससे हेमकुण्ड साहिब, फूलों की घाटी के साथ-साथ पुलना और भ्यूंडार के ग्रामीणों का संपर्क मुख्य मार्ग से पूरी तरह कट गया है। इसके साथ ही दर्जनों वाहन अलकनंदा नदी के उस पार फंस गए हैं।इस संबंध में जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया गोविंदघाट में पुल टूटने की घटना के बाद एसडीआरएफ, तहसील प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग के साथ ही सभी विभागों की टीम मौके पर पहुंच गई हैं। प्रशासन की प्राथमिकता पुलना गांव में निवासरत लोगों को आवश्यक वस्तुओं और अन्य सुविधाओं को उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और लोनिवि के अधिकारियों को शाम तक समाधान के निर्देश दिए गए हैं। समाधान मिलते मिलते ही आगे कार्य किया जाएगा।हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के प्रबंधक सेवा सिंह ने बताया कि बोल्डर गिरने से लोहे का बना पुल पूरी तरह ध्वस्त होने से पुलना, घांघरिया, भ्यूंडार, हेमकुंड साहिब और फूलों की घाटी जाने वाला रास्ता बाधित हो गया है। सूचना चमोली जिला प्रशासन को दे दी गई है। सेवा सिंह ने कहा कि हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे के कपाट 25 मई को श्रद्धालुओं के लिए खोले जाएंगे, जबकि यात्रा का शुभारंभ 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में पहले जत्थे की रवानगी के साथ होगा। पुल क्षतिग्रस्त होने से यात्रा की तैयारियों पर असर पड़ सकता है।उन्होंने इस पुल के जल्द निर्माण की मांग की है।

## यूपी विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटखा बैन

**स्पीकर ने कहा- अब खाया तो 1000 रुपये का जुर्माना**



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** यूपी विधानसभा में पान-मसाला थूकने की घटना के एक दिन बाद, सदन के अध्यक्ष सतीश महाना ने विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटखा पर बैन लगा दिया है। साथ ही एक हजार जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया है। सतीश महाना ने कहा कि विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटका का सेवन तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया जाता है। यदि कोई भी व्यक्ति विधानसभा परिसर में पान-मसाला और गुटका का सेवन करता है, तो उन पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और उनके खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।इससे पहले मंगलवार को स्पीकर सतीश महाना उस समय क्रोधित हो गए जब उन्होंने देखा कि विधानसभा के मुख्य द्वार पर किसी ने थूक दिया था। महाना ने जहां विधानसभा कर्मचारियों को दाग साफ कराने का आदेश दिया, वहीं उन्होंने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाया। महाना ने कहा कि सुबह मुझे सूचना मिली कि हमारी विधान सभा के इस कक्ष में किसी सदस्य ने पान मसाला खाकर थूक दिया है। इसलिए, मैं यहां आया और इसे बोल रहा। मैंने विधायक को वीडियो में देखा है। लेकिन मैं किसी भी व्यक्ति को अपमानित नहीं करना चाहता। इसलिए मैं उनका नाम नहीं ले रहा हूं।महाना ने साफ तौर पर कहा कि मैं सभी सदस्यों से आग्रह करता हूं कि अगर वे किसी को ऐसा करते हुए देखें तो उन्हें रोकें।

इस विधानसभा को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। जब किसी ने उनसे विधायक का नाम पूछा तो अध्यक्ष महाना ने कहा कि बेहतर होगा कि संबंधित विधायक अपनी गलती स्वीकार कर लें। उन्होंने कहा, ÷अगर संबंधित विधायक आकर मुझसे कहते हैं कि उन्होंने ऐसा किया है तो अच्छा होगा, नहीं तो मैं उन्हें बुलाऊंगा।

## पार्टी हित में आनंद कुमार ने छोड़ा नेशनल कोऑर्डिनेटर का पद

**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने भाई आनंद कुमार की जगह सहारनपुर के रणधीर बेनीवाल को नेशनल कोआर्डिनेटर की नई जिम्मेदारी दी है। आनंद ने एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा जताई थी, जिसका मायावती ने स्वागत किया है।बसपा प्रमुख मायावती ने बुधवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि काफी लम्बे समय से निस्वार्थ सेवा व समर्पण के साथ कार्यरत बीएसपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आनन्द कुमार, जिन्हें अभी हाल ही में नेशनल कोऑर्डिनेटर भी बनाया गया था। उन्होंने पार्टी व मूवमेन्ट के हित के मद्देनज़र एक पद पर रहकर कार्य करने की इच्छा व्यक्त की है, जिसका स्वागत है। ऐसे में आनन्द कुमार पहले की ही तरह बसपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर रहते हुए सीधे मेरे दिशा-निर्देशन में पूर्ववत अपनी जिम्मेदारियों को निभाते रहेंगे।

## सपा लोहिया के रास्ते से भटकी, औरंगजेब को बना रही आदर्श - योगी

**● कहाः औरंगजेब की तारीफ करने वाले अपने विधायक को यूपी भेजे सपा, अच्छे से होगा उपचार**




**लखनऊ, (हि. स.)।** महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आजमी के मुगल बादशाह औरंगजेब की प्रशंसा करने वाले बयान ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में भी हलचल मचा दी है। बुधवार को विधान परिषद में बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अबू आजमी के बयान पर सपा को आड़े हाथों लेते हुए जमकर फटकार लगाई। योगी ने सपा से अपने विधायक को तत्काल पार्टी से निलंबित करने और उसे उत्तर प्रदेश भेजने की मांग की, साथ ही चेतावनी दी कि यूपी ऐसे लोगों का इलाज करने में देरी नहीं करता।मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि सपा भारत की सांस्कृतिक विरासत पर गर्व नहीं करती और अपने मूल विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों से भटक गई है। डॉ. लोहिया ने भारत की एकता के तीन आधार बताए थे- श्रीराम, श्रीकृष्ण और भगवान शिव, लेकिन आज सपा औरंगजेब जैसे क्रूर शासक को अपना आदर्श मान रही है। योगी ने औरंगजेब के इतिहास का जिक्र करते हुए कहा कि उसने अपने पिता शाहजहां को आगरा किले में कैद कर पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया था।

उन्होंने सपा नेताओं को पटना की लाइब्रेरी में शाहजहां की जीवनी पढ़ने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि शाहजहां ने औरंगजेब को कहा था कि तुम से अच्छा तो हिन्दू है जो जीते जी तो अपने बुजुर्ग मां-बाप की सेवा करता है और मृत्युपरांत वर्ष में एक बार श्राद्ध करते हुए मां-बाप को जल अर्पित करता है। सीएम ने कहा कि जिन लोगों का आचरण औरंगजेब जैसा है वो उसपर गर्व कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने सपा पर भारत की आस्था पर प्रहार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि औरंगजेब ने जजिया कर लगाया, मंदिर तोड़े और भारत का इस्लामीकरण करने की कोशिश की। कोई सभ्य मुसलमान अपने बेटे का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसे पता है कि वह उसे एक एक बूंद पानी के लिए तरसा देगा। उन्होंने सपा से सवाल किया कि वह महाकुम्भ जैसे आयोजन की आलोचना करती है और दूसरी ओर औरंगजेब जैसे %दुर्दांत और धर्मांध% शासक का महिमामंडन करती है। मुख्यमंत्री ने सपा को चुनौती दी कि वह अपने विधायक (अबू आजमी) को पार्टी से निकाले और उसे यूपी भेजे, यहां उसका %उपचार% किया जाएगा। उन्होंने सदन में पूछा कि जो छत्रपति शिवाजी की परंपरा पर लज्जा महसूस करता हो और औरंगजेब को नायक मानता हो, क्या उसे भारत में रहने का अधिकार है ?उल्लेखनीय है कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब महाराष्ट्र के सपा विधायक अबू आजमी ने औरंगजेब को %महान प्रशासक% बताते हुए उसकी प्रशंसा की थी। इस बयान के बाद यूपी विधान परिषद् में मुख्यमंत्री ने सपा को आड़े हाथ लिया है।

## अप्रैल से भारत पर टैरिफ लगायेगा अमेरिका

**● मोदी-ट्रम्प की दोस्ती नहीं आयी भारत के काम**



**वाशिंगटन,एजेंसियॉ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस में दिये गये अपने भाषण के केवल कुछ मिनट ही विदेश नीति को समर्पित किये और अर्थव्यवस्था से जुड़े बिंदुओं को गहराई से छुआ। ट्रंप ने साफ कहा कि शुल्क अमेरिका को फिर से अमीर और महान बनाने के लिए हैं।राष्ट्रपति पद पर दोबारा लौटने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में दिये गये अपने पहले संबोधन में कई बड़े ऐलान तो किये ही हैं साथ ही अपने कई हालिया फैसलों के लिए हो रही उनकी आलोचनाओं का भी करारा जवाब दे दिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने जिस तरह टैरिफ युद्ध को अमेरिका के लिए फायदेमंद बताया, जिस तरह एलन मस्क की ओर से गैर-जरूरी कर्मचारियों को सरकारी नौकरी से हटाये जाने को सही ठहराया, जिस तरह अपनी विस्तारवादी नीति को सही ठहराया वह दर्शाता है कि ट्रंप जो बातें ठान कर व्हाइट हाउस में आये थे उसे वह पूरा करके ही दम लेंगे। ट्रंप ने अपने संबोधन में आव्रजन, अर्थव्यवस्था और सुरक्षा की दिशा में उठाए गए कदमों पर चर्चा की।हम आपको बता दें कि ट्रंप ने जब यह कहा कि उनके हालिया फैसलों की वजह से %अमेरिका वापस आ गया है% और अमेरिका का विश्वास व सम्मान लौटा है तो इसके विरोध में कुछ डेमोक्रेट बाहर चले गए। 100 मिनट का यह भाषण आधुनिक अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति की ओर से कांग्रेस में दिया गया सबसे लंबा भाषण था। इस भाषण को सिर्फ अमेरिकी कांग्रेस में बैठे नेता ही नहीं सुन रहे थे बल्कि विश्व नेता भी ट्रंप के भाषण पर करीब से नजर रख रहे थे।ट्रंप ने अपने भाषण के केवल कुछ मिनट ही विदेश नीति को समर्पित किये और अर्थव्यवस्था से जुड़े बिंदुओं को गहराई से छुआ। ट्रंप ने साफ कहा कि शुल्क अमेरिका को फिर से अमीर और महान बनाने के लिए हैं। ट्रंप ने संघीय बजट को संतुलित करने की कसम खाई, यहां तक कि उन्होंने सांसदों से एक व्यापक कर कटौती एजेंडा लागू करने का आग्रह भी किया। हम आपको बता दें कि अमेरिकी कांग्रेस को इस साल के अंत में देश की ऋण सीमा बढ़ाने की ज़रूरत है या फिर विनाशकारी डिफ़ॉल्ट का जोखिम उठाना होगा। ट्रंप ने बार-बार अपने पूर्ववर्ती जो बाइडन पर विभिन्न फैसलों को लेकर हमला भी किया। राष्ट्रपति ने साथ ही अरबपति व्यवसायी एलन मस्क और उनके सरकारी दक्षता विभाग की प्रशंसा की, जिन्होंने 100,000 से अधिक संघीय कर्मचारियों की संख्या कम कर दी है, अरबों डॉलर की विदेशी सहायता में कटौती की है और कई एजेंसियों को बंद कर दिया है। राष्ट्रपति ने मस्क को ÷सैंकड़ों अरब डॉलर की धोखाधड़ी÷ की पहचान करने का श्रेय भी दिया।

## जस्टिन ट्रूडो ने टैरिफ वॉर को बताया मूर्खतापूर्ण

**● ट्रंप पर लगाया व्लादिमीर पुतिन को खुश करने का आरोप**



**कनाडा , एजेंसियॉ।** कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अमेरिकी टैरिफ को बहुत मूर्खतापूर्ण कहा और दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध शुरू करते हुए रूस को खुश कर रहे हैं। कार्यालय में अपने अंतिम दिनों के दौरान एक स्पष्ट संवाददाता सम्मेलन में, ट्रूडो ने कहा कि ट्रम्प के 25 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में कनाडा 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक अमेरिकी सामानों पर जवाबी टैरिफ लगाएगा।क्रोधित ट्रूडो ने कहा कि आज संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपने सबसे करीबी साथी और सहयोगी, अपने सबसे करीबी दोस्त कनाडा के खिलाफ व्यापार युद्ध शुरू किया। साथ ही वे झूठ बोलने वाले, हत्यारे तानाशाह व्लादिमीर पुतिन को खुश करते हुए रूस के साथ सकारात्मक रूप से काम करने की बात कर रहे हैं। इसका मतलब समझो। ट्रम्प ने वाशिंगटन के तीन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों के खिलाफ टैरिफ लगाया, मेक्सिको, कनाडा और चीन से तत्काल प्रतिशोध लिया और वित्तीय बाजारों को संकट में डाल दिया।

## संभलमस्जिद की जगह मंदिर होने का दावा करने वाली याचिका पर सुनवाई 28 अप्रैल को

**संभल (उत्तर प्रदेश) ।** जिला अदालत ने उस याचिका पर सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तारीख नियत की जिसमें दावा किया गया है कि यहां स्थित शाही जामा मस्जिद की जगह पहले हरिहर मंदिर था। सुनवाई के लिए जब यह मामला सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह के समक्ष आया, तो उन्होंने सुनवाई 28 अप्रैल तक के लिए टाल दी। याचिका 19 नवंबर, 2023 को एक अन्य अदालत में दायर की गई थी। हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाले एक वकील गोपाल शर्मा ने कहा कि प्रतिवादी को अपना लिखित बयान प्रस्तुत करना था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, ''आज सिविल जज (सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। अगली तारीख 28 अप्रैल तय की गई है। मस्जिद पक्ष के वकील को आज अपना लिखित बयान दाखिल करना था, लेकिन उन्होंने अभी तक इसे जमा नहीं किया है।

## भारत एआई अनुसंधान के लिए एक राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल स्थापित करेगा- प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) अनुसंधान के लिए एक राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल (एलएलएम) स्थापित करेगा। उन्होंने उद्योगों से इस क्षेत्र में निवेश के लिए कहा।प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार सृजन पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का केन्द्रीय बजट मजबूत कार्यबल और बढ़ती अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करता है।मोदी ने कहा कि देश का भविष्य इनोवेशन में किए जा रहे निवेश से निर्धारित होता है। भारत की अर्थव्यवस्था में एआई कई लाख करोड़ रुपये की ग्रोथ दे सकती है। उन्होंने कहा कि भारत एआई की क्षमताओं को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल (एलएलएम) की स्थापना भी करेगा। इस दिशा में हमारे प्राइवेट सेक्टर को भी दुनिया से एक कदम आगे रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एक विश्वसनीय, सुरक्षित और लोकतांत्रिक देश जो एआई में किफायती समाधान दे सके विश्व को उसका इंतज़ार है।प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश एक ऐसी थीम है, जो विकसित भारत के रोडमैप को परिभाषित करती है। इस साल के बजट में इसका प्रभाव भी बहुत बड़े स्तर पर दिख रहा है। इसलिए ये बजट भारत के भविष्य का ब्लूप्रिंट बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि हमने निवेश में जितनी प्राथमिकता बुनियादी ढांचे और उद्योगों को दी है, उतनी ही प्राथमिकता लोगों, अर्थव्यवस्था और इनोवेशन को भी दी है।

## पंजाब में सैकड़ों किसान नेता हिरासत में, चंडीगढ़ की 12 सीमाएं सील



**चंडीगढ़,(हि.स.)।** पंजाब के किसान संगठनों द्वारा बुधवार को चंडीगढ़ कूच की घोषणा को देखते हुए पंजाब पुलिस ने जहां सैकड़ों किसानों को हिरासत में ले लिया है, वहीं बुधवार सुबह से ही चंडीगढ़ की तरफ से जाने वाले सभी 12 रास्तों को सील कर दिया गया है। पंजाब, हरियाणा व चंडीगढ़ पुलिस द्वारा बॉर्डर की सभी सीमाओं को सील कर वाहनों की जांच की जा रही है।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ वार्ता विफल होने के बाद किसानों ने बुधवार को चंडीगढ़ कूच का ऐलान किया था। हालांकि इससे पहले ही पंजाब पुलिस ने मंगलवार को किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल, जोगिंद्र सिंह उगराहां समेत सैकड़ों किसानों को हिरासत में ले लिया। पंजाब में किसान नेताओं की गिरफ्तारी को लेकर राजनीति भी गरमा गई है। बुधवार तड़के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद चरणजीत सिंह चन्नी किसान नेताओं से मुलाकात करने के लिए पुलिस थाने पहुंचे। इस बीच अकाली दल ने किसान नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा करते हुए पंजाब की भगवंत मान सरकार को घेरा है।इस बीच चंडीगढ़ प्रशासन ने अधिकारिक जानकारी जारी करते हुए कहा कि चंडीगढ़ में किसानों को कहीं भी धरने व प्रदर्शन की मंजूरी नहीं दी गई है।

## असम समेत पूर्वोत्तर राज्य के कई हिस्सों में भूकंप के तेज झटके, 5.6 रही तीव्रता

**नईदिल्ली,(आरएनएस)।** एक बार फिर बुधवार को असम समेत पूर्वोत्तर राज्य के कई हिस्सों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर पैमाने पर इनकी तीव्रता 5.6 मापी गई है।भूकंप को लेकर अभी किसी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं आई है। भूकंप के झटके लगते ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर आ गए।

## औरंगजेब बयान मामले में सपा विधायक अबू आजमी पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित

**मुंबई, (हि.स.)।** मुगल शासक औरंगजेब के बारे में बयान देने वाले समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी को विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने पूरे बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया है। विधानसभा में यह प्रस्ताव संसदीय कार्यमंत्री चंद्रकांत पाटिल ने पेश किया, जिसे सभी विधायकों ने सहमति दी थी।विधानसभा में आज भाजपा विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि औरंगजेब बहुत ही क्रूर शासक था, लेकिन सपा विधायक ने सिर्फ अपने मतदाताओं को खुश करने के लिए औरंगजेब का गुणगान किया था। मुनगंटीवार ने कहा कि औरंगजेब ने हिंदू महिलाओं का अपमान किया था। मंदिरों को तोड़ा था। हिंदुओं की हत्या की थी। इसलिए औरंगजेब किसी भी कीमत पर हमारा आदर्श नहीं हो सकता। इसलिए औरंगजेब का गुणगान करने वाले सपा विधायक को तत्काल निलंबित कर देना चाहिए।इसके बाद




संसदीय कार्यमंत्री चंद्रकांत पाटिल ने अबू आसिम आजमी को बजट सत्र समाप्त होने तक निलंबित करने का प्रस्ताव पेश किया। इस प्रस्ताव पर सत्तापक्ष और विपक्ष के सभी विधायकों ने सहमति व्यक्त की। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने कहा कि सपा विधायक अबू आसिम आजमी को बजट सत्र समाप्त होने तक निलंबित किया जा रहा है। महाराष्ट्र विधानसभा की सलाहकार समिति ने बजट सत्र 3 मार्च से 26 मार्च तक चलाए जाने का निर्णय लिया है।दरअसल, सोमवार को अबू आसिम आजमी ने औरंगजेब को अच्छा शासक बताया था। इसके बाद ठाणे जिले के वागले पुलिस स्टेशन में अबू आसिम आजमी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

# महाकुम्भ आयोजन को मीडिया ने दी ऊँचाई-नित्यानंद उपाध्याय

## विहिप जिलाध्यक्ष ने वरिष्ठ पत्रकार को किया सम्मानित, कहा, मीडिया ने सनातन की व्यापकता का बोध कराया

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** प्रयागराज में बीते 26 फरवरी को सम्पन्न हुए पूर्ण महाकुम्भ आयोजन के विभिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों को प्रदेश सरकार सहित निजी संस्थाएं सम्मानित कर रही हैं।महाकुम्भ आयोजन को प्रिंट मीडिया में उत्कृष्ट रिपोर्टिंग के लिए मेजारोड व्यापार मंडल के संरक्षक एवं विहिप के जिलाध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय ने हिंदी दैनिक के सीनियर रिपोर्टर सुरेन्द्र सिंह को सम्मानित किया है।



विहिप जिलाध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय ने मेजारोड पाँती अपने आवास पर मंगलवार को महाकुम्भ कवरेज में लेखनी से प्रभावित करने वाले एक हिंदी दैनिक के वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र सिंह को सिद्ध हनुमान जी के चित्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है।श्री उपाध्याय ने कहा कि महाकुम्भ आयोजनों के अमृत स्नान पर्व और सनातन समागम के विहंगम रूप, स्वरूप को श्री सिंह ने अपनी कलम के माध्यम से जो ऊँचाई दी है,वाकई में उसके लिए सम्मान तो बनता है। श्री उपाध्याय ने कहा कि सीनियर रिपोर्टर ने त्रिवेणी की पवित्रता, गंगा की निर्मलता और कालिंदी (यमुना जी) की गहराईयों को अपनी रिपोर्टिंग से ऊँचाई दी। संगम की रेती पर जमे संतो,महन्थों और धर्माचार्यो की यज्ञ, साधना के साथ शिविरों में चल रही कथाओं पर उनकी रपट सनातन विरासत को दिशा देगी।

व्यापार मंडल के संरक्षक श्री उपाध्याय ने कहा कि वरिष्ठ पत्रकार ने प्रयाग महात्म्य और तीर्थराज प्रयाग के अनछुए पहलुओं पर रिपोर्टिंग कर देश के सनातनियों को सच से रूबरू कराया है।श्री सिंह ने महाकुम्भ की भव्यता व दिव्यता के साथ संगम के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक पहलुओं को अपनी कलम से पिरोकर दुनिया के सामने रखा है।श्री उपाध्याय ने कहा आयोजन को लेकर मीडिया की भूमिका सराहनीय रही। सुरेंद्र सिंह जैसे कलमकारों ने पत्रकारिता की गम्भीरता और शुचिता से आयोजन की गरिमा को बढ़ाया है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का तहसील स्तरीय कार्यक्रम 7 को

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का कार्यक्रम 7 मार्च को छह ब्लाकों का एक साथ तहसील स्तरीय होगा। होलागढ़, मऊआइमा, कौड़िहार, सोरांव, भगवतपुर और श्रृंगवेरपुर ब्लाक के चयनित सभी जोड़ों का विवाह कौड़िहार ब्लाक स्थित धनीपुर, आदमपुर बाई पास नवाबगंज में होगा। एडीओ समाज कल्याण होलागढ़ अजय कुमार निर्मल ने बताया कि होलागढ़ और मऊआइमा मे लगभग 50-50 जोड़े शामिल होंगे। जिन्हें उक्त स्थान पर सुबह आठ बजे पहुंचने को कहा गया है। बताया कि कार्यक्रम में विधायक और सांसद सहित अन्य नेता व अधिकारी भाग लेंगे।

# लोक कल्याण के लिए किया मंदिरों में त्रिवेणी जलाभिषेक-योगेश शुक्ल

## अमृत कलश यात्रा जनपद के प्रमुख मंदिरों से जुड़ेगी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता योगेश शुक्ल ने बुधवार को प्रातः दारागंज स्थित प्रयागराज के अधिष्ठाता एवं त्रिवेणी क्षेत्र के रक्षक भगवान श्री वेणी माधव के विग्रह का जलाभिषेक करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करके, अमृत कलश यात्रा का शुभारंभ किया है।श्री शुक्ल ने कहा कि पूर्ण महाकुम्भ के सफल आयोजन के साथ लोक कल्याण के लिए यह यात्रा शुरू की है।श्री शुक्ल द्वारा वेणी माधव का जलाभिषेक करने के पश्चात कहा कि हजारों संतों , लाखों साधुओं और करोड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता एवं उत्तर प्रदेश के कर्मयोगी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महराज एवं उप मुख्यमंत्री केशव एवं कैबिनेट के अन्य सहयोगियों सहित प्रशासन के सभी विभागों के अथक



परिश्रम से ना केवल यह महाकुंभ ऐतिहासिक रूप से सफल हुआ है बल्कि प्रयागराज को विश्व मान्य चित्र पर प्रतिष्ठित किया है।योगेश शुक्ल ने कहा कि प्रयागराज नगर और संपूर्ण यमुनापार में स्थित लोक आस्था के प्रमुख मन्दिरों एवं सांस्कृतिक चेतना के केंद्रों पर जाकर कुंभ के जल अमृतमय जल से अभिषेक करना मेरी इस अमृत कलश यात्रा का उद्देश्य है , निजी आस्था से मेरे मन उपजी इस यात्रा का लक्ष्य केवल लोक कल्याण है, विकसित प्रयागराज है।
आज के इस यात्रा कार्यक्रम के तहत वेणी माधव मंदिर, अलोप शंकरी, मसूरिया माई, कल्याणी देवी, ललिता देवी आदि प्रमुख मन्दिरों में जलाभिषेक का कार्यक्रम संपन्न हुआ। अमृत कलश यात्रा में प्रमुख रूप से प्रमोद जायसवाल मोदी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनोज मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष, मनोज कुमार मिश्रा, राजेश पाठक, आचार्य कमलेश मिश्रा, हरी कांत पाण्डेय , मुकेश श्रीवास्तव, आचार्य सिद्धार्थ महराज, मुकेश लारा पार्षद कृष्ण नगर, आचार्य मुख्य पुजारी सहित शुक्ल के निजी सचिव विनय शुक्ल कई लोग शामिल रहे।

# कलश यात्रा के साथ आज से शुरू होगा ज्ञान यज्ञ

## मुख्य यजमान होंगे शोभा, रमेशचंद्र पांडेय





**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** श्रीमद्भागवत कथा से प्राणी का आध्यात्मिक विकास और भगवान के प्रति आस्था गहरी होती है।विद्वान आचार्य इस कथा के श्रवण मात्र से जीव के मोक्ष का दावा करते हैं। मान्डा क्षेत्र के सैबसा, बभनी हेठार, में गुरुवार से पूर्व प्रधान सैबसा अजय पांडेय बबलू के आवास पर श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू होगा।
कथा ज्ञान यज्ञ में आयोजक परिवार की महिलाओं के साथ 1100 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी। श्री पांडेय ने बताया कि साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा की शुरुआत छह मार्च से होगी।. समापन एवं भंडारा तेरह मार्च को होगा। कथा के यजमान शोभा रमेश चंद पांडेय सहित पांडेय परिवार के अन्य लोग होंगे।

उन्होंने बताया कि साप्ताहिक श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ के दौरान छ मार्च को कलश यात्रा, देवी देवताओं की पूजा एवं संध्या 4 बजे से भागवत कथा प्रारंभ होगी.। सात से तेरह मार्च की सुबह 8 बजे से दैनिक पूजा एवं दोपहर 3 बजे से भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। तेरह मार्च को सामूहिक पूर्ण आहुति, हवन, ब्राह्मण भोज, कन्या भोज, कुटुंब भोज, महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। कथावाचक पंडित बटुक जी महाराज लोगों को श्रीमद् भागवत कथा व्यास पीठ पर होंगे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से सैनिक की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** थाना अंतर्गत देवली गांव निवासी रामसागर उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र अरविंद यादव सैनिक थे और चेन्नई में तैनाती रही। 20 फरवरी को वहां से घर आए थे। सोमवार को पड़ोसी बी.एस.एफ जवान सुधाकर भारतीय उम्र करीब 28 वर्ष पुत्र छोटेलाल के साथ प्रतापपुर जा रहे थे। तभी कार की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई और साथी सुधाकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उन्हें प्रयागराज के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।
जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक रामसागर तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।
उसको दो बच्चे अंसू एवं यीशु हैं। पत्नी फोटो देवी सहित पूरे परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

# नौ फर्जी कक्ष निरीक्षक गिरफ्तार, चालान

## मऊआइमा क्षेत्र का मामला, केन्द्र व्यवस्थापक भी नामजद, मोबाइल बंद कर फरार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मऊआइमा (प्रयागराज)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम चकश्याम पूरे हिंचा स्थित भोलानाथ रामसुख इंटर मीडिएट कालेज में मंगलवार को विज्ञान की परीक्षा के दौरान नौ फर्जी कक्ष निरीक्षकों को असली कक्ष निरीक्षकों के इशारे पर पुलिस ने धर लिया। इससे क्षेत्र में अफरातफरी मच गई थी। कक्ष निरीक्षक संजय सिंह (बायो) के वी एम इंटर मीडिएट कालेज कमलानगर तथा सलाहुद्दीन स्टेटिक सहायता प्राथमिक विद्यालय बादलपुर कहली ने मऊआइमा थाने में फर्जी कक्ष निरीक्षक अमित कुमार पटेल मऊदोस्तपुर मऊआइमा, अरविन्द कुमार जोगापुर मऊआइमा, सुप्रीम सिंह कटाता जलालपुर मऊआइमा, संजीत कुमार पटेल ग्राम



पथरियापुर थाना नवाबगंज प्रयागराज, विवेक कुमार ग्राम मूल्हापुर नई बाजार मऊआइमा, रंजीत कुमार ग्राम कटाता जलालपुर मऊआइमा, पवन कुमार मौर्या ग्राम बसरही मऊआइमा, शशिकांत ग्राम कटाता जलालपुर मऊआइमा, चन्द्रशेखर ग्राम कटाता जलालपुर मऊआइमा के खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण अधिनियम 2024) के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि सभी के पास से फर्जी प्रमाणपत्र बरामद कर सीज कर दिया गया। गिरफ्तार फर्जी कक्ष निरीक्षकों ने बताया कि उन्हें केन्द्र व्यवस्थापक भोलानाथ रामसुख इंटर मीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह ने तीन सौ रूपया प्रति पाली देने की बात कह कर कक्ष निरीक्षक बना दिया। इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुमार ने बताया कि प्रधानाचार्य केन्द्र व्यवस्थापक के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। वह मोबाइल बंद कर फरार है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को पुलिस ने बुधवार को चालान भेज दिया।

### फर्जी कक्ष निरीक्षकों को बचाने को परेशान थे नकल माफिया

नौ फर्जी कक्ष निरीक्षक जब पकडे गए तो थाने के इर्द-गिर्द नकल माफिया घूमते देखे गए।
कोई अन्दर जाता और कोई बाहर ही सिपाहियों और दलालों से बात करता दिखाई पड़ा। परन्तु इंस्पेक्टर के सख्त रवैए को देख सभी थोड़ी देर बाद फरार हो गए।

# भव्यता से उठेगी श्री शनि शांति यात्रा

## सिद्ध पीठ श्री शनि धाम अतरसुइया का वार्षिक उत्सव कल से

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** सिद्धपीठ श्री शनि धाम अतरसुइया का चार दिवसीय वार्षिक उत्सव 7 मार्च से प्रारंभ होकर 10 मार्च तक चलेगा। उत्सव के क्रम में 7 मार्च शुक्रवार को सायं 5 बजे शनि देव के मुकुट तथा अस्त्र-शस्त्र का पूजन मंदिर प्रांगण में संपन्न होगा।



8 मार्च शनिवार को शनि देव की मूल प्रतिमा के प्रतिरूप मिट्टी की प्रतिमा को गाजे बाजे के साथ कीडगंज, मुट्ठीगंज, बलुआ घाट होते हुए शनि धाम तक लाया जाएगा। रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा। इसी तरह 9 मार्च रविवार को प्रातः 11 बजे श्री शनि शांति यात्रा सिद्धपीठ शनिधाम अतरसुइया से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो पर घूमते हुए वापस शनि धाम पर समाप्त होगी।
10 मार्च सोमवार को प्रातः 11 बजे शनि देव की मिट्टी की प्रतिमा का विसर्जन गाजे बाजे के साथ अतरसुइया से चलकर बलुआघाट पर होगा। सायं 7 बजे से भक्ति संगीत पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होने के साथ चार दिवसीय शनि महोत्सव का समापन होगा।
पीठाधीश्वर पराग महाराज के अनुसार श्री शनि महोत्सव में प्रतिदिन मंदिर की आंतरिक और बाहरी साज सज्जा प्रतिदिन अलग-अलग होगी। समस्त आयोजन श्री शनि परिवार सेवा समिति के सौजन्य से संपन्न होंगे।

# ताइक्कांडो कलर बेल्ट परीक्षा के परिणाम घोषित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** ताइक्कांडो कलर बेल्ट परीक्षा विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 23 फरवरी को आयोजित की गई थी। परीक्षा में 11 स्कूल कॉलेज के लगभग 113 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।
परीक्षा में मुख्य निर्णायक कौशाम्बी ताइक्कांडो वेलफेयर एसोसिएशन के कामेश शर्मा रहे जबकि सह सहायक खेलगांव के कोच आकाश सोनी, पीएसी के कोच कमलेश कुमार सिंह, साई अपार्टमेंट के कोच आशीष कुमार व कोच अनिल सिंह सहायक निर्णायक रहे। विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य ने दिनेश कुमार श्रीवास्तव बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कौशाम्बी ताइक्कांडो वेलफेयर एसोसिएशन अनुराग सिंह द्वारा आयोजित इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार है।
सफेद बेल्ट-प्रज्ञा यादव, संगम निषाद, शिवानी निषाद, प्रबल



ताइक्कांडो कलर बेल्ट परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले प्रतिभागी निर्णायकों के साथ।

पाण्डेय, शौर्य कैथल, तेजस्विनी शुक्ला, विनायक शुक्ला, प्रिया दिवाकर, वेद कुशवाहा, कायनात फातिमा, शिखर श्रीवास्तव, सानिध्य त्रिपाठी, श्रेष्ठ जायसवाल, कृत्विक साहू, सिद्धार्थ कुमार चौधरी, अक्षिता, पीयूष सिंह, विहान सिंह, अंकुर गुप्ता। पीली बेल्ट-सोनाली प्रकाश, श्रेया तिवारी, रुद्राक्षी साहू, तेजस्वी चतुर्वेदी, अक्षिता गौर, अर्श केशरवानी, काव्या, प्रदुम्न प्रताप सिंह, हरी बेल्ट-अग्रिमा गौर, अंशिका सिंह, चांदनी पाल, आख्या पाल, अथर्व त्रिपाठी, आरुष श्रीवास्तव, विनायक द्विवेदी, कार्तिक साहू, युक्ति साहू, यशस्वी प्रताप रवि, हरी एक बेल्ट-शौर्य सिंह, सरगम कुमारी, नीली बेल्ट-आरव श्रीवास्तव, यस आर्या, समर प्रताप यादव, नीली एक बेल्ट-अनन्या श्रीवास्तव, रागिनी पांडे, प्रताप सिंह, लाल बेल्ट-राशेष सिंह।

# प्रावि चपरो मे मनाया गया वार्षिक उत्यसव

## नन्हे बच्चे ही देश के भविष्य की नीव है-राजेश पाण्डेय

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव (प्रयागराज)।** आज प्राइमरी विद्यालय चपरो मे वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों ने सरोस्वती बन्दना के साथ देश भक्ति गित गाते हुए ड्रास किया बच्चों का ड्रास देख ग्रामवासी भाविक है गए कभी आखों में आशू तो कभी तालियों की गरगराह से विद्यालय गूज गया वहीं उसी ग्राम के निवासी चर्चित किसान व समाजवादी नेता राजेश पाण्डेय ने खूबसूरत कार्यक्रम को सफलता पूर्वक कराने के लिए अध्यापकों की प्रसंसा करते हुए कहा कि बच्चे कोरा गागज होते है इनके उज्जवल भविष्य लिखने की जिम्मेदारी अध्यापकों की होती हैं क्योंकि कि यही नन्हे मून्ने देश के भविष्य की निव है यही नहीं रुके उन्होंने बच्चों अभिभावकों का



अभिवादन करते हुए कहा कि अगर हमारी कलम मे ताकत मिली तो ग्राम सभा के विकास के साथ बिद्यालय के उत्थान तथा बच्चों के भविष्य के लिए चलेगी वहीं प्रधानाध्यापक किरन यादव व सहायक अध्यापक अंकित सिंह अनूराधा मैडम के साथ शिक्षामित्र विन्दूमती व शिवसागर पाण्डेय ने भी बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए प्रतियोगि क्षात्रों को पूरस्कार वितरण किया प्रतियोगी क्षेत्रों में प्रमुख रूप से बलराम सोनी शिवानी दीब्या किन्जल नैन्सी देवासी पूनम सोम्या गरिमा सत्य के साथ अन्य ग्रामवासियों मे प्रमुख रूप से प्रधान प्रतिनिधि के रूप में प्रकाश तिवारी अनूरुध पाण्डेय लालल जी केवला प्रसाद श्याम लाल पाण्डेय धिरेन्दर के साथ शिक्षासमिति कि महिलाएं भी उपस्थिति थी।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़ (प्रयागराज)।** स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र परिसर में बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग और बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के संयोजन एवं तत्वाधान में हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम का शुभारभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में बाल वाटिका में पढ़ने वाले बच्चों तथा रेडिनेस कार्यक्रम में 80 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले बच्चों एवं विद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नोडल शिक्षकों को सम्मानित किया गया।
खण्ड शिक्षा अधिकारी लालजी शर्मा ने निपुण लक्ष्य प्राप्त करने एवं स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के क्रियान्वयन पर विचार व्यक्त किया। एडीओ पंचायत द्वारिका प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि आयु वर्ग 5 से 8 तक के बच्चों को आधारभूत साक्षरता के प्रथम सोपान के रूप में चिह्नित किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों एवं प्राथमिक विद्यालयों में नियमित भेजने के लिए प्रेरित किया। प्री प्राइमरी नोडल एआरपी फिरोज़ आलम खां ने हमारा आंगन हमारे बच्चे स्लोगन को भावनात्मक रूप से देखने व समझने की बात कही। आंगनबाड़ी और नोडल शिक्षकों को स्वप्रेरित रहते हुए, नन्हे मुन्नों को खेल खेल में, सिखाने और निपुण बनाने की बात कही, उन्होंने तुलनात्मक शब्द बच्चों के लिये प्रयोग न करने की बात कही।
इस अवसर पर गुंजन सिंह, दुर्गेश केसरवानी,गुलाब चंद पटेल, कृष्णा कांत कुशवाहा, प्रेमचंद पटेल, धर्मेंद्र कुमार पटेल, सुरेश मणि त्रिपाठी, शशांक मिश्र, विद्या सागर श्रीवास्तव, प्रवीण यादव, विभा पाण्डेय, साधना गुप्ता, शारदा पाल समेत सभी नोडल शिक्षक उपस्थित रहे।

# कैरम खिलाड़ी खुर्शीद हसन को मातृ शोक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** एजीयूपी में कार्यरत राष्ट्रीय कैरम खिलाड़ी खुर्शीद हसन की वालिदा (मां) फ़हमीदा खातून का मंगलवार देर रात एक बजे इंतेक़ाल हो गया। वह 75 वर्ष की थीं और पिछले कई माह से बीमार थीं। अपने पीछे वह चार पुत्रों को छोड़कर गई हैं।
उनकी तदफीन बुधवार को जोहर की नमाज़ के बाद दोपहर दो बजे हसन मंजिल (अटाला) कब्रिस्तान में हुई। 15 दिन पहले ही खुर्शीद के छोटे भाई का इंतेक़ाल हुआ था जिससे वह और ज्यादा सदमे में थीं।

# बंद रहता है ग्राम सचिवालय घर बैठे मानदेय ले रहे पंचायत सहायक

## पंचायत सहायक को नहीं पहचानते ग्रामीण हो रही परेशानी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** कोरांव विकास खंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाने के लिए बने पंचायत सचिवालय पूरी तरह से बेकार साबित हो रहे हैं । पंचायत सचिव वहां जाते और बैठते ही नहीं । ऐसे में ग्रामीणों की ज्यादातर समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पाता । उन्हें अपने काम के लिए ब्लाक व तहसील का चक्कर लगाना पड़ता है । पंचायत सहायक के रूप में तैनात कर्मी भी वहां नहीं बैठते । ये सभी घर बैठे मानदेय ले रहे हैं।
विकास खंड के ग्राम पंचायत बघोल , देईबाध , करपिया गांव में बने पंचायत भवन में ताला लटकता मिला गांव के राम प्रवेश,दुर्गा प्रसाद आदि ग्रामीणों ने बताया कि जब से पंचायत





भवन का निर्माण हुआ है ।आज तक इसका ताला ही नहीं खुला सबसे ज्यादा हैरत की बात यह है कि ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के रूप में नियुक्ति पंचायत सहायक का चेहरा ही गांव के लोगों ने कभी नहीं देखा पंचायत सचिवालय में हमेशा ताला बंद रहने के कारण लोग किसी सरकारी योजना का लाभ वहां से नहीं ले पा रहे हैं ।नीबी गांव के उमाशंकर ने बताया कि गांव में बने पंचायत भवन में न तो कभी ग्राम पंचायत सहायक सचिव बैठते हैं और ना पंचायत सहायक विकास खंड के ज्यादातर ग्राम पंचायत में यही आलम है सरकारी योजनाएं के क्रियान्वयन के लिए कंप्यूटर और लैपटॉप को पंचायत सहायक अपने घर पर रखकर निजी तौर पर उपयोग कर रहे हैं। यही हाल चैलारी,बघोल का है। जबकि बघोल साठ हजार रुपये की लागत से दो दशक पूर्व बनाई गई पंचायत भवन में सफाई कर्मी रहा करते थे। लेकिन उनके चले जाने पर ताला लटक रहा है।
सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि पंचायत सहायक को कई बार मौखिक निर्देश दिया जा चुका है । अब नोटिस देकर जब जवाब मांगा जाएगा ।अन्य ग्राम पंचायत का भी निरीक्षण करते हुए लापरवाह कर्मियों को विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी । इससे इसके अलावा भी कहीं ग्राम पंचायत सचिवालयों में कर्मचारी नहीं बैठ रहे हैं।

# 439 अधिवक्ता चुनेगे नई कार्यकारिणी

## बार एसोशिएशन कोराव का चुनाव कल

**कोरांव (प्रयागराज)।** बार एसोसिएशन तहसील कोराव का चुनाव 7 मार्च शुक्रवार को होगा निर्वाचन मण्डल ने अन्तिम मतदाता सूची जारी करते हुए जानकारी दी कि कुल 439 अधिवक्ता मतदान करेंगे। बता दे कि बार एसोशिएशन तहसील कोराव की चुनावी प्रक्रिया 18 फरवरी से नामांकन पत्र की बिक्री के साथ शुरू है संयुक्त रूप से निर्वाचन अधिकारी मोतीलाल कुशवाहा, बाल गोविन्द पाण्डेय ने बुधवार को आवश्यक बैठक करते हुए जानकारी दी है कि 7 मार्च को होने वाले चुनाव में मतदाता सूची में जिन अधिवक्ताओं का नाम है उन्हें बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा सीओपी कार्ड लाना आवश्यक है कुल 439 मतदाता मतदान करेंगे इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, गजेंद्र कुमार सिंह के अलावा निर्वाचन सचिव त्रिवेणी प्रसाद यादव और धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# गौ आश्रय स्थलों पर गड़बड़ी मिलने पर होगी कार्यवाही

**कोरांव (प्रयागराज)।** उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने तहसील क्षेत्र कोरांव के बढ़वारी कला, छड़गड़ा, देवघाट, महुली स्थित गौशालाओ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी ने बताया की शासन के मंशा के अनुसार तहसील क्षेत्र के सभी गौशालाओं का निरीक्षण किया जा रहा है, उसी क्रम में बुधवार को बढ़वारी कला, छड़गड़ा, देवघाट, महुली स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया जिसमें छड़गड़ा स्थित



गौशाला में ताला बंद पाए जाने पर फटकार लगाई गई साथ ही अन्य कमियों पर सख्त हिदायत दी गई वही महुली स्थित गौशाला में सारी व्यवस्था दुरुस्त पाए जाने पर उपजिलाधिकारी ने प्रसन्नता जाहिर किया। उपजिलाधिकारी ने बताया की बढ़वारी कला, छड़गड़ा, देवघाट के ग्राम प्रधानों को सभी रिकॉर्ड के साथ गुरुवार को तहसील बुलाया गया है। उपजिलाधिकारी ने कहा की किसी भी गौ आश्रय स्थलों के कड़ी कार्यवाही की जाएगी शासन के मंशा के अनुरूप सभी गौ आश्रय स्थलों में हरे चारे, पानी, आदि की व्यवस्था दुरुस्त रहनी चाहिए। उपजिलाधिकारी की लगातार सक्रियता क्षेत्र में चर्चा का विषय बना है। गौ आश्रय स्थल होने के बावजूद आवारा पशुओं से परेशान किसान अपनी शिकायत मौके पर उपजिलाधिकारी से दर्ज करा रहे है।

# अधेड़ सब्जी विक्रेता का शव मिलने से मचा हड़कंप

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी ।** आज झूंसी पुलिया के एक अधेड़ सब्जी विक्रेता का शव मिला। जिससे हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। लोगों की माने तो वह अत्यधिक शराब का सेवन करता था।जानकारी के मुताबिक उसका नाम भुल्लन कोली उम्र 58 वर्ष शाहपुर रानीगंज प्रतापगढ़ का बताया जा रहा है। वह अविवाहित था और सब्जी बेचने का काम करता था।

# टेंट हाउस में लगी आग, लाखों का सामान राख

**लोकमित्र ब्यूरो**
**झूंसी।** पुरानी झूंसी क्षेत्र उल्टा किला के पास टेंट हाउस के गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर हुआ खाक, परिजनों साजिश तहत आग लगाने की आशंका जताया। मामले की तहरीर आशीष गुप्ता ने दी। जो कि करणी टेंट हाउस चलाते हैं।

# जिलाधिकारी ने की जिला स्वच्छता समिति की बैठक

● सरकार की योजनाओं में रूचि न लेने वाले एवं विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले डीसी का वेतन रोकने के निर्देश
● जिलाधिकारी ने विकास कार्यों से सम्बन्धित सभी ग्राम पंचायतों की ऑडिट कराये जाने के दिये निर्देश



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जिला स्वच्छता समिति की बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में अवशेष एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से कराये गए कार्यों की समीक्षा कर अवशेष रह गये सभी पात्र लोगों को व्यक्तिगत शौचालय से लाभान्वित कराने के निर्देश दिए। सरकार की योजनाओं में रूचि न लेने वाले एवं विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने वाले डीसी- सुजीत शुक्ला, निशा गुप्ता एवं प्रान्शु केसरवानी के खिलाफ जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी का वेतन रोकने के साथ ही सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्हांने विकास कार्यों से सम्बन्धित सभी ग्राम पंचायतों की ऑडिट कराये जाने के निर्देश जिला पंचायतराज अधिकारी को दियें। बैठक में जिला पंचायतीराज अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में लक्ष्य 19406 के सापेक्ष कुल 22606 शौचालयों का लक्ष्य निर्धारित हुआ है। भारत सरकार के पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों में से 19928 व्यक्ति पात्र पायें गयें, जिनकी एम0आई0एस0 करा दी गयी है, जिसमें से 11885 लाभार्थियों को 02 चरणों में पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से प्रथम किश्त एवं 4750 लाभार्थियों को दोनों किश्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में अवमुक्त कर दी गयी है एवं अभी भी एम0आई0एस0 के सापेक्ष 8043 लाभार्थियों को प्रथम किश्त एवं 7135 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त की धनराशि अवमुक्त किया जाना अवशेष है।

उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत शौचालयों की रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत पंचायत सहायको द्वारा अभियान में कुल चयनित 423690 लाभार्थियों के शौचालयों का सत्यापन कराया जाना था, जिसके सापेक्ष 411827 लाभार्थियों का सत्यापन किया जा चुका है, अवशेष 11863 लाभार्थियों के शौचालायों का सत्यापन प्रक्रियाधीन है।

उन्होंने कहा कि अब तक वित्तीय वर्ष-2024-25 में कुल 173 ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत 287 ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाये जाने के निर्देश दियें गये।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अजीत कुमार श्रीवास्तव, उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बन्धु, प्रभागीय वनाधिकारी श्री रामसिंह यादव एवं सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत तथा गंगा समिति के विनय पण्डा उपस्थित रहें।

## गैर इरादतन हत्या के प्रयास के दो आरोपियों को 03 वर्ष कठोर कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी पर पंजीकृत दो आरोपियों धनपत, केशन लाल निवासीगण चक सिरसी थाना व जनपद कौशाम्बी कोमा0 न्यायालय एडीजे-07 जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक अभियुक्त को 03-03 वर्ष कठोर कारावास व 20,000-20,000 ध- रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## गृह अतिचार के आरोपी को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

कौशाम्बी। थाना कौशाम्बी पर पंजीकृत सुनील सरोज निवासी बैगवा फ्तेहपुर थाना व को न्यायालय एसीजेजेडी प्रथम द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को 1000 रूपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

# भवंस मेहता महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर में चलाया गया प्लास्टिक मुक्त अभियान



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, (कौशाम्बी)।** भवंस मेहता महाविद्यालय, भरवारी, कौशाम्बी में राष्ट्रीय सेवा योजना की सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का सत्र भारत में महंगाई, गरीबी व बेरोजगारी को समर्पित रहा। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रत्येक दिन की भांति परिसर की साफ सफाई करके किया गया और बच्चों ने पृथ्वी को प्लास्टिकमुक्त करने का आह्वान किया। उसके पश्चात स्वयं सेवकों द्वारा लक्ष्य गीत गाकर के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया ।कार्यक्रम को सर्वप्रथम अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर श्वेता यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत में मौजूदा समय में गरीबी और बेरोजगारी बढ़ रही है उसके लिए सरकार प्रयास कर रही लेकिन उसका यह प्रयास तब तक सार्थक नही होगा जब तक समाज सजग और चौतन्य नही होगा।इसके उपरांत कार्यक्रम को डॉ0राहुल राय ने संबोधित किया उन्होंने स्वयंसेवको को महंगाई और गरीबी के महत्वपूर्ण कारणों की विस्तृत विवेचना किया।इसके उपरांत उन्होंने भारत में बढ़ती बेरोजगारी की समस्या का कारण और निदान पर भी प्रकाश डाला।उन्होंने सरकार द्वारा गरीबी उन्मूलन के प्रयास की समीक्षा की और बताया कि भारत में गरीबी उन्मूलन तब तक संभव नही है जब तक जनता और सरकार मिलकर सच्चे मन से इसके लिए कृतसंकल्प न हों।इसके उपरांत कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ0धर्मेन्द्र कुमार अग्रहरी ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी स्वयंसेवको को इन समस्याओं से लड़ने के लिए समाज को जागरूक बनाना होगा।इस अवसर पर महाविद्यालय ले बच्चों ने कई कार्यक्रम प्रस्तुत किये।


# ग्रामीणों ने मंदिर की भूमि पर कब्जे के विरोध में किया प्रदर्शन



**चायल, (कौशाम्बी)।** मंदिर की भूमि पर कब्जे के विरोध में बुधवार को पुरखास गांव के ग्रामीणों ने चायल तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंप ग्राम प्रधान पर सहयोग करने का आरोप लगाते हुए दबंगो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। एसडीएम ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

पुरखास गांव निवासी मंजीत कुमार, राजापाल, शिवमूरत, राम प्रताप, रेशमा, सुमनदेवी और सुमित्रा देवी आदि ने बताया कि गांव में सैकड़ों साल पुराना केमला देवी (काली माता) का मंदिर है। जिस पर गांव के लोग पूजा पाठ करते चले आ रहें हैं। आरोप है कि मंदिर परिसर की दक्षिण और पश्चिम की भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। आरोप है कि प्रधान के सहयोग से अब मंदिर के गेट के सामने अवैध निर्माण किया जा रहा। उनके विरोध करने पर वह गाली गलौज कर मारने पीटने की धमकी देकर उन्हे भगा दिया। पीड़ित ग्रामीणों ने बुधवार को दबंगो के खिलाफ तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंप मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है। एसडीएम आकश सिंह ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## क्षेत्राधिकारी लाइन ने परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** क्षेत्राधिकारी लाइन द्वारा पुलिस लाइन में बुधवार की परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया। शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड को दौड़ लगवाई। बाद परेड पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं,मेस, लाइन परिसर इत्यादि का निरीक्षण कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# जिलाधिकारी ने प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, ऑगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, आरआरसी सेन्टर एवं सामुदायिक शौचालय सैदनपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा आज विकास खण्ड मंझनपुर के ग्राम-सैदनपुर के प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय, ऑगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, आरआरसी सेन्टर एवं सामुदायिक शौचालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान प्राथमिक विद्यालय में कुल नामांकन 173 के सापेक्ष 134 छात्र उपस्थित पाये गये एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कुल नामांकन 54 के सापेक्ष 35 छात्र-छात्रायें उपस्थित पाये गये। जिलाधिकारी ने छात्रों की उपस्थिति में और तेजी लाते हुए उपस्थिति बढ़ाये जाने के निर्देश प्रधानाध्यापक को दियें। जिलाधिकारी क्लासरूम में पहुँचकर छात्र-छात्राओं से अंग्रेजी की किताब पढ़वाते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने कक्षा 07 के क्लॉसरूम में पहुँचकर छात्र-छात्राओं को ब्लैकबोर्ड पर गणित के सवाल भी समझाया पढ़ाया। ऑगनबाड़ी केन्द्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से कलर पहचानने के बारे में पूछॉ, जिसका बच्चों ने सही पहचान किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने बच्चों को बिस्केट देकर उनका मनोबल बढ़ाया।

# मंझनपुर थाने में सम्पन्न हुई तीन चरणों में पीस कमेटी की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** थाना मंझनपुर में तीन चरणों में सम्पन्न हुई पीस कमेटी मीटिंग से प्रकाश में आए दो संवेदनशील होलिका संबंधी विवादों को आज क्षेत्राधिकारी मंझनपुर एसडीएम मंझनपुर, लेखपाल एवम स्थानीय पुलिस की मदद से मौके पर जाकर सुलझाया गया विवाद का कारण होलिका दहन स्थल के ठीक ऊपर विद्युत तार का होना, होलिका दहन स्थल के ठीक बगल में दो छप्पर युक्त घरों का होना, होलिका दहन स्थल हेतु राजस्व विभाग की मदद से नए स्थान का चयन करना, उक्त निर्णय के अनुपालन हेतु ग्राम वासियों की मीटिंग करते हुए उन्हें समझाया गया।

# जिलाधिकारी ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर विभाग, खनन, मण्डी, विद्युत, स्टाम्प व रजिस्ट्रेशन एवं परिवहन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को प्रवर्तन कार्यो में और अधिक तेजी लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछ्ले वर्ष के राजस्व वसूली के टारगेट से इस वर्ष की राजस्व वसूली में और तेजी लाते हुए प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को आई0जी0आर0एस0 के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया जाय, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। इस अवसर पर उप जिलाधिकारीगण सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# ब्रिलियंस इंटरनेशनल स्कूल टेवां में संपन्न हुआ एनुअल स्पोर्ट



लोकमित्र ब्यूरो

**टेवां, कौशाम्बी।** ब्रिलियंस इंटरनेशनल स्कूल टेवां में बच्चों के उत्साह वर्धन एवं वार्षिकोत्सव खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमें स्पून रेस प्रतियोगिता में विजय भान ने प्रथम स्थान प्राप्तकिया वहीं पर दूसरा स्थान रौनक ने प्राप्त किया तीसरे स्थान पर प्रिंस रहे। मिडिल एक्टिविटी में प्रियंका ने प्रथम स्थान हासिल किया दूसरा स्थान अंजलि ने प्राप्त किया अन्या तीसरे स्थान पर रही। सिंपल रेस में अमर प्रथम स्थान पर रहे दूसरे स्थान पर सुंदरम तीसरे स्थान पर ऐस रहें। बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए विद्यालय के प्रबंधक रावेन्द्र भूषण पांडे चेयरमैन सौरभ उपाध्याय, चेयरपर्सन सोनम उपाध्याय, प्रिंसिपल रणविजय सिंह, अध्यापक विनोद कुमार पटेल, उमेश चंद्र यादव, मनोज कुमार पटेल, यासीन मैंम,नौसीन मैंम, नम्रता मैंम, नेहा मैंम आदि मौजूद रहें।

# समाज में बदलाव लाने को बेटियों का शिक्षित होना जरूरी



लोकमित्र ब्यूरो

**अजुहा, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के केन में पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को मां बेटी एवं कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभावान बेटियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ग्राम प्रधान शिव प्रकाश सिंह ने कहा समाज में बदलाव लाने के लिए बेटियों का शिक्षित होना आवश्यक है।एक पढी लिखी बेटी दो परिवार को एकता के सूत्र में बाधकर तस्वीर बदल सकती है। ऐसे में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के माध्यम से जन्म से शादी ब्याह तक सरकार की ओर से मदद की जा रही। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नाटक प्रस्तुत कर बच्चियों ने सबका मनमोहन लिया।

कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक बीडी राना ने किया ।इस दौरान शिक्षक अजय कुमार ,अरुणोदय, सुमन ,अनुज शर्मा, प्रदीप कुमार त्रिपाठी सहित अभिभावक राकेश कुमार वर्मा आदि रहे।

# कागजों पर हर घर हो रहा है पानी टंकी से पानी का संचालन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी विकास खण्ड मूरतगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेरुआ में हर घर जल योजना के लिए पानी टंकी बनाई गई है। कागजों पर पानी टंकी से पानी का संचालन हर घर हो रहा है ग्रामीणों के घरों में स्वच्छ पानी नही पहुंच रहा है पूरे गांव के ग्रामीण पानी के लिए दर-दर भटक रहे है बहुत ही परेशान हो चुके है ग्रामीणों को यह भी नही जानकारी है कि पंप आपरेटर कौन है किसकी कब ड्यूटी रहती है।

# जिलाधिकारी ने की मनरेगा स्वतः रोजगार योजना की समीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में मनरेगाध्स्वतः रोजगार योजना के अन्तर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं आईजीआरएस की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की विस्तृत समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायतों में महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन करें, जिससे गरीब परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की नियमित साप्ताहिक बैठक करते हुए उनको नियमित साप्ताहिक बचत, आन्तरिक लेनदेन, साप्ताहिक ऋण वापसी एवं अभिलेखों का नियमित रख-रखाव के सम्बन्ध में जानकारी दी जाय। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह के सदस्यां के बीच आन्तरिक लेन-देन में बढ़ावा देने, समूह की सदस्यों की छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा करने एवं समूह के सदस्यों के बीच अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए धनराशि समय से उपलब्ध करायी जाय। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना दिया गया है, उन आवासों को माह मार्च तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश परियोजना निदेशक को दियें। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों को कहा कि आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयान्तर्गत सुनिश्चित किया, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। उन्हांने अधिकारियों से कहा कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को स्वयं देखकर उनका निस्तारण करें, किसी भी स्तर पर शिकायतों को लम्बित न रहनें दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, प्रभागीय वनाधिकारी रामसिंह यादव एवं सभी विकास खण्डों के खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी एवं सदस्यगण सहित अन्य सम्बधित अधिकारीगण मौजूद रहें।

## दुष्कर्म के अभियुक्त को कठोर कारावास

कौशाम्बी। थाना मंझनपुर पर वादी द्वारा सूचना दी गई कि आरोपी द्वारा उसकी नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया तथा उसके साथ दुष्कर्म किया गया, इस सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर आरोपी पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिससे सम्बन्धित आरोपी लक्खी उर्फ प्रमोद कुमार धोबी नि0 सेलरहा पश्चिम थाना मंझनपुर को आज न्यायालय स्पे0 जज पॉक्सो एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए अभियुक्त को 07 वर्ष कठोर कारावास तथा 20,000 रू0 के अर्थ दण्डसे दण्डित किया

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी जनशिकायत



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की शिकायतों, समस्याओं को सुना गया एवं उनकी शिकायतों, समस्याओं के त्वरित, विधिवत एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

संक्षिप्त खबरें

## नवनिर्मित पुलिस बैरिक में खामियों को देख सीओ का चढ़ा पारा, एसपी को भेजी आख्या



**लालगंज प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली परिसर में नवनिर्मित पुलिस बैरिक में खामियों को देख सीओ का पारा चढ़ आया दिखा। सीओ रामसूरत सोनकर ने निर्मित बैरिक का निरीक्षण करते हुए खामियों पर कार्यदायी संस्था को फटकार लगायी। निरीक्षण में सीओ को भवन में जलनिकासी का प्रबन्ध समुचित नहीं दिखा। वहीं सीओ ने यहां रंगाई-पुताई के कार्यो पर भी असंतोष जताया। टाइल्स को भी बेतरतीव बिछा देख सीओ भड़क उठे। भवन में बिजली की वायरिंग को भी सीओ ने घटिया करार दिया। छत पर जलजमाव देख भी सीओ नाराज दिखे। वहीं भवन में दरवाजों व खिड़कियों में भी पुलिस उपाधीक्षक को गुणवत्ता का अभाव दिखा। सीओ ने भवन निर्माण में खामियों को लेकर जिले के एसपी को आख्या भेजी है। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव भी मौजूद रहे। सीओ के निरीक्षण में खामियों पर नाराजगी को लेकर कार्यदायी संस्था के लोगों में भी हडकंप देखा गया।

## जीवन में सफलता के लिए मेहनत व लगन आवश्यक-डॉ. श्यामदुलारी



**लालगंज प्रतापगढ़।** तिना चितरी स्थित ओम बूढ़ेश्वरनाथ आरएसबीएस पीजी कालेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। प्रबंधक डॉ. श्यामदुलारी सिंह एवं प्रभारी प्राचार्य आरडी यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिविरार्थी छात्रा अनामिका, लक्ष्मी, कुमकुम, अंकिता, श्वेता ने मां सरस्वती की वंदना एवं स्वागत गान तथा देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रमाधिकारी जितेन्द्र कुमार यादव ने शिविर के उददेश्य पर प्रकाश डाला। प्रबंधक एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. श्यामदुलारी सिंह ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए मेहनत व चरित्र बल की प्रधानता होनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान रामअंजोर पाल व संचालन डॉ. संदीप त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रमाधिकारी हरिश्चंद्र ने आभार जताया। इस मौके पर सुरेश शर्मा, रामकृष्ण मिश्र, रघुवंशमणि यादव, देवव्रत, शिखा सिंह आदि रहे।

## बीमार महिला की अस्पताल में मौत पर हंगामा

**कुंडा प्रतापगढ़।** नगर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत पर परिजन हंगामा करने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए जमा कराए गए रुपये वापस कराकर शांत कराया। मानिकपुर थाना क्षेत्र के कमंडीचक रामपुर गड़ौली गांव निवासी अनिल कुमार भारती परिवार के साथ कुंडा के अतहर पेट्रोल पंप के पास झोपड़ी डालकर रहता है। अनिल की 28 वर्षीय पत्नी सुमन भारती की तबीयत कई दिन से खराब थी। मंगलवार को उसे नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि चिकित्सक ने इलाज शुरू करने के पहले 20 हजार रुपये जमा कराए। इलाज के दौरान शाम को उसकी मौत हो गई। महिला की मौत होते ही परिजन हंगामा करने लगे। खबर मिलते ही एसआई रोहित सिंह, राहुल कुमार समेत कई पुलिसकर्मी पहुंच गए। संचालक डॉ. एलआर गुप्ता से पूछताछ की। डॉ. एलआर गुप्ता ने बताया कि महिला को गंभीर बीमारी थी, अचेतावस्था में आई थी। पुलिस ने परिजनों से पूछा तो वे बोले कि उनके रुपये वापस कर दें तो वे कार्रवाई नहीं करेंगे। रुपये वापस करने पर लोग शव लेकर चले गए।

## बंद घर में हुई चोरी, पीड़ित ने दी तहरीर

**लालगंज प्रतापगढ़।** लीलापुर क्षेत्र के चमरूपुर शुक्लान गांव में बंद घर में हुई चोरी की घटना को लेकर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। चमरूपुर शुक्लान गांव निवासी बबलू वैश्य पुत्र किशोरी लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह रोजगार के सिलसिले में परिवार के साथ मुम्बई में रहता है। बीती चार मार्च को यहां गांव पहुंचा तो घर में बंद ताला टूटा मिला। पीड़ित का आरोप है कि घर में रखी हजारों की नकदी, जेवरात व कीमती सामान अज्ञात चोर उड़ा ले गये। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## रास्ते से पिलर हटाने के विवाद में परिवार को पीटा

**कुंडा प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के डोलिया छिन्दौरा गांव निवासी अनीता सरोज पत्नी संतोष सरोज ने पुलिस को तहरीर दी है। गांव के ही राजकुमारी वर्मा पत्नी राजेश कुमार के बीच पिलर रास्ते में पड़ता था। पंचायत के फैसले के बाद 28 फरवरी को रास्ते से पिलर हटाया जा रहा था। उसी बात को लेकर वह लोग संतोष कुमार, शंकर, नैना पुत्री शंकर, प्रिया पुत्री संतोष को पीटने लगे, जिससे सभी घायल हो गए। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता अनीता सरोज की तहरीर पर पुलिस ने रोशन, हिमांशु, मनबोध, शुशील के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## मारपीट के मामले में चार पर केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के रैयापुर गांव निवासी अलका सिंह पत्नी राजेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। उसके चाचा राजवेन्द्र प्रताप सिंह को गांव के ही कुछ लोग रास्ते के समझौते के विवाद में लाठी और ईट-पत्थर से मार रहे थे। चाचा की चीख सुनकर जब उनको बचाने दौड़ी तो आरोपियों ने उसे भी मारा पीटा, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता अलका सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रंजीत गौतम, उसकी बहन ऊषा, महक और उसकी मां के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सड़क हादसों में पांच लोग घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** रायबरेली के जगतपुर थाना क्षेत्र के जगतपुर बाजार निवासी जवाहर लाल का 23 वर्षीय बेटा अंकित पटेल बाइक से जाते समय जैसे ही कुंडा इलाके के हाईवे पर पहुंचा, वाहन की टक्कर से घायल हो गया। अन्य हादसों में मानिकपुर थाना क्षेत्र के बरेजवा जाखामई गांव निवासी 35 वर्षीय मनोज कुमार, कोतवाली के रामगढ़ बनोही गांव निवासी 35 वर्षीय विपिन कुमार, हथिगवां थाना क्षेत्र के बेंती निवासी 10 वर्षीय अरविन्द और रजनीकांत घायल हो गए।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की बैठक सम्पन्न

### ● त्योहारों के दृष्टिगत प्रतिष्ठानों/बाजारों का निरीक्षण कर मिलावटी खाद्य पदार्थो पर अंकुश लगाये-डीएम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-द्वितीय अभय कुमार सिंह द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह फरवरी तक की प्रवर्तन कार्यवाहियों एवं जन जागरूकता हेतु किये गये कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी होली पर्व, ईद, नवरात्रि आदि के त्योहारों के अवसर पर अभिसूचना आधारित ठोस प्रवर्तन कार्यवाही करने हेतु सम्बन्धित उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी के साथ संयुक्त टीम गठित कर विभिन्न बाजारों का गहन निरीक्षण करते हुये मानक के अनुरूप न पाये जाने वाले खाद्य पदार्थो को सीज करने व निर्माता, थोक विक्रेता से नमूना संग्रहित कर मिलावटी खाद्य पदार्थो पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया है।

औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि संचालित थोक मेडिकल स्टोर पर फुटकर दवाओं की विक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने, विभिन्न बाजारों में संचालित मेडिकल स्टारों का नियमित निरीक्षण करते हुये जेनरिक ब्राण्डेड औषधियों का नमूना संग्रहित कर नकली एवं अधोमानक औषधियों के विक्री पर प्रभावी रोकथाम किया जाये। जिलाधिकारी ने एजेण्डावार समीक्षा की जिसमें सम्बन्धित अधिकारी बैठक में तैयारी के साथ नही आये थे जिस पर सम्बन्धित अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी और निर्देशित किया कि अगली बैठक में तैयारी के साथ आये और निर्देशित किया कि खाद्य सुरक्षा के सम्बन्ध में जन जागरूकता हेतु पम्पलेट्स छपवाकर प्रचार प्रसार किया जाये। तीन महीने का माइक्रो प्लान बनाकर खाद्य पदार्थो की सैम्पलिंग, मेडिकल स्टोर पर दवाओं की सैम्पलिंग अभियान चलाकर किया जाये और जो भी कार्यवाही की जाये उसे समय-समय पर अवगत कराते रहे। संस्था के रजिस्टेªशन शत् प्रतिशत कराया जाये, जो भी पुराने केस लम्बित है उसका निस्तारण किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, ईओ नगर पालिका राकेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा, समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण, व्यापार संगठन से मो0 अनाम आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

## वाटरशेड विकास यात्रा को उप कृषि निदेशक ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**प्रतापगढ़।** जलागम विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत दिनांक 04 मार्च को डब्लूडीसी-1 मंगरौरा में वाटरशेड विकास यात्रा निकाली गयी जिसमे भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय कार्यालय प्रांगण से उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। प्रथम पाली में माइक्रोवाटरशेड-संग्रामपुर के ग्राम गोड़े में आयोजन किया गया जहां कलश यात्रा के साथ-साथ तालाब जीर्णोद्धार हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा द्वितीय पाली का कार्यक्रम ग्राम पंचायत सरौली के नवाबाद में आयोजित हुआ जहां वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रभातफेरी के साथ-साथ जल कलश यात्रा निकाली गयी जिसमें प्रमुख रूप से परियोजना प्रबन्धक/भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय चमन सिंह द्वारा परियोजना कृषकों को वाटरशेड की जानकारी दी गयी तथा हरित क्रान्ति के बारे में पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रान्तिकारी द्वारा जल बचाव की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी मंगरौरा एवं सण्ड़वा चन्द्रिका द्वारा विकास योजनाओं की जानकारी दी गयी। पशुपालन विभाग से डा0 विवेक गुप्ता द्वारा पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गयी। वाटरशेड विकास टीम के तिलक सिंह वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए, आशीष कुमार यादव अवर अभियन्ता, अजीत द्विवेदी, समरथ सिंह, सत्यव्रत मिश्रा, प्रताप नरायन वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी एवं प्रदीप कुमार चौहान, दशरथ, अनिल कुमार प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी ने वाटरशेड यात्रा को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** रंजिश को लेकर हुई मारपीट में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के नया पुरवा गांव के हरिशंकर जायसवाल पुत्र लल्लू जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रंजिश को लेकर तीन मार्च की शाम करीब पांच बजे गांव के विश्वनाथ केसरवानी पुत्र विंदेश्वरी तथा उसके पुत्र शिवम केसरवानी व राजकुमार केसरवानी पुत्र पारसनाथ केसरवानी ने गालीगलौज करते हुए उसे तथा उसके पुत्र को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

### ● जनपद में चारागाह की भूमि की पर हरे चारे की बुवाई करायी जाये-परियोजना निदेशक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** विकास भवन सभागार में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव की अध्यक्षता में जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिला कृषि अधिकारी/उप कृषि निदेशक द्वारा जिन चारागाहों की जमीनों पर मृदा परीक्षण कर लिया गया है जिसमें हरे चारे की बुवाई करायी जायें।



खण्ड विकास अधिकारी द्वारा प्रत्येक माह में गौशाला की निरीक्षण आख्या ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करें। समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि अपने अपने विकास खण्डों/नगर पंचायतों में कैटल-कैचर का क्रय तत्काल किया जायें। जनपद में कुल 144.242 हे0 भूमि चारागाह की उपलब्ध है जिसमें 57.796 हे0 में हरे चारे की बुवाई करायी गयी है व अवशेष चारागाह की भूमि पर तत्काल नैपियर ग्रास आदि की बुवाई कराये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद स्तरीय नामित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि प्रत्येक माह अपने-अपने गो-आश्रय स्थलों का निरीक्षण करके निरीक्षण आख्या फेटोग्राफ सहित उपलब्ध करायें। जनपद में अस्थायी-59 स्थायी-06, कांजी हाउस-8, कान्हा गौशाला-05 कुल 78 गोवंश आश्रय स्थल संचालित है जिसमें कुल-15604 गोवंश संरक्षित किया गया है। समस्त खण्ड विकास अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के अन्तर्गत संचालित गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित नर गोवंशों हेतु अलग से डेडिकेटेड नन्दी शेड का निर्माण कराते हुये नर गोवंशों को अलग से संरक्षित कराया जायें।

बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 प्रदीप कुमार सहित अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, समस्त उप जिलाधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, पशु चिकित्साधिकारी, अधिषाशी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायतें व जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी उपस्थित रहें।

## वृद्ध की पिटाई पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**लालगंज प्रतापगढ़।** वृद्ध के साथ हुई मारपीट व गालीगलौज की घटना को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के नागापुर तिलौरी गांव निवासी अब्दुल सलाम पुत्र मो0 रईस ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके दादा चार मार्च की सुबह दरवाजे पर लगे हैण्डपम्प पर स्नान कर रहे थे। आरोप है कि इसी बीच गांव के इबाद अली, नवीनउल्ला उर्फ आसिफ, रफीक अहमद व मुन्ना एकराय होकर वहां पहुंचे और गालीगलौज करते हुए पीड़ित के दादा को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। लीलापुर एसओ अरूण सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मवेशी का कटा पांव देख पसीजा प्रियेश श्रीवास्तव का दिल, कराया इलाज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़।** बेजुबान भले ही मुख से ना बोलते हो लेकिन उन्हें भी दुख और दर्द इंसान के बराबर ही होतां है। इन बेजुबानों के दर्द को जो समझ ले, वही सच्ची सेवा और इंसानियत है।पट्टी क्षेत्र के कुंदनपुर ग्राम सभा में घूम रही एक गाय का पांव कट जाने पर प्रियेश श्रीवास्तव उर्फ दादा और ग्राम वासियों ने उसका दर्द नहीं देखा गया तो अधिकारियों को सूचना देकर उसका इलाज कराया, जिसकी चर्चा हर कोई कर रहा है।पट्टी क्षेत्र के कुंदनपुर ग्राम सभा में एक मवेशी का पांव कटा हुआ था। जिससे खून बह रहा था। उसकी छटपटाहट के कारण वह इधर उधर टहल कर दर्द के मारे तड़प रहा था। तभी प्रियेश श्रीवास्तव उर्फ दादा साथ में उनके साथी प्रदीप चौरसिया, गांधी मोदनवाल, अधिवक्ता विकास श्रीवास्तव, की नजर गाय पर पड़ी तो वह उसकी पीड़ा समझ गए। आसपास के अन्य के साथ चिकित्सा अधिकारी को बुलाकर मवेशी की मदद के लिए आगे आए और उप जिलाधिकारी तनवीर अहमद को फोन से सूचना देकर मवेशी के पांव कटे होने की बात बताई। मामले को संज्ञान में लेते हुए तुरंत एसडीएम तनवीर अहमद पट्टी पशु चिकित्सा अधिकारी को फोन करके इलाज के लिए आदेशित किया। इसके बाद चिकित्सक और उनकी पूरी टीम ने मवेशी का प्राथमिक इलाज किया। इसके बाद मवेशी को दर्द से काफी निजात मिल सका। प्रियेश श्रीवास्तव उर्फ दादा और ग्राम वासियों के इस नेकी की सभी लोग तारीफ कर रहे हैं।

## डम्पर पलटने से मकान क्षतिग्रस्त, दी तहरीर

**लालगंज प्रतापगढ़।** डम्पर पलटने से मकान क्षतिग्रस्त होने को लेकर पीडित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के खजुरी गांव की ममता पत्नी अनिल कुमार शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो मार्च को दोपहर करीब डेढ़ बजे गांव के पडोसी हाइवे पर स्थित पीडिता के मकान के सामने मोरंग गिरवाने लगे। आरोप है कि पीड़िता के विरोध के बावजूद दरवाजे पर जबरन मोरंग गिरवाने के दौरान डंपर पलट गया। जिससे मकान की छत व रेलिंग क्षतिग्रस्त हो गया। इससे पीड़िता को करीब दो लाख रूपये का नुकसान उठाना पड़ा है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## भगवान की कृपा के लिए सदमार्ग का अनुसरण आवश्यक-आचार्य करूणाशंकर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज प्रतापगढ़।** अमावां स्थित मां अम्बिका पब्लिक स्कूल परिसर में श्री शिव शक्ति नारायण महायज्ञ में बुधवार को श्रीमदभागवत कथा का अमृतपान कर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर जी ने बताया कि भगवान की कृपा उसी को प्राप्त हुआ करती है जो सदमार्ग पर चला करता है। उन्होनें कहा कि श्रीमदभागवत गीता जीवन के साथ साथ समाज की भी सुचिता का मार्गदर्शक है।

आचार्य करूणाशंकर जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार पृथ्वी को पाप के भार से मुक्त करने के लिए हुआ। उन्होनें कहा कि कलिकाल में कृष्ण नाम की शुद्ध मन से माला जपने मात्र से युगों-युगों के यज्ञ का पुण्य मिल जाया करता है। उन्होने कहा कि भगवान महादेव ने




विषपान कर संसार को नैतिक शक्ति के अजेय रहने का परमबोध कराया है। कथा के संयोजक पं. शिवाकांत द्विवेदी ने व्यासपीठ की महिमा का बखान किया। संयोजक जीत बहादुर सिंह ने कथाव्यास का सारस्वत सम्मान किया। इस मौके पर देवेन्द्र सिंह, पंकज शुक्ला, मनीष मिश्र, श्रीकांत, रवीन्द्र प्रताप सिंह, धीरेन्द्र पाण्डेय आदि रहे।

# दहेज प्रथा उन्मूलन एवं बाल विवाह रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### ● दहेज कुप्रथा ने धारण किया शोषण का रुप, इसे जड़ से खत्म करना आवश्यक- डॉ रणजीत सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** सक्षम फाउण्डेशन कालाकांकर द्वारा दहेज प्रथा उन्मूलन तथा बाल विवाह रोकथाम पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अवधेशपुरम् (ऐंठू) में किया गया। सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है, यह कई संस्कृतियों तथा सभ्यताओं का जनक भी है। भारत जहॉ अपनी विशाल संस्कृति के लिए एक महान देश कहलाता है, वहीं यहॉ के कुछ रीति-रिवाज एक बड़ी समस्या भी है। देश के कुछ हिस्सों में बाल विवाह एक बड़ी समस्या है। उससे भी बड़ी समस्या पूरे देश के लिए दहेज प्रथा



है। दहेज यानी कन्या पक्ष द्वारा वर पक्ष को दिया गया उपहार, जिसमें पैसा, जमीन, आभूषण, गाड़ी तथा अन्य सामान शामिल होता है। दहेज वर्तमान में इतनी बड़ी समस्या है कि इसके कारण कई बेटियों को शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना के साथ कई बार अपने जीवन से भी हाथ धोना पड़ जाता है। वर्तमान में इस कुप्रथा ने शोषण का रूप धारण कर लिया है। अब इस कुप्रथा को समाप्त करने का समय आ गया है। इसके लिए हम सबको आगे आना होगा, तभी इस कुप्रथा को जड़ से खत्म किया जा सकता है।

समाज के सभी वर्गो की सकारात्मक प्रतिबद्धता और सहयोग से ही सम्भव हो सकता है।

इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह ने कहा कि पुत्री के नवविवाहित जीवन को आसान बनाने के लिए स्वैच्छिक दान प्रथा ने धीरे-धीरे दहेज प्रथा का रूप धारण कर लिया है।

दहेज प्रथा के कारण समाज में सामाजिक असमानता और विभाजन बढ़ता जा रहा है। यह न केवल एक व्यक्ति की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करता है बल्कि इससे महिलाओं को उच्चाधिकारिता, समाज में साभार और सम्मान का अधिकार नहीं मिल पा रहा है। दहेज प्रथा को रोकने के लिए युवाओं को चाहिए कि शिक्षा के माध्यम से समाज को जागरूक करें तथा लड़कियों को उच्चतम शिक्षा के लिए आवाज बुलन्द करें तथा इसका समर्थन करें। सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम में भाग लें तथा समाज को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करें। सकारात्मक प्रतिबद्धता के साथ समाज में बदलाव लाने के लिए कार्य करें और अधिक से अधिक लोगों को दहेज प्रथा से होने वाले हानि से रूबरू कराने का प्रयास करें।

इस अवसर पर सक्षम फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ रणजीत सिंह, सचिव मनीश सिंह, के.वी.के. के वैज्ञानिक डॉ अवधेश सिंह, गिरिजा देवी, शकुन्तला, विदिशा सिंह, पल्लवी पटेल, रचना मौर्या, रूचि श्रीवास्तव, कल्पना मिश्रा, वंटी, देवराज, हेमराज, सज्जन सिंह, रामभवन पाण्डेय, रामचन्द्र, सृष्टि कक्कर, रमेश धूरिया आदि लोग उपस्थित रहे।

## रास्ते के विवाद में हुई मारपीट, चार पर केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जसमेढ़ा गांव की सुमन पत्नी बृजभान गौतम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि रास्ते के विवाद को लेकर छः फरवरी की सुबह करीब आठ बजे गांव के पंचलाल पुत्र हीरालाल गौतम, रमाशंकर, उमाशंकर व विकास पुत्रगण रामफल गौतम ने एकराय होकर उसे तथा उसके परिवार के लोगों को मारापीटा। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

## रिवांचल में चढ़ते वक्त ट्रैक पर गिरी महिला कटा पैर, हालत गंभीर

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू रेलवे स्टेशन पर मंगलवार की रात दिल्ली जाने के रिवांचल एक्सप्रेस में चढ़ते समय एक महिला ट्रैक पर गिर गई जिसके दोनों पैर कट गए। हादसा देख मौके पर पहुंची जीआरपी ने इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। हालत गंभीर होने पर मंझनपुर मेडिकल कॉलेज के बाद घायल को एसआरएन प्रयागराज भेजा गया है।कोखराज थाना क्षेत्र के रामपुर सुहेला गांव निवासी विजय कुमार पुत्र राजाराम हरियाणा के गुड़गांव शहर में सेक्टर 37 खडसे में चाय नाश्ते की दुकान चलाता है। एक महीने पहले पारिवारिक शादी में घर लौटने के बाद मंगलवार को पत्नी शोभा देवी 35 वर्ष , बेटी साक्षी , बेटा शिवांश व शिव के साथ दिल्ली जाने के लिए रात साढे दस बजे सिराथू रेलवे स्टेशन से रिवांचल गाड़ी में चढ़ते समय पत्नी शोभा का पैर फिसल गया जिससे वह ट्रैक में गिर गई इस दौरान उसके दोनों पैर कट गए। हादसा देख मौके पर लोगों को भीड जुट गई ।इस दौरान जीआरपी प्रभारी अवधेद्र त्रिपाठी ने इलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया । हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्रयागराज के लिए भेजा है।

## प्लाट खरीदने के नाम पर भाई व भतीजे पर धोखाधड़ी करने का केस

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के कूरामुरीदन गांव के जुल्फेकार अहमद पुत्र बदर उद्दीन ने भाई व भतीजे पर प्लाट खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। सैनी कोतवाली के कुरा मुरीदन गांव के जुल्फेकार अहमद ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि लगभग दस साल पहले वह सऊदी अरब में रहकर नौकरी करता था ।इस दौरान भाई व भतीजे ने उसकी पत्नी के नाम प्लाट खरीदने के नाम पर 22 लाख 67 हजार ले लिया लेकिन इसके बावजूद प्लाट नहीं खरीदा गया। जब उसने खरीदे गए प्लाट दिखाने की बात कही तो गली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जुल्फक्कार अहमद की तहरीर पर पुलिस ने भाई आजाद पुत्र बदर उद्दीन व भतीजा अब्दुल रहमान पुत्र मंजुल हसन पर धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

## सोलर पैनल खोलकर भाग रहे चोरो को ग्रामीणों ने पकड़ा

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के थुलगुला गांव में मंगलवार की रात घर से सोलर पैनल खोलकर भाग रहे तीन बदमाशों को ग्रामीणों ने पकड पुलिस को सौप दिया। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफचोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जेल भेजा है। सैनी कोतवाली के थुलगुला गांव निवासी सोनू विश्वकर्मा मंगलवार की रात परिवार घर के भीतर सो रहे थे। इस दौरान पीछे दिवाल से चढ पहुंचे चोर छत पर लगे दो सोलर पैनल खोलकर भाग रहे थे। भागने की आहट सुनकर जगहट होने बाद ग्रामीणों ने घेर कर बदमाशों को पकड़ लिया। और मामले की जानकारी डायल 112 पुलिस को देखकर पकड़े गए चोरों को पुलिस को सौंप दिया। चोरी की तहरीर पर पुलिस ने थुलगुला गांव निवासी गुड्डू पुत्र गैंता, मोनू पुत्र बिजली, राजेंद्र पुत्र टेकचंद के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## सिराथू रेलवे ओवरब्रिज से भारी वाहनों के आवागमन बंद करने की मांग

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू रेलवे ओवरब्रिज में हो रहे लगातार हादसों को लेकर कस्बा वासियों ने भारी वाहनो के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की है। पूर्व सभासद हीरालाल सरोज ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को पत्र भेजकर रुट बदलकर सीमेंट बालू व गिट्टी लदे डंपर और ट्रकों को बाईपास के रास्ते से आवाजाही कराने को लेकर कार्रवाई की जाने की मांग की है। दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर सिराथू क्रॉसिंग पर बने संत मलूक दास ओवर ब्रिज बनने के बाद घनी आबादी से बड़े वाहनों का आमागमन रहता है। जिसके चलते आए दिन पुल व कस्बे में हादसे होने के साथ जाम की समस्या बनी रहती है। ऐसे में व्यापार चौपट होने के साथ लोगों को परेशान होना पड़ता है। समस्या को लेकर के पूर्व सभासद हीरालाल सरोज ने डिप्टी सीएम को पत्र भेज कर डंपर व सट्रक के आवा सगमन के लिए बाईपास के रास्ते सयारां ओवरब्रिज से हाईवे पर पहुंचने के लिए रूट डायवर्जन करने की मांग की है।

## डम्पर की टक्कर से घायल बजुर्ग की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के काजीपुर बाजार में शनिवार शाम सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने के बाद अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काजीपुर गांव निवासी रामबाबू मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता था। उसने बताया कि शनिवार शाम उसके पिता अमरनाथ (62) बाजार की ओर गए थे। सामान खरीदकर वह पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान पूरामुफ्ती की ओर से आ रहे बेकाबू लोडर ने टक्कर मार दिया था। हादसे में अमरनाथ गंभीर रुप से घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने भागकर उन्हें इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया था। हालत नाजुक होने पर डाक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां मंगलवार रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद चालक मय वाहन मौके से फरार हो गया था। बेटे रामबाबू ने थाने में घटना की तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## कम्पोजिट विद्यालय गिरसा में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**कौशाम्बी।** कम्पोजिट विद्यालय गिरसा में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि महिला आयोग की सदस्या प्रतिभा कुशवाहा रहीं। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने गीत संगीत के माध्यम से विभिन्न के सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण दिया जिसे देखकर सभी लोग भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यक ने कहा कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम से बच्चों को एक दूसरे को प्रेरित करने का अवसर मिलता है। इसी के साथ बच्चों के अंदर छिपी हुई अन्य प्रतिभाएं भी सबके सामने आती है जिससे बच्चों के आगे के भविष्य का निर्धारण होता है। इसी साथ उन्होंने मार्च में होने वाली वार्षिक परीक्षा में सभी बच्चों को मन लगाकर तैयारी कर परीक्षा देने को प्रोत्साहित किया कहा कि सभी अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा करें। इस मौके पर एसआरजी ओम प्रकाश, एआरपी मनोज सिंह, प्रधानाध्यापक विवेक सिंह समस्त अभिभावक एवं ग्राम सभा के गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

# वार्षिकोत्सव से बच्चों के अंदर की प्रतिभा में आता है निखार



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** विकास खंड कड़ा के प्राथमिक विद्यालय शीतलपुर में बुधवार को वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। बच्चों ने गीत संगीत के माध्यम से विभिन्न के सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतीकरण दिया जिसे देखकर सभी लोग भावविभोर हो उठे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यक संतोष कुमार ने कहा कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम से बच्चों को एक दूसरे को प्रेरित करने का अवसर मिलता है। इसी के साथ बच्चों के अंदर छिपी हुई अन्य प्रतिभाएं भी सबके सामने आती है जिससे बच्चों के आगे के भविष्य का निर्धारण होता है। इसी साथ उन्होंने मार्च में होने वाली वार्षिक परीक्षा में सभी बच्चों को मन लगाकर तैयारी कर परीक्षा देने को प्रोत्साहित किया कहा कि सभी अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा करें। उपस्थित अभिभावकों को कक्षा पांच में अध्ययनरत बच्चों को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए आग्रह करते हुए कहा कि सभी पात्र बच्चों का शत प्रतिशत आवेदन कराएं। इसके साथ ही 9 मार्च को होने वाली अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में आवेदित बच्चों को परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर परीक्षा में प्रतिभाग कराने के लिए अभिभावकों व बच्चों को प्रेरित किया। अंत में कक्षा पांच के बच्चों को प्रधानाध्यक में पेंसिल बॉक्स देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में स्कूल की शिक्षिका प्रतिभा सिंह, संतोष कुमार, हेमलता पाल सहित सभी लोग उपस्थित रहे।

## ई रिक्शा की चपेट में आने से तीन वर्षीय मासूम की मौत, केस



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के तरसौरा गांव में ई रिक्शा की चपेट में आने से तीन वर्षीय मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची शहजादपुर चौकी पुलिस में शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मासूम की मां की तहरीर पर पुलिस ने ई रिक्शा चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।कोखराज थाना के तरसौरा गांव में मंगलवार की शाम करीब सात बजे गांव के लल्लू पटेल की तीन वर्षीय पुत्री शिवानी पटेल घर के बाहर खेल रही थी। उसी समय पड़ोस का एक ई रिक्शा चालक ई रिक्शा लेकर पीछे करने लगा। ई रिक्शा को पीछे करने वक्त खेल रही मासूम शिवानी उसकी चपेट आ गई और ई रिक्शा उसके पेट के ऊपर चढ़ गया आसपास मौजूद लोगो ने देखा तो मासूम को इलाज के लिए अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने शिवानी को मृत घोषित कर दिया । मासूम की मौत से घर में कोहराम मच गया । मृतक मासूम की मां सीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने ई रिक्शा चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है।

## डीबीटी से आयी धनराशि का वास्तविक उपयोग करे अभिभावक



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** ब्लॉक संसाधन केंद्र मूरतगंज में बुधवार को शिक्षक, स्थानीय प्राधिकारी निकाय, ग्राम प्रधान शैक्षिक समन्वय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सदस्य राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने उपस्थित निकाय सदस्यों, ग्राम प्रधानों से कहा कि शासन के द्वारा विद्यालय में नामांकित छात्रों को डी बी टी के माध्यम से 1200 सौ रुपए ड्रेस, जूते, मोजे, बैग, स्वेटर, स्टेशनरी के लिए बच्चों के अभिभावकों के बैंक खाते में दिए जाते है। जिन्हें कुछ अभिभावक इस पर अमल न करते हुए बच्चों को समान नहीं दिलाते है। ऐसे हम सभी प्रतिनिधियों का दायित्व है कि अभिभावकों को इसके लिए प्रेरित करते हुए जागरूक करें और आपसी समन्वय को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अवशेष कायाकल्प को ग्राम पंचायत के माध्यम से पूरा करें और विद्यालयों के सफाई के लिए सफाईकर्मी को उसका दायित्व समझाएं जिससे हमारे बच्चों के पढ़ने के लिए साफ और सुथरा नजर आए। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी जवाहर लाल यादव ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड विकास अधिकारी मूरतगंज गिरजेश प्रसाद, जिला पंचायत सदस्य राम नरेश, प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष अशोक कुमार द्विवेदी, जूनियर शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष रत्नेश यादव, आलोक कुमार द्विवेदी, अमरदीप, प्रेमचंद्र, अनिल कुमार यादव, अनुराधा वर्मा सहित क्षेत्र के ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रवींद्र कुमार मिश्रा ने किया।

## दंडी स्वामी की पुण्य तिथि पर मदन लाल किंकर द्वारा रचित पुस्तक सप्तगीता का हुआ विमोचन



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** श्री श्री 1008 ब्रह्मचारी रामेश्वर जी महाराज दंडी स्वामी की 16 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्री रामचरितमानस के अंतर्गत सप्त गीता नामक पुस्तक का बुधवार को विमोचन हुआ। शक्तिपीठ कड़ाधाम के कालेश्वर घाट स्थित दंडी स्वामी आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में धार्मिक और सांस्कृतिक जगत के प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति में पुस्तक का विमोचन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विश्व विद्यालय इलाहाबाद के चीफप्रॉक्टर जटा शंकर त्रिपाठी उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता चौसठी दंडी मठ वाराणसी के दंडी स्वामी प्रकाश देवाश्रम महंत ने किया वहीं संचालन नर नारायण शास्त्री ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत गुरुदेव के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम के संयोजक रामायणी पंडा व चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानी द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण व अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया।पुस्तक के रचयिता तीर्थ पुरोहित पंडा मदन लाल किंकर ने बताया कि इस पुस्तक में सात प्रमुख गीता अंशों का विस्तृत विवरण और उनके आध्यात्मिक अर्थों की व्याख्या की गई है।कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने रामचरितमानस के गीता अंशों के माध्यम से जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और इस पुस्तक की महत्ता को उजागर किया।पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में आत्मप्रकाश पंडा, मुन्ना साहू, उदय नारायण पंडा, अनिल प्रकाश पंडा, जुगेश पंडा, रामभोले पंडा, रजत पंडा सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पूरामुफ्ती क्षेत्र में त्यौहारों पर खलल डालने वालों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई



लोकमित्र ब्यूरो

**पूरामुफ्ती, (कौशाम्बी)।** पूरामुफ्ती पुलिस ने रमजान, होली और ईद उल फित्तर पर्व को देखते हुए कमर कस ली है। बुधवार को थाना परिसर में एसओ मनोज कुमार सिंह ने सम्भ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान उन्होंने आगामी पर्वो को शांतिपूर्वक ढंग से मनाने की अपील की।

पीस कमेटी की बैठक के दौरान एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों पर पुलिस ने अभी से ही शिकंजा कसना प्रारंभ कर दिया गया है। यदि कोई असामाजिक तत्व सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करेगा तो ऐसे उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी बीट सिपाही और हल्का दरोगाओं को निर्देशित किया कि वह सभी सर्व धर्म गुरुओं को विश्वास में लेते हुए आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करने का काम करें। इसके अलावा मंदिर में पूजा-पाठ में खलल डालने वालों की सूचना पुलिस को दे। होलिका दहन में किसी का नुकसान नहीं करें। यदि होलिका रखने का कोई विवाद है तो उसे अभी से ही पुलिस और राजस्व विभाग को इसकी जानकारी दें। उन्होंने आपसी सौहार्द के साथ त्यौहारों को मनाने की अपील करते हुए कहा कि अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर है। किसी भी प्रकार की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी सम्भ्रांत लोग अपने कस्बा व क्षेत्र में किसी भी तरह की अराजकता न फैलने दें और किसी भी तरह की अफवाहों पर भी ध्यान न दें। उन्होंने सोशल मीडिया पर भी किसी भी तरह की ऐसी पोस्ट जिससे माहौल खराब हो जाए उसको करने से मना किया। इस मौके पर चौकी प्रभारी बम्हरौली संजीव चौधरी, चौकी प्रभारी सल्लाहपुर बृजेश सिंह, उपनिरीक्षक सुशील कुमार, अर्जुन सिंह, अंकित सांगवान, राहुल चौधरी, विश्वास, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार सिंह, कृष्ण कुमार, आलोक यादव समेत कुर्बान अली, शाहे आलम, अजय कुमार आदि सम्भ्रांत लोग मौजूद रहे।

## एमवीआईटी के छात्र का इसरो में वैज्ञानिक पद पर हुआ चयन, दी बधाई



लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** तहसील के रसूलाबाद उर्फ कोइलहा स्थित मधु वाचस्पति इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट के छात्र राहुल कुमार राव का भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) में वैज्ञानिक पद पर चयन हो गया है। उनके चयन पर कालेज प्रबंधन और शिक्षकों ने खुशी जाहिर की है। रजिस्टार समर अब्बास ने बताया कि जनपद गाजीपुर के अमेहता गांव निवासी राहुल कुमार के पिता किसान हैं। राहुल कुमार राव ने 2021-24 में मधु वाचस्पति इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट टेक्नॉलाजी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग से बीटेक की डिग्री हासिल की थी। घर की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण उसने प्रयागराज में ट्यूशन पढ़ाकर अपनी पढ़ाई पूरी की। इसके पहले राहुल का चयन सेल कंपनी में जूनियर इंजीनियर के पद पर हुआ था। कालेज के संस्थापक बारा विधायक वाचस्पति ने कहा कि छात्र लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई करे तो सफलता अवश्य मिलती है। राहुल कुमार राव के चयन पर निदेशक डा. एसपी गौतम, डीन इंजीनियरिंग अजय सिंह व एमवीएसएम निदेशक डा. संजीव श्रीवास्तव समेत स्टाफने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना और परिवार को बधाई दी है।

## वारण्टी आरोपी को किया गया गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक शुभम सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित वारण्टी आरोपी मो0 रिजवान निवासी कड़ा थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार किया गया।

### अवैध शराब के साथ 06 आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 92 ली0 अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों का चालान किया गया।

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 114 वाहनों का ई-चालान किया गया तथा 01 वाहन सीज किया गया।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 11 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थानाकरारी से 04, थाना कोखराज से 04, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 03) कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

## जिलाधिकारी ने की राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-02 एवं रामवन गमन मार्ग के लम्बित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-02 एवं रामवन गमन मार्ग के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-02 के चार से 06 लेन (चकेरी-इलाहाबाद खण्ड) चौडीकरण परियोजनान्तर्गत मौजा-अठसरई, बिदनपुर ककोढ़ा व अन्दावां में सर्विस रोड एवं नाली निर्माण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को सक्षम प्राधिकारी, भूमि अध्याप्ति व उपजिलाधिकारी सिराथू से समन्वय बनाकर भौतिक कब्जा लिये जाने की कार्यवाही पूर्ण करने के भी निर्देश दियें।

इसके अतिरिक्त उन्होंने मौजा-केसारी व कसिया की छूटी परिसम्पत्तियों में अनुपूरक अभिनिर्णय की कार्यवाही कराने व मासिक आधार पर लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रतिकर वितरण में तेजी लाने के निर्देश दियें। इस अवसर पर भूमि अध्याप्ति (एन.एच. ए.आई.) एस.पी.वर्मा, परियोजना निदेशक अमन रोहिल्ला, भा.रा.रा.प्रा. कानपुर आर.वाई., राकेश सीनियर प्रोजेक्ट मैनेजर एवं पी.एन.सी. इन्फ्राटेक लि0 सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## सम्पादकीय

# ट्रंप की गोल्ड कार्ड योजना

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गोल्ड कार्ड ने पूरी दुनिया को चकमका दिया है। ट्रंप जो कहते हैं वह हमेशा कर भी दें इसकी कोई गारंटी नहीं है।और इसकी भी कोई गारंटी नहीं की जो वह करना चाहते हैं उसे सचमुच कर पाएं, मगर इतना तय है कि उन्होंने पदभार संभालते ही जिस तरह का धूम-धड़ाका किया है उसने कई देशों की नींद उड़ा दी है। कई देशों को चिंता में डाल दिया है तो कई देशों को अपनी अमेरिकी नीति पर पुनर्विचार करने पर बाध्य कर दिया है। भारत भी ट्रंप की घोषणाओं और उसके क्रियान्वयन से अछूता नहीं है।अवैध प्रवासियों की अपमानजनक वापसी की धमक भारत झेल ही रहा था कि अब उसे गोल्ड कार्ड भी परेशानी में डाल रहा है। ट्रंप की गोल्ड कार्ड योजना वास्तव में क्या है किसी के समझ में नहीं आई है। इस योजना के मुताबिक 50 लाख अमेरिकी डॉलर यानी करीब 44 करोड़ रु पये देकर कोई भी विदेशी नागरिक अमेरिका में बस सकता है और तीव्र गति से अस्थाई नागरिकता प्राप्त करने के लिए अग्रसर हो सकता है।पहली बात तो यह है कि लोग धन कमाने के लिए लोग धन कमाने के लिए अमेरिका जाना चाहते हैं, अपना धन लेकर अमेरिका में बसना नहीं। यहां ट्रंप अमेरिका को एक बिकाऊ माल की तरह बेचना चाहते हैं जैसे कोई अच्छी जमीन बेची जाती है। यानी ट्रंप अमेरिका को ऐसे स्वर्ग के रूप में प्रस्तुत कर रहे हैं जहां किसी भी देश का कोई व्यक्ति 50 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च कर बसना चाहेगा। क्या सचमुच अमेरिका ऐसा स्वर्ग है?अगर भारत की बात करें तो यहां बहुत बड़ी संख्या धनपतियों की है जिन्होंने अनेकानेक गैर कानूनी तरीकों से धनी इकट्ठा किया है और वह इसकी सुरक्षा चाहते हैं। ऐसे लोग भारत में सीधे राजनेताओं या राजनीतिक दलों को अपनी सुरक्षा के लिए धन उपलब्ध कराते हैं। चुनावी चंदे में इस तरह के कई मामले उजागर हुए थे।दूसरी बात जो ट्रंप ने प्रतिभावान विदेशी छात्रों के बारे में कही जो अमेरिका में पढ़ाई करने के बाद नागरिकता नहीं मिलने के कारण अपने मूल देश में लौटकर व्यापार करते हैं और करोड़ों में खेलने लगते हैं।सवाल है कि कोई अमेरिकी कंपनी 50 लाख डॉलर देकर ऐसे प्रतिभावान उद्योगों को नौकरी देने में रु चि क्यों दिखाएगी। इसका कोई ठोस तर्क सामने नहीं है। बहरहाल, जनता की गाढ़ी कमाई को अमेरिका में ले जाकर बसने के भ्रष्ट पूंजीपतियों को गोल्ड कार्ड ने जरूर सुनहरा अवसर दिखा दिया है।

# धनंजय मुंडे के इस्तीफे से आया महाराष्ट्र की राजनीति में तूफ़ान



**अशोक भाटिया**

महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे का इस्तीफा राजनेताओं और अपराधियों की मिलीभगत का जीवंत व ताजा उदाहरण है। यह सांठगांठ इस हद तक है कि धोखाधड़ी, कमिशनखोरी, रंगदारी वसूली, मारपीट और हत्याओं तक बात पहुंच जाती है। आरोपों से लगता है कि धनंजय शायद इसी जाल में फंसे हैं। बीड़ जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या इसी कड़ी का हिस्सा है। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी वाल्मिक कराड और उनके गिरोह के साथियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। उनसे अपनी करीबी कबूल कर धनंजय भी गिरफ्त में आ गए।धनंजय मुंडे महाराष्ट्र सरकार में खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग संभाल रहे थे. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंत्री पद से इस्तीफा देने को कहा था. इस घटनाक्रम की पुष्टि करते हुए फडणवीस ने कहा, 'महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने आज अपना इस्तीफा दे दिया है. मैंने इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और आगे की कार्रवाई के लिए इसे राज्यपाल के पास भेज दिया है.'यहां बीड़ जिले में स्थित मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की पिछले साल दिसबंर में बड़ी निर्ममता से हत्या कर दी गई थी. इस मामले में मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड को को गिरफ्तार किया गया है. इस हत्याकांड की कुछ चौंकाने वाली तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें साफ दिखायी दे रहा है कि सरपंच को कैसे पहले निर्वस्त्र किया गया. फिर उन्हें बेरहमी से पाइप और दूसरे हथियारों से पीटा गया.एक तस्वीर में दिख रहा है कि सरपंच देशमुख अधमरी हालत में पड़े हुए, तब उन पर आरोपी सुदर्शन घुले ने पेशाब भी किया गया. इस मामले में मुख्य आरोपी वाल्मीकी कराड एनसीपी नेता और मंत्री धनंजय मुंडे का खास आदमी बोला जाता है.इस मामले में कांग्रेस विधायक और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने हत्याकांड से जुड़ी तस्वीरें शेयर करते हुए महायुति सरकार पर सवाल उठाए हैं. उन्होंने आरोप लगाया है कि 'बीड कांड में हैवानों की ये तस्वीरें और वीडियो पिछले 2 महीने से राज्य के गृह मंत्री, उपमुख्यमंत्री के पास थीं. और फिर भी आपने धनंजय मुंडे का इस्तीफा न लेकर नैतिकता की हत्या कर दी!'उन्होंने आरोप लगाया कि 'पुलिस स्टेशन में सीसीटीवी बंद करने के बाद वाल्मिक कराड को पुलिस हिरासत में सभी पांच सितारा सुविधाएं दी गई. ये सब क्यों? जहां महागठबंधन के मंत्री धनंजय मुंडे के खासमखास और उनके बिना इस मंत्री का पन्ना नहीं हिलता, वहीं हैवान वाल्मीक कराड और उनके साथियों पर गृह मंत्री, उपमुख्यमंत्री और पुलिस का लाड़-प्यार था.पूरे महाराष्ट्र को गुस्सा दिलाने वाली संतोष देशमुख की हत्या की तस्वीर अब महाराष्ट्र के सामने आ गई है. लेकिन इस सरकार ने धनंजय मुंडे का इस्तीफा स्वीकार करने की हिम्मत नहीं दिखाई. इस्तीफा देने में बहुत देर हो चुकी है, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री को अब इस्तीफा दे देना चाहिए!'गौरतलब है कि इतने लंबे समय तक, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अजीतदादा पवार के वाहन के साथ एकजुट एनसीपी की राजनीतिक चुनौती को कुचलने की कोशिश की। एनसीपी विभाजित थी। भाजपा की रणनीति सफल रही। अब भाजपा अजितदादा और उनकी एनसीपी के अस्तित्व को कुचलने के लिए उसी बर्तन का इस्तेमाल करेगी, जिनके पैर वहां थे। मीडिया ने पहले ही संकेत दिए थे कि धनंजय मुंडे का इस्तीफा ले लिया गया था।पहला संकेत यह है कि मीडिया ने जो भविष्यवाणी की थी वह सच होने लगी है। यह अंतिम नहीं है, बिल्कुल। अब इस सरकार के माणिकराव कोकाटे इसका शिकार होंगे। एकनाथ शिंदे की शिवसेना के मंत्रियों के कुछ मामले सामने आएं तो चौंकिएगा मत।यह एक काले पत्थर पर एक रेखा थी जिसे उन्हें उन्हें देना था। मीडिया ने कुछ समय से मुंडे को मंत्रिमंडल से हटाने की आवश्यकता व्यक्त की थी और कहा था कि यदि वह या उनके नेता अजितदादा अपने आप इस्तीफा देने के लिए तैयार नहीं हैं, तो मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा था कि मुंडे को उनका हाथ पकड़कर निष्कासित कर दिया जाना चाहिए। मुंडे ने स्वेच्छा से इस्तीफा नहीं दिया है। इसमें महीनों नहीं लगे होंगे। धनंजय मुंडे का इस्तीफा तब लिया गया जब यह महसूस किया गया कि उनका मामला बहुत गंभीर होगा। मुख्यमंत्री फडणवीस मुंडे और अजीतदादा के लिए ऐसा समय लेकर आए। यह मुंडे महाभारत पिछले तीन महीने से चल रही है।मुख्यमंत्री ने आधिकारिक तौर पर इसे %अजीतदादा का फैसला बताया। यानी अजीतदादा को यह तय करना चाहिए कि मुंडे को मंत्रिमंडल में रखना है या नहीं क्योंकि वह अजितदादा की पार्टी के हैं । सिद्धांत रूप में या कागज पर, यह उचित है, लेकिन केवल कागज पर। ऐसा इसलिए है क्योंकि मुख्यमंत्री ने %आप इस्तीफे के बारे में देखते हैं% का रुख अपनाया है, लेकिन साथ ही, उन्होंने भाजपा विधायक सुरेश दास या कथित सामाजिक कार्यकर्ता अंजलि दमानिया को चुप करा दिया, जो मुंडे के पीछे हाथ धो रही थीं। नहीं। दमानिया की बात को कुछ समय के लिए छोड़ा जा सकता है। क्योंकि वह भाजपा की आधिकारिक सदस्य नहीं हैं। लेकिन दास के बारे में क्या? मुख्यमंत्री का प्रत्यक्ष हित हो भी सकता है और नहीं भी; लेकिन फडणवीस का आशीर्वाद दास के लिए निश्चित था।फडणवीस ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज कराई और एक सार्वजनिक बयान दिया और दास को अवाक रखा। यही बात दमानिया के साथ भी है। भले ही वह आधिकारिक तौर पर भाजपा से नहीं हैं, लेकिन उन्हें मुंडे के खिलाफ इतने दस्तावेज और %अंदरूनी जानकारी% कैसे मिली।दूसरी तरफ पार्टी के बाहर से दमानिया और तीसरी तरफ मीडिया मुंडे के खिलाफ रैली करती रही और यह केवल तभी हुआ जब यह सुनिश्चित हो गया कि यह जारी रहा कि मुंडे को पद छोड़ना पड़ा। यह पढ़कर कोई भी हैरान रह जाएगा कि सीएम फडणवीस ने मुंडे को पहले ही नारियल क्यों नहीं दिया?इसका सीधा सा जवाब है~ मुंडे जितने लंबे समय तक कैबिनेट में रहेंगे, भाजपा के लिए यह उतना ही सुविधाजनक होगा कि वह उन पर और उनके संरक्षक अजितदादा के सफेद कुड़ा पर अधिक से अधिक सींग फेंकते रहें। अगर अजितदादा और उनके सहयोगी खुद कीचड़ उछाल रहे हैं, तो भाजपा उन्हें क्यों रोके? वास्तव में, अगर फडणवीस ने इसे अपने दिमाग में लाया होता, तो मुंडे को घर भेजा जा सकता था और मामला कभी शांत नहीं हो सकता था। लेकिन फिर वह राजनीति क्या है? यह सुनिश्चित करने के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष व्यवस्था करके कि सत्तारूढ़ गठबंधन के महत्वपूर्ण नेता के खिलाफ आग सत्तारूढ़ गठबंधन के महत्वपूर्ण नेता के खिलाफ आग को हवा देना जारी रखेगा, फडणवीस ने एक पार्टी को एक पत्थर में और दूसरे को उड़ाने के लिए अधिक शक्ति दी। जिस पार्टी को चोट लगी थी, वह निश्चित रूप से अजितदादा की राष्ट्रवादी है। और जिस पार्टी में उड़ान भरने की अधिक ताकत है वह विपक्ष है। यह मामला अब मुंडे तक सीमित नहीं रहेगा। धनंजय मुंडे अजीतदादा की ढाल थे। अब जब इसे हटा दिया गया है, तो अजीतदादा विपक्ष के चरण में होंगे। उनका इस्तीफा टालकर उन्होंने एक तरह से उन्हें बचाने की कोशिश की, जिससे विपक्ष के हमले और तेज हो गए। यह एक बाघ की तरह है। एक बार जब यह मानव रक्त का स्वाद लेता है, तो इसे नरभक्षी बनने से रोकना मुश्किल होता है। राजनीति में एक बार सत्ताधारी दल का कोई मोहरा मारा जा सकता है तो नए शिकारी की तलाश में विपक्ष को रोकना मुश्किल होता है।और यहां, अजितदादा की एनसीपी और एकनाथ शिंदे की शिवसेना संभावित शिकारियों की सेना से लैस हैं. मुंडे के बाद अब नंबर कोकाटे होगा। अदालत ने निस्संदेह उन्हें भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया है और अगर उनकी सजा पर रोक लगा दी जाती है, तो भी यह उनके खिलाफ दोष नहीं मिटाता है। इससे पहले जब सुनील केदार व अन्य के लिए समय आया तो सत्ता पक्ष ने उन्हें तत्काल नारियल देने की तत्परता दिखाई थी। इसलिए अब कोकाटे को बचाना मुश्किल है। इसका मतलब है कि पहले छह महीनों के भीतर अपराध और भ्रष्टाचार के कारणों से फडणवीस कैबिनेट के दो सदस्यों को घर भेजने का समय होगा। ये दोनों अजितदादा की एनसीपी से हैं। वहीं, साफ है कि एकनाथ शिंदे की शिवसेना पर भी बीजेपी का दबाव बढ़ेगा।एक बात तो यह है कि उन्हें मनचाहे जिलों का संरक्षक भी नहीं दिया गया है. फडणवीस ने तानाजी सावंत, दीपक केसरकर और अब्दुल सत्तार जैसे नेताओं को दूर रखा, जो पार्टी के %सर्व-संसाधन% हैं. दूसरी ओर, नई सरकार में शिंदे-सेना के पूर्व मंत्रियों के कई फैसलों को उलट दिया गया और कुछ की जांच की घोषणा की गई। अगर शिवसेना ने उचित सबक नहीं लिया, तो ऐसा नहीं है कि कुछ लोग %मुंडे% नहीं होंगे। दूसरा, धनंजय मुंडे के खिलाफ इस कार्रवाई के बाद अजीतदादा की एनसीपी भी शिंदे-सेना में किसी के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जरूरी सक्रियता दिखाएगी। ताकि भाजपा को जरूरत का गोला-बारूद मिल जाए और वह विपक्ष तक आसानी से पहुंच जाए। उद्धव ठाकरे की शिवसेना को नेता प्रतिपक्ष का पद दिया जाए और संभावित भाजपा विपक्ष को चुप करा दे दे तो बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं होगा। %आने-जाने% वाले एकनाथ शिंदे और अजित दादा पवार के बाद भाजपा के लिए बाहरी लोगों को खुश रखने से ज्यादा जरूरी उन्हें गले लगाना है।इसे काव्यात्मक न्याय कहा जाता है। वही धनंजय मुंडे सच्ची कहानी सुनाकर खुश थे कि कैसे शरद पवार ने हाल तक अजीतदादा के साथ अन्याय किया था। मानो कथित अन्याय के निवारण की जिम्मेदारी उनके सिर पर है! अब उनके पास इस अन्याय को दूर करने के लिए केवल समय होगा। इन लोगों ने राजनीति में जो बोया है, वही उगने लगा है और यही उनको मिलने वाला है।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# भारत- बदलते विश्व आर्थिक परिदृश्य का नया नायक



**प्रो. आरके जैनअरिजीत**

भारत आज वैश्विक मंच पर एक नए, स्वर्णिम युग की ओर दृढ़ कदमों से अग्रसर हो रहा है। जब समूचा विश्व व्यापार युद्ध की उलझनों, आर्थिक अस्थिरता और अनिश्चितता के भँवर में फँसा हुआ है, तब भारत अपनी अद्वितीय रणनीतिक दूरदर्शिता, आत्मनिर्भरता की अटूट शक्ति और प्रखर सूझ-बूझ के बल पर नवीन संभावनाओं का सृजन कर रहा है। वैश्विक पटल पर अमेरिका, चीन, कनाडा और मैक्सिको के बीच व्यापारिक तनाव अपने चरम पर पहुँच चुका है। अमेरिका द्वारा नए टैरिफ लागू करने के साहसिक निर्णय ने वैश्विक व्यापार व्यवस्था में भूचाल ला दिया है, तो वहीं चीन और कनाडा ने भी जवाबी शुल्कों के साथ इस युद्ध को और प्रचंड बना दिया है। ऐसे में भारत के लिए यह एक दुर्लभ अवसर है कि वह स्वयं को एक अडिग, विश्वसनीय और प्रभावशाली व्यापारिक शक्ति के रूप में स्थापित करे।टैरिफ की इस आंधी ने अनेक अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को नए विनिर्माण ठिकानों की खोज के लिए विवश कर दिया है। यदि भारत अपने 'मेक इन इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' जैसे दूरदर्शी अभियानों को और अधिक प्रबल गति प्रदान करे, तो वह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का एक अपरिहार्य अंग बनने की क्षमता रखता है।

विदेशी निवेश को आकर्षित करने हेतु व्यावसायिक सुगमता को सशक्त करने, नवाचार को प्रोत्साहन देने और अनुसंधान के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम उठाने से भारत इस व्यापार संग्राम से अभूतपूर्व लाभ अर्जित कर सकता है। यह समय भारत के लिए अपनी आर्थिक नींव को सुदृढ़ करने और वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक नई पहचान गढ़ने का है।भारतीय कृषि क्षेत्र भी इस संकटमय वैश्विक परिदृश्य में एक सुनहरे अवसर की प्रतीक्षा में है। जब विश्व खाद्य सुरक्षा और पोषण की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब भारत अपनी प्राचीन और समृद्ध कृषि परंपरा का उपयोग कर वैश्विक बाजार में एक नया मुकाम हासिल कर सकता है।

मोटे अनाज, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'श्री अन्न' का सम्मानजनक नाम देकर पुनर्जनन प्रदान किया, आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुपरफूड के रूप में उभर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष' घोषित करना भारत की कृषि शक्ति और दूरदर्शिता का ज्वलंत प्रमाण है। यह पहल न केवल भारतीय किसानों की आय को दोगुना करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, बल्कि भारतीय कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर एक सम्मानजनक स्थान भी दिला रही है।व्यापार और कृषि के साथ-साथ भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था भी एक अभूतपूर्व उड़ान भर रही है। 'स्टार्टअप इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियानों ने देश में तकनीकी क्रांति की नींव रखी है।

जब वैश्विक कंपनियाँ नए तकनीकी केंद्रों की तलाश में हैं, तब भारत अपनी नवाचार क्षमता, कुशल मानव संसाधन और स्थिर नीतियों के दम पर एक डिजिटल महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

भारतीय स्टार्टअप्स को वैश्विक स्तर पर मिल रही मान्यता इस बात का साक्ष्य है कि भारत अब केवल एक उपभोक्ता बाजार नहीं, बल्कि नवाचार और उद्यमशीलता का एक सशक्त केंद्र बन चुका है। यह तकनीकी उन्नति भारत को विश्व में एक नई पहचान देने का संकल्प रखती है।

साथ ही, भारत की ऊर्जा नीति भी आत्मनिर्भरता और हरित भविष्य की ओर एक प्रेरक संकेत दे रही है। जब विश्व ऊर्जा संकट की चपेट में है और बड़े देश तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर संशय में हैं, तब भारत नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में एक अनुपम कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन जैसे क्षेत्रों में भारत ने अपनी प्रभावी उपस्थिति से विश्व को आश्चर्यचकित कर दिया है।

यह प्रगति न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मील का पत्थर है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी भारत को नेतृत्वकारी भूमिका में स्थापित कर रही है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्वास्थ्य, स्वच्छता और योग को एक नई ऊँचाई प्रदान की है। 'फिट इंडिया मूवमेंट' और 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' की अभूतपूर्व सफलता इस बात का प्रमाण है कि भारत न केवल आर्थिक व तकनीकी क्षेत्र में, बल्कि सांस्कृतिक और जीवनशैली सुधारों में भी विश्व का मार्गदर्शक बन रहा है। कोविड-19 महामारी के दौरान भारत ने अपनी टीकाकरण नीति को जिस कुशलता और दृढ़ता से लागू किया, वह वैश्विक समुदाय के लिए एक प्रेरणा बन गया।

यह भारत की संकटकाल में नेतृत्व करने की अदम्य क्षमता को दर्शाता है।वर्तमान वैश्विक परिस्थितियाँ भारत के लिए एक नई आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक क्रांति का आधार तैयार कर रही हैं। यदि भारत अपने 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन, डिजिटल प्रगति, कृषि उत्थान और तकनीकी नवाचार को सही दिशा में संचालित करता है, तो निश्चित रूप से आने वाले वर्षों में वह वैश्विक शक्ति संतुलन का एक अटूट आधार-स्तंभ बनकर उभरेगा। यह समय केवल संकटों को देखने का नहीं, बल्कि उन्हें अवसरों में परिवर्तित करने का है।

भारत की अटल संकल्पशक्ति, परिश्रम और बौद्धिक प्रखरता के बल पर एक नए युग का सूत्रपात हो रहा है—एक ऐसा युग, जिसमें भारत न केवल एक समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरेगा, बल्कि विश्वगुरु के रूप में अपनी प्राचीन गरिमा को पुनः स्थापित करेगा। यह भारत का वह स्वप्न है, जो अब साकार होने की ओर अग्रसर है।

## समसामयिक

# तंबाकू सेवन एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में एक ऐसी संधि ने बीस साल पूरे कर लिए हैं, जिसका दुनिया भर में जन स्वास्थ्य को व्यापक लाभ मिला है। विश्व में फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कंट्रोल (एफसीटीसी) नामक यह संधि 27 फरवरी 2005 को हुई थी।अब इसे इतिहास की ऐसी पहल के रूप में स्वीकार्यता मिल गई है जिसे न केवल व्यापक रूप से अपनाया गया है बल्कि जिसके अपेक्षित परिणाम भी सामने आए हैं। इस संधि की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसकी बदौलत लाखों लोगों की जान बचाने में कामयाबी मिली है। मानवता के लिए एक गंभीर संकट बन चुके तंबाकू के दुष्प्रभावों को कम करने में इस संधि की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।यह सर्वविदित है कि तंबाकू मानवता के लिए एक अभिशाप बन चुका है। यह दुनिया में कैंसर, टीबी जैसी बीमारियों और उनकी वजह से होने वाली मौतों कारण बन रहा है। तंबाकू के कारण हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में चले जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 20 प्रतिशत हृदय रोगियों की मौत के लिए तंबाकू ही जिम्मेदार है। इसके अलावा यह सामाजिक एवं आर्थिक दबाव भी बढ़ाता है जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अधिक प्रभावित होते हैं।संधि के तहत कई प्रभावी उपाय अपनाए गए हैं जिनका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वर्तमान में दुनिया के 138 देशों में सिगरेट के पैकेटों पर चेतावनियां दी जाती हैं, जिससे उपभोक्ताओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कई देशों में तंबाकू उत्पादों की पैकेजिंग को साधारण कर दिया गया है, जिससे ब्रांडिंग और आकषर्क डिजाइन की संभावनाओं को समाप्त करने में मदद मिली है।यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस संधि की बदौलत तंबाकू विज्ञापनों और प्रमोशन पर 66 से अधिक देशों में प्रतिबंध लगाया जा चुका है। सार्वजनिक स्थानों, कार्यस्थलों और अन्य बंद इमारतों में धूम्रपान निषेध से निष्क्रिय धूम्रपान के कारण होने वाले नुकसान को भी कम करने में मदद मिली है। इससे ऐसे लोगों का जीवन बचाने में सहायता मिली है, जो खुद सिगरेट का प्रयोग नहीं करते पर धूम्रपान करने वाले अन्य लोगों की वजह से इसका खतरा झेलते हैं। इसके परिणामस्वरूप, वि की एक चौथाई आबादी ऐसी नीतियों के दायरे में आ चुकी है, जिससे तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति में गिरावट देखी गई है।डब्ल्यूएचओ ने संधि की 20 वीं वषर्गांठ के मौके पर कहा है कि तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाव पर केंद्रित यूएन संधि ने पिछले दो दशकों में लाखों-करोड़ों जिंदगियों की रक्षा करने में मदद की है। यह एक तथ्य है कि तंबाकू गैर संचारी रोगों का एक बड़ा कारण है जो न केवल असामयिक मौतों का कारण बनता है, बल्कि इससे प्रभावित लोग विकलागंता का भी शिकार हो सकते हैं। जो गरीब लोग तंबाकू जनित बीमारियों से पीड़ित होते हैं, उन पर इलाज का भारी बोझ पड़ता है। ऐसे लोग आम लोगों की तुलना में पोषक आहार से भी वंचित रहते हैं क्योंकि वह अपनी आमदनी का एक बड़ा हिस्सा महंगे तंबाकू उत्पादों पर खर्च कर डालते हैं।तंबाकू उत्पादन के लिए अत्यधिक जमीन एवं पानी की जरूरत पड़ रही है। अगर तंबाकू के प्रति लोग नकारात्मक रवैया अपनाएं तो इस जमीन व पानी का इस्तेमाल जरूरी खाद्यान्न के उत्पादन में किया जा सकता है। यदि तंबाकू का प्रचलन कम हो तो इन संसाधनों का उपयोग अधिक महत्त्वपूर्ण उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। यकीनन, इस संधि के तहत बहुत काम किया गया है पर अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है। डब्ल्यूएचओ के और अन्य विशेषज्ञ इस संधि के तहत तंबाकू पर टैक्स बढ़ाने, विज्ञापन व प्रायोजकों पर रोक लगाने, नये तंबाकू व निकोटीन उत्पादों से पैदा हो रही चुनौतियों से निपटने जैसे विभिन्न उपायों को अपनाने पर बल दे रहे हैं। इस दिशा में सक्रियता से काम होना चाहिए।साथ ही, तंबाकू के प्रति नकारात्मक सामाजिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए शिक्षा और जागरूकता अभियानों को और सशक्त करने की आवश्यकता है। लोगों को यह समझाय जाना चाहिए कि तंबाकू सेवन केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि यह एक वैश्विक स्वास्थ्य और आर्थिक संकट है। यदि सरकारें, समाज और आम लोग मिलकर इस प्रयास को जारी रखें तो एक स्वस्थ और तंबाकू मुक्त विश्व की कल्पना को साकार किया जा सकता है।

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। इस राशि के जो लोग किसी बिजनेस से जुड़े हैं उनके लिए आज लाभ का दिन है। आज आपको कुछ सम्मानित लोगों का स्नेह मिलेगा। जीवन में चल रही उलझनों से आज छुटकारा मिलेगा। ऊर्जा के साथ आप काम करेंगे। कार्य शुरू करने से पहले अपने सहकर्मियों की सलाह जरूर ले लें |
| वृष | आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रोजेक्ट में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। ऑफिस के कामों में दूसरों की राय लेने से बचें। बेहतर यही होगा की किसी अपनों की काम में मदद लें तो काम आसानी से सफल होंगे। आपकी मेहनत आज आपके जीवन में सफलता के रंग भर देंगे। आज आपका महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। |
| मिथुन | आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। आज आपको शहर में जॉब करने के नए अवसर मिलेंगे। लवमेट में पहले से चली आ रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी, रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी। |
| कर्क | आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी अनजान व्यक्ति पर आंख बंद करके विश्वास न करें। आज घर के बड़े-बुजुर्गों का ख़ास ख्याल रखने की जरूरत है, समय से दवाई दे। लेखनों की किताब पब्लिश हो सकती है, जिसको लोगों के द्वारा काफी पसंद किया जाएगा। |
| सिंह | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्व मिलेगा। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे आप प्रभावित होंगे। अगर आपका पैसा कहीं फंसा है तो उसे हासिल करने के लिए आज अच्छा दिन है। |
| कन्या | आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आप करीबी व्यक्ति के बारे में गहराई से विचार करके रिश्ता सुधारेंगे। आज आपको बड़ी उपलब्धि हासिल होगी। आपके सहयोगी और मित्रों का साथ मिलने से आज आपके बिजनेस में चल रही परेशानियां दूर हो जाएगी। काफी दिनों से चल रही ईएमआई आज पूरी हो जाएगी। |
| तुला | आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रॉपर्टी से रिलेटेड बात करेंगे और फाइनेंस संबंधित कुछ योजनाएं बनेगी। आज आप परिवार को जोड़कर रखने की भूमिका निभाएंगे। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। आज आप बेवजह के वाद-विवाद से दूर रहेंगे। आज आपका किसी इंटरव्यू में सेलेक्शन होगा अच्छी जॉब मिलेगी। |
| वश्चिक | आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी। आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का समय अनुकूल है मेहनत के अच्छे परिणाम हासिल होंगे। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जाएंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। |
| धनु | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका रुका काम पूरा होने से शांति महसूस करेंगे। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज कार्यस्थल पर आपके काम से लोग प्रभावित होकर आपसे काम सीखना चाहेंगे। आज लोगों की मदद करने की इच्छा मन में जागेगी। |
| मकर | आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप ऑफिस में बॉस द्वारा दिये गये काम को अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ करेंगे तो आपका इन्क्रीमेंट होगा। आज अपने व्यस्तता से भरे माहौल से थोड़ा समय निकालकर अपने लिए परिवार के लिए निकालेंगे तो खुशियां बढ़ेगी। आज आप कुछ समय प्रकृति के बीच बिताएंगे आपको मानसिक शांति मिलेगी। |
| कुम्भ | आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके घर किसी मेहमान के आने से खुशियां ही खुशियां होंगी। लेकिन किसी काम को कुछ देर तक के लिए कैंसिल करना पड़ सकता है। आज किसी भी विपरीत परिस्थितियों में अपने गुस्से को नियंत्रित करके मामले को बखूबी संभाल लेंगे। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति से कुछ नया सीखेंगे, लोगों के लिए आज आपका रवैया अच्छा रहेगा। किसी रिश्तेदार के साथ चल रही गलतफहमियां आज दूर होंगी। आपको किसी बड़ी परेशानी से छुटकारा मिलेगा। आज अपनी पर्सनल बात किसी के साथ डिस्कस करने से बचेंगे तो आप किसी बड़ी परेशानी से बच जाएंगे। |

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने त्योहारों के दृष्टिगत समाज के प्रतिष्ठितजनों के साथ की बैठक

- त्योहारों को हर्षोल्लास एवं परम्परागत रूप से मनायें-डीएम
- त्योहारों के अवसर पर माहौल को बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्यवाही-एसपी



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी एवं पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने पुलिस लाइन के टीन शेड सभागार में विभिन्न त्योहारों होली, ईद, नवरात्रि आदि के दृष्टिगत समाज के प्रतिष्ठितजनों व धर्मगुरूओं के साथ पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को बनाये रखे और त्योहारों को हर्षोल्लास एवं परम्परागत रूप से मनायें।

हमारे देश में जितने पर्व मनाये जाते है उतने पर्व पूरी दुनिया में कहीं नहीं मनाया जाता है, हर एक त्योहार में कोई न कोई एकता और सामाजिक संदेश छिपा होता है। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार मनाये दूसरो की भावनाओं को भी ध्यान में रखें, अराजकतत्वों द्वारा अशांति फैलाने की अशंका होने पर त्वरित जिला प्रशासन को सूचित करें। होलिका दहन एवं ईदगाह के स्थल की व्यवस्थाओं को देख लिया जाये यदि किसी प्रकार की समस्या है तो समय रहते अवगत करा दिया जाये जिससे समस्या का समाधान हो सके। उन्होने धर्मगुरूओं और समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्रों में सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने हेतु अपील करें। त्योहार के दृष्टिगत कोई नई परम्परा को लागू न किया जाये। होली में रंग लगाने के दौरान व्यक्तियों की धार्मिक मान्यता और इच्छाओं का भी ध्यान रखें।

पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार ने धर्मगुरूओं एवं सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा है कि अपने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुये त्योहारों के दिन अनावश्यक रूप से गाड़ियॉ न दें, बच्चों को नशीलें पदार्थो से दूर रखे जिससे किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये। त्योहार के अवसर पर माहौल को बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। त्योहारों के दौरान यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो पुलिस एवं प्रशासन को अवगत कराया जाये। बैठक में धर्मगुरूओ एवं सम्भ्रान्त नागरिकों त्योहारों को लेकर समस्याओं के सम्बन्ध में अवगत कराया जिस पर आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय, उपजिलाधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार वर्मा सहित पीस कमेटी के पदाधिकारी एवं अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** लालगंज थाना क्षेत्र के मादामई गांव निवासी राजेश सरोज उर्फ पुजारी के खिलाफ महेशगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज है। रिपोर्ट दर्ज के बाद से ही आरोपी फरार था। जिसे महेशगंज के आरक्षी राहुल कुमार की मदद से पुलिस ने बुधवार को राम नगर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार गैंगस्टर के आरोपी राजेश सरोज उर्फपुजारी के खिलाफ कुंडा, महेशगंज, संग्रामगढ़ थाने में सात मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत करने को भेजा है।

## जहरीले जंतु के काटने से युवक अचेत

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।**कोतवाली क्षेत्र के काजीपुर महराजगंज गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद का 36 वर्षीय बेटा बिन्देश्वरी प्रसाद काम कर रहा था। तभी काम करने के दौरान उसे किसी जहरीले जंतु ने काट लिया। हालत बिगड़ते ही परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

# बैंक आफ बड़ौदा कटरा मेदनीगंज शाखा के नवीन भवन का उद्घाटन



लोकमित्र ब्यूरो

**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** बैंक आफ बडौदा की कटरा मेदनीगंज शाखा के नवीन भवन का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रबंधक वाराणसी 2 ब्रह्मानंद द्विवेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने जन समूह को बैंक के नवीन परिसर की शुभकामनाएं दीं और कहा कि बैंक आफ बड़ौदा की हमारी यह शाखा हमारे हर ग्राहक के बैंकिंग सेवाओं के लिए सदैव तत्पर रहेगी। ग्रहकों को इस नवीन परिसर में सभी उन्नत सुविधाओं के साथ साहूलियत भी प्राप्त हो सकेगी। यह परिसर आधुनिक सज्जा एवं सुविधा के साथ संचालित हो रही है। बैंक के उप क्षेत्रीय प्रबंधक हरिशंकर प्रसाद ने शाखा के वर्तमान प्रबंधक गोपाल जी एवं स्टाफ अमृत राज, पंकज कुमार, से अपील किया कि वर्तमान नये परिवेश में ग्राहकों को हर सुविधा का लाभ उन्नत तरीके से प्रदान करें। शाखा प्रबंधक गोपाल जी ने ग्राहकों को आश्वासन देते हुए कहा कि बैंक से मिलने वाली हर सुविधाओं को हम ग्राहकों को बेहतर ढंग से करेगे। ग्राहको ने बैंक के कार्य की सराहना की। गोपाल जी साहू राम कुबेर, हीरावती, केवल देवी, लक्ष्मी उपाध्याय, अभय प्रताप सिंह, राजदेव, रतन सरोज आदि ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्रबंधन व कर्मचारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। साथ ही इस नवीन परिसर के प्रति खुशियां व्यक्त करते हुये कहा कि अब हम और अधिक सुविधाजनक तरीके से ग्राहक सेवा प्राप्त कर सकेंगे। ग्राहकों के चेहरे पर खुशी, साफ देखी जा रही थी।नये भवन के उद्घाटन अवसर पर प्रतापगढ़ बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सभी शाखा प्रबंधक तथा आर के रोहित, हरि दर्शन आस्तिक, पंकज यादव कौशल किशोर, प्रभाकर गुप्ता, रवि रंजन, दीपाली श्रीवास्तव, अक्षय प्रताप सिंह, संजीव कुमार आरसेटी निदेशक रवि रंजन सहित व्यवसायी उपस्थित रहे।

# श्री जगन्नाथ जी के भात में उमड़ी भक्तों की भीड़



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील के कनेवरा बाजार निवासी महेश जायसवाल के यहां आयोजित श्री गया जगन्नाथ जी के भात में हजारों भक्त प्रसाद लेने पहुंचे। मुख्य यजमान रुक्मणि जायसवाल ने अपने पूरे परिवार के साथ ब्राह्मणों की परिक्रमा की। कार्यक्रम में जायसवाल समाज की तरफ से विवाह योग्य लड़कों व लड़कियों का परिचय सम्मेलन भी हुआ। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम व झांकियों का भी प्रदर्शन किया गया। जिलाध्यक्ष श्यामजी जायसवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय जायसवाल, उपाध्यक्ष रोहित जायसवाल, विजय जायसवाल, आशीष जायसवाल सिंटू आदि भी पहुंचे। इसके पहले कथा वाचक पंडित नितेश कुमार मिश्र ने 7 दिनों तक संगीतमई भागवत कथा सुनाई । उन्होंने श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन भी किया। प्रसाद के लिए महिलाओं व पुरुषों के अलग अलग काउंटर बनाए गए। देर रात तक प्रसाद वितरण के साथ जयकारे लगते रहे। कार्यक्रम का संचालन विनोद जायसवाल व आभार समाज के वरिष्ठ दयानंद जायसवाल ने व्यक्त किया। इस अवसर पर दिनेश जायसवाल, शंकर जायसवाल ठेकेदार,लालजी जायसवाल, सोनू, उमेश आदि मौजूद

# कर्मयोगी महावीर प्रसाद आर्य स्मृति दिवस समारोह में सम्मानित की गईं विभूतिया

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** कर्मयोगी महावीर प्रसाद आर्य स्मृति दिवस समारोह का आयोजन नगर के होटल शशांक में हुआ। सर्व प्रथम स्मृतिशेष महावीर प्रसाद आर्य के चित्र के समक्ष अतिथियों ने दीप प्रज्वलित किया। स्वागत गीत शारदा संगीत महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाले सतीश चंद्र त्रिपाठी, वीरेंद्र प्रताप सिंह व राजेश चन्द्र गुप्ता को कैश अवार्ड व ट्रॉफी प्रदान किया गया। खेल के क्षेत्र विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाली कल्पना तिवारी को कैश अवार्ड व ट्रॉफी प्रदान की गई। विशिष्ट उपलब्धि के लिए अभिकर्ता विजय बहादुर पाल, अशोक सिंह, राम संजीवन वर्मा, मनीराम यादव, पुष्पेंद्र शुक्ला इत्यादि को शानदार सम्मानों से नवाजा गया। विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के समापन की रूप रेखा निर्धारित किया तथा कर्मवीर अभिकर्ताओं को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए उत्साहवर्धन करते हुए उनका मार्ग दर्शन किया तथा मार्च के महीने में सर्व श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आवाहन




किया।शिक्षा के क्षेत्र में अनुभा पाण्डेय, अब्दुल्ला सलमान, मो0 इश्तियाक तथा साहित्य के क्षेत्र से अमरनाथ गुप्ता %बेजोड़%, श्रीनाथ मौर्य %सरस%, कुंज बिहारीलाल मौर्य %काकाश्री%, सुनील कुमार सिंह को भी पुरस्कृत किया गया।सभी का स्वागत करते हुए एल0 आई0 सी0 के विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहा कि महावीर प्रसाद आर्य एक योग्य पिता थे जो कर्मवीर थे। उन्होंने एक अच्छे परिवार का निर्माण किया। सेना के अधिकारी के रूप में उन्होंने देश की सेवा भी की।मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व बाल न्यायाधीश एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ0 दयाराम मौर्य %रत्न% ने कहा कि संघर्ष करके ही व्यक्ति ऊंचा मुकाम हासिल कर सकता है। महावीर प्रसाद आर्य जैसे लोग जीवन में सम्मान पाते हैं और मरने के बाद भी पूजे जाते हैं।अति विशिष्ट अतिथि समाज सेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि महावीर प्रसाद आर्य प्रतिभाशाली व्यक्ति थे। सदा निर्माण में व्यस्त रहते थे।अध्यक्षता करते हुए अम्मा साहेब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा ने कहा कि स्वस्थ समाज की रचना करना मनुष्य का धर्म है। महावीर प्रसाद आर्य ने जीवन भर त्याग से समाज को समृद्ध किया। इस अवसर पर शिक्षाविद डॉ0 शाहिदा, बीना श्रीवास्तव, सीमा दीवान, दिनेश कुमार, संतोष तिवारी, राकेश कुमार कनौजिया सहित तमाम अभिकर्तागण एवं अतिथिगण उपस्थित रहे।

# भागवत कथा में होली गीतों पर जमकर थिरके श्रोता



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जनपद के मजगवां में चल रही श्री मदभागवत कथा के सातवें दिन कृष्ण और ब्रज की होली का सुंदर वर्णन किया गया। इस दौरान उपस्थित स्रोताओ नें होली गीतों पर मंच के संमुख जमकर नृत्य किया। बेहद आनंद दायक और रमणीय माहौल के बीच चल रही कथा में प्रत्येक दिन भारी भीड़ जुट रही है। कथा व्यास कुश शास्त्री जी महराज के मुखार विन्दुओं द्वारा कही जा रही कथा से क्षेत्रीय माहौल आस्था में पिरोया हुआ है। उनके साथ सहयोगी प्रभात तिवारी और सत्यदेव दुबे द्वारा आकर्षक भजनो से श्रोताओं का मनमोह रहे हैं। मुख्य यजमान रामप्यारे पाण्डेय और उनकी धर्म पत्नी मिथिलेश पाण्डेय के साथ व्यवस्था में अमित, अजय पांडे, लोक भारती के जिला सह संयोजक सागर मिश्र, अभय, अक्षय, ज्ञानेंद्र ऋषभ, प्रभात ओम, सत्यम, आदित्य एवं पंकज ओझा सुचारु रूप बनाए रखने में नियमित लगे हुए हैं। सातवे दिन की कथा में जन सत्ता दल के कार्यकर्त्ता श्रीकांत तिवारी, एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सदर मुकेश मिश्र, दुर्गेश मिश्र अमित शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# मुठभेड़ में दबोचे गए चार बदमाश

- फ़तनपुर पुलिस और बदमाशों के बीच मंगलवार रात हुई थी मुठभेड़





लोकमित्र ब्यूरो

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** फतनपुर थानांतर्गत गीतानगर कैलीडीह सड़क पर नहर पुलिया के पास पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में चार बदमाश गिरफ्तार किए गए। इनमें पैरों में गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए हैं।

पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध पिकअप दिखाई दी। पुलिस वालों ने पिकअप को रोकना चाहा तो उस पर मौजूद बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई। इसके बाद चार बदमाश गिरफ्तार किए गए।यह शातिर बदमाश जिले में भैंस चुराने का काम किया करते थे। घायल अभियुक्त संतोष यादव व अजय लोना को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरा ले जाया गया जहां से डाक्टरों ने दोनों को जिला अस्पताल प्रतापगढ़ के लिए रेफर कर दिया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में मनोज कुमार पुत्र राजकुमार निवासी गौरा माफी थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़, संतोष यादव पुत्र राजकुमार निवासी गौरा माफी थाना आसपुर देवसरा प्रतापगढ़, अजय लोना पुत्र दयाराम निवासी अतरडीहा थाना सरपतहा जनपद जौनपुर, कैफ पुत्र शकील निवासी रामपुर बजहा थाना मांधाता जनपद प्रतापगढ़ शामिल हैं।

इन सभी अभियुक्तों के खिलाफ अलग-अलग जिलों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से एक पिकअप, जिसमें चोरी की तीन भैंस व एक पड़िया लदी थीं, बरामद हुई। इसके अतिरिक्त घायल अभियुक्त अजय लोना के कब्जे से 1 तमंचा और 1 कारतूस, दूसरे घायल अभियुक्त संतोष यादव के कब्जे से भी 1 तमंचा और 1 कारतूस बरामद करने का पुलिस ने दावा किया है। थाना फतनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार राय, चौकी इंचार्ज बीरापुर प्रभांशु राय, चौकी इंचार्ज सुवंशा शैलेश यादव, उपनिरीक्षक दिलीप वर्मा एवं स्पेशल टीम प्रभारी गुलाबचंद सोनकर की संयुक्त टीम ने गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

## गैंगस्टर का आरोपी गिरफ्तार

**कुंडा प्रतापगढ़।** लालगंज थाना क्षेत्र के मादामई गांव निवासी राजेश सरोज उर्फ पुजारी के खिलाफ महेशगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट के खिलाफरिपोर्ट दर्ज है। रिपोर्ट दर्ज के बाद से ही आरोपी फ्रार था। जिसे महेशगंज के आरक्षी राहुल कुमार की मदद से पुलिस ने बुधवार को राम नगर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार गैंगस्टर के आरोपी राजेश सरोज उर्फ्पुजारी के खिलाफ कुंडा, महेशगंज, संग्रामगढ़ थाने में सात मुकदमे दर्ज हैं।

## चार पर केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के रैयापुर गांव निवासी अलका सिंह पत्नी राजेंद्र सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। उसके चाचा राजवेन्द्र प्रताप सिंह को गांव के ही कुछ लोग रास्ते के समझौते के विवाद में लाठी और ईट-पत्थर से मार रहे थे। चाचा की चीख सुनकर जब उनको बचाने दौड़ी तो आरोपियों ने उसे भी मारा पीटा, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता अलका सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रंजीत गौतम, उसकी बहन ऊषा, महक और उसकी मां के खिलाफकेस दर्ज किया है।

# दिखने लगी होली की तैयारियां



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** होली त्योहार की तैयारी में गृहणियों जुट गई है।वह घरों में जहां पापड़, चिप्स आदि बनाने में व्यस्त हैं, वहीं बाजारों में अबीर, गुलाल, पिचकारी, नमकीन तथा मिठाइयों की दुकानें सजने लगी है। इससे बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। होली की तैयारी में लोग बसंत पंचमी के बाद से ही लग जाते हैं तथा होलिका दहन हेतु रेड़ी का पेड़ गाड़कर शुरुआत कर दी जाती है। वैसे इधर कई सालों से लोगों में होलिका की तैयारी हेतु विशेष उत्साह नहीं दिखाई पड़ता परन्तु लोग होलिका दहन हेतु लकड़ियां इकट्ठी करने में लग जाते हैं।इस समय नगर में कई चौराहों पर होलिका दहन हेतु लकड़ियां इकट्ठी की हुई दिखाई दे रही है। वैसे होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई के विजय के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है परन्तु होलिका दहन के समय लोगों को केवल लकड़ी जलती हुई दिखाई देती है तथा बुराई का दहन नहीं दिखाई देता जो कि वर्तमान परिवेश में उनकी बदलती मानसिकता का प्रतीक है।

उधर घरों में महिलाएं आलू, चावल, साबूदाना, मूंग आदि के पापड़ एवं विभिन्न प्रकार के नमकीन बनाने में व्यस्त हैं। वहीं बाजारों में रेडीमेड सामग्री के आ जाने के कारण उसकी ओर उनका रुझान बढ़ा है तथा घरों में बनाने के प्रति उतना उत्साह नहीं दिखाई देता। पुरुष वर्ग को भी बाजार की बनी हुई सामग्री अधिक आकर्षित करती है। उधर हलवाई भी खोवा, सूजी,बेसन आदि की गुझिया बनाने में व्यस्त हो गए हैं। जो नागरिकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। उधर होली के गीत भी घरों एवं बाजारों में बजने लगे हैं। दुकानदार भी व्यस्त दिखाई देने लगे हैं।

# जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**प्रतापगढ़।** आज 5 फरवरी दिन बुधवार को युवा सामाजिक सेवा संस्थान प्रवासी प्रतापगढ़ के द्वारा शिवगढ़ ब्लॉक सभागार में *सुख निम्नीकरण* जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी संपन्न की गई। युवा सामाजिक सेवा संस्थान के आलोक शुक्ला जी ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया।



सुख निम्नीकरण के सभी गांव में हर एक घर के लोगों को जल जन-जन अवेयरनेस किया जाएगा। इसमें शिवगढ़ ब्लॉक के सभी ग्राम प्रधान एवं वन विभाग के रेंजर फॉरेस्ट ऑफीसर कनौजिया जी डॉक्टर लक्ष्मीकांत त्रिवेदी एवं विकासखंड शिवगढ़ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। शिवगढ़ ब्लॉक में 20 ऐसे गांव है जो सुख निम्नीकरण में रखे गए हैं। उनका नाम जरियारी बीरपुर जामताली नजियापुर चंदा गोविंदपुर गरापुर आदि है।

## जमीनी विवाद में युवक की पिटाई, सात नामजद

**पट्टी प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के महोखरी गांव निवासी सुनील शर्मा ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया था। बीते 1 जनवरी को दिन में जमीनी रंजिश को लेकर विपक्षी ने पीड़ित के घर पर चढ़ाई करके और मारपीट करके घायल कर दिया था। साथ ही घर में घुसकर तोड़फोड़ भी किए थे। मारपीट के दौरान पीड़ित के सिर में गंभीर चोटे आई थी।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ

**सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़।** लक्ष्मणपुर विकास खंड के ॐ बुढेश्वर नाथ आर वी एस महाविद्यालय तिना चितरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बुधवार को दोपहर में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे महाविद्यालय की प्रबंधिका डॉक्टर श्रीमती श्याम दुलारी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सत्येंद्र कुमार उपाध्याय तथा विशिष्ट



अतिथि के रूप में तिना ग्राम प्रधान राम अजोर पाल रहे। महाविद्यालय की छात्राओं ने लक्ष्मी, जयादेवी, श्वेता,अनामिका, कुमकुम ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, एवं देश भक्ति गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। दोनों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार यादव व हरिश्चंद्र ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में शिक्षार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संदीप त्रिपाठी ने किया।

इस मौके पर आर डी यादव, सुरेश शर्मा ,रामकृष्ण मिश्रा, शिखा सिंह, सरोज यादव, रघुवंश मणि यादव, देव ब्रत यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

# उद्यमिता विकास के लिए उद्यमी मेला आयोजित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** प्रमोशन वीमेन लीड इंटरप्राइज परियोजना के अंतर्गत अग्रणी संगठनों के द्वारा उद्यमी मेला का आयोजन सिटी क्लब में किया गया जहां विशेषकर ग्रामीण महिला उद्यमियों को तकनीकी सुविधा, क्षमता संवर्द्धन, बाजार आंकलन सहित विभिन्न कार्यो के गुर सिखाये गए। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

उक्त अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि श्याम सुंदर केशरी ने कहा कि उद्यमी मेला के माध्यम से गांव में उद्यमिता का विकास और युवाओं के लिए अच्छा अवसर प्राप्त हो रहा है तथा सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं से उद्यमी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि परियोजना द्वारा महिला-रिक्शा प्रोटोटाइप को बढ़ावा देने का कार्य बहुत ही सराहनीय है।

उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी उद्यम शुरू करने के लिए सर्वप्रथम दृढ़ निश्चय और बाजार आकलन की आवश्यकता होती है जिससे आसपास के बाजार की जरूरत और अवसरों का ज्ञान प्राप्त किया जा सके और पूंजी से उद्यम को संचालित कर उसमें आने वाले अवसरों और जोखिमों का अनुमान लगाया जा सके।

इस उद्यमी मेले में पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग और अन्य सरकारी विभागों गैर सरकारी विभाग के साथ-साथ मीरजापुर, भदोही और अन्य कई जिलों के व्यवसायी और उद्यमी अपनी दुकानें लगाकर अपने सामान और फर्म की प्रसिद्धि बढ़ाने का कार्य किए।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के अनुज श्रीवास्तव ने बताया कि कोलिशन पार्टनर के सहयोग से ग्रामीण महिला और पुरुष की उद्यमिता की दिशा में अग्रसर किया जा रहा है और सभी सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव में साझा करते हुए लाभ प्राप्त किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस नए प्रोटोटाइप से ग्रामीण क्षेत्रों में कम समय में अधिक से अधिक उद्यम स्थापित हो सकते हैं और अधिक से अधिक रोजगार सृजन किया जा सकता है। उद्यमी मेला कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों और गांवों के विक्रेता और उद्यमी, डेवलपमेंट अल्टरनेटिव से अनुज श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, ॠस्थ्रझ्ढ़ से अंबुज जी डी.एम.एम. एन.आर.एल.एम., पशुपालन विभाग, जे.एस.एस. से अखिलेश, ज्ञानंदा कॉलेज ऑफ़ लॉ की डायरेक्टर शीला सिंह, ज्ञानोदय बाल एवं महिला कल्याण समिति से डा. आशा राय, एच.डी.बी. बैंक से पंकज मिश्र, ग्राम प्रधान और संस्थाओं के सभी कार्यकर्ता उपस्थित

## शोभा यात्रा के साथ हुई हरेश्वर महादेव मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

**पहाड़ी, चित्रकूट-** थाना पुलिसकर्मियों एवं जनसहयोग के सहयोग से हरेश्वर महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भव्य शोभायात्रा का हुआ भव्य आयोजन।प्राप्त जानकारी के अनुसार पहाड़ी थाना प्रांगण में स्थानीय जन एवं पहाड़ी थाने के समस्त पुलिसकर्मियों के द्वारा हरेश्वर महादेव मंदिर स्थापना के मौके पर पहाड़ी कस्बे में भव्य शोभा निकालीं गई, शोभायात्रा में पहाड़ी कस्बे वासी एवं पहाड़ी पुलिस कर्मियों ने बढ़-चढ़कर शोभा यात्रा में शामिल हुए शोभायात्रा के दौरान पहाड़ी थाना प्रभारी रीता सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर प्रभु नाथ यादव, सब इंस्पेक्टर मनीष रावत, सब इंस्पेक्टर अकरम मोहम्मद, सब इंस्पेक्टर वैभव सिंह, हेड कांस्टेबल आनंद सिंह, शरद प्रताप सिंह, संतोष कुमार, व्यापार मंडल पहाड़ी अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता उर्फ राजा, विनीत गुप्ता, अनीत गुप्ता पत्रकार शैलेन्द्र सिंह, पत्रकार अखिलेश दीक्षित, पत्रकार डॉ दिनेश कुशवाहा आदि शामिल हुए।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने सुनवाई कर समाधान खोजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजुमदार ने कहा है कि आयोग हर पीडिता को न्याय दिलाने को संकल्पित है, इसलिए सभी सदस्य जनपदों में जाकर पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में कार्य कर रही हैं।

उक्त बातें उन्होंने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहीं। उन्होंने बताया कि 2022 से लेकर अब तक आयोग में लगभग 30 हज़ार मामले लंबित हैं जिनके निस्तारण के लिए आयोग ने निर्णय किया कि जिन जनपदों के मामले हैं उन्हीं जनपदों में सदस्य जाएंगी और संबंधित पक्षों की उपस्थित में जनसुनवाई के माध्यम से प्रकरणों का निस्तारण कराएंगी।

प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि लव जिहाद और इसको लेकर धर्मांतरण के मामले भी आयोग की परिधि में आते हैं, इसलिए ऐसे प्रकरण भी आयोग में निस्तारण हेतु लाए जा रहे हैं। पहले से लम्बित मामलों की सुनवाई तो उन्होंने की ही साथ ही कुछ नए मामले भी उनके समक्ष लाए गए।

जिला पंचायत सभागार में दिन भर चली सुनवाई के दौरान अधिकतर मामले घरेलू हिंसा के आये तथा इसके अतिरिक्त बाल विवाह, मानव तस्करी आदि के भी आए जिसपर सम्बन्धित को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल,

अपर पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर, पुलिस निरीक्षक व्यंकटेश तिवारी, प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनजागरूकता अभियान के जरिए ग्रामीणों को बताएंगे जंगलों को आग से बचाने के तरीके

**लोकमित्र ब्यूरो**



**चित्रकूट-** जंगलों में आग न लगे इसके लिए वन विभाग व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान प्रत्येक गांव में चला रहा है। प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कटियार प्रत्येक गांव का निरीक्षण कर ग्रामीणों को जंगल में आग न लगने पाए इसकी वजह बता रहे हैं।उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जंगल में आग लगने से वन्यजीवों और पर्यावरण को नुकसान होता हैं। उन्होंने कहा कि आग से न केवल हरे-भरे पेड़ नष्ट हो रहे हैं, बल्कि वहां रहने वाले वन्यजीव भी प्रभावित हो रहे हैं। आग से बचने के लिए वन्य जीव सुरक्षित स्थानों की ओर भागते हैं, जिससे उनका प्राकृतिक आवास भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि कई बार अत्यधिक आग के कारण पुराने और दुर्लभ पेड़ जलकर राख हो जाते। जिससे पेड़ों की प्रजातियां खत्म होती जा रही हैं। उन्होंने बताया कि वन विभाग एकदम अलर्ट मोड पर काम कर रहा है। सभी वन क्षेत्रों में वन दरोगा और वाचर महुआ बीनने वालो पर अपनी नजर बनाए हुए हैं और ऐसे लोगों को चिन्हित कर वन संपदा अधिनियम के तहत जेल भेजने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वन विभाग अब आधुनिक तकनीकों का सहारा भी ले रहा है।

जिससे जंगलों में आग लगने की सूचना सेटेलाइट इंफ्रारेड सेंसर और थर्मल इमेजिंग तकनीक के जरिए मिलने पर तत्काल आग बुझाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सेटेलाइट से प्राप्त डेटा का कंप्यूटर प्रोग्राम के माध्यम से विश्लेषण किया जाता है, जिससे आग की तीव्रता, फैलाव और दिशा की जानकारी मिलती है।

उन्होंने बताया कि जंगलों में आग से निपटने के लिए वन समितियों और ग्रामीणों की मदद भी ली जा रही है। वन विभाग अपने स्तर से लोगों से अपील कर रहा है कि जंगल में आग फैलने से रोकने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाए होली और रमजान- डीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**



**चित्रकूट-** शांति समिति की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने रमजान, होलिका दहन, होलीकोउत्सव, गुड-फ्राइडे, चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी आदि त्योहारों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों समुदाय के धर्म गुरुओं से वार्ता की।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली का पर्व है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से उनके क्षेत्र का फीड़बैक लेते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान किसी प्रकार का विवाद नहीं होना चाहिए। अधिशासी अधिकारी कर्वी, मऊ, मानिकपुर, राजापुर को निर्देशित किया कि होलिका दहन के स्थल पर तार नही लटकने चाहिए। साथ ही होलिका दहन स्थल एवं मस्जिद सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर सफाई, प्रकाश, पानी आदि की व्यवस्था रहनी चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएचसी/पीएससी पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। जल संस्थान को निर्देशित किया कि पानी की सप्लाई लगातार रहनी चाहिए। जिला आबकारी अधिकारी को 15 मार्च तक नदी किनारे अभियान चलाकर अवैध शराब के लिए छापामारी करने के निर्देश दिए ताकि त्यौहारों में कोई अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को छापामारी कर मिलावट खोरी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सहायक संभागीय अधिकारी को बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवही करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई, पानी आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जहां पर पाइप लाइन लगाई गई है एवं पानी सप्लाई है, वहां पर पानी अवश्य दें। डीएम दोनों समुदायों के धर्मगुरुओं सहित आम लोगों से कहा कि अन्य संप्रदाय को ठेस पहुंचाने वाली कोई घटना घटित न करते हुए सभी पर्व शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं तथा जिला प्रशासन का सहयोग करें।पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आगामी त्यौहार महत्वपूर्ण त्योहार हैं, जिसकी तैयारी भी चल रही है। कहा कि जनपद में 803 स्थलों पर होलिका दहन होना है। जहां पुलिस कर्मियों की ड्यूटि लगाई गई है। कहा कि यदि समाज भी त्योहारों की जिम्मेदारी लेगा, तो कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

कहा कि पूरे रमजान तक किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। कहा कि होली व जुम्मा की नमाज एक ही दिन है, अतः आपस में समन्वय बनाकर एक दूसरे का सहयोग करें। होलिका आयोजन समिति को होलिका दहन स्थल पर दो बोरा बालू व पानी की भी व्यवस्था रखें, जिससे अप्रिय घटना होने पर तत्काल निपटा जा सके। पुलिस कर्मियों से कहा कि जिनकी ड्यूटी लगाई गई है, वह होली के दिन मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करेंगे। कहा कि लाउड स्पीकर से होली व रमजान पर निर्धारित मानक से तेज ध्वनि बजाने की अनुमति कदापि न दी जाए तथा रात 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे के मध्य बजाने की अनुमति नहीं होगी। बताया कि वर्तमान में सीआरपीसी की धारा 144 यानी बीएनएस की धारा 163 प्रभावि है। कहा बड़े-बुजुर्ग होली के दिन बच्चों को नशा करने तथा हुडदंग करने से रोके। थाना प्रभारीयों को निर्देशित किया कि किसी भी वाहन पर ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए तथा ओवरलोडिंग होने पर कार्रवाई कर वाहन सीज करें।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मऊ सौरव यादव, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, उपजिलाधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता देवड़ा, पुलिस क्षेत्राधिकार मऊ यामीन अहमद, राजापुर जयकरण सिंह, राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह के आधार पर निस्तारित कराएं अधिक से अधिक वाद- जिला जज

● आठ मार्च को होगा आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**




**चित्रकूट-** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को जनपद में कार्यरत समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ पंचम चरण की बैठक आयोजित की गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा वाद, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, राजस्व वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, आमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। जिला जज ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने न्यायालयों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।इस मौके पर मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव, अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक, पाक्सो एक्ट कोर्ट की विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारतीय, सिविल जज सीडि सचिन कुमार दीक्षित, सिविल जज सोनम गुप्ता, सैफाली यादव, मऊ के सिविल जज एस आनंद, मानिकपुर ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी खुशबू चन्द्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी आदि मौजूद रहे।

## बेटे ने रिटायर पुलिस सब इंस्पेक्टर को पीटा

**बांदा।** बेटे ने अपनी मां के साथ मिलकर पिता रिटायर सब इंस्पेक्टर को डंडों से पीट कर घायल कर दिया ।घायल का आरोप है। कि बेटा पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया।शहर के स्वराज कॉलोनी मोहल्ला निवासी सुरेश चंद्र पांडे 65 पुत्र स्वर्गीय रामावतार पांडे पुलिस सब इंस्पेक्टर से रिटायर हुआ है ।उसने 24 फरवरी को अपने बेटे मनीष चंद पांडे की शादी की है ।शादी में उसने 30 लाख रुपया खर्च किया ।सुरेश चंद पांडे का कहना है कि उसका बेटा उसे पचास लाख मांग रहा था ।उसने रुपए देने से मना कर दिया ।इसी से नाराज होकर बेटा ने अपनी मां शांति के साथ मिलकर उसे डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया ।उसका दाहिना हाथ टूट गया घायल का आरोप है कि आरोपी को बक्से में रखें चार लाख भी ले गया ।घटना की तैयारी पुलिस को दी गई है। पुलिस ने उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

# ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारियो ने बैठक कर वार्षिकोत्सव की बनाई रणनीति

**लोकमित्र**

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** सिचाई विभाग स्थित संघ भवन कार्यालय में ग्राम पंचायत राज सफाई कर्मचारी संघ प्रतापगढ़ की बैठक जिलाध्यक्ष तीर्थराज गौतम की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य रूप से आगामी 23 मार्च को होने वाले सफाई कर्मचारियों के वार्षिकोत्सव एवं अधिवेशन की रणनीति बनायी गयी।

वार्षिकोत्सव में प्रान्तीय अध्यक्ष नरेन्द्र पाल सिंह, प्रान्तीय महामंत्री राकेश चौधरी, प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर बहादुर यादव, राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष वकील अहमद तथा जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत दर्वे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वार्षिकोत्सव दक्ष मैरिज हाल दहिलामउ में प्रातः 10 बजे से होना सुनिश्चित है। इसके साथ ही विभिन्न विकास खण्डो से आये ब्लाक अध्यक्ष एवं मंत्री तथा अन्य पदाधिकारियों ने कर्मचारियो की समस्या को लेकर जैसे 16 वर्ष पूर्ण हो जाने के उपरान्त द्वितीय एसीपी अविलम्ब लगाये जाने रूका हुआ अवशेष वेतन एवं चिकित्सा प्रतिपूर्ति, पुरानी पेंशन के सम्बंध में रूके हुए अवशेष एरियर के सम्बंध में विस्तार से वार्ता की गई। होली से पहले यदि समस्या का निस्तारण नहीं होता है तो संघ अग्रिम कार्यवाही के लिए बाध्य होगा। बैठक में अमर बहादुर यादव जिलामंत्री, सम्पत्ति पाल चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ, गुलाब चन्द्र पटेल, सुरजीत बहादुर, सुंदरलाल आनन्द, रवीन्द्र शर्मा, गोविन्द यादव, सुनील गौतम, परमानन्द यादव, शेख जमालुद्दीन, राम शिरोमणि वर्मा, इन्द्रमणि वर्मा, हीरालाला गौतम, राज कुमार यादव, राकेश शर्मा, शिवनारायण शर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पालि की परीक्षा में 112 परीक्षार्थी शामिल

**प्रतापगढ़ (ब्यूरो)।** पालि भारत की एक प्राचीन भाषा है। ईसा पूर्व छठी शताब्दी में यह भारत के मगध क्षेत्र की जन भाषा थी। भगवान बुद्ध की देशनाएं त्रिपिटक मे पालि भाषा में ही संग्रहित है। भारत सरकार ने पालि भाषा को अक्टूबर 2024 में शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है। यह भाषा अब लुप्तप्राय हो चुकी है। जनपद में पालि भाषा को संरक्षित करने का एक अभियान छेड़ा गया है। इसके अंतर्गत पूर्व में हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण लोगो का एकल विषय पालि से व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिससे यह भाषा पुनः लोकप्रिय हो सके। इसीक्रम में गत 28 फरवरी को सम्पन्न माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. की हाईस्कूल परीक्षा में 201 परीक्षार्थी तथा आज सम्पन्न इंटरमीडिएट परीक्षा में 112 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र विनोद कुमार विश्वकर्मा मेरे कहने सुनने में नहीं है वह अराजकतत्वों के साथ रहता है।मेरे पुत्र विनोद कुमार विश्वकर्मा और उसकी पत्नी मुझे अपमानित करते हैं और मुझे गलियां देते हैं ।इन लोगों से मुझे जान माल का खतरा बना है । मेरा इन दोनों से कोई वास्ता सरोकार नहीं है।ऐसी दशा में मैने अपने पुत्र विनोद कुमार विश्वकर्मा और उसकी पत्नी को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उनके किसी वैध अवैध कार्य के लिए किसी लेन देन,दस्तावेज लिखा पढ़ी की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी बल्कि वह स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

सत्य नारायण विश्वकर्मा
पुत्र बेनी माधव विश्वकर्मा
निवासी मकान नम्बर 6 वार्ड
न02 नगर पंचायत पट्टी थाना एवं
तहसील पट्टी जिला प्रतापगढ़।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में योग में समग्रता विषय पर हुआ मंथन



**चित्रकूट ब्यूरो-** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में योग विषय पर चल रही अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये।संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि योग जैसे समसामयिक विषय पर आयोजित होने वाली यह अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी निश्चित रूप से योग के नवीन आयामों को जन्म देगी। जिसके माध्यम से न केवल दैहिक बल्कि मानवीय समस्याओं का समयानुकूल समाधान संभव होगा। इस संगोष्ठी के माध्यम से देश-विदेश में योग के एक नए युग का सूत्रपात होगा। बुधवार को अमरकंटक विश्वविद्यालय के प्रो गोविंद प्रसाद मिश्र ने कहा कि प्रज्ञा अपराध जैसे अपराधों को योग के द्वारा ही निवृत्ति कर हम प्रत्येक व्यक्ति को प्रज्ञावान बना सकते हैं। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के डॉ अम्बरीष राय ने आसन एवं प्राणायाम के साथ वैराग्य योग एवं क्रिया योग की भी चर्चा की। कहा कि इंद्रियों का रिश्ता मन से है। लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधार्थी राजाराम ने पतंजलि योग एवं हठयोग में समाधि के स्वरूप पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के शोधार्थी विशेष कुमार सिंह ने योग में समग्रता के अध्ययन विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए सामाजिक एकरूपता पर बल दिया। पतंजलि विश्वविद्यालय के राजेश कुमार ने परंपरागत योग में प्राणायाम के अनुशीलन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संजना ने प्राणायाम के महत्व एवं लाभ के बारे में अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किया। इस दौरान 30 से अधिक वक्ताओं ने अपने शोध पत्रो को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा के डॉ सूर्य प्रकाश ने किया।इस मौके पर संगोष्ठी के संयोजक डॉ हरिकांत मिश्र, डॉ ध्रुव कुमार त्रिपाठी, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ निहार रंजन मिश्र, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ गुलाबधर, डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ रमा सोनी, डॉ भविष्या माथुर, डॉ नीतू तिवारी, डॉ दुर्गेश कुमार मिश्र, डॉ शांत कुमार चतुर्वेदी, डॉ गोपाल कुमार मिश्र, डॉ

# उद्यमिता विकास के लिए उद्यमी मेला आयोजित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** प्रमोशन वीमेन लीड इंटरप्राइज परियोजना के अंतर्गत अग्रणी संगठनों के द्वारा उद्यमी मेला का आयोजन सिटी क्लब में किया गया जहां विशेषकर ग्रामीण महिला उद्यमियों को तकनीकी सुविधा, क्षमता संवर्द्धन, बाजार आंकलन सहित विभिन्न कार्यों के गुर सिखाये गए। कार्यक्रम का शुभारंभ नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।

उक्त अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि श्याम सुंदर केशरी ने कहा कि उद्यमी मेला के माध्यम से गांव में उद्यमिता का विकास और युवाओं के लिए अच्छा अवसर प्राप्त हो रहा है तथा सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं से उद्यमी लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि परियोजना द्वारा महिला-रिक्शा प्रोटोटाइप को बढ़ावा देने का कार्य बहुत ही सराहनीय है।

उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी उद्यम शुरू करने के लिए सर्वप्रथम दृढ़ निश्चय और बाजार आकलन की आवश्यकता होती है जिससे आसपास के बाजार की जरूरत और अवसरों का ज्ञान प्राप्त किया जा सके और पूंजी से उद्यम को संचालित कर उसमें आने वाले अवसरों और जोखिमों का अनुमान लगाया जा सके।

इस उद्यमी मेले में पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग और अन्य सरकारी विभागों गैर सरकारी विभाग के साथ-साथ मीरजापुर, भदोही और अन्य कई जिलों के व्यवसायी और उद्यमी अपनी दुकानें लगाकर अपने सामान और फर्म की प्रसिद्धि बढ़ाने का कार्य किए।

धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के अनुज श्रीवास्तव ने बताया कि कोलिशन पार्टनर के सहयोग से ग्रामीण महिला और पुरुष की उद्यमिता की दिशा में अग्रसर किया जा रहा है और सभी सरकारी और गैर-सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव में साझा करते हुए लाभ प्राप्त किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि इस नए प्रोटोटाइप से ग्रामीण क्षेत्रों में कम समय में अधिक से अधिक उद्यम स्थापित हो सकते हैं और अधिक से अधिक रोजगार सृजन किया जा सकता है। उद्यमी मेला कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों और गांवों के विक्रेता और उद्यमी, डेवलपमेंट अल्टरनेटिव से अनुज श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, ऋश्वझ्रुङ्क से अंबुज जी डी.एम.एम. एन.आर.एल.एम., पशुपालन विभाग, जे.एस.एस. से अखिलेश, ज्ञानंदा कॉलेज ऑफ़ लॉ की डायरेक्टर शीला सिंह, ज्ञानोदय बाल एवं महिला कल्याण समिति से डा. आशा राय, एच.डी.बी. बैंक से पंकज मिश्र, ग्राम प्रधान और संस्थाओं के सभी कार्यकर्ता उपस्थित

## शोभा यात्रा के साथ हुई हरेश्वर महादेव मंदिर में हुई प्राण प्रतिष्ठा

**पहाड़ी, चित्रकूट-** थाना पुलिसकर्मियों एवं जनसहयोग के सहयोग से हरेश्वर महादेव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान भव्य शोभायात्रा का हुआ भव्य आयोजन।प्राप्त जानकारी के अनुसार पहाड़ी थाना प्रांगण में स्थानीय जन एवं पहाड़ी थाने के समस्त पुलिसकर्मियों के द्वारा हरेश्वर महादेव मंदिर स्थापना के मौके पर पहाड़ी कस्बे में भव्य शोभा निकालीं गई, शोभायात्रा में पहाड़ी कस्बे वासी एवं पहाड़ी पुलिस कर्मियों ने बढ़-चढ़कर शोभा यात्रा में शामिल हुए शोभायात्रा के दौरान पहाड़ी थाना प्रभारी रीता सिंह, क्राइम इंस्पेक्टर प्रभु नाथ यादव, सब इंस्पेक्टर मनीष रावत, सब इंस्पेक्टर अकरम मोहम्मद, सब इंस्पेक्टर वैभव सिंह, हेड कांस्टेबल आनंद सिंह, शरद प्रताप सिंह, संतोष कुमार, व्यापार मंडल पहाड़ी अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता उर्फ राजा, विनीत गुप्ता, अनीत गुप्ता पत्रकार शैलेन्द्र सिंह, पत्रकार अखिलेश दीक्षित, पत्रकार डॉ दिनेश कुशवाहा आदि शामिल हुए।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ने सुनवाई कर समाधान खोजा




**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर।** राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य अर्चना मजुमदार ने कहा है कि आयोग हर पीडिता को न्याय दिलाने को संकल्पित है, इसलिए सभी सदस्य जनपदों में जाकर पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में कार्य कर रही हैं।

उक्त बातें उन्होंने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहीं। उन्होंने बताया कि 2022 से लेकर अब तक आयोग में लगभग 30 हज़ार मामले लंबित हैं जिनके निस्तारण के लिए आयोग ने निर्णय किया कि जिन जनपदों के मामले हैं उन्हीं जनपदों में सदस्य जाएंगी और संबंधित पक्षों की उपस्थित में जनसुनवाई के माध्यम से प्रकरणों का निस्तारण कराएंगी।

प्रश्नों के उत्तर देते हुए उन्होंने बताया कि लव जिहाद और इसको लेकर धर्मांतरण के मामले भी आयोग की परिधि में आते हैं, इसलिए ऐसे प्रकरण भी आयोग में निस्तारण हेतु लाए जा रहे हैं। पहले से लम्बित मामलों की सुनवाई तो उन्होंने की ही साथ ही कुछ नए मामले भी उनके समक्ष लाए गए।

जिला पंचायत सभागार में दिन भर चली सुनवाई के दौरान अधिकतर मामले घरेलू हिंसा के आये तथा इसके अतिरिक्त बाल विवाह, मानव तस्करी आदि के भी आए जिसपर सम्बन्धित को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल,

अपर पुलिस अधीक्षक ओ पी सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर, पुलिस निरीक्षक व्यंकटेश तिवारी, प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनजागरूकता अभियान के जरिए ग्रामीणों को बताएंगे जंगलों को आग से बचाने के तरीके

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** जंगलों में आग न लगे इसके लिए वन विभाग व्यापक स्तर पर जन जागरूकता अभियान प्रत्येक गांव में चला रहा है। प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कटियार प्रत्येक गांव का निरीक्षण कर ग्रामीणों को जंगल में आग न लगने पाए इसकी वजह बता रहे हैं।उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जंगल में आग लगने से वन्यजीवों और पर्यावरण को नुकसान होता हैं। उन्होंने कहा कि आग से न केवल हरे-भरे पेड़ नष्ट हो रहे हैं, बल्कि वहां रहने वाले वन्यजीव भी प्रभावित हो रहे हैं। आग से बचने के लिए वन्य जीव सुरक्षित स्थानों की ओर भागते हैं, जिससे उनका प्राकृतिक आवास भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि कई बार अत्यधिक आग के कारण पुराने और दुर्लभ पेड़ जलकर राख हो जाते। जिससे पेड़ों की प्रजातियां खत्म होती जा रही हैं। उन्होंने बताया कि वन विभाग एकदम अलर्ट मोड पर काम कर रहा है। सभी वन क्षेत्रों में वन दरोगा और वाचर महुआ बीनने वालो पर अपनी नजर बनाए हुए हैं और ऐसे लोगों को



चिन्हित कर वन संपदा अधिनियम के तहत जेल भेजने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वन विभाग अब आधुनिक तकनीकों का सहारा भी ले रहा है।

जिससे जंगलों में आग लगने की सूचना सेटेलाइट इंफ्रारेड सेंसर और थर्मल इमेजिंग तकनीक के जरिए मिलने पर तत्काल आग बुझाई जाएगी। उन्होंने बताया कि सेटेलाइट से प्राप्त डेटा का कंप्यूटर प्रोग्राम के माध्यम से विश्लेषण किया जाता है, जिससे आग की तीव्रता, फैलाव और दिशा की जानकारी मिलती है। उन्होंने बताया कि जंगलों में आग से निपटने के लिए वन समितियों और ग्रामीणों की मदद भी ली जा रही है। वन विभाग अपने स्तर से लोगों से अपील कर रहा है कि जंगल में आग फैलने से रोकने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें।

# शांतिपूर्ण तरीके से मनाए होली और रमजान- डीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** शांति समिति की बैठक बुधवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने रमजान, होलिका दहन, होलीकोउत्सव, गुड-फ्राइडे, चैत्र नवरात्रि, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी आदि त्योहारों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों समुदाय के धर्म गुरुओं से वार्ता की।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि आगामी 13 मार्च को होलिका दहन एवं 14 मार्च को होली का पर्व है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों से उनके क्षेत्र का फीड़बैक लेते हुए कहा कि त्यौहारों के दौरान किसी प्रकार का विवाद नहीं होना चाहिए। अधिशासी अधिकारी कर्वी, मऊ, मानिकपुर, राजापुर को निर्देशित किया कि होलिका दहन के स्थल पर तार नही लटकने चाहिए। साथ ही होलिका दहन स्थल एवं मस्जिद सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर सफाई, प्रकाश, पानी आदि की व्यवस्था रहनी चाहिए। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएचसी/पीएससी पर स्वास्थ्य



सेवाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। जल संस्थान को निर्देशित किया कि पानी की सप्लाई लगातार रहनी चाहिए। जिला आबकारी अधिकारी को 15 मार्च तक नदी किनारे अभियान चलाकर अवैध शराब के लिए छापामारी करने के निर्देश दिए ताकि त्यौहारों में कोई अप्रिय घटना न होने पाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारी को छापामारी कर मिलावट खोरी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सहायक संभागीय अधिकारी को बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कार्यवही करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई, पानी आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जहां पर पाइप लाइन लगाई गई है एवं पानी सप्लाई है, वहां पर पानी अवश्य दें। डीएम दोनों समुदायों के धर्मगुरुओं सहित आम लोगों से कहा कि अन्य संप्रदाय को ठेस पहुंचाने वाली कोई घटना घटित न करते हुए सभी पर्व शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं तथा जिला प्रशासन का सहयोग करें।पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि आगामी त्यौहार महत्वपूर्ण त्योहार हैं, जिसकी तैयारी भी चल रही है। कहा कि जनपद में 803 स्थलों पर होलिका दहन होना है। जहां पुलिस कर्मियों की ड्यूटि लगाई गई है। कहा कि यदि समाज भी त्योहारों की जिम्मेदारी लेगा, तो कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

कहा कि पूरे रमजान तक किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। कहा कि होली व जुम्मा की नमाज एक ही दिन है, अतः आपस में समन्वय बनाकर एक दूसरे का सहयोग करें। होलिका आयोजन समिति को होलिका दहन स्थल पर दो बोरा बालू व पानी की भी व्यवस्था रखें, जिससे अप्रिय घटना होने पर तत्काल निपटा जा सके। पुलिस कर्मियों से कहा कि जिनकी ड्यूटी लगाई गई है, वह होली के दिन मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करेंगे। कहा कि लाउड स्पीकर से होली व रमजान पर निर्धारित मानक से तेज ध्वनि बजाने की अनुमति कदापि न दी जाए तथा रात 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे के मध्य बजाने की अनुमति नहीं होगी। बताया कि वर्तमान में सीआरपीसी की धारा 144 यानी बीएनएस की धारा 163 प्रभावि है। कहा बड़े-बुजुर्ग होली के दिन बच्चों को नशा करने तथा हुडदंग करने से रोके। थाना प्रभारीयों को निर्देशित किया कि किसी भी वाहन पर ओवरलोडिंग नहीं होनी चाहिए तथा ओवरलोडिंग होने पर कार्रवाई कर वाहन सीज करें।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मऊ सौरव यादव, मानिकपुर मोहम्मद जसीम, उपजिलाधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता देवड़ा, पुलिस क्षेत्राधिकार मऊ यामीन अहमद, राजापुर जयकरण सिंह, राजापुर नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा सहित शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह के आधार पर निस्तारित कराएं अधिक से अधिक वाद- जिला जज

- आठ मार्च को होगा आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट-** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में बुधवार को जनपद में कार्यरत समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ पंचम चरण की बैठक आयोजित की गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने बताया कि बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा वाद, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, राजस्व वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, आमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। जिला जज ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने न्यायालयों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।इस मौके पर मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण के पीठासीन अधिकारी श्रीकृष्ण यादव, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव, अपर जिला जज प्रथम अनुराग कुरील, राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक, पाक्सो एक्ट कोर्ट की विशेष न्यायाधीश रेनू मिश्रा, अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र प्रसाद भारतीय, सिविल जज सीडि सचिन कुमार दीक्षित, सिविल जज सोनम गुप्ता, सैफाली यादव, मऊ के सिविल जज एस आनंद, मानिकपुर ग्राम न्यायालय की न्यायाधिकारी खुशबू चन्द्रा, न्यायिक मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी आदि मौजूद रहे।

## बेटे ने रिटायर पुलिस सब इंस्पेक्टर को पीटा

**बांदा।** बेटे ने अपनी मां के साथ मिलकर पिता रिटायर सब इंस्पेक्टर को डंडों से पीट कर घायल कर दिया ।घायल का आरोप है। कि बेटा पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया।शहर के स्वराज कॉलोनी मोहल्ला निवासी सुरेश चंद्र पांडे 65 पुत्र स्वर्गीय रामावतार पांडे पुलिस सब इंस्पेक्टर से रिटायर हुआ है ।उसने 24 फरवरी को अपने बेटे मनीष चंद पांडे की शादी की है ।शादी में उसने 30 लाख रुपया खर्च किया ।सुरेश चंद पांडे का कहना है कि उसका बेटा उसे पचास लाख मांग रहा था ।उसने रुपए देने से मना कर दिया ।इसी से नाराज होकर बेटा ने अपनी मां शांति के साथ मिलकर उसे डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया ।उसका दाहिना हाथ टूट गया घायल का आरोप है कि आरोपी को बक्से में रखें चार लाख भी ले गया ।घटना की तैयारी पुलिस को दी गई है। पुलिस ने उसका डॉक्टरी परीक्षण कराया है।

# अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में योग में समग्रता विषय पर हुआ मंथन




**चित्रकूट ब्यूरो-** जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में योग विषय पर चल रही अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन बुधवार को विभिन्न सत्रों में वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किये।संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि योग जैसे समसामयिक विषय पर आयोजित होने वाली यह अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी निश्चित रूप से योग के नवीन आयामों को जन्म देगी। जिसके माध्यम से न केवल दैहिक बल्कि मानवीय समस्याओं का समयानुकूल समाधान संभव होगा। इस संगोष्ठी के माध्यम से देश-विदेश में योग के एक नए युग का सूत्रपात होगा। बुधवार को अमरकंटक विश्वविद्यालय के प्रो गोविंद प्रसाद मिश्र ने कहा कि प्रज्ञा अपराध जैसे अपराधों को योग के द्वारा ही निवृत्ति कर हम प्रत्येक व्यक्ति को प्रज्ञावान बना सकते हैं। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी के डॉ अम्बरीष राय ने आसन एवं प्राणायाम के साथ वैराग्य योग एवं क्रिया योग की भी चर्चा की। कहा कि इंद्रियों का रिश्ता मन से है। लखनऊ विश्वविद्यालय के शोधार्थी राजाराम ने पतंजलि योग एवं हठयोग में समाधि के स्वरूप पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के शोधार्थी विशेष कुमार सिंह ने योग में समग्रता के अध्ययन विषय पर अपने विचार प्रकट करते हुए सामाजिक एकरूपता पर बल दिया। पतंजलि विश्वविद्यालय के राजेश कुमार ने परंपरागत योग में प्राणायाम के अनुशीलन पर अपने विचार प्रस्तुत किए। संजना ने प्राणायाम के महत्व एवं लाभ के बारे में अपने शोध पत्र को प्रस्तुत किया। इस दौरान 30 से अधिक वक्ताओं ने अपने शोध पत्रो को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय वर्धा के डॉ सूर्य प्रकाश ने किया।

इस मौके पर संगोष्ठी के संयोजक डॉ हरिकांत मिश्र, डॉ ध्रुव कुमार त्रिपाठी, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ निहार रंजन मिश्र, डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ गुलाबधर, डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ रमा सोनी, डॉ भविष्या माथुर, डॉ नीतू तिवारी, डॉ दुर्गेश कुमार मिश्र, डॉ शांत कुमार चतुर्वेदी, डॉ गोपाल कुमार मिश्र, डॉ अमिता त्रिपाठी, जितेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा है। पिछले कई वर्ष से उत्तर प्रदेश आशा वर्कर्स यूनियन अपनी बुनियादी मांगो और समस्याओं को विभिन्न तरीकों से उठाकर आपसे समाधान की याचना करती रही है। किंतु बार बार ध्यान आकर्षित करने के बावजूद कोई आशा कर्मियो के प्रश्न को सुनने को भी तैयार नहीं है, उनके ऊपर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है, किंतु उनको दिए जाने वाली प्रोत्साहन राशियों का अता पता नही रहता। 50 से अधिक काम लिए जाते हैं, उनका कोई भुगतान उन्हें नहीं मिलता। जिन दो चार कार्यों की प्रोत्साहन राशियां दी भी जाती हैं, उनका निर्धारण वर्षो पूर्व किया गया था, उनके श्रम के सापेक्ष उन दरों कभी कोई पुनर्निर्धारण नहीं किया गया। जातब्य है कि भविष्य निधि रोड्युटी, किसी तरह की सामाजिक सुरक्षा, यहां तक की सासाहिक वार्षिक वार्षिक अवकाश तथा एक दिन का भी मातृत्व अवकाश तक नहीं दिया जाता। इन्ही समस्याओं के समाधान के लिए विवस होकर पुनः आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ रहा है। अपनी मागे आप तक पहुंचा कर अपेक्षा है कि वार्ता बुलाकर इनके समाधान की कृपा की जाय। आशा और संगिनी को मिलने वाली राशि को प्रोत्साहन राशि के बजाय उसे मानदेय के रूप में संबोधित किया जाय । तथा उसके भुगतान की प्रणाली में आमूल चूल परिवर्तन करते हुए स्थाई भुगतान न्यूनतम वेतन के बराबर किया जाय। गोल्डन आयुष्मान कार्ड व दस्तक, वेलनेस सेंटर में योगदान, टीबी, कुष्ट रोग निरोधक अभियान, पोलियो के विरुद्ध अभियान, हेल्थ प्रमोशन आदि समसामयिक कार्य में योगदान की वर्षो से बकाया अनुतोश राशियों का भुगतान अविलंब किया जाए, यही नहीं जुलाई 2019 राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित प्रतिपूर्ति राशि का आंशिक भुगतान नही किया गया। कोविड में मार्च 2020 से 31 मार्च 2022 तक योगदान के लिए केंद्र सरकार दद्वारा घोषित कोविड भत्ता 1000 मासिक में सिर्फ 5 माह का भुगतान किया गया। शेष कोई 19 माह की प्रोत्साहन राशि का कहीं अता पता नहीं है। यही नहीं राज्य वित्त से अनुमन्य 1500 मासिक की प्रतिपूर्ति राशि का भी अधिकांश जनपदो में एक वर्ष से भी ज्यादा समय का बकाया है। 2 फरवरी 2024 की वार्ता में दी गई स्वीकृति के अनुसार जुलाई 2019 से दिसंबर 2021 तक का प्रति आशा, संगिनी का रु 750ध् की दर से कोविड़ में योगदान की केंद्रीय प्रोत्साहन राशि 1000 मासिक की दर से शेष 19 माह के बकाए के भुगतान के साथ आयुष्मान कार्ड, गोल्डन कार्ड सहित लिए गए सभी कार्यों की प्रोत्साहन राशि का तत्काल भुगतान कराया जाय। 45 वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश के अनुरूप संगिनी और आशा कर्मियों को राज्य स्वास्थ्यकर्मी के रूप में मान्यता देकर उन्हें न्यूनतम वेतन, मातृत्व अवकाश कार्यस्थलों में सुरक्षा की गारंटी की जाय। 46वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश के अनुसार सभी आशा कर्मियों व संगीनियों को कर्मचारी भविष्यनिधि (ई पी एफ) व राज्य कर्मचारी बीमा निगम (ईएसआई) का सदस्य बनाया जाय वा विना पेंशन व ग्रेच्युटी के भुगतान किसी भी आशा कर्मी को सेवा से निवृत न किया जाए। ज्ञातब्य की हरियाणा में सेवा निवृत्ति पर 2 लाख ग्रेडयूटी के रूप में भुगतान का प्रावधान किया गया है। 5 वर्ष 2015 से अब तक सेवा के दौरान दुर्घटनाओं में और अन्य कारणो से जान गंवाने वाली आशा व आशा संगीनियो के आश्रित को 20 लाख मुवावजा दिया जाए, व अशक्त हो गई आशा व संगीनियों को 10,000 रुपए मासिक पेंशन दी जाय। उत्तर प्रदेश में 2 लाख का प्रचलित बीमा भी आज तक किसी को नहीं दिया गया। जबकि फ़रवरी 2024 में वार्ता के दौरान इसके भी दावे लिए जाने और भुगतान करने का विश्वास दिलाया गया था। मांगो की उच्चदर स्वीकार करने तक प्रचलित बीमा राशि के दावे लेकर उनके आश्रितों को उसका भुगतान किया जाए।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# मुलजिमों के जेल भेजने के आश्वासन पर परिजनों ने किया मृतक बबलू के शव का अंतिम संस्कार

**लालगंज कोतवाली में दिनभर अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा भी रहे डटे**



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के लोन नदी में मिले बबलू कुमार रैदास के शव का देर शाम पुलिस के आश्वासन पर दाह संस्कार हो गया है। उसके शव को घर वालों ने गांव के बाहर ही दफना दिया है । मृतक बबलू के परिजन घर पर ही लाश रखकर दिनभरधरना प्रदर्शन करते रहे । मंगलवार की रात 8 बजे लालगंज फ्तेहपुर हाईवे भी जाम कियाथा जिसे पुलिस ने भारी मशक्कत के बाद हटाया था। हालांकि लालगंज पुलिस ने मृतक बबलू के भाई सरैला निवासी दीपक की तहरीर पर पूरे दिर्गज मजरे लालू मऊ गांव के बड़कऊ सिंह पुत्र शिवहर्ष सिंह, हर्षित सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह व मोहित सिंह पुत्र बड़कऊ सिंह के खिलाफ हत्या और मार कर लाश को छुपाने सहित हरिजन एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। मृतक के भाई दीपक कुमार ने बड़कऊ सिंह, हर्षित सिंह और मोहित सिंह के खिलाफ उसके भाई बबलू को करंट लगाकर मार डालने और लाश को छुपाने के उद्देश्य से लोन नदी में लाश फेंक दिये जाने की शिकायत लालगंज पुलिस से की है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए कुछ लोगों को पूछताछ के लिए पकड़ा भी है । वहीं मौके पर ही मौजूद क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जो भी दोषी होगा सभी को हर हाल में जेल भेजा जाएगा। मामले की विवेचना मृतक के दलित होने के चलते सीओ अनिल कुमार सिंह कर रहे हैं।

**एसडीएम और तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे, परिजनों ने सहायता दिए जाने हेतु सौपा ज्ञापन**

**लालगंज रायबरेली।** सरैला गांव के बबलू की हत्या के बाद गांव में चल रहे धरना प्रदर्शन के बीच लालगंज एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों से बातचीत की। एसडीएम ने भी परिजनों से मृतक का दाह संस्कार किए जाने का अनुरोध किया। मृतक के परिजनों के द्वारा एसडीम को पांच सूत्री एक मांग पत्र भी सोपा गया जिसमें मृतक के परिजनों को 50 लाख रुपए की सहायता की मांग की गई है। एक सरकारी कालोनी सहित तीनों बच्चों के मुफ्त पढ़ाई लिखाई की व्यवस्था की भी मांग है। पत्नी को सरकारी नौकरी दिये जाने की मांग की गई है। खेती-बाड़ी के लिए 5 बीघा जमीन की भी मांग की गई है। एसडीएम ने दलित परिवार के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को उच्च अधिकारियों को भेजकर कार्यवाही कराए जाने का आश्वासन दिया है।

# सर्वेश पाल की मौत के मामले में पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मुकदमा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** सोमवार की देर रात मारपीट की घटना में पूरे अजबी मजरे ऐहार के सर्वेश पाल पुत्र सूरज बली की मौत हो गई थी। मामले में लालगंज पुलिस ने मृतक के भतीजे अमित पाल पुत्र दिनेश पाल निवासी पूरे अजबी ऐहार की शिकायत पर डकौली निवासी प्रदीप पासवान पुत्र किशन कुमार ,अजीत वर्मा निवासी पूरे प्रान सिंह ऐहार व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

अमित पाल ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह अपने चाचा सर्वेश पाल और परिवार के ही रतीपाल के साथ खेतों में पानी लगाए हुए थे वहीं पर रंजिसन प्रदीप और अजीत वर्मा ने अपने दो अज्ञात साथियों के साथ हमला बोल दिया। लाठी डंडों और फ्रसे से मारपीट कर उन लोगों को घायल कर दिया जिससे सर्वेश पाल के सिर पर गंभीर चोट लग गई। सर्वेश पाल को लालगंज सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए जब ले गए तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित करदिया।

अमित पाल का कहना है कि उन्हें और रतीपाल को भी मारपीट की घटना में चोट आईहै। मुकदमे के विवेचना अधिकारी कोतवाल संजय कुमार सिंह ने बताया कि अमित पाल की तहरीर पर एफ्आईआर पंजीकृत की गई है। आरोपियों की तलाश की जारही है।

# “भोमा” नाटक ने उकेरीं किसानों की समस्याएं

## फिरोज गांधी कॉलेज सभागार परिसर में चल रहे आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तक मेले में मंचित हुआ नाटक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** फ्रिोज गांधी कॉलेज सभागार परिषद में चल रहे आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति पुस्तक मेले में बादल सरकार द्वारा लिखे और संतोष डे द्वारा निर्देशित नाटक श्भोमाश् ने किसान समस्याओं को गंभीरता के साथ उकेरकर दर्शकों को सोचने के लिए मजबूर कर दिया। नाटक की शुरुआत भूमिहीन किसान भोमा से होती है जिसे खेत में बुआई के लिए बीज, सिंचाई के लिए पानी की जरूरत है। उसके बिना उसके खेत बंजर रह जाते हैं और भोमा भूख से विचलित जीवन जी रहा है। नाटक राजनीतिक और सामाजिक विद्रूपता को सामने रखते हुए किसान समस्याओं पर फोकस करता है। किसान एवं हाशिए में पड़े लोगों को केंद्र में रखकर उनके दशा और परिस्थितियों पर आधारित संवाद बोलते हुए नाट्य कर्मी संतोष चौधरी, जनार्दन मिश्र, रेनू श्रीवास्तव, रामदेव शर्मा, लवकुश, रमेश यादव और निर्भय श्रीवास्तव ने विभिन्न भूमिकाएं निभाते हुए प्रभावी छाप छोड़ी। रंगकर्म अपने अभिनय से एक शब्द चित्र गढ़ते चले जाते हैं। उकेरे गए इन शब्द चित्रों को विजुलाइज करने के लिए दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बादल सरकार द्वारा रचित भोमा इतना कंपैक्ट नाटक है कि किसी तरह के परिवर्तन की संभावना नहीं, फ्रि भी कोशिश जारी है। बादल सरकार द्वारा रचे गए शब्द चित्र वास्तव में रोमांचित करने के साथ ही अभिभूत करने वाले हैं। अंत में समस्या खड़ी हो जाती है कि जो भोमा सो रहा था वह पूरी तरह जागा या नहीं। बादल सरकार के जन्म शताब्दी वर्ष में उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप मंचित यह नाटक दर्शकों पर अपना प्रभाव छोड़ने में पूरी तरह सफ्ल रहा। इस मौके पर समाजसेवी अरविंद श्रीवास्तव, श्रीमती छाया शुक्ला, दिनेश शुक्ला, रघुनाथ प्रसाद द्विवेदी, आनंद स्वरूप श्रीवास्तव राजीव भार्गव, रजनी सक्सेना, विशाली सिंह, प्राची सिंह, अमित यादव, अंशिका आदि मौजूद रहीं।

**नाटक की कथावस्तु आज भी प्रासंगिकः सतीश**

मुख्य अतिथि परियोजना निदेशक सतीश मिश्रा एवं रही के ब्लॉक प्रमुख धर्मेंद्र यादव ने सभी कलाकारों का बुके देकर स्वागत किया। श्री मिश्र ने कहा कि नाटक की कथावस्तु आज भी प्रासंगिक है। नाटक कर्मियों की प्रभावी प्रस्तुति ने इसमें नई जान डाल दी। ब्लॉक प्रमुख श्री यादव ने कहा कि पुस्तक मेले का आयोजन सर्वथा अभिनंदनीय है। मेले में प्रतिदिन सांस्कृतिक-साहित्यिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति जिले में एक नए वातावरण का सृजन करेगी।

# भिक्खू संघ के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चित कालीन क्रमिक अनशन के दूसरे दिन अम्बेडकर नगर विकास समिति एंव धम्म अनुयायियों ने किया समर्थन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** बाबा साहब डॉ0 अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर महाबोधि महाविहार बोधगया मंदिर को अबौद्धों से मुक्त कराए जाने एंव बीटीएमसी एक्ट 1949को रदद कर पूर्ण रूप से बौद्धों को सौंपे जाने को लेकर 4 मार्च 2025 से भिक्खू संघ के नेतृत्व में चल रहे अनिश्चित कालीन क्रमिक अनशन के दूसरे दिन बौद्ध धम्म के अनुयायी एंव अम्बेडकर नगर विकास समिति अम्बेडकर नगर रायबरेली के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष सी बी गौतम के नेतृत्व में भिक्खू संघ भिक्खू कमल शील,भिक्खू विमल बोधि को समर्थन कर रोष व्यक्त करते हुए उक्त मांगों को लेकर देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदय, माव प्रधानमंत्री महोदय एंव बिहार प्रान्त के महामहिम राज्यपाल महोदय, माव मुख्यमंत्री महोदय को सम्बोधित मांग पत्र द्वारा जिला अधिकारी रायबरेली , जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा ज्ञापन। क्रमिक अनशन की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सी बी गौतम एंव संचालन धम्म प्रचारक विमल किशोर सबरा ने किया। सी बी गौतम ने ज्ञापन सौंपते हुए देश के महामहिम राष्ट्रपति महोदय माव प्रधानमंत्री महोदय एंव बिहार प्रान्त के महामहिम राज्यपाल महोदय माव मुख्यमंत्री महोदय को से मांग किया कि जब दूसरे धर्म के मंदिर में बौद्धों को हिस्सेदारी नहीं तो, महाबोधि मंदिर में गैर बौद्धों, हिंदू धर्म के लोगो का हिस्सा क्यो इस लिए बीटीएमसी एक्ट (बोधगया मंदिर अधिनियम )1949 पूर्ण रूप से असंवैधानिक है, इसे रदद किया जाना चाहिए जो संविधान के अनुच्छेद 25 और 26का उल्लंघन हैं।महाबोधि महाविहार बोधगया मन्दिर तथागत बुद्ध की ज्ञान स्थली पूरी तरह से बौद्ध समुदाय के (बौद्ध भिक्खूओ ) को सौंप देना चाहिए। क्रमिक अनशन में वंश गोपाल, कामता प्रसाद, राजकुमार आजाद, रामचन्द्र , अरविन्द कुमार, विश्वनाथ गौतम,अनिल कुमार, इन्नरु राम राज कुमार, श्री राम, सत्येश गौतम, राधेश्याम,शिवराज मौर्या, चन्द्रशेखर, सी.एल.गौतम आर.ए. गौतम, हरीश चन्द्र, अम्बरीश कुमार, राजेश कुरील, एडव राजेन्द्र मौर्य, गुरु सहाय प्रसाद आलोक कुमार, अभय कृष्ण सोनकर, इंद्रमोहन मौर्य, संदीप गौतम, ज्ञान प्रकाश,राम लखन गौतम, राम खेलावन आदि लोगों ने बीटीएमसी एक्ट को रदद कर बोधगया महाबोधि महाविहार का प्रबन्धन, नियंत्रण और संचालन बौद्ध को देकर तथागत बुद्ध की तपोभूमि, शान्ति और साधना के स्थल को पाखंडी ताकतों गैर बौद्धों (हिन्दू धर्म के महंतो) से मुक्त कराए जाने की मांग किया।

# ग्रामीण शिक्षा गुणवत्ता विहीन-इं.वीरेन्द्र यादव



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर सरेनी विधानसभा क्षेत्र के हसनापुर में पीडीए चर्चा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि भाजपा राज में शिक्षा क्षेत्र में अव्यस्थाओं का बोलबाला है जूनियर एवं प्राइमरी स्कूलों में एक शिक्षक अथवा एक शिक्षामित्र को संपूर्ण विद्यालय के छात्रों को शिक्षा देने की जिम्मेदारी है इस स्थितियों में प्रत्येक छात्र को गुणवत्तापूर्वक शिक्षा मिलना दिवास्वप्न है परन्तु प्रदेश के मुख्यमंत्री उत्तरप्रदेश में सबको समान शिक्षा मिलने की दुहाई देकर गरीबों को बरगला रहें।प्रदेश में ग्रामीण शिक्षा मानक के विपरीत एवं गुणवत्ता विहीन है गरीबों किसानों मजदूरों के नौनिहालों को प्रारंभिक शिक्षा के नाम पर सरकार औपचारिकता निभा रही है।

उन्होंने कहा गरीबों के बच्चों को शिक्षा एवं सम्मान मिले इसके लिए पिछड़ों,दलितों,अल्पसंख्यकों की जागरूकता एकजुटता से भाजपा सरकार को बदलकर पीडीए की सरकार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में बनाना है।इस अवसर पर पीडीए कार्यक्रम को दिनेश यादव एडवोकेट, धर्मेंद्र धाकड़,जेपी यादव,रमेश मौर्या,अमरेन्द्र बहादुर,विश्राम यादव,राजू लोधी,राजकुमार यादव,मो.सईद,अशोक यादव,धर्मेंद्र बहादुर,शिवलाल पासी,संदीप पासी आदि ने सम्बोधित किया।जनपद के अनेकों सेक्टरों में पीडीए की जनपंचायतों को समाजवादी पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं द्वारा सम्बोधित कर पिछड़ों,दलितों,अल्पसंख्यकों एवं आधी आवादी की एकजुटता पर बल दिया।उपस्थित लोगों ने समाजवादी पार्टी सरकार में हुए कार्यों को याद किया इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग एवं महिलाएँ उपस्थित रही सभी ने आगामी चुनाव में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

# गंगा की स्वच्छता को लेकर निकली गंगा यात्रा का लालगंज नगर पंचायत में हुआ जोरदार स्वागत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिबंध मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी के नेतृत्व में गंगा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। रोहित सोनी ने गंगा यात्रा को लेकरनिकले आचार्य का माल्यार्पण कर स्वागतकिया।गंगा यात्रा का स्वागत करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरिता गुप्ता ,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपेंद्र गुप्ता ,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी ,शीलू त्रिवेदी, शिवम गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, बबलू सोनी,शुभम सोनी, अप्पू शर्मा, मुन्नीलाल बाजपेई, अमित गुप्ता, हंसराज विश्वकर्मा, विनय गुप्ता ,अमित गुप्ता, सदाशिव सोनी ,अर्पित गुप्ता, गुलाब गुप्ता ,मनोज सोनी आदि व्यापारी शामिल रहे। गंगा यात्रा को लेकर निकले आचार्य महादेव चौतन्य महाराज ने बताया कि गंगा के शुद्धिकरण और स्वच्छता के लिए निकली यह यात्रा गंगोत्री से पटना जा रही है। गंगा यात्रा के मध्य लोगों को गंगा की स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है, इसके अलावा सरकार से भी हम लोगों ने अनुरोध किया है कि मां गंगा के जन्म से लेकर आज तक के वर्णन को पाठ्य पुस्तकों में शामिल किया जाए, गंगा राष्ट्रीय नदी भले ही घोषित है लेकिन उसके अनुसार गंगा की स्वच्छता और संरक्षता पर कार्य नहीं किया जा रहा है। गंगा की स्वच्छता और संरक्षता पर सरकार ईमानदारी पूर्वक कार्य करें।यह गंगा यात्रा कैप्टन प्रवीण कुमार और सुधीर राय गौतम की अगुवाई में चल रही है। लालगंज नगर पंचायत पहुंचने पर श्रीमती सरिता गुप्ता ने आचार्य महादेव चौतन्य महाराज जी को शाल भेंट कर स्वागत किया।

# प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**


**रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन प्रभारी निरीक्षक यातायात द्वारा अवैध में वाहनों में अनाधिकृत रूप से हूटर, सायरन, लाल नीली बत्ती,पद सूचक, शीशों में ब्लैक फिल्म लगाकर चलनें वालों का चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान वाहनों की चेकिंग करते हुए उनमें अनधिकृत रूप से लगे पाए जाने पर हूटर,सायरन, लाल नीली बत्ती,प्रेशर हॉर्न निकलवाये गये, वाहनों के शीशे में काली फिल्म लगी पाई जाने पर काली फिल्म निकलवाई गई, उपरोक्त प्रकार के सभी वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई तथा बिना नंबर प्लेट के चलने वाले वाहन तथा अपूर्ण नम्बर प्लेट वाले वाहनों एवं मोडीफाइड साइलेंसर लगा कर चलने वाले वाहनों की चेकिंग की गई। अवैध रूप से चल रहे आटो मैजिक ई- रिक्शा नबालिक चालक/ बिना डीएल/क्षमता से अधिक सवारी भरकर चलने वाले चालकों के विरूध समय 12:00 से 15:00 बजे तक सिविल लाईन चौराहा डिग्री कालेज सारस चौराहा रतापुर चौराहा रोडवेज आदि स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर 72 वाहनों के चलान तथा 12 वाहनों को सीज किया गया।

# बीडीओ ने निरीक्षण कर विकास कार्यों की परखी जमीनी हकीकत



**महराजगंज रायबरेली।** विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के उद्देश्य से खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों की तहकीकात की वहीं इस दौरान उन्होंने पशु चिकित्सा डॉ0 उमेश चंद्र के साथ गौशाला भी पहुंची जहां गौ वंशों के रख रखाव की व्यवस्था परखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिए इस दौरान उनके साथ एपीओ मनरेगा राजीव त्यागी भी मौजूद रहे। बुधवार को बीडीओ ने ब्लॉक क्षेत्र के गांव क्षेत्र मऊ स्थित गौशाला पहुंची जहां उन्होंने ग्राम प्रधान व कर्मचारियों से गौ वंशों के रख रखाव के बारे में जानकारी लेते हुए चारा भूसा के स्टाक को देखा और कहा कि गौ वंशों के रख रखाव में किसी प्रकार की कोताही न बरती जाए इसके बाद बीडीओ ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण की जांच की वा हकीकत परखीं और हर हाल में 25 मार्च तक काम पूरा करने के निर्देश दिए इसके बाद प्राथमिक विद्यालय मऊ व जियापुर शिवगढ़ जाकर बच्चों से कुशल क्षेम जाना अनेक प्रकार की जानकारियां ली विद्यालय में शैक्षिक गुणवत्ता वा मिडे मील की जानकारी ली। बीडीओ ने बताया कि पंचायत सचिव को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया है कि यदि 25 मार्च तक आंगनवाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कर हैंडोवर ना किया गया तो मार्च माह का वेतन रोक दिया जाएगा।

# एसडीएम और सीओ ने पकड़ा महुआ की लकड़ी से भरा ट्रक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन,रायबरेली।** सलोन क्षेत्र के नायन गांव में महुआ की लकड़ी से भरा एक ट्रक एसडीएम और सीओ ने पकड़ा है।छापेमारी के दौरान ठेकेदार और चालक मौके से भाग निकले है। ट्रक में लगभग 10 से 15 टन लकड़ी भरी हुई थी।एसडीएम के निर्देश पर पहुँची वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।वह क्षेत्राधिकारी ने महुआ की लकड़ी को अवैध बताते हुए मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दे दिए है।एसडीएम और सीओ सलोन क्षेत्र में तेजी से फ्लफूल रहे अवैध मिट्टी खनन और लकड़ी कटान के विरुद्ध मुहिम छेड़ी हुई है।बुधवार सुबह सलोन नायन गांव में अवैध तरीके से काटी गई महुआ की लकड़ी को ट्रक में लोड कराने की सूचना पर एसडीएम चन्द्रप्रकाशऔर सीओ प्रदीप कुमार ने सयुंक्त रूप से छापा मारा है।छापेमारी के दौरान लकड़ी ठेकेदार और वाहन चालक मौके से भाग निकले है।एसडीएम के निर्देश पर ट्रक को सुंची चौकी पर खड़ा गया है।इस दौरान मौके पर पहुँचे वन क्षेत्राधिकारी श्याम सुंदर त्रिपाठी का कहना है कि पकड़ी गई महुआ की लकड़ी अवैध है।मौके पर कोई कागज नही नही प्राप्त हुआ है।मुकदमा दर्ज कराने के लिए निर्देशित किया गया है।

मुखबिर से सूचना मिली कि महुआ की लकड़ी को ट्रक में लोड कर कही ले जाया जा रहा है।सीओ सलोन को साथ लेकर मौके पर एक ट्रक महुआ की लकड़ी पकड़कर जब्त करते हुए सूंची चौकी पर खड़ा किया गया।मौके से लोग भाग गए है।वन क्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया गया है।

**चन्द्रप्रकाश**
**एसडीएम सलोन रायबरेली।**

# मनुष्य नहीं मानव का समय बलवान होता है - राजन जी महाराज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** कलियुग में जहां भी भागवत कथा और श्री राम कथा हो रही हो, वहां पर जाकर मनुष्य को कथा अवश्य सुननी चाहिए। कलियुग में परमात्मा का नाम ही मनुष्य योनि से उद्धार कर सकता है, उक्त विचार भागवत कथा के तीसरे दिन कस्बे के गांधी चौराहा स्थित एफ्बी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में आयोजित छतरपुर मध्य प्रदेश से पधारे कथा वाचक अवधूत राजन जी महाराज ने व्यक्त किया है। भागवताचार्य ने व्यास गद्दी से राजा परीक्षित की कथा कहते हुए कहा कि मनुष्य नहीं उसका समय बलवान होता है।जब मनुष्य का समय विपरीत होता है तो उसे भागवत भगवान की शरण में जाना चाहिए , भागवत भगवान की कथा ही मनुष्य को कलियुग में पार लगा सकती हैं। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने द्वापर में जन्म लेने के बाद दुष्टो का संहार किया था, कंस का वध किया लेकिन जरासंध के बार-बार मथुरा में आक्रमण करने के चलते भगवान को स्वयं समुद्र में द्वारिका नगरी बसानी पड़ी थी और वहां उन्होंने शरण ली थी। त्रेता युग में भले ही लंका के राजा रावण ने काल को पाटी में बांध रखा था लेकिन जब विपरीत समय आया तो वही काल उनकी भी आत्मा को ले उड़ा और वही काल जब राजा परीक्षित के विपरीत हुआ तो उन्होंने साधू के गले में सर्प डाल दिया और ऋषि ने उन्हें श्राप दे दिया।

उन्होंने कहा कि भागवत कथा और श्री राम कथा सुनने से मनुष्य का मन भी पावन हो जाता है। भागवत कथा के मंच पर यजमान के रूप में पूर्व ब्लाक प्रमुख जयशंकर सिंह और उनकी पत्नी श्रीमती उपासना सिंह बड़े ही भक्ति भाव से मौजूद रही।इसके अलावा पूर्व विधायक अशोक सिंह, चक्रपाणि त्रिवेदी, सारंग पाणि त्रिवेदी, सुनील सिंह, विक्रमजीत सिंह, विनीत त्रिवेदी, कल्लू बाजपेई, देवी कुमार गुप्ता, राकेश सिंह ,अवधेश ,आशुतोष शुक्ला, नवनीत त्रिवेदी, अमित सिंह, मोहन पांडे कृपा शंकर गुप्ता ,आशुतोष शुक्ला,शिवसागर निर्मल आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शुआट्स में वर्षिक एथलेटिक मीट का रंगारंग भव्य उद्घाटन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** शुआट्स में बुधवार को दो दिवसीय वार्षिक एथलेटिक मीट2024-2025का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफ़ेसर (डा.) श्री राजेंद्र बी लाल ने किया। उन्होंने सामान्य दौड़ में अनुशासन और आत्मिक दौड़ को शामिल करने की बात कही। उन्होंने आत्मा को जागृत करने की आवश्यकता पर बल दिया । एडिशनल रजिस्ट्रार प्रोफ़ेसर (डा.) सी जॉन वेस्ले ने मुख्य अतिथि को प्रतीक चिन्ह प्रदान किया । शारीरिक शिक्षा विभाग के हेड श्री आशीष मैसी ने मुख्य अतिथि को बुके देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर आमंत्रित अतिथि श्री राजेंद्र बेदी, वाइस प्रेसिडेंट उत्तर प्रदेश बास्केट बॉल एसोसिएशन को विश्विद्यालय के एडिशनल रजिस्ट्रार प्रोफ़ेसर (डा.) सी जॉन वेस्ले ने प्रतीक चिन्ह प्रदान किया । उन्होंने अपने संबोधन में शुआट्स में खेल कूद के बेहतरीन वातावरण की तारीफ की तथा विश्वविधालय को खेल कूद की गतिविधि में आगे बढ़ने के लिए महत्त्वपूर्ण प्लेटफॉर्म बताया। सभी खिलाड़ियों से अपील की कि वह खेल खेलने की मर्यादा बनाए रखने के साथ आपसी सौहार्द भी बनाए रखे। उन्होंने खेल में सकारात्मक सोच बढ़ाने को कहा।

उदघाटन सत्र पर मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफ़ेसर (डा.) राजेंद्र बी लाल ने जनरल कैप्टन शीतल सिंह को अग्नि प्रज्वलित करने के लिए मशाल सौंपी। मुख्य अतिथि द्वारा आकाश में शांति के प्रतीक सफेद कबूतर को भी छोड़ा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को विश्वविद्यालय के चारों हाउस के खिलाडियों द्वारा मार्च पास्ट की सलामी भी दी गई।

इस मार्च पास्ट की सलामी में विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति प्रोफ़ेसर (डा.) जोनाथन ए लाल (एकेडमिक) ,प्रति कुलपति प्रोफ़ेसर (डा.) बिस्वरूप मेहरा (प्रशासन ), रजिस्ट्रार प्रोफ़ेसर (डा.) रानू प्रसाद , श्री राजेंद्र बेदी जी शामिल थे।

डा.सी.जॉन वेस्ले ने अपने सभी अधिकारियों वा खिलाडियो का स्वागत किया। उन्होंने पूर्व खिलाड़ी वा एथलीट श्री जॉन कैनेडी के पूर्व में स्थापित रिकॉर्ड को भी याद किया, जो अब तक कायम है।

यह स्पोर्ट्स मीट 5और 6मार्च 2025तक जारी रहेगा।

इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन(डॉ) फिलिप दास ,प्रोफेसर (डॉ.) आलोक मिल्टन,डॉ. आशीष एस नोएल, डॉ देवी सिंह,एथलेटिक कोर कमेटी की सदस्य श्रीमती शामला एस मसीह, डॉ सुनीता बी जॉन,डॉ प्रियंका सिंह, डा. विक्रम सिंह, डा. संतोष श्रीवास्तव, डॉ एनिड मसीह, डॉ दीपक बोस,डॉ फैजान अहमद,श्री अजय कुमार , श्री अशोक कुमार सिंह,(डा.)अचिंत टेरेंस, डॉ (श्रीमती) दीप्ति जोशी, श्री राकेश साहू, श्री मोहम्मद मजीद, श्री आरके सिंह, श्री तनवीर अहमद, श्री फैजल अहमद,श्री संजय दास,नरेश कनौजिया, श्री प्रवीण राय, श्री बिपिन कुमार सिंह वा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। शारीरिक शिक्षा विभाग के सभी कर्मचारियों और छात्रों ने बहुत उत्साह वर्धन किया ।

आज कुछ आयोजनों के परिणाम इस प्रकार रहे। 1500 मीटर रेस बालकवर्ग- प्रथम आकाश कुमार (ब्ल्यू हाउस), द्वितीय आकाश कुजूर (रेड हाउस), तृतीय सुशांत कुमार चौबे(येलो हाउस), 1500मीटर रेस बालिका वर्ग में प्रथम शीतल सिंह(येलो हाउस) द्वितीय शारोन सुब्बा (येलो हाउस)

तृतीय अलिशा vathany (पिंक हाउस)

हाइ जंप पुरुष वर्ग में इमान (येलो हाउस ), द्वितीय कुलदीप यादव (पिंक हाउस), तृतीय अभिषेक सिंह( एलो हाउस)

हाइ जंप महिला वर्ग में शालू सिंह( रेड हाउस), द्वितीय एलिना तिर्की (पिंक हाउस), तृतीय प्राकृति सिंह (येलो हाउस) स्थान पर रहे।

# तापमान में वृद्धि से गेहूं उत्पादन कम होने की आशंका, किसान चिंतित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** इस बार तापमान में असामान्य वृद्धि ने तहसील क्षेत्र के किसानों के माथे पर पसीना ला दिया है । रबी की प्रमुख फसल गेहूं के उत्पादन में गिरावट किया आशंका से किसान परेशान है । बुधवार को ही अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस का आसपास किसानों का कहना है कि अधिकतम तापमान 15 मार्च तक 28 डिग्री सेल्सियस ही रहना चाहिए । इससे अधिक तापमान नुकसान कराएगा । तहसील क्षेत्र में अगेती बुवाई करने वाले को तो ज्यादा नुकसान कर का डर नहीं है । लेकिन पछेती खेती करने वालों की उपज 40 प्रतिशत कम होने की आशंका है । कृषि विशेषज्ञ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि जिन्होंने पछेती खेती की है । उनका लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा । क्योंकि पश्चिमी हवाएं चलने से पछेती बोआई की गई गेहूं की फसल में पतला दाने पड़ सकतें हैं। दलहनी और तिलहनी फसलों पर भी असर पड़ सकता है । मार्च के पहले सप्ताह में तापमान में गिरावट किया गया। लेकिन हवा चलने से दिक्कत हैं। लेड़ियारी के प्रधान और किसान रवि सिंह, साधन सहकारी समिति अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह के अनुसार वातावरण की नमी और ओस एकदम गायब है । इससे गेहूं की बालियां पतली होने लगी है ।



बहरैचा निवासी किसान शंकर दयाल तिवारी ने बताया कि उन्होंने गेहूं की बुआई दिसंबर में की थी । पछेती खेती के कारण गेहूं के पौधे कमजोर होने लगे हैं । गोबरा निवासी किसान संतोष कुमार द्विवेदी, कैथवल के किसान विनोद कुमार दुबे, बघोल के किसान मदन प्रताप सिंह का कहना है कि अच्छी उपज के लिए मौसम का साथ होना बहुत जरूरी है । पर ऐसा नहीं है । गेहूं के लिए पांच मार्च से 20 मार्च तक का तापमान अधिकतम 28 डिग्री और न्यूनतम 10 से 15 डिग्री से ज्यादा नहीं होना चाहिए । कृषि विशेषज्ञ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि अब तक गेहूं के जिन पौधों में बालियां आई है और फूल लगे हैं। ऐसे तेज हवा के चलने से गिर सकता है। उनका उत्पादन एकदम खराब हो जाएगा। किसानों को फसलों में उत्पादन बढ़ाने के लिए सिंचाई का सहारा लेना चाहिए। इससे कुछ हद तक पौधों को बचाया जा सकता है। उन्होंने ने बताया कि गेहूं की अगेती खेती करने वालों को ज्यादा नुकसान नहीं होगा।जिन किसानों ने आलू के बाद गेहूं की बुआई की है। उसके उत्पादन में 30 से 40 प्रतिशत की कमी आएगी। रबी मौसम की फसलों की बुवाई का सही समय अक्टूबर से नवंबर माना जाता है। वर्तमान में ज्यादा मुनाफे के लिए किस दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक गेहूं की बुवाई करते हैं । उसके अच्छी फसल हो का अनुमान है। तापमान बढ़ने के कारण घट जाती है ।

# तालाब सूखने पर पशु-पक्षी भटक रहे प्यासे



**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** न्यायालय और सरकार एक तरफ जहां जल संरक्षण के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है । वहीं दूसरी तरफ क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन इस तरफ कोई नहीं ध्यान दे रहे हैं । इसके कारण क्षेत्र के तालाब पोखरें सूखते जा रहे हैं । कोरांव तहसील क्षेत्र के दर्जनों तालाब ऐसे हैं । जो सूखते जा रहे हैं । या अवैध कब्जा के कारण अपना अस्तित्व खोते जा रहे हैं ।

इसके कारण बेसहारा गोवंशों एवं पशु और पक्षियों को अपनी प्यास बुझाने के लिए भटकना पड़ रहा है । तहसील क्षेत्र के लेड़ियारी , खोंचा , चैलारी , नीबी , पथरपुर कैथवल , बहरैचा बघोल , कोलसरा , किहुंनी खुर्द , किहुंनी कला , देवी बांध , उसरी ,धोबहट , सरनाम तालाब , आदि गांव के तालाब सूखने के कगार पर है ।

इन्हीं पोखरों के सहारे पशु भी आश्रित है , किंतु प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है । अगर तत्काल समय में जल संरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई तो पेयजल की समस्या उत्पन्न हो सकती है । गर्मी की अभी शुरुआत ही हुई है , कि क्षेत्र के तालाब पोखरें सूखने लगे हैं । जो कूप सरकार ने बनवाए थे । उनकी स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है । पानी न होने के कारण मवेशियों को परेशानी हो रही है । लोग भी परेशान हो रहे हैं ।

# जलालपुर कस्बा प्रधान द्वारा किया जा रहा गांव का सर्वांगीण विकास, ग्रामीणों में खुशी की लहर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** हडिया तहसील के सैदाबाद ब्लॉक के जलालपुर कस्बा के प्रधान द्वारा गांव का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। विकास कार्य से ग्रामीणों में खुशी की लहर है। प्रधान द्वारा गांव का कायाकल्प किया जा रहा है। तरह-तरह की योजनाओं को गांव में लाकर विकास को पंख दिया जा रहा है। आपको बताते चले कि जलालपुर कस्बा सैदाबाद ब्लॉक का बड़ा गांव कहा जाता है।

इस गांव में लगभग 15000 लोगों की आबादी है। इस गांव में बबुआपुर मजरा भी आता है। नूरी बेगम इस गांव की ग्राम प्रधान हैं। उनके प्रतिनिधि इस्तेखार अहमद द्वारा गांव का सर्वांगीण विकास करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा गया है। जल जीवन मिशन द्वारा पानी की टंकी, खेलकूद का मैदान,कचरा घर, सुलभ शौचालय,इंटरलॉकिंग मार्ग का कार्य, संपर्क मार्ग, लाइट की व्यवस्था कर गांव को चमकाने का कार्य कराकर गांव की तस्वीर बदल दी गई है। प्रधान द्वारा कराए गए कार्यों से ग्रामीणों में खुशी की लहर है।



# बिना प्रेम रीझत नहीं नटवर नंद किशोर आचार्य धर्म नारायण महाराज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** नई बाजार त्रिमुखी हनुमान मंदिर परिसर मे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य पं धर्म नारायण जी महाराज ने कहा कि भगवान भाव के भूखे हैं। उन्हें तो प्रेम भाव से ही रिझाना होगा। वह तो सबरी के जूंठे बेर एवं विदुरानी के साक् से भी प्रसन्न हो जाते है। यदि भगवान को पाना चाहते हैं तो उनसे कोई संबंध जोड़ना होगा।

सागर मंथन की कथा सुनाते हुए महाराज श्री ने कहा कि रत्न और अमृत तो देवताओं ने रख लिए परंतु ब्रम्हांड की रक्षा के लिए हलाहल का पान सिर्फ महादेव ने किया। संसार में महादेव की भूमिका निभाने वाले मनुष्य विरले ही होते हैं।

आज कथा पंडाल में कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। बधाईयां गाई गई। नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गीत पर महिलाओं एवं बच्चों ने भाव विभोर होकर नृत्य किया।

कथा के यजमान मंगरु लाल केसरवानी एवं माया देवी केसरवानी ने कृष्ण जन्मोत्सव में नंद बाबा एवं माता यशोदा की भूमिका निभाते हुए फल, मेवा, मिठाई एवं रुपये लुटाए। कथा में प्रमुख रूप से कथा के आयोजक हीरालाल, श्रीमती जानकी देवी, बसंत लाल, नंद किशोर, गौरव, उज्जवल, सागर, विनीत, सुमित, आयांश, गर्वित, देवांश, श्रविल आदि उपस्थित रहे।

# नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे द्वारा अंतर रेलवे सांस्कृतिक नाट्य प्रतियोगिता -2024 (नाट्य महोत्सव) का आयोजन किया जा रहा है ढ्ढ इस प्रतियोगिता में भारतीय रेल की सभी क्षेत्रीय रेलवे व इकाईयों की नाट्य टीम द्वारा अपनी प्रस्तुति दी जा रही है उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक क्षेत्र, प्रयागराज में आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे दिन भी भारतीय रेल के कलाकारों द्वारा अपने नाटकों की प्रस्तुति दी जा रही है ढ्ढ इस प्रतियोगिता में भारतीय रेल के 20 क्षेत्रीय रेलवे व इकाइयों के 300 प्रतिभागियों के द्वारा नाटको का मंचन किया जा रहा है ।उत्तर मध्य रेलवे, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे, उत्तर पूर्व रेलवे सहित कुल 10 रेलवे के कलाकारों ने असर कर्मो का, बोलुकत बियोली बेला, मुट्ठी में गोष्ठ, अँधा युग, हेबाला एवं नाटकों की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को आनंदित किया ।

मध्यान्ह भोजन उपरान्त नाटक इन्स्पेक्टर मातादीन चाँदपर, यमराज बोले सौ साल जिओ, घडीचा, अपने पराये की प्रस्तुति हुङ्क्र स्श्रष्ट्क्र तथा स्ष्ट्क्र रेलवे के द्वारा किया गया ढ्ढ

उक्त नाट्य महोत्सव में 06.03.2025 को भी नाटको का मंचन तथा पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम स्पंदन रेल अधिकारी क्लब, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के प्रांगण में आयोजित किया जायेगा कार्यकम में इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के सम्मानित अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहें ।

# बैंक की मनमानी: विधवा महिला के खाते से उड़ाई रकम

## भुक्तभोगी महिला के पति की मौत पर मिला था दुर्घटना बीमा योजना का लाभ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कोरांव(प्रयागराज)।** नगर पंचायत कोरांव स्थित यूको बैंक में मनमानी व लापरवाही का बड़ा खेल प्रकाश में आया है जहां पर एक विधवा महिला के खाते से फर्जी चेक के जरिए भारी धनराशि उड़ाने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक खुशबू देवी पत्नी स्वर्गीय बाबूलाल निवासी देवघाट कोरांव का खाता यूको बैंक शाखा कोरांव में खुला है। भुक्तभोगी महिला के खाते में उसके पति की मौत होने पर किसान दुर्घटना बीमा की रकम 5 लाख रुपए आई। महिला के खाते में धनराशि आहरण हेतु चेकबुक जारी थी। बैंक शाखा में चेकबुक खो जाने पर महिला द्वारा जारी चेकबुक को लाक कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। भुक्तभोगी महिला द्वारा पुनः चेकबुक हेतु आवेदन किए बिना फर्जी ढंग से चेकबुक जारी कर फर्जी हस्ताक्षर से 2 लाख 70 हजार रुपए उड़ा दिए गए। मंगलवार को भुक्तभोगी विधवा महिला ने शाखा प्रबंधक को प्रार्थना पत्र देकर फर्जी ढंग से उड़ाई गई धनराशि को वापस खाते में जमा करने की मांग की है। हैरत की बात तो यह है कि जब खाताधारक द्वारा चेकबुक खो जाने के बाद दुबारा चेकबुक हेतु आवेदन नहीं किया गया तो कैसे चेकबुक जारी हो गई और उस पर भी फर्जी हस्ताक्षर से कैसे भुगतान हो गया। फिलहाल मामला जांच व कार्यवाही का विषय है जिसका संज्ञान उच्च अधिकारियों को लेना चाहिए।

आए दिन बैंकों में फर्जीवाड़े के खेल से ग्राहकों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है बावजूद इसके जिम्मेदारों की मनमानी नहीं थम रही है।

विधवा महिला मामले से बेहद दुखी देखी गई जो अपनी पीड़ा को आंसुओं के जरिए बयां कर रही थी।

# रमजान के व्यंजनों में आधुनिक स्वाद

## पारंपरिक के बजाय अपनी पसंद का खाते हैं युवा रोजेदार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** रमजान में भूखे-प्यासे रहने के बाद इफ्तार में रोजा खोलने की परंपरा है। इफ्तार में पौष्टिक व सुपाच्य आहार जैसे बिरयानी , शामी , कबाब , ब्रेड , छोहारा , और मक्खन आलू , पैटीज , आलू कचालू , केला , बदाम , काजू और खजूर खाने का रिवाज है। जिससे शरीर की किसी प्रकार की दिक्कत न हो। इन दोनों पिज्जा, बर्गर, क्रेच , फ्राइज, चाऊमीन और पैन केक सहित कई आधुनिक व्यंजन दिखाई देते हैं । महंगाई का पड़ रहा है असर। रोजेदार सुबह सहरी करके रोज शुरू करते हैं । जबकि शाम को इफ्तार के साथ रोजा खोलते हैं । रोजे और सहरी में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुएं आम रोजेदारों की पहुंच से दूर होती दिखाई दे रही है, रोजा रखना हर मुसलमान का फर्ज है । रमजान के दिनों में इफ्तार के समय विभिन्न व्यंजनों , फलों , मेवा, मिष्ठान और लजीज खाद्य पदार्थो से सजा रहने वाला दस्तरखान महंगाई के चलते सिमट गया है । रमजान के दिनों में एक - दूसरे को रोजा खोलने और खुलवाने का अपना ही महत्व है । रोजा खुलवाने मुसाफिरों, गरीबों के लिए मस्जिदों में इफ्तार की कमी नहीं रहती है। मगर घरों में रोजा खोलने वालों पर महंगाई का पूरा असर दिख रहा है । चीनी , दूध से हरी सब्जी , घी , तेल , फलों और रोजे के दौरान इफ्तार में अपना अलग महत्व रखने वाला खजूर आदि की कीमत इस वर्ष दुगनी हो गई है।रोजेदार अहमद अली, का कहना है कि उनका संयुक्त परिवार है । जिसमें 14 सदस्य हैं ।

लगभग सभी रोजा रख रहे हैं। लेकिन महंगाई के चलते सभी के पसंद के खाद्य पदार्थ इफ्तार के समय रखना नामुमकिन हो गया हो रहा है।

# इंद्रजीत सरोज बने अपना दल यस के अनूसूचित मंच के जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा सदस्य जिला पंचायत इंद्रजीत सरोज को अपना दल यस अनूसूचित मंच प्रयागराज का जिलाध्यक्ष बनाये जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है कार्यकर्ताओं ने प्रदेश उपाध्यक्ष बौद्धिक मंच सुरेन्द्र कुमार पटेल के नेतृत्व में एक दूसरे नें मिठाई खिलाकर इंद्रजीत को बधाई दी जिसमें मुख्य रूप से जिला सचिव आईटी सेल अवनीश कुमार जिला कार्यकारिणी मोहित पटेल, विधान सभा उपाध्यक्ष उपदेश कोटेदार, ऊधम सिंह, उदय पटेल , सेक्टर अध्यक्ष डॉक्टर घनश्याम पटेल विंदा सिंह पटेल हरिहर पटेल,स्वामी जी राम संजीवन पटेल ,सुरेश पटेल बीडीसी राम सेवक , श्याम बहादुर पटेल, लाल बहादुर पटेल , धीरज कुमार वा मणिलाल पटेल आदि समेत काफी कार्यकर्ता लोग रहें ।



# केबी काला का सम्मान आज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** भारतीय रेलवे में अपनी सेवा पूर्ण करने करके पिछले माह सेवानिवृत होने वाले शहर के वरिष्ठ क्रिकेटर, भारतीय रेलवे टीम के पूर्व कप्तान एवं चयनकर्ता पूर्व रणजी खिलाड़ी कृष्ण बिहारी काला (केबी काला) को गुरुवार दोपहर साढ़े तीन बजे उत्तर मध्य रेलवे के क्रिकेट खिलाड़ियों एवं डीएसए क्रिकेट अकादमी की तरफ से सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी उत्तर मध्य रेलवे के पूर्व क्रिकेटर अनूप सिंह ने दी है। कार्यक्रम डीएसए ग्राउंड पर संपन्न होगा।

# बीआरसी सिकंदरा में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया।** बच्चों के समग्र विकास और अभिभावकों के जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार को बीआरसी सिकंदरा में %%हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बहरिया ब्लॉक के समस्त 13 न्याय पंचायतों के 5ङ्क5 निपुण छात्र छात्राओं के साथ, नोडल शिक्षक संकुल, नोडल शिक्षक तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम को सफलता से संचालित करते हुए नोडल एआरपी आदर्श चतुर्वेदी ने शिक्षकों और आंगनवाड़ी संचालिकाओं से समन्वय बनाकर निपुण अभियान को और गतिशील बनाने का आह्वान किया। एआरपी अशोक यादव ने कार्यक्रम के फ्रेमवर्क की चर्चा की।

एआरपी देवेंद्र शुक्ला ने एनईपी 2020, स्कूल रेडिनस कार्यक्रम फेसङ्क1, माता उन्मुखीकरण , आदर्श बालवाटिका का प्रभावी संचालन पर चर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मौर्य ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पूर्व प्राथमिक शिक्षा व बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यों के अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रत्येक न्याय पंचायत से बुलाए गए 5ङ्क5 छात्रों को बैग, स्टेशनरी, चॉकलेट व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया और टीएलएम स्टॉल और इको क्लब स्टॉल का अवलोकन किया गया। स्टॉल में अलकमा, बबीता यादव ,शहाना, बेबी, निशा मौर्य, चन्दना पाल, कमला सरोज सुनीता सरोज द्वारा सुंदर और रोचक टीएलएम बनाए और प्रदर्शित किए गए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुकेश कुमार, सुभाष चंद्र पटेल, एवं प्रभाकर मिश्र आदि शामिल रहे।



# स्वयं सेविकाओं ने जो सीखा उसे अपनी दिनचर्या में शामिल करें

## डीएम महाकुम्भ मेला विजय किरण आनन्द ने एनएसएस की स्वयं सेविकाओं को दी सलाह

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** आर्य कन्या डिग्री कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महाकुम्भ मेला विजय किरन आनंद ने कहा कि स्वयं सेविकाओं के उत्साह और समाज सेवा के कार्यों से उन्हें अपार ऊर्जा मिली है। लक्ष्य निश्चित करके यह लोग पूरे जोश से अपना कार्य करती रहेंगी तो जीवन में बहुत ही ऊंचाई हासिल करेंगी। इस अवसर पर उन्होंने महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज के लोगों के सहयोग और योगदान की सराहना की। श्री आनन्द ने स्वयं सेविकाओं को सलाह दी कि उन्होंने मेले के दौरान जो भी सीखा उसे अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो राजेश गर्ग ने स्वयं सेविकाओं द्वारा निर्मित जन जागरूकता को बढ़ाने वाले महाकुंभ, साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, प्रदूषण, महिला सशक्तिकरण की थीम पर आधारित पोस्टर एवं क्राफ्ट की भूरि भूरि प्रशंसा की। स्वयं सेविकाएं शिक्षा की ज्योति के साथ साथ जन जागरण का संदेश लेकर घर घर जाएंगी।

कार्यक्रम की शुरुआत में शासी निकाय के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि सप्त दिवसीय कैंप ने निश्चित रूप से स्वयं सेविकाओं के व्यक्तित्व को ऐसा आकार दिया जिससे वे राष्ट्र और समाज के लिए जीवन भर योगदान दे सकेंगी। इसी प्रकार स्वयं सेविकाओं ने एनएसएस बैच निर्मित किए जिसे सभी अतिथियों को प्रदान किया गया।स्वयं सेविकाओं ने लक्ष्य गीत, समूह गीत भी प्रस्तुत किए। इनमें लक्ष्मी पांडे ने गीत, वर्षा दुबे और अदिति मिश्रा ने कैंप के अनुभव साझा किए। कैंप में प्रशिक्षण के लिए डॉ किरण मिश्र, श्रीमती मऊ बोस एवं श्रीमती अनुपमा के साथ ही प्राचार्य प्रोफेसर अर्चना पाठक, डायरेक्टर डॉ ममता गुप्ता, उप प्राचार्य प्रो इभा सिरोठिया, प्रो अंजू श्रीवास्तव प्रोनीलांजना जैन, डॉ सुधा सिंह, कार्यक्रम प्रभारी डॉक्टर रंजना त्रिपाठी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ मुदिता, डॉ अनुपमा सिंह, डॉक्टर अर्चना सिंह, डॉक्टर भारती देवी को सम्मानित किया गया। प्राचार्या प्रो.अर्चना पाठक ने धन्यवाद ज्ञापित किया जबकि संचालन व संयोजन प्रभारी डॉ रंजना त्रिपाठी, डॉ मुदिता तिवारी, डॉ अर्चना सिंह, डॉ अनुपमा सिंह व डॉ भारती ने संयुक्त रूप से किया।कार्यक्रम में डॉ निशा, डॉ हेमलता, डॉ अमित, डॉ स्मिता, डॉ सव्यसाची, डॉ अमित पांडे, डॉ अमित मिश्रा, डॉ शीर्षक, डॉ स्मिता, डॉ दीपशिखा, पूनम जायसवाल, मोनाली समेत सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।



# विद्यार्थियों ने स्वच्छ कुंभ के नारे को किया सार्थक

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** लाला मनमोहन दास इंटरमीडिएट कॉलेज झूंसी प्रयागराज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने कुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर 18 में स्वच्छता अभियान चलाकर मेला समाप्ति के पश्चात भी स्वच्छ कुंभ के संकल्प को साकार किया। इस अवसर पर सेक्टर 18 एवं 19 के सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं प्रधानाचार्य डॉ निरंजन कुमार सिंह सहित कॉलेज के समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

कॉलेज के 100 से अधिक एनसीसी स्काउट एवं गाइड सहित विद्यार्थी और शिक्षकों ने सेक्टर 18 में 1 घंटे से अधिक समय तक स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने झाड़ू लेकर सफाई की और नालियों तथा मेला क्षेत्र में बिखरे हुए पॉलिथीन एवं अन्य प्रकार की सामग्रियों को उठाकर पॉलीबैग में एकत्रित किया। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ निरंजन कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता जीवन का संस्कार है और इस अभियान के जरिए विद्यार्थियों ने स्वच्छ कुंभ के संकल्प को कुंभ समाप्ति के पश्चात भी साकार किया है। उन्होंने कहा कि कुंभ में करोड़ों लोग सम्मिलित हुए जिनके लिए स्वच्छता का उच्च कोटि का प्रबंध किया गया था। बावजूद इसके कुछ लोगों ने सड़कों पर और नालियों में पॉलिथीन सहित अन्य सामग्रियों को फेंक गंदगी फैलाई जिसे समय रहते हटाया जाना पर्यावरण के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से स्कूली बच्चों के अंदर न सिर्फ स्वच्छता का संस्कार विकसित होगा, बल्कि वह कुंभ समाप्ति के बाद गंगा के कछार को स्वच्छ बनाने में अपना योगदान भी दे सकेंगे। स्वच्छता अभियान में कॉलेज के शिक्षकों ने भी हिस्सा लिया और उन्होंने विद्यार्थियों के साथ मिलकर कूड़े एकत्रित करने में अपना हाथ बटाया। झूंसी में गंगा के तट पर बसे लाला मनमोहन दास इंटरमीडिएट कॉलेज के विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वह आगे भी स्वच्छता अभियान चलाएंगे।



# महाकुम्भ की सतत अनुभूति का साक्षी बनेगा त्रिवेणी संगम

● संगम क्षेत्र को नव्य स्वरूप देने की प्रशासन ने शुरू की तैयारी
● मंदिरों के कॉरिडोर, पक्के घाट और नए निर्माण होंगे पर्यटन के केंद्र



**प्रयागराज,(हि.स.)।** त्रिवेणी के तट पर आयोजित महाकुम्भ 2025 ने इतिहास बना दिया। 45 दिन तक चले इस महा आयोजन में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन के बाद संगम के घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ ने मेला प्रशासन को महा कुम्भ के बाद संगम के लिए नया रोड मैप बनाने के लिए प्रेरित किया है। यह जानकारी बुधवार को एडीएम मेला विवेक चतुर्वेदी का कहना है कि पहली बार पक्के घाटों में पर्यटकों के रुझान को देखते हुए वहां अब वाराणसी के घाटों की तरह आरती की योजना भी तैयार हो रही है।प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था के जन सैलाब ने प्रशासन के सभी अनुमानों को पीछे छोड़ दिया। विशेष तौर पर बसंत पंचमी के तीसरे और अंतिम अमृत स्नान के बाद महाकुम्भ में आए श्रद्धालुओं ने संकेत कर दिया कि यह सनातन की आस्था का संवेग है। महा शिवरात्रि के बाद संगम के घाटों में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ महा कुम्भ की सतत अनुभूति की तरफ इशारा कर रही है।

दिल्ली से त्रिवेणी में डुबकी लगाने आए विजयकांत का कहना है कि हमने महाकुम्भ के अमृत काल में भी पुण्य की डुबकी लगाई और अब भीड़ कम होने पर सपरिवार संगम के पावन जल में उसी अनुभूति के साथ डुबकी लगा रहे हैं। मध्य प्रदेश के दमोह से अपनी पत्नी के साथ संगम में पुण्य की डुबकी लगाने आए शशिकांत मदेशिया का कहना है कि हमारे लिए त्रिवेणी संगम का जल महाकुम्भ के बाद भी उतना ही पुण्य फल वाला है जितना महाकुम्भ में था। श्रद्धालुओं के सतत आगमन को देखते हुए मेला प्रशासन ने संगम और उसके आसपास के क्षेत्र को नव्य स्वरूप देने का रोड मैप तैयार करना शुरू कर दिया है।प्रयागराज महाकुम्भ में आस्था का जो विराट स्वरूप सामने आया उससे कुम्भ नगरी, अयोध्या और काशी के साथ आध्यात्मिक पर्यटन का मजबूत त्रिकोण बनता नजर आ रहा है। मेला प्राधिकरण भी इसी रुझान को देखते हुए अग्रसर हो रहा है। एडीएम मेला विवेक चतुर्वेदी का कहना है कि महा कुम्भ के समापन के बाद भी महा कुम्भ क्षेत्र के संगम और उसके आसपास के क्षेत्रों से कुम्भ में प्रदान की गई सुविधाएं हटाई नहीं जाएंगी। अगले अर्धकुम्भ 2031 तक संगम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए क्षेत्र में लाइट्स, पेयजल के लिए वाटर एटीएम, आवागमन के लिए चकर्ड प्लेट, वाहन पार्किंग क्षेत्र, पुलिस बल, मोबाइल शौचालय, चेंजिंग रूम आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। पहली बार अगले अर्ध कुम्भ तक चौबीसों घंटे कई सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इसमें टैक्सी सेवा, फूड कोर्ट जैसी सेवाएं भी शामिल की जाएंगी। इन सबके लिए नया बजट भी आवंटित होगा।पिछले साल से संगम क्षेत्र और यहां के पर्यटन स्थलों में आने वाले पर्यटकों की गणना का कार्य शुरू हो चुका है।

महा कुम्भ के समय शहर के अंदर विकसित किए गए मंदिरों के विभिन्न कॉरिडोर पूरे साल संगम आने वाले पर्यटकों के लिए पर्यटन के नए डेस्टिनेशन साबित होंगे। संगम के निकट हनुमान मंदिर कॉरिडोर और अक्षय वट कॉरिडोर को लेकर श्रद्धालुओं और पर्यटकों का रिस्पॉन्स बता रहा है कि अब पूरे साल संगम और उसके आसपास के इलाकों में मिनी महाकुम्भ जैसी स्थिति बनी रहेगी।

## फिरोजाबाद में स्लीपर बस दुर्घटनाग्रस्त, पश्चिम बंगाल के 20 तीर्थयात्री घायल



**फिरोजाबाद,(हि.स.)।** मक्खनपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक स्लीपर बस सड़क हादसे का शिकार हो गई। उसमें सवार पश्चिम बंगाल के 20 तीर्थयात्री घायल हुए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि बस में करीब 74 सवारियां थी। यह सभी पश्चिम बंगाल के उत्तरी परगना जिले के रहने वाले हैं, जो दो मार्च को तीर्थ यात्रा पर निकले थे। प्रयागराज व उसके आसपास जिलों में तीर्थ स्थलों पर घूमने के बाद सभी लोग बस से आगरा जा रहे थे, तभी वह हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने मौके से क्रेन के माध्यम से दुर्घटनाग्रस्त बस को सड़क से हटवाकर यातायात को चालू करवाया है। सभी घायलों का इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में चल रहा है।

## लखनऊ में नदवा रोड पर सोते हुए लोगों पर चढ़ाया वाहन, दो की मौत



**लखनऊ, ʿ(हि.स.)।** जिले के हसनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नदवा कॉजेल रोड के डिवाइडर पर सो रहे चार लोगों पर एक चालक ने चार पहिया वाहन चढ़ा दिया। घटना के बाद वाहन चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं।हसनगंज थाना प्रभारी निरीक्षक डी. के. सिंह ने बुधवार को बताया कि घटना बीती रात्रि एक बजे की है। प्रथम दृष्टया यह लग रहा है कि एक वाहन का अगला पहिया फटने के बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और वहां सो रहे चार लोग उससे कुचल गए। इस घटना की सूचना के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी के नीचे दबे चारों लोगों को निकालते हुए अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो घायलों का उपचार जारी है। मृतकों की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

उन्होंने बताया कि घटनास्थल से मिले एक्सयूवी मॉडल वाहन स्वामी की पहचान अमीनाबाद निवासी मोहम्मद इकबाल के रूप में हुई है। जबकि वाहन कोई दूसरा व्यक्ति चला रहा था। मुकदमा पंजीकृत कर घटना में लिप्त व्यक्ति की गिरफ्तारी करायी जायेगी।

# दिल्ली में आहार मेले का चिराग पासवान ने किया उद्घाटन, 22 देशों के लोगों ने लिया हिस्सा



**नई दिल्ली,(आरएनएस)।** दिल्ली के भारत मंडपम में 39 वें आहार अंतरराष्ट्रीय खाद्य एवं आतिथ्य मेले 2025 मेले का आगाज मंगलवार को हुआ. यह मेला 8 मार्च तक चलेगा. मेले का उद्घाटन केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने किया. इस अवसर पर भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला, कार्यकारी निदेशक प्रेमजीत लाल, विदेशी प्रतिनिधि एवं प्रतिभागी उपस्थित रहे.पहली बार मेले का आयोजन 1,12,000 वर्ग मीटर के क्षेत्र में किया जा रहा है, जिसमें खाद्य उद्योग की से जुड़ी सभी वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया है. यह मेला बी 2 बी मेला है. इस बार मेले में 22 देशों के 80 प्रतिभागी इसमें भाग ले रहे हैं. साथ ही 1700 अन्य प्रतिभागी भी हिस्सा लेंगे.

मेले का आयोजन 1, 2, 3, 4, 5, 6, 8, 9, 10, 11, 12, 12 ए और 14 नंबर हॉल में किया गया है. कार्यक्रम में चिराग पासवान ने कहा, एक दिन ऐसा आना चाहिए जब दुनिया भर में हर खाने की मेज पर एक भारतीय व्यंजन हो.भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला ने कहा कि आहार मेले के इस संस्करण में कई विशेषताएं हैं. इसका आयोजन खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय और आईटीपीओ द्वारा कई सक्रिय एवं प्रभावशाली संघों की मदद से किया गया है. आईटीपीओ और सभी संघ मिलकर प्रयास करेंगे की चिराग पासवान के कुशल मार्गदर्शन में आहार को दुनिया की शीर्ष खाद्य प्रदर्शनी बनाने में कोई कसर नहीं छूटे.बता दें कि आहार मेला 8 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित किया जाएगा.

एक दिन (सिंगल एंट्री) का टिकट 300 रुपए है, वहीं अगर कोई इसको पांचों दिन घूमना चाहता है तो उसकी टिकट के बार में ही ले सकते हैं इसका शुल्क 1000 रुपए में उपलब्ध है. मेले का टिकट आईटीपीओ की वेबसाइट और डीएमआरसी मोमेंटम 2.0 पर उपलब्ध है.

## भारतीय टीम की जीत पर सीएम योगी और विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में भारतीय टीम की विजय पर बधाई दी है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को पराजित कर 140 करोड़ भारत वासियों को हर्षित और गर्वित करने वाली भारतीय क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई। फाइनल मैच हेतु आप सभी को अग्रिम शुभकामनाएं। जय हिंद।चैंपियंस ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया को शानदार प्रदर्शन के साथ चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश करने पर उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भारतीय क्रिकेट टीम को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।महाना ने कहा कि टीम इंडिया का यह प्रदर्शन पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना और संघर्षशीलता का परिचय देते हुए कठिन मुकाबले में जीत हासिल की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारतीय टीम फाइनल मुकाबले में भी इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ खेलते हुए खिताब अपने नाम करेगी।

# मणिकर्णिका चक्रपुष्करिणी तीर्थ से संकल्प लेकर नागा संत पंचक्रोशी यात्रा पर निकले

● मणिकर्णिका घाट से नाव से अस्सी पहुंचे, यहां से पैदल पहले पड़ाव कंदवा जाएंगे
● निरंजनी अखाड़े के संत नौ मार्च को पंचक्रोशी यात्रा करेंगे
● पंचक्रोशी परिक्रमा की शुरूआत त्रेता युग में हुई थी



**वाराणसी, (हि.स.)।** प्रयागराज महाकुंभ से महाशिवरात्रि के पूर्व काशी आए सैकड़ों नागा संत बुधवार को पंचक्रोशी परिक्रमा पथ पर रवाना हुए। श्रीपंचायती महानिर्वाणी अखाड़े के लगभग 300 संत शिवाला स्थित अखाड़े से निकल गंगा तट पर पहुंचे। यहां से नावों पर सवार होकर हर-हर गंगे, हर-हर महादेव का उद्घोष करते हुए संत मोक्षतीर्थ मणिकर्णिका के चक्रपुष्करिणी तीर्थ पर पहुंचे। यहां परम्परानुसार नागा संतों ने पंचक्रोशी यात्रा का संकल्प लिया। इसके बाद बाबा विश्वनाथ के दरबार में दर्शन पूजन कर नाव से अस्सीघाट पर पहुंचे। यहां से पैदल कड़ी सुरक्षा के बीच पंचक्रोशी परिक्रमा पथ के पहले पड़ाव कंदवा स्थित कर्मदेश्वर महादेव मंदिर के लिए चल पड़े। संत पूरे पॉच दिन तक पंचक्रोशी यात्रा करेंगे।अखाड़े के थानापति विवेक भारती के अनुसार नागा संत एक दिन में लगभग 15 किमी की दूरी पैदल तय करेंगे।

गुरूवार को सुबह कर्दमेश्वर महादेव की आराधना कर अगले पड़ाव भीमचंडी के लिए निकलेंगे। यहां पूरी रात आराधना के बाद अगले दिन रामेश्वर, पांचों पंडवा, अंतिम पड़ाव कपिलधारा पहुंचेंगे। यहां से नाव में सवार होकर पुनः मणिकर्णिका पहुंचकर संकल्प पूरा करेंगे। संत के अनुसार परिक्रमा करने से हमें अपने आराध्यदेव के स्थल पर जाने का अवसर मिलता है। इससे आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव भी होता है।

श्रीपंचायती महानिर्वाणी अखाड़े के बाद नौ मार्च को निरंजनी अखाड़े के संत पंचक्रोशी परिक्रमा के लिए निकलेंगे। अखाड़े के श्रीमहंत रवींद्र गिरि महाराज के अनुसार हरिद्वार अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि और उनके साथ 200 से अधिक नागा संत पंचक्रोशी यात्रा करेंगे।सनातनी समाज में मान्यता है कि पंचक्रोशी यात्रा की शुरुआत त्रेता युग से हुई थी। त्रेता युग में भगवान राम ने अपने तीनों भाइयों भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न और पत्नी सीता के साथ काशी में पंचक्रोशी यात्रा की थी। भगवान राम ने स्वयं रामेश्वरम मंदिर में शिवलिंग स्थापित किया था। भगवान राम ने अपने पिता राजा दशरथ को श्रवण कुमार के माता-पिता के श्राप से मुक्ति दिलाने के लिए पंचक्रोशी यात्रा की थी। दूसरी बार भगवान राम ने पंचक्रोशी परिक्रमा रावण वध के बाद की थी।

● ● कांग्रेस के संयुक्त सत्र में बोले ट्रंप ● ●

# अमेरिका में स्वर्ण युग शुरू



**वाशिंगटन,(हि.स.)।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय समयानुसार बुधवार को अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। दूसरे कार्यकाल के अपने पहले संबोधन में राष्ट्रपति ट्रंप ने अपनी जीत का जश्न मनाया। बोले स्वर्ण युग अब शुरू हुआ है। उन्होंने अपनी सबसे बड़ी उपलब्धियों को भी गिनाया। इनमें अमेरिका की खाड़ी का नाम बदलना, ट्रांसजेंडर विचारधारा पर हमला करना, आप्रवासन पर नकेल कसना और सरकार में विविधता पहल को खत्म करना शामिल है।द वाल स्ट्रीट जनरल की खबर के अनुसार, ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का स्वर्ण युग अभी शुरू हुआ है। यह ऐसा कुछ होगा जो पहले कभी नहीं देखा गया है। इस दौरान रिपब्लिकन ने खड़े होकर जोरदार तालियां बजाई। इस दौरान कुछ डेमोक्रेट्स ने राष्ट्रपति के संबोधन में खलन डालने की कोशिश की। सार्जेंट ऑफ आर्म्स ने अल ग्रीन (डी. टेक्सास) को बाहर निकाल दिया। कुछ डेमोक्रेटिक सांसद उनका भाषण शुरू होने से पहले ही बाहर चले गए।राष्ट्रपति ट्रंप ने कांग्रेस से बिडेन-युग के कानून को रद्द करने का आह्वान किया। ट्रंप ने अपने शुरुआती भाषण में आव्रजन उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने कांग्रेस से बच्चों में लिंग-संबंधी सर्जरी पर स्थायी रूप से प्रतिबंध लगाने और अपराधीकरण करने वाला विधेयक पारित करने का आह्वान किया।

उन्होंने खुलासा किया कि काबुल हवाई अड्डे पर 2021 के घातक आत्मघाती हमले की योजना बनाने में शामिल एक अफगान को अमेरिका लाया जा रहा है। ट्रंप ने कहा कि अफगानिस्तान में स्थित इस्लामिक स्टेट शाखा के एक वरिष्ठ सदस्य को पाकिस्तान ने अमेरिकी अधिकारियों को सौंप दिया है। अमेरिकी अधिकारियों ने उसकी पहचान मोहम्मद शरीफुल्लाह के रूप में की है।डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दो दिन पहले उन्होंने अंग्रेजी को अमेरिका की आधिकारिक भाषा बनाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। अमेरिका को उन पर भरोसा है। बाइडन अब तक के सबसे खराब राष्ट्रपति हैं। बाइडन के कार्यकाल में घुसपैठ बढ़ी थी। उन्होंने दावा किया कि उनके प्रशासन ने महज 43 दिन में वो कर दिखाया, जो पिछली सरकारों ने चार साल में भी नहीं किया।उन्होंने कहा कि अंडों की कीमतें बेकाबू हो गई हैं। वह वादा करते हैं कि अमेरिका से महंगाई खत्म करेंगे। उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता में देश की अर्थव्यवस्था को बचाना और कामकाजी परिवारों को राहत प्रदान करना है। ट्रंप ने कांग्रेस में अपने आखिरी संबोधन के पांच साल बाद हाउस चैंबर में खड़े होकर कहा, %%मैं आज रात इस चैंबर में यह रिपोर्ट करने के लिए लौटा हूं कि अमेरिका की गति वापस आ गई है, हमारी भावना वापस आ गई है, हमारा गौरव वापस आ गया है, हमारा आत्मविश्वास वापस आ गया है।

## बारामूला में पुलिस चौकी के पास ग्रेनेड हमला, सुरक्षा बलों ने चलाया सर्च ऑपरेशन

**बारामूला,(आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में बीती रात एक पुलिस चौकी के पास हमले की खबर है. हालांकि, इसमें किसी जानमाल को नुकसान नहीं पहुंचा. घटना के बाद पुलिस और सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया.जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक बयान के अनुसार बारामूला में एक संदिग्ध ग्रेनेड हमले की सूचना मिली. यह घटना मंगलवार रात लगभग सवा 9 बजे के करीब हुई. पुलिस के अनुसार बारामूला के ओल्ड टाउन पुलिस पोस्ट के पीछे से धमाके जैसी आवाज सुनाई दी. इससे लोगों में दहशत फैल गई. इसकी सूचना वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई.आनन-फानन में पुलिस दलों ने तुरंत अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर इलाके की घेराबंदी कर दी और तलाशी अभियान चलाया. इस दौरान देर रात पुलिस चौकी के पीछे चारदीवारी के बाहर एक ग्रेनेड पिन जैसी वस्तु बरामद की गई.

# चित्रकूट में सड़क हादसा, चार लोगों की मौत

● हादसे में घायल छह घायल लोगों को अस्पताल में चल रहा इलाज



**चित्रकूट, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर शिवरामपुर कस्बे के पास पिकअप को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पिकअप सवार चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर में भर्ती कराया गया है।उधर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को घायलों का बेहतर इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। वहीं मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना बरुआ नदी पुल के पास बुधवार की सुबह करीब पांच बजे हुई। पिकअप यात्रियों को लेकर प्रयागराज से बांदा जिले के कालिंजर जा रही थी। हाईवे पर ओवर टेक करने के दौरान किसी अज्ञात वाहन ने पिकअप में टक्कर मार दी, जिससे वह पलट गया। वहां से गुजर रहे वाहन सवारों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर में भर्ती कराया।एसपी ने बताया कि मृतकों में बांदा थाना कालिंजर के गाडियां निवासी कुसमा (60) पत्नी हरीराम, सड़ा निवासी केशर (60) पत्नी श्रीकेशन व उनकी बेटी सपना (21) और मध्य प्रदेश जिला पन्ना थाना चंद्रा के खरबा निवासी सुनील की पुत्री मनु (14) की मौत हो गई। वहीं शकुंतला (62),किशन (63), वंदना (35) और भोले (16) समेत छह लोगों का इलाज जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की जानकारी पर जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना और स्वास्थ्य अधिकारियों को बेहतर उपचार के निर्देश दिए। वहीं पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम भेजते हुए अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सरकार ने अजय भादू को गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस का सीईओ नियुक्त किया



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने अजय भादू को गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) का मुखे य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। जीईएम पोर्टल वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन सरकारी खरीद के लिए एक प्लेटफॉर्म है। भादू के पास नीति निर्माण और कार्यान्वयन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है।वाणिजे य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि केंद्र सरकार ने वाणिज्य विभाग में अपर सचिव अजय भादू को 3 मार्च, 2025 से सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) का सीईओ नियुक्त किया है। वह वाणिज्य विभाग में अपनी मौजूदा जिम्मेदारियों के अतिरिक्त यह भूमिका भी संभालेंगे।मंत्रालय ने कहा कि सरकारी खरीद के लिए भारत के सबसे बड़े ई-मार्केटप्लेस जेईएम के सीईओ के रूप में उनकी नियुक्ति ऐसे महत्वपूर्ण समय पर हुई है, जब यह प्लेटफॉर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा संचालित अगली पीढ़ी के डिजिटल मार्केटप्लेस में परिवर्तित हो रहा है।गुजरात कैडर के 1999 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी अजय भादू को शहरी बुनियादी ढांचे के विकास सहित विविध क्षेत्रों में नीति निर्माण और कार्यान्वयन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है। भादू को अगस्त 2024 में विभाग में अतिरिक्त सचिव के रूप में नियुक्त किया गया

## काहिरा सम्मेलन में मिस्र की 53 अरब डॉलर की गाजा पुनर्निर्माण योजना का समर्थन



**काहिरा (मिस्र), (हि.स.)।** अरब लीग शिखर सम्मेलन ने गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण पर मिस्र की योजना पर मुहर लगा दी। यह सम्मेलन कल दोपहर 03 बजे (स्थानीय समयानुसार) काहिरा में शुरू हुआ था। सम्मेलन में हिस्सा लेने पहुंचे नेताओं ने मिस्र की योजना को स्वीकार करते हुए अंतरराष्ट्रीय समर्थन का आह्वान किया। मिस्र ने गाजा के पुनर्निर्माण के लिए कुल 53 अरब डॉलर की योजना प्रस्तुत की। इसे पूरा करने के लिए पांच साल की समय सीमा तय की गई है।डेली न्यूज इजिप्ट की खबर के अनुसार, इस आपातकालीन अरब लीग शिखर सम्मेलन के समापन वक्तव्य में गाजा के भविष्य और इसके पुनर्निर्माण के लिए मिस्र की योजना को अपनाया गया है। बयान में अंतरराष्ट्रीय समुदाय और वित्तीय संस्थानों से योजना के लिए तेजी से समर्थन प्रदान करने का आह्वान किया गया है।मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने अरब देशों के नेताओं से गाजा पट्टी के पुनर्निर्माण के लिए मिस्र की योजना को अपनाने का आह्वान किया।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि फिलिस्तीनी पुनर्निर्माण के समय अपनी भूमि पर बने रहें। सीसी ने कहा कि गाजा में इजराइली आक्रामकता ऐतिहासिक भूमि से जबरन विस्थापन चिंताजनक है। इस शिखर सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्य पूर्वी रिवेरा में पुनर्विकास के सुझाव की निंदा की गई।मिस्र की 112 पेज की योजना के अनुसार, शुरू के छह माह में मलबे को साफ करने और अस्थायी आवास स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। पुनर्निर्माण के पहले चरण में दो साल लगने की उम्मीद है और इसमें 200,000 आवास इकाइयों का निर्माण शामिल होगा। इसकी अनुमानित लागत 20 अरब डॉलर होगी। दूसरे चरण का बजट 30 अरब डॉलर है।

यह ढाई साल तक चलेगा। इसमें अतिरिक्त 200,000 आवासीय इकाइयों के साथ-साथ गाजा में एक हवाई अड्डे का निर्माण शामिल होगा।

## योगी सरकार उर्दू, औरंगजेब, शाहजहां इस तरह के मुद्दे लाकर जनता का ध्यान भटकाना चाहती है: कमाल अख्तर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** सपा विधायक अबू आजमी के औरंगजेब वाले बयान को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ की टिप्पणी पर सपा नेता कमाल अख्तर ने बुधवार को प्रतिक्रिया दी। मुरादाबाद के कांठ से सपा विधायक कमाल अख्तर ने बातचीत के दौरान कहा कि संविधान ने सभी नागरिकों को अभिव्यक्ति की आजादी दी है। वो महाराष्ट्र का मामला है। लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार जनता के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है। राज्य सरकार कठमुल्ला, उर्दू, औरंगजेब, शाहजहां इस तरह के मुद्दे लाकर जनता का ध्यान भटकाना चाहती है। सपा नेता ने कहा कि किसान बदहाल हैं, किसानों की आय दो गुनी नहीं हुई, गन्ने के रेट नहीं बढ़े, उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है, स्वास्थ्य सुविधाएं ध्वस्त हैं, अस्पतालों में दवाइयां नहीं हैं, एमआरआई मशीन नहीं है, डायलिसिस की मशीन नहीं हैं। जब सरकार ये सब नहीं कर पा रही तो धर्म, जात, बिरादरी को लाकर मुद्दों से भटकाना चाहती है। जहां तक शाहजहां, औरंगजेब, अकबर या मुगलों की बात है तो उनकी बहुत सारी चीजे हैं। सबसे पहले ताजमहल को खत्म करना चाहिए। उसके बाद आगरा के लाल किले को खत्म करना चाहिए। कुतुब मीनार को खत्म करना चाहिए। उनकी बनाई हुई बहुत सारी चीजें हैं उनको खत्म करना चाहिए। एक तरफतो सरकार रेवेन्यू लेती है और दूसरी तरफ इस तरह की बात करती है। जो ऐतिहासिक व्यक्ति है वो अच्छा रहा हो या बुरा, उसके बारे में तो लोग बोलेंगे ही। मुजफ्फरनगर का नाम बदलने की मांग पर उन्होंने कहा कि वो नाम किसी सरकार ने तो नहीं रखा। सरकार के पास बहुमत है वो कोई भी नाम बदल सकती है। अगर मुजफ्फरनगर किसी का रखा हुआ नाम है, तो इसका किसी मुसलमान या किसी का कोई लेना देना नहीं है। ये तो सदियों से रखा नाम आ रहा है। यदि सरकार नाम बदलना चाहती है तो बदले, इसमें हम लोग क्या कर सकते हैं? बता दें कि यूपी विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान सीएम योगी ने कहा, उस व्यक्ति को (समाजवादी) पार्टी से निकालो और यूपी भेज दीजिए, बाकी इलाज हम अपने आप करवा देंगे। जो व्यक्ति छत्रपति शिवाजी महाराज की परंपरा पर गर्व करने के बजाय लज्जा महसूस कर रहा हो और औरंगजेब को अपना नायक मान रहा हो, क्या उसे भारत के अंदर रहने का अधिकार होना चाहिए?

# बजट में जीरो पावर्टी के लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान: सीएम योगी

### सपा सरकार के दौरान पेंशन स्कीमों के लाभार्थियों तथा मौजूदा लाभार्थियों की सीएम योगी ने तुलना करते हुए पेश किए आंकड़े

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** विधान परिषद में बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने सामाजिक सेक्टर को लेकर सरकार की प्रतिबद्धताओं का उल्लेख किया। सीएम योगी ने कहा कि सामाजिक सेक्टर में डबल इंजन की सरकार 1 करोड़ 4 लाख से अधिक निराश्रित महिला, वृद्धजन और दिव्यांगजनों को 12 हजार रुपए सालाना पेंशन की सुविधा उपलब्ध करा रही है। हम लोगों ने इस बजट में 250 करोड़ रुपये का प्रावधान पहले चरण में जीरो पावर्टी के लिए किया है। 17 प्रकार की स्कीम को प्रदेश में जीरो पावर्टी के अंतर्गत चलाया जा रहा है। मुसहर, वनटांगिया, थारू, कोल, सहरिया, चेरो, बुक्सा समेत विभिन्न जनजातियों को इनके माध्यम से 100 प्रतिशत आच्छादित करने का प्रयास किया जा रहा है। जो नए सर्वे किए गए हैं, उनके अनुसार पहले चरण में 13.57 लाख से अधिक परिवार आच्छादित हुए हैं।

**पिछली सरकारों से तुलना कर विपक्ष को दिखाया आईना:** सीएम योगी ने पिछली सरकार व मौजूदा सरकार की कार्यप्रणाली की तुलना कर आईना दिखाया। सीएम योगी के अनुसार, सपा के कार्यकाल में निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत 9 लाख 68 हजार 706 महिलाओं को ही लाभ मिल पाता था। अब 34.14 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। सपा कार्यकाल में वृद्धावस्था पेंशन मात्र 36 लाख 52 हजार 607 लोगों को मिल पाती थी। वहीं, अब प्रदेश में 60 लाख 99 हजार 903 लोगों को इसका लाभ मिल रहा है। दिव्यांगजन पेंशन योजना का लाभ सपा सरकार में 8.75 लाख लोगों को मिल रहा था जबकि अब 11 लाख 03 हजार से ज्यादा लोगों को लाभ मिल रहा है। कुष्ठावस्था पेंशन योजना में सपा सरकार मात्र 300 रुपए देती थी जबकि अब 1000 रुपए दिए जा रहे हैं। लाभार्थियों का कवर भी कहीं ज्यादा है।

**स्कॉलरशिप के जरिए पिछड़े व सामान्य विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ:** सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार अनुसूचित जाति-जनजाति के सभी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देती है। सामान्य वर्ग के छात्राओं के लिए 900 करोड़ तथा पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए 2,825 करोड़ की धनराशि बतौर स्कॉलरशिप दी जाएगी। मातृशक्ति के लिए भी सरकार ने कई कदम उठाए हैं। राज्य आजीविका मिशन के अंतर्गत 96 लाख से अधिक महिलाएं आर्थिक स्वावलंबन के पथ पर अग्रसर हुई हैं। बीसी सखी के अंतर्गत 39 हजार 556 महिलाओं ने 31 हजार 103 करोड़ रुपए से अधिक का वित्तीय लेनदेन कर 84 करोड़ से ज्यादा का शुद्ध लाभांश कमाया है। 31 लाख से अधिक लखपति दीदीयों का चिह्नीकरण किया गया है, जिसमें से 2 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में आ चुकी हैं।

**वीरांगनाओं ने नाम पर रखा गया पीएसी बटालियनों का नाम:** वीरांगना ऊदा देवी, वीरांगना झलकारी बाई तथा वीरांगना अवंती बाई के नाम पर पीएसी की तीन महिला बटालियन बनाई गई हैं।

## अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही सरकार: अखिलेश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा समाजवादी पार्टी (सपा) पर अपने कार्यकाल के दौरान अंसल एपीआई जैसे बिल्डरों का पक्ष लेने का आरोप लगाने के एक दिन बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को भाजपा सरकार पर निवेशकों को निशाना बनाकर अपनी विफ्लताओं को छिपाने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने निवेश को लेकर सरकार के रुख पर सवाल उठाया और कहा कि जो नेता अब आरोप लगा रहे हैं, उन्होंने पहले भी उन्हीं स्थानों पर परियोजनाओं का उद्घाटन किया था। यादव ने श्एक्सश् पर एक पोस्ट में कहा, ष्अपनी नाकामी छिपाने के लिए जब लोग किसी और का नाम लेते हैं तो भूल जाते हैं कि उसी के नाम से बनी सिटी में स्थित मॉल और अस्पताल का उन्होंने ही उद्घाटन किया था। उसी विशाल परिसर में बने एक नये होटल में जी20 के मेहमान आपने ही ठहराए थे। यह वही जगह है जहाँ अरबों रुपए का सच्चा इन्वेस्टमेंट आया। अखिलेश यादव ने 1.12 मिनट का एक वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें आदित्यनाथ अंसल के गोल्फ सिटी में लुलु मॉल का उद्घाटन कर रहे थे। जी20 गोल्फसिटी के एक होटल में आयोजित किया गया था और कैंसर अस्पताल भी वहीं स्थित है। उन्होंने कहा, निवेशकों पर आरोप लगाकर हतोत्साहित करने से न तो निवेश का विकास होगा, न ही प्रदेश का। उप्र के सभी समझदार लोग कह रहे हैं कि अगर सब गलत था तो आप वहाँ अपना बुलडोजर लेकर जाते। आप कैंची लेकर उद्घाटन करने क्यों पहुँच गये? सत्तारूढ़ पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि सत्ता से आदित्यनाथ की संभावित बेदखली की चर्चा उनमें हताशा पैदा कर रही है। उन्होंने कहा, जनता कह रही है कि जब उसे ढूंढने पाताल लोक जाएं तो परतों में दबी उस गहरी वजह की भी खोज-खबर लेते आएं जो उनकी गद्दी को हिला रही है। उनके सत्ता से बेदखल होने की जो चर्चाएं हर तरफ हैं, यह उसी की खीझ है। विस्थापन का डर ही उनके मुँह से ऊंची आवाज बनकर निकल रहा है।

## किसी को भी अधूरा ज्ञान नहीं रखना चाहिए

### औरंगजेब पर अबू आजमी के बयान के बाद कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने दिया बयान

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** सपा नेता अबू आजमी के मुगल शासक औरंगजेब को लेकर दिए बयान पर राजनीति थमने का नाम नहीं ले रही है। अबू आजमी के बयान पर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री एफआईआर की मांग कर रहे हैं, तो क्या वहां की सरकार इतनी कमजोर है? कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, मैंने अबू आजमी का बयान नहीं सुना है, लेकिन जिस तरह की चर्चा मीडिया में हो रही है, मुझे लगता है कि किसी को भी अधूरा ज्ञान नहीं रखना चाहिए। पहले उन्हें पूरा ज्ञान लेना चाहिए। मैं ये पूछना चाहता हूं कि अगर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री एफआईआर की मांग कर रहे हैं, तो क्या वहां की सरकार इतनी कमजोर है कि इन्हें पूछना पड़ रहा है? हालांकि, वे किस बात के लिए देशद्रोह कहेंगे, क्या औरंगजेब बादशाह नहीं था? वो पूरे 49 साल तक हिंदुस्तान का बादशाह रहा था।

उन्होंने कहा, बनारस का गजेटियर उठा लीजिए। अबू आजमी ने इतिहास में पढ़ा होगा, तभी वो ये बात बोल रहे हैं। मैंने पढ़ा है कि औरंगजेब की सरकार में सबसे ज्यादा हिंदू मंत्री थे, जीडीपी 27 फीसदी थी। औरंगजेब यहीं पैदा हुआ और भारत में ही मर गया। मुगलों के वंशज कलकत्ता की गलियों में बर्तन साफ कर रहे हैं। इतना ही नहीं, बहादुर शाह जफर ने कहा था कि मुझे वतन में दफनाना, लेकिन यहां उन्हें दफनाने की इजाजत तक नहीं दी गई। मैं अबू आजमी के बयान का समर्थन और विरोध नहीं कर रहा, बल्कि सच्चाई की बात कर रहा हूं।÷ बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से निकाले जाने पर इमरान मसूद ने कहा, यह दुखद बात है और मैं आकाश को जानता हूं, वह एक अच्छा लड़का है। वह विचारधारा को मजबूत करने की बात करता था, हम नहीं जानते हैं कि वह किस साजिश का शिकार हुआ है।

## राहुल गांधी पर 200 रुपए जुर्माना, लखनऊ कोर्ट बोली- 14 अप्रैल को पेश हों

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ की कोर्ट ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया है। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एसीजेएम) कोर्ट ने लगातार पेशी से गायब रहने पर जुर्माना लगाया। साथ ही चेतावनी दी कि 14 अप्रैल 2025 को अदालत में हाजिर हों, यदि वे इस तारीख को भी पेश नहीं होते हैं तो कठोर कानूनी कार्रवाई हो सकती है। शिकायतकर्ता नृपेंद्र पांडेय के अनुसार, राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर पर विवादित बयान दिया था। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला कहा था। शिकायतकर्ता ने कहा यह बयान समाज में वैमनस्य और घृणा फैलाने की मंशा से दिया गया था। इतना ही नहीं, प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहले से तैयार पर्चे भी पत्रकारों के बीच वितरित किए गए थे। इस बयान को लेकर भारतीय दंड संहिता की धारा 153(ए) और 505 के तहत मामला दर्ज करने की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान राहुल गांधी की ओर से वकील प्रांशु अग्रवाल ने अदालत में पेशी से छूट की अर्जी दाखिल की। इसमें उन्होंने दलील दी कि राहुल गांधी इस समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं। आज (5 मार्च) उनकी मुलाकात एक विदेशी गणमान्य व्यक्ति से पूर्व निर्धारित थी। अन्य आधिकारिक कार्यों में व्यस्त होने के कारण वे अदालत में उपस्थित नहीं हो सके। वे अदालत के आदेशों का सम्मान करते हैं और जानबूझकर पेशी से बचने का प्रयास नहीं कर रहे। अदालत ने राहुल गांधी की अनुपस्थिति को हल्के में न लेते हुए 200 रुपए का जुर्माना लगाया और 14 अप्रैल 2025 को अनिवार्य रूप से पेश होने का आदेश दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि राहुल गांधी अगली सुनवाई में भी अनुपस्थित रहते हैं तो गैर-जमानती वारंट जारी किया जा सकता है।

## आवंटित बजट का एक भी पैसा लैप्स नहीं होना चाहिए: जयवीर सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि चालू वित्तीय वर्ष के समाप्ति से पूर्व सभी मदों में आवंटित धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें।

किसी भी दशा में बजट का सरेन्डर न किया जाए। इसके साथ ही निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। कार्य समाप्ति हो जाने के बाद संबंधित योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्रस्तुत करें। संस्कृति मंत्री आज पर्यटन भवन में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की वित्तीय प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।

उन्होंने रिक्त पदों के सापेक्ष अधियाचन भेजने की कार्यवाही तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये, इसके साथ ही पदोन्नति के मामलों में किसी स्तर पर विलम्ब न किये जाने की हिदायत भी दी। पद रिक्त होने से विभागीय योजनायें प्रभावित होती हैं। इसके अलावा उन्होंने राज्य ललित कला अकादमी द्वारा मूर्ति निर्माण का कार्य भी समय से पूरा करने के निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त स्थापित मूर्तियों का भूतत्व खनिकर्म से धातु के मिश्रण की जांच की प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिये। जयवीर सिंह ने तीर्थ विकास परिषदों के अंतर्गत अनुमोदित कार्ययोजना के सापेक्ष प्राप्त आगणनों एवं स्वीकृति की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा लोकार्पण तथा शिलान्यास के लिए तैयार योजनाओं की सूची तैयार करने के निर्देश दिये। पर्यटन मंत्री ने संस्कृति विभाग की आय-व्यय की समीक्षा के दौरान लोक कलाकार वाद्ययंत्र योजना के अंतर्गत प्रदेश की ग्राम पंचायतों में वितरित किए जाने वाले वाद्य यंत्रों की जानकारी ली और 31 मार्च तक इनके वितरण के निर्देश दिया। बैठक में तय किया गया कि लोक कल्याण वाद्ययंत्र योजना के तहत मुख्य समारोह लखनऊ में आयोजित किया जाए।

## सफेद बारादरी में पार्टी वियर परिधानों की प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** रंगों के पर्व होली व रमजान के साथ वैवाहिक सीजन के स्पेशल कलेक्शन के साथ न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया ने सफेद बारादरी में पार्टी वियर परिधानों की प्रदर्शनी का शुभारंभ हुआ। 5 मार्च से 12 मार्च तक आयोजित न्यू क्राफ्ट सिल्क इंडिया प्रदर्शनी 2025 के प्रथम संस्करण का शुभारंभ लखनऊ में किया गया। 100ः शुद्ध प्राकृतिक रेशों (रेशमी, कपास, लिनन)पूरे भारत से सीधे हथकरघा उत्पाद सभी प्रकार के है बनारसी। तस्सर कांथा एवं मुद्रित, गढ़वाल,चंदेरी,महेश्वरी,कोटा, जयपुर बगरू प्रिंट्स, बेंगलुरु शुद्ध क्रेप सिल्क्स, कलमकारी, कांचीपुरम, पोचमपल्ली इक्कत, वेंकटगिरी, नारायणपेट, उप्पादा जामधानी, पैठानी, कोलकाता बुटीक, चंपा कोसा साड़ी और कॉटन साड़ी और ड्रेस सामग्री, लाइफस्टाइल गारमेंट्स हैंडलूम उत्पादों की लगी इतनी सारी प्योर वैरायटी एक ही छत के नीचे प्रदेश के विभिन्न राज्यो के उत्पाद लखनऊ वासियों को किफायती दामों में उपलब्ध होते है। इस प्रदर्शनी में विभिन्न राज्यो से आये बुनकरों के उत्पाद अपने आप मे अलग पहचान रखते है।

## अवकाश, पेंशन, प्रोन्नति सहित सभी सेवाएं ऑनलाइन होंगी

### माध्यमिक शिक्षा विभाग में पारदर्शिता व जवाबदेही के लिए नागरिक घोषणा-पत्र जारी

**माध्यमिक शिक्षा परिषद व संस्कृत शिक्षा परिषद के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने बुधवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग के नागरिक घोषणा-पत्र का विमोचन उ0प्र0 सचिवालय स्थित तिलक हाल में किया। इस घोषणा-पत्र के तहत शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और विद्यार्थियों को दी जाने वाली सेवाओं के निस्तारण की समय सीमा तय की गई है, जिससे विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि यह नागरिक घोषणा-पत्र माध्यमिक शिक्षा में अनुशासित कार्य-संस्कृति विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से जनहित से जुड़ी आवश्यक सेवाओं को चिह्नित कर उनकी समयबद्ध स्वीकृति सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा, राजकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों व कर्मचारियों के सेवा-सम्बंधी मामलों जैसे अवकाश, पेंशन, प्रोन्नति, वेतनमान, जीपीएफ और मृतक आश्रित नियुक्तियों के निस्तारण के लिए भी स्पष्ट समय-सीमा तय की गई है।

मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप इस घोषणा-पत्र से त्वरित, पारदर्शी, सुगम, जवाबदेही और जन-हितैषी व्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। इससे विभागीय कार्यों में न केवल गति आएगी, बल्कि शिक्षकों और विद्यार्थियों को भी समय पर सेवाएं प्राप्त होंगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घोषणा-पत्र का पालन सख्ती से किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

घोषणा-पत्र के तहत यदि किसी प्रकरण का निर्धारित समय-सीमा में निस्तारण नहीं किया जाता है, तो अपीलीय अधिकारी संबंधित अधिकारी/कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा कर सकते हैं।

इसके अलावा, प्रत्येक कार्यालय के प्रवेश द्वार पर प्रथम व द्वितीय अपीलीय अधिकारियों के नाम और संपर्क विवरण मोटे अक्षरों में लिखवाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि आवेदकों को किसी भी समस्या का समाधान तुरंत मिल सके।

इस घोषणा-पत्र में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद और उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद के विद्यार्थियों के परीक्षा, प्रमाणपत्र व अन्य संबंधित मामलों के निस्तारण की भी समय-सीमा तय की गई है। इसके साथ ही पुस्तकालय अनुभाग शिविर कार्यालय से संबंधित सेवा प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारित करने की व्यवस्था की गयी है। घोषणा-पत्र में यह भी प्रावधान किया गया है कि राजकीय और सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों के सभी प्रकार के अवकाश अब 'मानव संपदा पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत किए जाएंगे। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं में तेजी आएगी और शिक्षकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मीनगर करने की उठी मांग

**भाजपा एमएलसी बोले, आर्थिक प्रगति का प्रतीक बनेगा**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में भाजपा के एमएलसी मोहित बेनीवाल ने मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मीनगर रखने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरनगर एक गन्ने की नगरी है और यहां के लोगों की मांग है कि इसका नाम बदलकर लक्ष्मीनगर किया जाए। भाजपा एमएलसी मोहित बेनीवाल ने कहा, भारत में मुगल शासकों ने अपनी आक्रामक नीतियों के तहत मंदिरों को तोड़ने का काम किया और नगरों के नामों को बदला।

मुजफ्फरनगर का नाम एक मुगल अधिकारी 'मुजफ्फर अली' के नाम पर रखा गया था, जबकि इसे गन्ने की नगरी के तौर पर पहचाना जाता है। मैंने इसका नाम बदलकर लक्ष्मीनगर करने की मांग को विधान परिषद में उठाया है। लंबे समय से मुजफ्फरनगर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों की मांग है कि जनपद के नाम को बदला जाए। मोहित बेनीवाल ने अबू आजमी के बयान को लेकर समाजवादी पार्टी (सपा) से सवाल भी पूछा। उन्होंने कहा, गुमराह करने के अलावा उनके (अबू आजमी) पास कोई विषय नहीं होता है। आज सपा के सभी नेताओं को बताना होगा कि क्या वे मुगल शासकों के साथ खड़े हैं या फिर देश के साथ खड़े हैं।

उन्हें (सपा) बताना चाहिए कि वे किसके साथ खड़े हैं। देश की जनता चाहती है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत एक धरोहर के रूप में हो। हमारी पहचान महाकुंभ के माध्यम से दुनियाभर में पहुंची है। लगभग 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया, जिससे वैश्विक पटल पर एक पहचान मिली।

# ये ठीक नहीं: सपा विधायक

**सीएम योगी ने सदन में कहा जो हमारा वो हमें मिले**

**लोकमित्र ब्यूरो**




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के संभल में मस्जिद विवाद पर सियासी संग्राम छिड़ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कहा कि जो हमारा है वो हमें मिलना चाहिए। उनके इस बयान के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है।

सपा विधायक आरके वर्मा ने कहा कि आप हर जगह को अपने हिसाब से देखने की कोशिश करते है, जिसे जायज नहीं ठहराया जा सकता। सबकी अपनी परंपराएं रही हैं। लेकिन हर दूसरे के जगह में अपनी जगह तलाशना ठीक बात नहीं मानी जा सकती। जिसकी जो जगह है, उसकी जगह बने रहने देना चाहिए, मैं इस बात का समर्थन करता हूं। हमारे भारत का संविधान सर्वधर्म समभाव की बात करता है। भारत का संविधान यह कहता है कि किसी धर्म, समुदाय, पूजा पद्धति या पूजा स्थल में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। इस प्रकार की परंपराओं और विश्वासों में बदलाव करना संविधान के खिलाफ है।

इसके बाद उन्होंने सरकार के एक और पहलू पर सवाल उठाया, उन्होंने कहा कि सरकार ने जो बड़े पैमाने पर निवेशकों को आमंत्रित किया था और कई उद्योगपतियों और कंपनियों से समझौते किए थे, उनमें से कुछ भगोड़े साबित हो रहे हैं।

उन्होंने पूछा कि सरकार उन उद्योगपतियों के बारे में क्या कहेगी जिनके बारे में यह जानकारी मिल रही है कि उनका सारा काम फर्जी था। वहीं सपा विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि भाजपा जगहों के नाम बदलने पर अड़ी हुई है। सरकार को मंदिर-मजिस्द से ऊपर उठकर जनता के मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बुधवार को कहा कि प्रदेश सरकार विकास के साथ-साथ राज्य की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को कायम रखने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हम विकास और विरासत को साथ लेकर चल रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि विकास के साथ-साथ प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहर का संरक्षण और प्रचार-प्रसार भी किया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार विकास के नए-नए आयाम स्थापित करने के साथ-साथ सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने का काम कर रही है।

## अबू आजमी को निष्कासित करना है या नहीं, सपा तय करेगी

**औरंगज़ेब विवाद पर बोलीं बागी विधायक पल्लवी पटेल**

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** औरंगज़ेब की तारीफ कर महाराष्ट्र के समाजवादी पार्टी विधायक अबू आजमी मुश्किलों में फंस गए हैं। वह महाराष्ट्र और यूपी की भाजपा सरकार के निशाने पर आ गए हैं। बुधवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र में विधान परिषद में बिना नाम लिए अबू आजमी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को यूपी भेज दो, इलाज हम कर देंगे। सपा को ऐसे लोगों को पार्टी से बाहर निकाल देना चाहिए। सीएम के इस बयान के बाद अब सपा की बागी विधायक पल्लवी पटेल ने प्रतिक्रिया दी है। सिराथू से विधायक पल्लवी पटेल ने कहा, अबू आजमी जिस पार्टी के सदस्य हैं उनका निष्कासन वहां होगा या नहीं ये उस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व तय करेंगे। रही बात यदि वह यहां आते हैं और मुख्यमंत्री उनके खिलाफ कार्यवाही करेंगे तो निःसंदेह यूपी की 25 करोड़ की जनता ने उनको नेतृत्व दिया है। अब वह अपने सूबे में आने वाले किसी व्यक्ति व्यक्ति के साथ क्या प्रतिक्रिया करेंगे क्या क्रिया करेंगे? इस पर सीएम योगी ही बेहतर बोल सकते हैं। औरंगज़ेब को किस नजरिए पर देखती हैं के सवाल पर पल्लवी ने कहा कि एक शासक का कोई धर्म नहीं होता। एक शासक होना ही अपने आप में धर्म है।

## भाजपा केवल नाम बदलने का काम करती है, कहीं हमारा और आपका नाम न बदल दें: शिवपाल यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान परिषद में भाजपा के एमएलसी और प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने मंगलवार को मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मीनगर रखने की मांग उठाई। बजट सत्र के दौरान मोहित बेनीवाल ने यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह जनभावना से जुड़ा हुआ मामला है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उनके इस बयान के बाद समाजवादी पार्टी नेता शिवपाल सिंह यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा।

शिवपाल यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी के लोग केवल नाम बदलने का काम करते हैं और कोई ठोस काम नहीं करते। वे सिर्फ नाम बदलते रहते हैं। अब यह देखना होगा कहीं हमारा और आपका नाम न बदल दें। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उन्हें चाचू (चच्चू) कहकर संबोधित करने के मामले पर उन्होंने कहा, वह हमें चिढ़ाने के लिए ऐसे बोलते हैं। ताकि मैं खीजूं। हम समाजवादी लोग हैं और समाजवादी पार्टी के लोग कभी बदलते नहीं हैं। उनको बोलने दीजिए जो बोलते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा समाजवादी पार्टी पर लोहिया की विचारधारा को न मानने का आरोप लगाने पर शिवपाल सिंह यादव ने कहा, भाजपा के लोग न तो किसानों के हित में काम करते हैं, न महंगाई पर काबू पाते हैं, और न बेरोजगारी के मुद्दे पर कोई ठोस कदम उठाते हैं। ये लोग सिर्फ जनता में भ्रम फैलाने का काम करते हैं और सदन में झूठ बोलकर भ्रम की स्थिति पैदा करते हैं। ताकि लोग भ्रम की स्थिति में रहें। भारतीय जनता पार्टी ने कोई काम नहीं किया है। लोगों को सिर्फ भरमाया है।

विधानसभा में हाथरस कांड की न्यायिक रिपोर्ट रखने पर उन्होंने कहा, यह यूपी के लिए एक काला धब्बा होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सिर्फ राजनीति कर रही है, जबकि असली मुद्दों पर काम नहीं हो रहा है।

लोकमित्र
• लखनऊ, गुरूवार 06 मार्च 2025



## संक्षिप्त खबरें

### पराग का खोया 8 मार्च से बाजार में मिलेगा

**लखनऊ।** होली के त्यौहार को लेकर पराग प्रबंधन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है और अपना लोकप्रिय उत्पाद पराग शुद्ध खोया बाजार में 8 मार्च से बिक्री करने का निर्णय लिया है। दुग्ध संघ लखनऊ के महाप्रबंधक विकास बालियान ने जानकारी दी पराग खोया शनिवार से पराग के अधिकृत बूथों पर बिक्री हेतु उपलब्ध रहेगा। विगत वर्षों की तरह इस बार भी आम जनता को होली पर स्टीम पद्धति से तैयार किए गए खोया को तैयार कराया जाएगा। जिसकी दरें विगत वर्ष की ही भांति रहेगी। 1किलो पैकिंग की कीमत 415 रुपए तथा आधा किलो पैकिंग की कीमत 210 रुपए की दरों से बिक्री किया जाएगा। पराग ने विगत वर्ष में 10 टन की बिक्री की थी इस बार 11 टन बिक्री का लक्ष्य रखा गया है। महाप्रबंधक ने बताया त्योहार को देखते हुए शुद्ध घी देसी घी से निर्मित मिठाइयां रसगुल्ला गुलाब जामुन, मिल्क केक, कलाकंद भी कई तरह की प्रमुखों बूथों पर आमजन हेतु उपलब्ध रहेगी।

### लखनऊ विद्यालय में मुशायरा का हुआ आयोजन

**लखनऊ।** हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के विद्यार्थियों द्वारा होली मिलन समारोह के उपलक्ष्य में युवा कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो वी के शर्मा तथा सांस्कृतिकी सयोंजिका प्रो अंचल श्रीवास्तव रहीं। कार्यक्रम में हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो रश्मि कुमार सहित विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो पवन अग्रवाल, प्रो रीता चौधरी, प्रो अलका पाण्डेय, प्रो सूरज बहादुर थापा के साथ ही डॉ. अनुपम पटेल, डॉ. अकांक्षा, डॉ. सीमा यादव, डॉ. ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। आयोजन में आशुतोष श्रीवास्तव , अनमोल मिश्र, कौंतेय जय, अंशिका, कैफगाजीपुरी, निर्भय निश्छल, सत्यदेव सिंह, राकेश महदिउरी ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के आयोजक रहे अभिषेक प्रजापति ओज, संयोजक रहे शिवम श्रीवास्तव, सह संयोजक का दायित्व निर्वहन प्रखर मिश्रा प्रांशु ने किया। कार्यक्रम का सकुशल संचालन अभिषेक अवस्थी ने किया।अयोजन में अधिकांश संख्या में शोध छात्र -छात्राओं एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### उत्तर प्रदेश मेट्रो के नाम पर फर्जी भर्ती से रहें सावधान रहने की अपील

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) लगातार भर्तियां निकालता रहा है। कुछ जालसाज इसका फायदा उठाकर फर्जी भर्तियों का विज्ञापन निकाल कर आवेदकों के साथ ठगी करने का प्रयास कर रहे हैं। यूपीएमआरसी की ओर से साफ किया जाता है कि कंपनी में कोई आधिकारिक भर्ती, परीक्षा एवं उनके परिणाम की जानकारी सिर्फयूपीएमआरसी की आधिकारिक वेबसाइट पर ही उपलब्ध कराई जाती है। इसके अलावा यूपीएमआरसी भर्तियों की जानकारी अखबारों में नोटिफिकेशन के माध्यम से भी प्रकाशित कराता है। यूपीएमआरसी लगातार ही ऐसे फर्जीवाड़ों से बचने की अपील कि कॉर्पोरेशन में भर्ती आपकी मेरिट के आधार पर ही होगी एवं जानकारी सिर्फ और सिर्फ आधिकारिक वेबसाइट पर ही साझा की जाएगी। इसके अतरिक्त आप किसी भी अन्य स्रोत पर विश्वास ना करें और अगर कहीं भी आप इस तरह का संदेह पाते हैं, तो तुरंत उसकी सूचना हमें दें ताकि हम उचित कार्रवाई कर सकें।

### सीमेंट मिक्सर मशीन की गाड़ी ने रोडवेज बस में मारी टक्कर

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में तीन गाड़ियों में टक्कर हो गई। गनीमत रही कि किसी को कोई चोट नहीं आई। रोडवेज बस में बैक करने के दौरान सीमेंट मिक्सर मशीन डीसीएम से टक्कर मार दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। चिनहट इलाके वी-मार्ट के सामने बुधवार करीब 2 बजे सीमेंट मिक्सर मशीन डीसीएम ने अर्टिगा कार में टक्कर मार दी। कार सवार के उतरने से पहले चालक गाड़ी भगाने की कोशिश में जल्दबाजी करके बैक करने लगा। तभी पीछे से आ रही रोडवेज बस हैदरगढ़ डिपो में आगे से टक्कर मार दी। हालांकि दोनों गाड़ियों में सवार किसी को कोई हानि नहीं हुई है। घटना के बाद ट्रैफिक लग गया था। जिसमें मौके से पहुंची पुलिस ने सुचारू रूप से चालू करवा दिया। सीमेंट मिक्सर मशीन डीसीएम के चालक को हिरासत में लिया है। शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### यूपी में 41 पीसीएस अफसरों का तबादला

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में शासन में पीसीएस स्तर पर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। अब 41 पीसीएस अफसरों का तबादला कर दिया गया। इसके लिए एक लिस्ट जारी की गई हैं। इस लिस्ट में ज्यादातर एसडीएम अधिकारी शामिल हैं। बुधवार की सुबह-सुबह हुए इन तबादलों में देवरिय के अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव को सिद्धार्थ नगर का अपर जिलाधिकारी बनाया गया है। इसी तरह मेरठ की अपर नगर आयुक्त ममता मालवीय को अपर जिलाधिकारी मुरादाबाद में नियुक्ति दी गई। अपर जिलाधिकारी बरेली दिनेश, मऊ के मुख्य राजस्व अधिकारी बनाए गए। वहीं बस्ती के उपजिलाधिकारी विनोद कुमार पांडेय को नगर मजिस्ट्रेट फिरोजाबाद बना दिया गया है। आगरा के उपजिलाधिकारी संजीव कुमार शाक्य को अपर जिलाधिकारी प्रयागराज बनाया दिया गया है।

### सपा कार्यकर्ता का प्रदर्शन, जिसने अपनों को खोया गिद्ध नहीं वो परिजन थे लगाया नारा

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सपा महिला कार्यकर्ता का विरोध प्रदर्शन। बापू भवन से विधानसभा की ओर बढ़ रही सपा कार्यकर्ता और पुलिस के बीच मे जमकर झड़प। विधानसभा की ओर बढ़ रही सपा कार्यकर्ता को पुलिस ने रोका। प्रदर्शन के दौरान सपा कार्यकर्ता ने भाजपा और सीएम योगी के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। जिसने अपनों को खोया गिद्ध नहीं वो परिजन थे नारा लगा रही थी युवतियां। योगी जी जिन परिजनों ने शव ग्रह में अपनों की लाश ढूंढी क्या वह गिद्ध है?श् नारा लिखा हुआ तख्ती लेकर पहुंची प्रदर्शनकारी युवतियां। विधानसभा सत्र के दौरान सीएम योगी के बयान पर सपा कार्यकर्ता सौम्या खान ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से सीएम योगी ने बयान दिया बेहद अफसोसनाक है। जिन लोगों ने अपने परिवार वालों को खो दिया उन्हें गिद्ध कहकर संबोधित किया हम इसका विरोध करते है।

### चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने 10 कंपनियों के साथ किया एमओयू

**लखनऊ।** लखनऊ में बुधवार को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने एकेडेमिया और इंडस्ट्री इंटरेक्शन के तहत के 10 कंपनियों के साथ एमओयू किया। इनमें कई नामी और दिग्गज कंपनियां भी रही। आईबीएम के गगन अग्रवाल ने बताया कि उनका चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के साथ बहुत पुराना नाता रहा हैं। इजके6 मोहाली कैंपस के साथ एमओयू एक दशक पहले ही हो चुका हैं। इसने बिजनेस एनालिटिक्स प्रोग्राम शुरू करने वाला देश का पहला संस्थान रहा हैं। इस दौरान स्किल डेवलपमेंट इन एआई और ब्लॉक चौन टेक्नोलॉजी पर भी फोकस रहेगा। अब उन्नाव कैंपस से जुड़ना बेहद गर्व का विषय हैं। माइक्रोसॉफ्ट की प्रत्युषा ने बताया कि ये अच्छा हैं कि चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी एआई के क्षेत्र में पहल कर रहा हैं। सीयू के साथ आज हम एमओयू कर रहे हैं।

### बिरयानी होटल कर्मचारी ने की थी युवक की हत्या



**सरोजनीनगर।** रंजीत पुत्र होरीलाल ग्राम सभा कटी बगिया मजरा सराय शहजादी थाना बंथरा थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था कि कटी बगिया स्थित देशी शराब ठेका के बगल मे चल रहे बिरयानी होटल के मालिक व कर्मचारियों द्वारा बीती 2 मार्च की देर रात्रि किसी बात को लेकर वादी के भाई के साथ मारपीट की थी जिससे भाई कुलदीप की मृत्यु हो गई। घटना करने में बल्ले बिरयानी होटल पर काम करने वाला कर्मचारी रामसेवक पुत्र रामेश्वर निवासी ग्राम भदेसुवा थाना मोहनलालगंज की भूमिका संदिग्ध पायी गयी। जिसके पश्चात टीम गठित कर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु तलाश अभियान चलाया गया। बुधवार को थाना प्रभारी राम सिंह ने टीम द्वारा अभियुक्त रामसेवक पुत्र रामेश्वर उम्र करीब 40 वर्ष को बनी पुल के पास से समय करीब 8.20 बजे सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। मृतक कुलदीप और रामसेवक के बीच शराब पिलाने को लेकर विवाद हो गया था, कुलदीप को अभियुक्त रामसेवक ने पैर से उसके सीने में पेट पर तेज से प्रहार कर दिया था जिसकी वजह से कुलदीप की हड्डी पसली टूट गई और उसकी मौत हो गई थी। अभियुक्त मौके से फरार हो गया था।

# सड़क किनारे 4 लोगों को कार ने रौंदा, 2 की मौत

## 100 की स्पीड में डिवाइडर पर चढ़ी टाटा सूमो

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में टाटा सूमो ने डिवाइडर पर सो रहे 4 लोगों को कुचल दिया। 2 लोगों की मौत हो गई। 2 गंभीर हैं। टायर फटने पर एसयूवी टाटा सूमो बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे के वक्त स्पीड 100 से अधिक थी। आखिरी में लोहे के पोल से टकराने पर रुकी। हादसा मंगलवार देर रात 1 बजे हसनगंज इलाके के नदवा रोड पर हुआ। हादसे के बाद चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। गाड़ी के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया था। घायल राजेश सोनी नेपाल के कपिलवस्तु के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया की सभी लोग इलाके के ही रहने वाले हैं। शादी-बारात में कैटरिंग और सीजन के बाद होटल पर काम किया करते थे। जिस जगह हादसा हुआ है सभी लोग वहां पर कई दिनों से सोते थे। घटना के बाद सबसे पहले रिक्शा चलाने वाले आशीष टंडन पहुंचे। पुलिस को सूचना दी। इसके बाद घायलों को अस्पताल भेजने में मदद की। घटना देखने वाले दूसरे व्यक्ति राजू का कहना है कि गाड़ी में चार युवक थे। एक्सीडेंट के बाद गाड़ी रुकी तो चारों उतर कर भाग गए। गाड़ी सवार एक युवक को रात में क्रिकेट खेल रहे लड़कों ने पकड़ा, लेकिन भीड़ का फायदा उठाकर वह भी भाग गया। मारने वालों में दो नेपाली हैं। एक का नाम बहादुर है। दूसरा उसी का साथी है। हसनगंज इंस्पेक्टर डीके सिंह ने कहा गाड़ी शेख उल्लह अली के नाम पर है। वह अमीनाबाद का रहने वाला है। सीसीट ीवीऔर गाड़ी के नंबर (यूपी 32 ईएल 4582) से ड्राइवर की पहचान की जा रही है। हादसे के वक्त आरोपी नशे में था या नहीं। इसकी भी जांच की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा। मरने वालों में एक की उम्र 20 और दूसरे की 40 साल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के वक्त कार की स्पीड बहुत अधिक थी। ऐसे में टायर फटने से गाड़ी बेकाबू होकर गई और सड़क किनारे सो रहे लोगों को रौंदते हुए निकल गई। हम लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोग गाड़ी के नीचे दब गए थे। हम लोगों ने उन्हें बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी।

# रहमानखेड़ा में 90 दिन से बाघ की दहशत

▸ 24 घंटे में किया दूसरा शिकार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** रहमानखेड़ा के जंगल में बाघ का आतंक खत्म होने का नाम नहीं ले रहा। 90 दिनों से इलाके में बाघ की दहशत है। अब तक 25 शिकार कर चुका है। ताजा मामला मंगलवार-बुधवार तड़के का है, जब बाघ ने फिर से एक गाय का शिकार किया। इस बार बाघ ने गेहूं के खेत में गाय को मारा है। घटना के बाद ग्रामीणों में और दहशत बढ़ गई है। इससे पहले सोमवार को भी बाघ ने एक पड़वा का शिकार किया था। खास बात यह थी कि इस दौरान मौके पर डॉक्टर भी मौजूद थे, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर बाघ उनके सामने से ही पड़वा को उठाकर भाग गया। वन विभाग की टीम ने पड़वा को एक जाल के नीचे बांध रखा था, ताकि बाघ को ट्रैक किया जा सके, लेकिन वह इतनी तेजी से हमला कर शिकार लेकर भागा कि डॉक्टर और टीम कुछ नहीं कर पाए। बाघ की हरकतों पर नजर रखने के लिए वन विभाग ने अब हाईटेक तकनीक का सहारा लिया है। बेंगलुरु से विशेषज्ञ डॉक्टर बिहार को बुलाया गया है, जो एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) कैमरों के जरिए बाघ के मूवमेंट को ट्रैक करेंगे। यह कैमरे खास हैं, क्योंकि इनमें अगर बाघ दिखाई देता है, तो महज 1 मिनट के अंदर उसकी लोकेशन वन विभाग की ईमेल आईडी पर भेज दी जाएगी। इससे टीम को बाघ को ट्रेस करने और रेस्क्यू करने में मदद मिलेगी। बाघ को पकड़ने के लिए लखनऊ के डीएफओ सीतांशु पांडे ने पूरे इलाके की कड़ी निगरानी के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जोन का निरीक्षण करने के साथ-साथ ड्रोन कैमरों से बाघ की तलाश करने के आदेश दिए हैं। इसके अलावा, बाघ को ट्रैक करने के लिए हाथियों की मदद भी ली जा रही है। इस अभियान में हथिनी डायना और सुलोचना को उतारा गया है, ताकि जंगल के घने इलाकों में जाकर बाघ का सही लोकेशन पता लगाया जा सके।

## शार्ट सर्किट से गैराज में भीषण आग, बैटरी फटने से धमाके

**लखनऊ।** विभूतीखंड में बेहनन पुरवा बास मंडी के पास मोटर कार गैराज में बुधवार शाम शार्ट सर्किट से आग लग गई। घटना के समय मालिक अनस गैराज में ताला बंद कर नमाज पढ़ने गए थे। आग की तपिश से अंदर रखी बैटरी ताबड़तोड़ धमाकों के साथ फटने से दहशत फैल गई। गोमतीनगर फायर स्टेशन से पहुंचे दमकल कर्मियों ने घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अनस बसंत कुंज के रहते हैं और बासमंडी के पास उनकी गैराज है। बुधवार शाम को वह गैराज में ताला बंद कर नमाज पढ़ने गए थे। इस बीच शार्ट सर्किट से गैराज में आग लग गई। आग की लपटें बढ़ती देख राहगीर कमला प्रसाद ने घटना की जानकारी गोमतीनगर फायर स्टेशन को दी। एफएसओ सुशील कुमार यादव के निर्देशन में दमकल कर्मी दो गाड़ियां लेकर पहुंचे। इस बीच आग और बढ़ चुकी थी। अदंर रखी बैटरी ताबड़तोड़ धमाकों के साथ फट रही थी।

# बिजनौर पुलिस ने दो चोर पकड़े माल किया बरामद



लोकमित्र ब्यूरो

**सरोजनीनगर।** बिजनौर थाना क्षेत्र के स्पर्श पैराडाइज रहीमाबाद में विवेक जोशी पुत्र श्री नारायण दत्त जोशी 41/212 मुन्नी लाल बिल्डिंग नरही थाना हजरतगंज जनपद लखनऊ के घर का अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर घर से दस हजार रुपये, दो सोने की अंगूठी, दो चांदी की अंगूठी, 43 इंच एलजी का टीवी व अन्य घरेलू सामान चोरी का गयी थी। जिस पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना मुकदमा लिखा गया था। बिजनौर थाने की पुलिस द्वारा बुधवार को बिजनौर ईदगाह के पास से दो चोर सुहैल अहमद पुत्र नफीस कटरा मोहल्ला कस्बा व थाना बिजनौर उम्र करीब 20 वर्ष तथा कृष्णा रावत पुत्र धर्मेन्द्र रावत निवासी जे0बी0 स्कूल बिजनौर के पास कस्बा व थाना बिजनौर उम्र करीब 18 वर्ष के कब्जे से चोरी किए गये एल जी टीवी बरामद किया गया तथा शेष चोरी का सामान इनके साथी अमरेन्द्र रावत पुत्र रामशंकर रावत निवासी कमलापुर थाना बिजनौर उम्र 18 वर्ष व जैद पुत्र आफताब निवासी पटवारी मोहल्ला कस्बा व थाना बिजनौर उम्र 20 वर्ष के पास होना बता रहे हैं, जिनकी तलाश जारी है। बरामद माल की शिनाख्त वादी मुकदमा द्वारा अपने चोरी गये टीवी होने के सम्बन्ध में की गयी।

# कमियां दिखने पर तत्काल हो निस्तारण सौहार्द बनाने की अपील

मंण्डलायुक्त व आईजी की अध्यक्षता में आगामी त्यौहारों को लेकर की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब व आईजी प्रशान्त कुमार की अध्यक्षता में आगामी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाई चारे के माहौल में मनाये जाने को लेकर बैठक जूम व वीडियों कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से मण्डल के समस्त जिलों के साथ की। मंडलायुक्त ने कहा कि विभिन्न समुदाय के त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं एक दूसरे के साथ मिलकर एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को कहा है। साथ ही लोगों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाये, बिजली के ढ़ीले तारों को सही कराये जाये, जहां-जहां सड़के खराब है उसे गड्ढा मुक्त कराया जाये, और जुलूस के दौरान मेडिकल टीम(एम्बूलेन्स) मौके पर उपस्थित रहे, पानी के टैंकर, प्रकाश की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने कहा कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का पालन सुनिश्चित करने हेतु पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था, त्योहारों का मूल उद्देश्य भंग करने अथवा किसी भी अन्य तरीके से जैसे-व्हाट्स एप, फेसबुक, इन्स्टाग्राम व अन्य किसी सोशल मीडिया पर भ्रामक टिप्पणी करने या किसी भी तरह का अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध त्वरित एवं सख्त कार्यवाही की जाएगी। मंडलायुक्त ने त्यौहारों के दौरान विद्युत व्यवस्था की आपूर्ति बनाए रखने हेतु अधीक्षण अधिशासी अभियंता विद्युत एवं शहर, नगर पालिका एवं नगर निकायों सहित जनपद के ग्रामीण इलाकों में साफ-सफाई व्यवस्था हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करें। त्योहारों के दृष्टिगत क्षेत्र में भ्रमणशील रहें और महिलाओं के सुरक्षा के लिये भी विशेष ध्यान दिया जाये। मण्डल के सभी जिलाधिकारी अपने जिले में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु यथावश्यक कार्यवाही करें। आईजी प्रशान्त कुमार ने मंडल के समस्त जनपदों के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया होलिका दहन स्थल को लेकर अगर कही विवाद हो तो तत्काल समस्या का समाधान करा लिया जाये। होली के दिन अवैध शराब पर रोक व कच्ची शराब न बने, इसका सर्वे ड्रोन से कराते रहे। त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन मंडल के समस्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक जरूर करले। पुलिस क्षेत्र में भ्रमण शील रहे।

## लोकबंधु अस्पताल में कंगारू मदर केयर यूनिट की स्थापना हुई


लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** महिला दिवस के अवसर पर इंडियन ऑयल कार्पोरेशन सीएसआर के सहयोग से विज्ञान फाउंडेशन द्वारा लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय में कंगारू मदर केयर यूनिट की स्थापना की गई। जिसका उद्घाटन इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रबंधक राजेश सिंह एवं लोकबंधु राज नारायण संयुक्त चिकित्सालय के निदेशक डॉ सरोज कुमार द्वारा इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अतुल कपूर महाप्रबंधक मानव संसाधन चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय शंकर त्रिपाठी की उपस्थिति में किया गया। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के सहयोग से बेड, केएमसी चेयर,सभागार के लिए कुर्सियां मेज, व एलईडी टीवी प्रदान किया गया । शउद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के कार्यकारी निदेशक राजेश सिंह ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। चिकित्सालय द्वारा मरीजों के लिए किए जा रहे बेहतर प्रयास में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन अपने सीएसआर मद से जो संभव हो सकेगा निरंतर सहयोग करता रहेगा। अतुल कपूर महाप्रबंधक मानव संसाधन सीएसआर ने कहा निश्चित तौर पर महिला दिवस के अवसर आज कंगारू मदर केयर यूनिट की शुरुआत बेहतर प्रयास है। इस कार्य के लिए चिकित्सालय के साथियों के साथ विज्ञान फाउंडेशन को शुभकामनाएं। इस मौके पर चिकित्सालय निदेशक डॉ. सरोज कुमार ने इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर चिकित्साधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि इंडियन ऑयल कार्पोरेशन द्वारा पूर्व में भी चिकित्सालय को बेहतर संसाधन प्रदान किया गया।

# अंसल का दफ्तर एनसीएलटी ने किया सील

▸ गेट पर 44 सवाल और जवाब का नोटिस लगाया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अंसल के दफ्तर को एनसीएलटी की टीम ने सील कर दिया है। दफ्तर के गेट पर 44 सवालों और उनके जवाबों का नोटिस लगा दिया है। कंपनी के सभी खातों पर रोक लगा दी गई है। अब बैंकों में लेनदेन के लिए रिसीवर नए खाता संचालक नियुक्त करेगा। रिसीवर की टीम मकान व प्लॉट बुक कराने वालों का रिकॉर्ड जुटा रही है। वहीं, अंसल पर लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के बाद रेरा भी एफआईआर दर्ज करवाने जा रही है। इसे लेकर अफसरों ने कंपनी को भेजे गए नोटिस की जानकारी जुटा ली है। आवंटियों के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया जाएगा।

अंसल मामले की जैसे-जैसे लोगों को जानकारी मिल रही है वे अपने प्लॉट की चिंता में कंपनी के दफ्तर पहुंच रहे हैं। बाकी संख्या में लखनऊ सहित दूसरे जिलों से लोग जानकारी लेने के लिए जुट रहे थे। इस दौरान एनसीएलटी ने लोगों के सवाल और उनके जवाब को लिखवाकर दफ्तर के गेट पर चिपका दिया है। अंसल प्रॉपर्टीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी पर राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की ओर से की गई कार्रवाई के मामले में नियुक्त रिसीवर (आईआरपी) नवनीत गुप्ता ने कंपनी की वेबसाइट को बंद कर दिया है। इसके साथ ही निवेशकों को क्लेम के लिए अप्लाई करने के लिए एक वेबसाइट भी जारी की गई है। अंसल एपीआई को 2005 में हाईटेक टाउनशिप विकसित करने का लाइसेंस मिला। उस समय 6465 एकड़ में योजना विकसित करने की डीपीआर पास हुई थी। तीन फेज की योजना थी जिसे 2017 तक पूरा करना था।

योजना पूरी नहीं हुई तो अंसल की ओर से समय बढ़ाने के लिए आवेदन किया गया। चार साल बाद शासन ने अनुमति दे दी। साल 2021 के नवंबर में अंसल ने संशोधित डीपीआर जमा की, जिसमें जमीन को कम किया गया।एलडीए ने 06 अप्रैल 2023 को संशोधित डीपीआर मंजूर करते हुए योजना के विकास के लिए 05 अप्रैल 2028 तक का समय दिया। टाउनशिप का क्षेत्रफल घटाकर 4690 किया गया। तीन की बजाय पांच फेज में मंजूरी मिली। आवंटियों को समय से मकान, प्लॉट न देने और रजिस्ट्री न करने को लेकर रेरा में अंसल के खिलाफ 2268 शिकायतें दर्ज हुई। टाउनशिप में 18858 मकान-प्लॉट बनाए जाने हैं।

## एसबीआई के एजीएम समेत तीन मकानों के ताले टूटे



**लखनऊ।** कृष्णानगर एलडीए कॉलोनी में मंगलवार रात एजीएम के मकान का ताला तोड़ कर चोर लाखों रुपये के गहने बटोर ले गए। वारदात के वक्त मैनेजर का परिवार पास के एक मकान में शादी की तैयारियों में जुटा था। बुधवार सुबह ताले टूटे होने की सूचना पड़ोसियों से मिली। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। उधर, बिजनौर के नटकुर में चोरों ने दो मकानों में वारदात को अंजाम दिया।

**बारात से पहले घर में हुई चोरी:** एलडीए कॉलोनी सेक्टर-डी निवासी श्रीकांत तिवारी एसबीआई गोरखपुर में सहायक महाप्रबंधक है। छोटा भाई प्रशांत तिवारी लेखपाल है। जिसकी शादी तय है। तैयारी के लिए श्रीकांत ने घर से कुछ दूरी पर एक मकान किराए पर ले रखा है। मंगलवार रात परिवार के सदस्य किराए के मकान में शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। मौका पाकर दो चोर मकान में दाखिल हुए। अलमारी के ताले तोड़ कर 12 लाख के गहने और रुपये चोरी कर भाग निकले। बुधवार सुबह वारदात का पता चला। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया। घटना से जुड़ी फुटेज मिली है।

**मेट्रो और कैंटीन कर्मी के मकान में हुई चोरी:** बिजनौर नटकुर निवासी सोहित रस्तोगी मेट्रो में तैनात है। परिवार के साथ सोहित शहर से बाहर गए हुए थे। इस बीच चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए। वहीं, अयोध्यापुरी निवासी डिफेंस कैंटीन कर्मी विकास चौरसिया के मकान के ताले तोड़ कर चोर जेवर और छह हजार रुपये बटोर ले गए।

# सड़क हादसे में किशोरी सहित दो लोगों की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** नगराम इलाके में मंगलवार शाम बाइक से गिरकर एक युवक की मौत हो गई, वहीं काकोरी क्षेत्र में चार दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल किशोर की उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर में जान चली गई।

पुलिस ने दोनों शव का पोस्टमार्टम कराया है। नगराम थाना क्षेत्र के भूड़ाकला गांव निवासी राजा (18) पुत्र रामधन मंगलवार शाम एक शादी समारोह में खाना बनाने के बाद बाइक से घर जा रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के क्योली मोड़ के पास पहुंचा, तभी अचानक उसकी बाइक फिसल कर सड़क पर गिर गई। जिससे राजा गंभीर रूप से घायल हो गया। मोहनलालगंज के सरकारी अस्पताल में इलाज के बाद उसे ट्रामा सेंटर लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई। इसके अलावा काकोरी के दुर्गागंज निवासी 15 वर्षीय किशोर मो. सैफ चौधरी शनिवार को मोहल्ले के ही एक परिचित के साथ बाइक से जा रहा था। तभी मोहल्ले में ही उसकी बाइक, दूसरी मोटर साइकिल से टकरा गई। हादसे में सैफ गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई।

## लुटेरों से मोबाइल बचाने में प्रॉपर्टी डीलर स्कूटी लेकर डिवाइडर में भिड़ा

**लखनऊ।** एसीपी बाजार खाला ऑफिस से ऐशबाग ईदगाह जाने वाले रास्ते पर बदमाशों ने बाइक सवार प्रापर्टी डीलर का मोबाइल लूटने का प्रयास किया। लुटेरों से बचने की कोशिश में पीड़ित स्कूटी समेत डिवाइडर से टकरा गया, लेकिन मोबाइल बचा गया। मोतीझील कॉलोनी निवासी प्रापर्टी डीलर जावेद खान मंगलवार रात 11.30 बजे तरावीह की नमाज पढ़ कर स्कूटी से घर लौट रहे थे। बाजारखाला एसीपी कार्यालय के सामने से होते हुए वह ईदगाह गेट नम्बर एक के पास पहुंचे तभी परिचित की कॉल आ गई। वह बात करने लगे। जावेद के मुताबिक मोबाइल पर बात करने के कारण उनका ध्यान दूसरी तरफ नहीं गया। इस बीच बाइक सवार बदमाश आ धमके। जावेद मोबाइल पर बात करते हुए स्कूटी चला रहे थे। तभी बदमाशों ने झपट्टा मार कर मोबाइल फोन छीनने का प्रयास किया। जावेद ने मोबाइल तो बचा लिया। पर, अनियंत्रित स्कूटी समेत डिवाइडर से टकरा कर घायल हो गए। इंस्पेक्टर बाजारखाला संतोष आर्य ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर नहीं दी है।

### सरोजनीनगर में आठ मार्च को वॉलीबॉल प्रतियोगिता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर में सैनिक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आठ मार्च किया जा रहा है, जिसका समापन 9 मार्च को होगा।

## एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे के नाले अधूरे, खुले गड्ढों में गिर रहे मवेशी और वाहन

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ कानपुर हाईवे सड़क पर एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे सड़क का निर्माण कार्य कर रही पीएनसी कंपनी के द्वारा नाले का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसको कई जगह पर आधा अधूरा छोड़ गया या फिर नाला तो बना दिया, लेकिन उसको बंद करना सही नहीं समझा,जिसके चलते इनमें आवारा घूम रहे मवेशी गिरकर लहूलुहान हो जाते हैं, यहां तक समय से जानकारी न होने पर ना निकाले जाने से मौत भी हो जाती है। इसके अलावा हाईवे सड़क पर दौड़ वाहनों को खुले पड़े नाले में गिर जाने का खतरा बना रहता है, फिर भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बंथरा के कटी बगिया जुनाबगंज के बीच पिलर नंबर 205,206 के पास नाले कार्य पूरा नहीं किया गया। बताया जाता है कि खुले पड़े नाले में अक्सर धोखा खाकर वाहन गिरकर दुर्घटना ग्रस्त हो जातें हैं, आवारा मवेशी भी गिरकर चोटिल हो गए हैं, रात के अंधेरे में लोगों के भी गिर जाने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगभग दो महीने से खुले पड़े नाले को बंद करने की शुद्ध कोई नहीं ले रहा है, जबकि अब तक इसी वजह से कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, इसके बावजूद पूरा अमला लापरवाही कर रहा है, जिसका शिकार सड़क से निकलने वाले यात्री तथा यहां के लोग हो रहे हैं।

## संगम से लाए गए पवित्र त्रिवेणी के जल को श्रद्धालुओं में किया गया वितरित



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा ।** मुख्यमंत्री जी के अपेक्षानुसार फायर सर्विस की टीम द्वारा प्रयागराज संगम से लाए गए लगभग 4000 ली0 पवित्र त्रिवेणी के जल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह के नेतृत्व में श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। पवित्र गंगाजल वितरण कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम पुलिस लाइन एटा में अग्निशमन वाहन को लाया गया जहां पुलिस परिवार तथा आम श्रद्धालु उपस्थित होकर, पहले गंगाजल का पूजन-अर्चन किया तथा पुष्प अर्पित कर सभी लोगों द्वारा मां गंगा के प्रति सच्ची श्रद्धा प्रकट की गयी। पूजन-अर्चन के पश्चात पुलिस परिवार के लोग, जो ड्यूटी के कारण महाकुम्भ नहीं जा सके थे, उन सभी के परिवार तथा आम श्रद्धालु उपस्थित होकर, कतारबद्ध तरीके से सभी लोगों ने गंगाजल प्राप्त किया। गंगाजल प्राप्त कर रहे लोगों में अति प्रसन्नता के साथ मां गंगा के प्रति सच्ची श्रद्धा और आस्था का भाव था। सभी श्रद्धालुओं द्वारा आस्था और उत्साह से पवित्र जल को प्राप्त किया गया। साथ ही जनपद के समस्त थानों के लिए पवित्र गंगा जल से भरे कलश भिजवाए गए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह, क्षेत्राधिकारी सकीट कृष्ण मुरारी दोहरे, क्षेत्राधिकारी श्री संजय कुमार सिहं, प्रतिसार निरीक्षक किशन लाल गौतम, प्रभारी अग्निशमन श्री केतन सिंह सहित पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## नीति आयोग द्वारा नौनिहालों व अभिभावकों को कुपोषण के प्रति कराया जागरूक

▸▸ नोहखास सहित न्याय पंचायत के पांच विद्यालयों में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो



**जलेसर/एटा।** बुधवार को नीति आयोग के तत्वधान में तहसील क्षेत्र की न्यायपंचायत नूहखास क्षेत्र के 5 चयनित प्राथमिक विद्यालय नूहख़ास,मीसाखुर्द, सरकरी लालगढ़ी, नगला बसु में बाल सभा एवम तिथि भोजन का आयोजन किया गया। जिससे अभिभावको को कुपोषण के प्रति जागरुक किया गया।

विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को उनके मनपसंद पौष्टिक एवं गुणवत्ता युक्त भोजन कराये गये। इसी से संदर्भित कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालय नगला बसू में विशेष रूप से योग कार्यक्रम, भाषण, वाद विवाद, कला चित्र प्रतियोगिता आयोजित कराई गयी। जिसमें बच्चों ने पूर्ण मनोयोग के साथ आनंदपूर्वक वातावरण को महसूस किया। कार्यक्रम का शुभरम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर खंड शिक्षा अधिकारी पवन कुमारी एवं एआरपी डॉ देवेश कुमार द्विवेदी द्वारा दीपार्चन धूपार्चन, माल्यार्पण एव सरस्वती वंदना के साथ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी पवन कुमारी द्वारा की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक अवागढ़ से सीएम फैलो अनुराधा यादव भी उपस्थित रही।विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका शालिनी शर्मा एवम सहायक अध्यापिका अमिता गुप्ता द्वारा विद्यालय के कक्षा-कक्षों को सुसज्जित करते हुए छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम में एआरपी डॉ. देवेश द्विवेदी द्वारा ब्लॉक के समस्त चयनित विद्यालयों में भ्रमण एवं अवलोकन किया गया। तिथि भोजन की सार्थकता के साथ बालसभा की महत्वता पर प्रकाश डाला गया।

एआरपी अजय कुमार शर्मा, कैलाश शाक्य भी उपस्थित रहे। सभी एआरपी के द्वारा शैक्षिक गुणवत्ता और परिवेश में बदलाव पर विचार प्रस्तुत किए गये। छात्र-छात्राओं को पुरुस्कार वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अमिता गुप्ता द्वारा किया गया। संकुल शिक्षक इन्दल सिंह द्वारा सभी आगुन्तको का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में आशा चौधरी, मुकेश कुमार, आसिफ अली, रवेंद्र उपाध्याय, रजनीश यादव, केएन सिंह एवम स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थिति रहे।

## रूसी फोक ग्रुप जकारिया की प्रस्तुति पर झूम उठे गुरुकुल के छात्र-छात्राएं



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** गुरुकुल द स्कूल में बुधवार को बच्चे ही शिक्षक भी झूम उठे। स्कूल में रूसी फोक ग्रुप जकारिया आया और उसने अपनी प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। ग्रुप में शामिल कलाकारों ने जब प्राचीन लोक संगीत परंपराओं को आधुनिक धुनों के साथ जोड़कर प्रस्तुत किया तो हर कोई झूम उठा। गुरूकुल द स्कूल के प्रिंसिपल गौरव बेदी ने ग्रुप के सभी कलाकारों का स्वागत किया।

उन्होंने बताया कि लिलिया ज़गिनशिना के नेतृत्व में तातारस्तान का यह एकमात्र बहुराष्ट्रीय युवा लोक संगीत ग्रुप है, जो वोल्गा क्षेत्र के लोक संगीत को संरक्षित और प्रचारित करने के लिए समर्पित है।

2017 में स्थापित इस समूह में तातार, बशकिर, मोर्दविन और उदमर्तध्तुर्की पृष्ठभूमि की चार महिला संगीतकार शामिल हैं। ग्रुप के तीन एल्बम बहुत पसंद किए गए हैं। ग्रुप का नौ भाषाओं में 40 से अधिक ग्रीतों का संग्रह है। बुघवार को ग्रुप ने स्कूल में प्रस्तुति दी तो गुरुकुल द स्कूल के छात्रों और शिक्षकों को संगीत धरोहर, भाषाई विविधता और सांस्कृतिक समरसता को एक ही मंच पर देखने का अवसर मिला।

## भाकियू स्वराष्ट्र ने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के सानिध्य में एक दिन की भूखड़ताल

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** भारतीय किसान यूनियन स्वराष्ट्र ने शहीद भगत सिंह जी की प्रतिमा के सानिध्य में बैठकर गांधी वादी नीति के तहत प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक भूखे रहकर किसान हितैषी बापू जगजीत सिंह डल्ले वाल साहब को अपना समर्थन दिया।आपको बता दें कि पिछले 13 माह से अधिक समय बीत जाने के उपरांत खनोरी बॉर्डर पर चल रहे आंदोलन को देखते हुए देश के किसानों की एम एस पी सहित 13 मांग पूरी नहीं हुई तो अपने जीवन का बलिदान देने की लिए संकल्पित हुए बापू जगजीत सिंह डल्ले वाल साहब ने आमरण अनशन रखने का संकल्प लिया आज बापू जगजीत सिंह डल्ले वाल के आमरण अनशन को 100 दिन पूर्ण होने के सापेक्ष में पूरे भारतवर्ष के अलग-अलग राज्यों से किसान मोर्चाओ और किसान संगठनो ने एक दिवसीय भूख हड़ताल रखकर बापू जगजीत सिंह डल्ले वाल साहब को अपना समर्थन दिया और भूख हड़ताल के माध्यम से केंद्र सरकार और राज्य सरकारों से यह अपील की कि किसानों की मांगों को सुनते हुए निस्तारण कराया जाए।

कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक शर्मा ने किया इस मौके पर राष्ट्रीय संयोजक प्रदीप रघुनंदन, राष्ट्रीय प्रवक्ता दीपक पंडित राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीलकमल सागर, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा साहब खान, पुष्पेंद्र तेनगुरिया राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी, आशीष तोमर राष्ट्रीय संगठन मंत्री, रिजवान खान प्रदेश अध्यक्ष, प्रदीप गुप्ता प्रदेश महासचिव, नरेंद्र राजपूत, मोहम्मद चांद अब्बास, वीरेश यादव, अशोक गुप्ता जिला अध्यक्ष, अरविंद यादव जिला अध्यक्ष, आशीष शर्मा तहसील उपाध्यक्ष, अंशुल यादव जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा, कुंवरसाय यादव जिला अध्यक्ष, पंकज यादव जिला महासचिव, लालू यादव जिला महामंत्री, बबलू यादव जिला मंत्री, श्री कृष्ण शाक्य, दीपक आर्य, कृष्णा गुप्ता, शाहबान खान, अली मोहम्मद, राजा खान,आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## आक्रोशित मजदूर ने पड़ोसी की बाइक में लगाई आग



▸▸ बाइक में आग लगाने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** निर्माणाधीन मकान में लेंटर डालने के लिए शटरिंग बनाने आए मजदूर ने काम करने से पहले ठेकेदार से रुपये मांगे। मना करने पर मजदूर अनिल ने सड़क पर खड़ी मकान मालिक के पड़ोसी मनोज खुराना की बाइक से पेट्रोल का पाइप निकालकर आग लगा दी। कुछ ही देर में आग की लपटे उठने लगी जिसे देखकर आसपास के लोगों ने भाग रहे मजदूर को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया है।

बाइक में आग लगाने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। एसीपी नगर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है।

## खैर की तस्करी करने वाले दो आरोपी पकड़े गए

▸▸ 30 लाख की अवैध लकड़ी बरामद

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र मसूरी में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 30 लाख रुपये की प्रतिबन्धित लकड़ी बरामद करने का दावा किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर है। ट्रक और लकड़ी पुलिस ने कब्जे में ले ली है। दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।सहायक पुलिस आयुक्त मसूरी लिपी नगायच ने बताया कि पुलिस ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कुशलिया रोड पर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस वे अंडरपास के नीचे खड़े ट्रक को चैक किया। ट्रक से प्रतिबन्धित 20 टन खैर प्रजाति की लकड़ियां मिली। जिसकी कीमत लगभग 30 लाख रुपए बताई गई है। ट्रक के चालक दीपक तिवारी पुत्र राम प्रकाश व सह चालक हरी सिंह परिहार पुत्र भवानी सिंह निवासीगण ग्राम व थाना बसई जनपद दतिया मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दीपक तिवारी ने बताया कि ये खैर प्रजाति की प्रतिबन्धित लकड़ी मध्य प्रदेश से हिमाचल लेकर जा रहे थे। ये ट्रक व लकड़ी मध्य प्रदेश के ग्राम व थाना ओरछा जनपद निवाडी निवासी देवेन्द्र सिंह सोलंकी पुत्र जितेन्द्र सिंह सोलंकी का है, उन्हे तो ट्रक से लकड़ी पहुंचाने के लिए ज्यादा पैसे मिल जाते हैं। इसलिये देवेन्द्र सोलंकी के साथ मिलकर यह काम कर रहे हैं। पुलिस पूछताछ में दीपक ने बताया कि खैर की लकड़ी का उपयोग कत्था व त्वचा की दवाई बनाने में इस्तेमाल होता है। उसने बताया कि वे दो वर्षो से प्रतिबन्धित खैर लकड़ी का फर्जी तरीके से ये काम कर रहे हैं। ट्रक को चोरी छिपे हिमाचल की सागर कत्था फैक्टरी लेकर जा रहे थे। पुलिस ने मौके पर वन विभाग के सेक्शन अधिकारी अजय कुमार को बुलाया। उन्होंने बताया कि खैर की लकड़ी प्रतिबन्धित है जो वन विभाग की परमीशन के बिना न तो काटी जा सकती है और न कहीं ले जाई जा सकती है। इनके पास जो अभिवहन पास है। फर्जी तैयार किया गया है, इनके द्वारा जो पास है वह सरपंच ग्राम पंचायत प्रेमपुरा जनपद टीकमगढ मध्य प्रदेश से जारी है। जबकि खैर की लकड़ी का अभिवहन पास वन विभाग द्वारा किसी सक्षम अधिकारी के सिग्नेचर व मोहर लगी होना चाहिए। एसीपी लिपी नगायच ने बताया कि मसूरी कोतवाली क्षेत्र की जेल चौकी इन्चार्ज दरोगा प्रवीन कुमार गौतम की दी गई।

## बारात में पैसों से भरा बैग लूट कर भागने वाला बदमाश आया पुलिस के शिकंजे में



लोकमित्र ब्यूरो

**साहिबाबाद।** लोनी में बारात में पैसों से भरा बैग लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ गिरफ्तार किया गया है। बदमाश गुड्डू उर्फ शादाब के पैर में गोली लगी है। जानकारी के अनुसार अंकुर विहार थाना क्षेत्र के विजय विहार इलाके में बरात में पैसों से भरा बैग लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। बदमाश गुड्डू उर्फ शादाब के पैर में गोली लगी है। वह श्रीराम कॉलोनी खजूरी दिल्ली का रहने वाला है। एसीपी अंकुर बिहार अजय कुमार ने बताया कि विजय विहार कॉलोनी में शादी समारोह के दौरान बाइक सवार बदमाशों ने पैसों से भरा बैग लूट लिया था।

पुलिस में इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। गुड्डू उर्फ शादाब पुलिस गिरफ्तारी से दूर था। शादाब के कब्जे से पुलिस ने 37 हजार रुपये, तमंचा और बाइक बरामद की है।

## जीएसटी टीम को व्यापारियों के विरोध का करना पड़ा सामना

▸▸ कई घण्टे हुई टीम और व्यापारियों में नोकझोंक, 63 लाख रुपये का माल सीज

▸▸ मगर टीम पर बिना सर्च वारन्ट के ही घुँघरू घण्टी निर्माताओं के आवासों पर छापेमारी करने पर टीम और घुंघरू घण्टा निर्माताओं में जमकर तू तू, मैं मैं हुई



लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** बिना किसी सर्च वारन्ट नगर के घुँघरू घण्टा व्यवसायियों के यहाँ छापेमारी को पहुंची जीएसटी टीम को व्यापारियों के विरोध का कड़ा सामना करना पड़ा। व्यापारियों ने टीम को घेर लिया। दौनो के बीच कई घण्टो तक काफी नोकझोंक हुई।

टीम ने कोतवाली पुलिस को मौके पर बुला लिया। वही देर शाम टीम ने नगर के दो घुंघरू-घंटा निर्माताओं के प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर लगभग 63 लाख रुपये का घुंघरू और घंटा का माल बिना कागजात के जब्त किया गया। गत दिवस अलीगढ़ मण्डल एवं एटा जनपद की जीएसटी टीमों द्वारा घुँघरी घण्टी निर्माता फर्मो के यहाँ ताबड़तोड़ छापेमारी करना शुरू कर दिया। छापेमारी की खबर फैलते ही नगर के घुँघरू घण्टा निर्माताओं में हड़कंप मच गया। चेयरमैन प्रतिनिधि संजीव वर्मा के नेतृत्व में सैंकड़ो व्यापारी नगर के बड़ा बाजार स्थित एक प्रतिष्ठान पर पहुंच गये और छापेमारी के विरोध करते हुए जीएसटी टीम से सर्च वारंट मांग लिये।

मगर टीम पर बिना सर्च वारन्ट के ही घुँघरू घण्टी निर्माताओं के आवासों पर छापेमारी करने पर टीम और घुंघरू घण्टा निर्माताओं में जमकर तू तू , मैं मैं हुई। लगभग दो घण्टे तक व्यापारियों ने टीम को घेरे रखा। दौनो में जमकर नोकझोंक हुई। जीएसटी टीम द्वारा विभागीय उच्च अधिकारियों को कॉल कर कोतवाली पुलिस को मौके पर ही बुला लिया।जहाँ पुलिस द्वारा मामले को शांत कर जीएसटी टीम को व्यापारियों के कब्जे से मुक्त किया गया। इससे पूर्व टीम द्वारा नगर के एक वरिष्ठ भाजपा नेता कपिल गुप्ता के प्रतिष्ठान सिविक मेटल से लगभग 40 लाख रुपये का घुँघरू घण्टे का माल पकड़ा गया। फर्म द्वारा पकड़े गये माल के दस्तावेज टीम के समक्ष नही दिखा सके।

टीम द्वारा माल को जब्त कर दिया गया। सहायक आयुक्त अभिषेक कुमार ने बताया कि नगर के कलां बाजार स्थित सिविक मेटल सहित दो फर्मों पर छापेमारी की गई। जिसमे दस्तावेज न होने पर लगभग 63 लाख रुपये का माल जब्त किया गया। जिस पर टैक्स के साथ साथ जुर्माना लगाया जायेगा। उन्होंने बताया कि जलेसर नगर में घुँघरू घण्टा निर्माताओं द्वारा हर वर्ष करोड़ो रूपये की कर चोरी किये जाने की शिकायतें निरन्तर मिल रही हैं। अभी सिर्फ दो फर्मों पर ही कार्रवाई की गई है।

## बार एसोसिएशन के सचिव पद पर दोबारा चुनाव कराने का उपजिलाधिकारी ने दिया आदेश

▸▸ आदेश में एसडीएम ने कहा है कि विवेचना के आधार पर बार एसोसिएशन के चुनाव वर्ष 2024-25 में सचिव पद का निर्वाचन निरस्त किया जाता है

▸▸ हरेंद्र का आरोप था कि सचिव पद पर मतगणना के दौरान विजयी होने के बाद भी बार-बार मतगणना करके बेईमानी पूर्वक सचिव पद पर कार्य करने नहीं दिया गया

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** बार एसोसिएशन के सचिव पद का चुनाव निरस्त करते हुए उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अरुण दीक्षित ने दो सप्ताह में दोबारा कराने का आदेश दिया है। आदेश में एसडीएम ने कहा है कि विवेचना के आधार पर बार एसोसिएशन के चुनाव वर्ष 2024-25 में सचिव पद का निर्वाचन निरस्त किया जाता है। बार की एल्डर्स कमेटी को निर्देशित किया जाता है कि वह बार एसोसिएशन गाजियाबाद में सचिव पद के निर्वाचन मॉडल बाईलॉज में उल्लिखित उपनियमों के अनुसार मतदाता सूची का पुननिरीक्षण कर चुनाव कार्यक्रम घोषित करते हुए दो सप्ताह के अंदर चुनाव सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित करें। सचिव पद के प्रत्याशी हरेंद्र कुमार गौतम ने आरोप लगाया था कि बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव 19 जुलाई 2024 में फर्जी मतदाता सप्लीमेंट्री सूची बनाकर बिना एल्डर कमेटी के चुनाव संपन्न कराया गया। हरेंद्र का आरोप था कि सचिव पद पर मतगणना के दौरान विजयी होने के बाद भी बार-बार मतगणना करके बेईमानी पूर्वक सचिव पद पर कार्य करने नहीं दिया गया। हारे हुए प्रत्याशी अमित नेहरा को विधि विरुद्ध जाकर षड्यंत्र के तहत सचिव घोषित किया गया।

## उटंगन और खारी नदी जल शून्य, राजस्थान ने रोक लिया पानी

अशोक अग्निहोत्री



**आगरा।** ज्यादा लम्बा वक्त नहीं हुआ है। दो दशक पहले तक आगरा में उटंगन और खारी नदी में साल पर जलराशि रहती थी। आज स्थिति यह है कि मार्च की शुरुआत में ही ये दोनों नदी जल शून्य की स्थिति में पहुंच चुकी हैं। वजह यह है कि इन दोनों नदियों का पानी राजस्थान में रोक लिया गया है। इस बारे में न तो यूपी सरकार ने आपत्ति की है और न स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस ओर आवाज उठाई है। ताज ट्रिपेजियम जोन प्राधिकरण के तहत भरतपुर का केवलादेव राष्ट्रीय पक्षी अभ्यारण्य और उसके आसपास का भाग भी आता है। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा गठित इस निकाय और अंतरराज्यीय जल स्रोतों के प्रबंधन संबंधी नीति को राजस्थान सरकार ने पूरी तरह से नजरअंदाज कर रखा है। राजस्थान के सिंचाई विभाग ने जल प्रबंधन कार्य की जो योजनायें बनाई हुई हैं, उनके कारण आगरा जनपद की उटंगन और किरावली की गंगा के नाम से पहचान रखने वाली खारी नदी जल शून्य स्थिति में पहुंच चुकी हैं। इन नदियों का पूरा पानी इनकी भंडारण संरचनाओं खनुआ बांध और तेरह मोरी तक पहुंचने से रोक रखा गया है।

**नियमित जलयुक्त रहती थीं दोनों नदियां:** खारी और उटंगन नदियों की जल शून्यता को लेकर जब भी मुद्दा उठाया जाता है, उनके मानसून कालीन होने की बात कहकर मामले को ठंडा कर दिया जाता है, जबकि ये नियमित जलयुक्त रहने वाली नदियां है और विंध्य पहाड़ी श्रृंखला की करौली जनपद (राजस्थान) की जलधाराओं से पोषित हैं। यह सही है कि मानसून काल में पूर्व में इनमें जल की प्रचुरता रहती थी किंतु दो दशक पूर्व तक इनमें प्रवाह शून्यता की स्थिति मई-जून में भी नहीं रही।

**आगरा के आठ विकास खंड पानी से वंचित:** भरतपुर में राजस्थान के सिंचाई विभाग ने इन नदियों के हैड रिजर्वायरों की भूमिका वाले खनुआ बांध (बाबन मोरा) और तेरह मोरी बांध तक पहुंचने वाले पानी को भारत सरकार की जल प्रबंधन में राज्यों की सहभागिता नीति को नजरअंदाज कर रोक लिया है। इस पानी को अपस्ट्रीम में ही राजस्थान सरकार के सिंचाई विभाग ने जब से डायवर्ट किया है, तब से आगरा जनपद के फतेहपुर सीकरी, अकोला, शमसाबाद, फतेहाबाद, जगनेर, खेरागढ, पिनाहट और बाह विकास खंडों के जलभित्ति तंत्र जल शून्यता की स्थिति में पहुंच चुके हैं। पिछ्ले 7-8 साल से तो इन क्षेत्रों के गांवों में हैंडपंप का उपयोग बीते दिनों की सुनहरी यादें है।

**यूपी का हित अनदेखा कर दिया राजस्थान ने:** उटंगन नदी जो कि राजस्थान में बाबन मोरा (खानुआ बांध) होकर आगरा में आती है, का पानी हिंडौन (करौली जनपद) में बने पांचना बांध पर रोक लिया गया है, जबकि खारी नदी का पानी भरतपुर के अजान बांध पर रोक लिया गया है। इसी बांध की राजा ब्रिजेन्द्र सिंह मोरी से खारी नदी शुरू होती है। फतेहपुर सीकरी की पहाड़ियों के बीच से होकर तेरह मोरी बांध जलाशय को पानी से लबालब करने के बाद यह नदी किरावली की ओर बढ जाती है। वर्तमान में ब्रिजेन्द्र सिंह मोरी के गेट ग्रिल नेट लगाकर सील कर दिए गए हैं। घना पक्षी अभ्यारण डायवर्ट कर दिया जाता है।

### यूपी के सिंचाई विभाग की रही भारी लापरवाही

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से अब तक कभी भी राजस्थान सरकार के द्वारा अंतरराज्यीय नदियों के जल उपयोग में साझेदारी की नीति को अनदेखा किये जाने को लेकर न तो विरोध जताया गया है और न ही अपने हक का पानी मांगा गया है। दरअसल सिंचाई विभाग की ओर से अब तक शासन को उटंगन और खारी नदियों में पानी पहुंचना बंद होने से संबंधित आधिकारिक डॉक्यूमेंट ही उपलब्ध नहीं करवाया गया है। केवल पानी की कमी की बात ही प्रचारित की जाती रही है, जिसके फलस्वरूप जनपद के जनप्रतिनिधि शासन के माध्यम से कभी गंगा केनाल सिस्टम की नहरों का पानी मांगते रहे हैं और कभी चम्बल नदी का।

## चौपाल के जरिए जारी रहेगी सपा की पीडीए पर चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो



**अलीगंज/एटा।** सपा के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशन में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्त्ता अब गांव गांव जाकर चौपाल के माध्यम से पार्टी की उपलब्धि बतायेगे. साथ सदस्या अभियान भी जारी रहेगा. अलीगंज में समाजवादी पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रमुख रामकिशोर यादव की अध्यक्षता में पार्टी के कार्यकर्ताओ की बैठक उनके अलीगंज पर की गयी. बताया गया कि समाजवादी पार्टी ने पीडीए जागरुकता अभियान का समापन 26 फरवरी को किया लेकिन इसे चौपाल के जरिए जारी रखने का निर्णय लिया है। पार्टी की जिला इकाई ने बैठक की जिसमें कार्यकर्ताओं को आम आदमी के अधिकारों के बारे में विशेष चर्चा की।

समाजवादी पार्टी चौपाल के जरिए पीडीए पर चर्चा जारी रखेगी समाजवादी पार्टी अब गांव गांव जाकर पीडीए की चर्चा कर लोगों को जागरूक करेगी. पीडीए पचायत का कार्यक्रम विधान सभा अध्यक्ष सुभाष शाक्य के तत्वाधान में किया अध्यक्षता रामेश्वर शाक्य ने की. सपा कार्यकर्त्ता की तरफ से चलाए गए पीडीए जागरुकता अभियान के समापन के बाद पार्टी नेतूत्व सपा पार्टी के नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आम आदमी के अधिकारों के बारे में भी जागरुक करने का आह्वान किया गांव गांव जाकर लोगो को जागरूक करना है।

साथ ही सदस्या अभियान चलाकर लोगों को जोड़ने का कार्य किया जायेगा. जिसमें वरिष्ठ समाजवादी नेता राम बृजेश यादव प्रधान जी, गौरव यादव जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी एटा, सारिक खान उर्फ लाला, सुमित यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, मोहित यादव चांदकी राम यादव जिला सचिव एटा, रविन शाक्य, पंकज यादव ,गुन्नू यादव योगेश कश्यप, संतोष कठेरिया पूर्व प्रधान, मोनू यादव इंद्रपाल शाक्य, सुरेश पाल, अमन श्रीवास्तव, असलम खान आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

## ब्लॉक दिवस शिकायतों का हुआ निस्तारण

**मसौली बाराबंकी।** विकास खण्ड मसौली सभागार में बुधवार को खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ब्लाक दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें दो आवास की मांग की शिकायत आई।जिस पर खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप श्रीवास्तव ने सम्बंधित कर्मचारियों को निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत देवलिया मजरे मनियां चांदा निवासिनी रेखा पत्नी पुरुषोत्तम और ग्राम पंचायत बांसा निवासिनी नूर जहां पत्नी मुख्तार ने आवास की मांग की है।जिस पर खण्ड विकास अधिकारी सन्दीप श्रीवास्तव ने सम्बंधित पंचायत सचिव को निस्तारित करने के निर्देश दिए है।इस मौके पर एडीओ पंचायत जानकी राम, जेई एमआई अरुण कुमार व्यास, एडीओ कोऑपरेटिव खुशबू राय, पंचायत सचिव सौम्या सिंह, वन्दना पाल,उत्तम वर्मा, जैसराम, अजय वर्मा, संजीव कुमार, आकिब जमाल,राम प्रकाश वर्मा, महेश प्रताप सिंह, सुधाकर सिंह,कमल किशोर,अनिल दुबे, सहित लोग मौजूद थे।

## बीघापुर बार एसोसिएशन के चुनाव की तिथियां घोषित

**पाटन उन्नाव।** बीघापुर उन्नाव तहसील बार एसोसिएशन की चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी ने तिथियां घोषित कर दी। तहसील बीघापुर के बीघापुर उन्नाव बार एसोसिएशन के चुनाव को लेकर चुनाव अधिकारी निर्मल कुमार व श्यामू सिंह एडवोकेट ने चुनाव की तिथि घोषित कर दी। चुनाव अधिकारी ने बताया कि 7 मार्च को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। 10 व 11 मार्च को सभी पदों के लिए नामांकन होंगे। 12 मार्च को नामांकन पत्रों की जांच व वापसी होगी। 21 मार्च को शायं 4 बजे तक मतदान होगा। 4 बजे के बाद उसी गिनती होगी और चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा। मालूम हो कि बीघापुर उन्नाव बार एसोसिएशन में कुल 83 अधिवक्ताओं ने सदस्यता ले रखी है। वास्तविक मतदाताओं की जानकारी मतदाता सूची प्रकाशन के बाद ही निर्धारित होगी।

## त्रिवेणी संगम का जल श्रद्धालुओं को किया गया वितरित

**अमेठी।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार की मंशानुसार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में पवित्र गंगाजल को जनपद के आमजनमानस तक पहुंचाने के उद्देश्य से अग्निशमन पुलिस टीम द्वारा महाकुंभ पर्व की समाप्ति के अवसर पर अग्निशमन की गाड़ी से 04.03.2025 को प्रयागराज महाकुंभ से त्रिवेणी संगम का पवित्र जल जनपद लाया गया है। अग्निशमन पुलिस टीम द्वारा पवित्र गंगाजल को अमेठी, रामनगर, मुंशीगंज आदि स्थानो पर और गौरीगंज, गांधीनगर, बाबूगंज, जायस, बहादुरगढ़, शाहमऊ एवं तिलोई आदि विभिन्न स्थानो पर श्रद्धालुओं एवं आमनजमानस को व्यापक स्तर पर वितरित किया गया। और उनके बाद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहारों होली, रमजान एवं ईद के दृष्टिगत थाना पीपरपुर एवं थाना कमरौली पर थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में आपस में प्रेम व सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने व पालन करने हेतु अपील की गयी।

## ग्राहकों की लड़ाई से खुला देह व्यापार का धंधा, होटल में पुलिस ने मारा छापा

**हरदोई।** माधौगंज थाना क्षेत्र में कटरा-बिल्हौर हाईवे स्थित होटल में चल रहे अवैध देह व्यापार का भंडाफोड़ हुआ है। रुदामऊ गांव के पास स्थित इस होटल में ग्राहकों के बीच हुए विवाद ने इस अवैध धंधे की पोल खोल दी। घटना उस समय सामने आई जब होटल में आए कुछ ग्राहक एक-दूसरे की साथी को लेकर विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ा कि होटल परिसर में जमकर हंगामा हो गया। शोर-शराबे की आवाज सुनकर सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग वहां जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने गंभीर आरोप लगाए कि इस होटल में नाबालिग युवक-युवतियों का आना-जाना लगा रहता है। उन्होंने बताया कि यहां लंबे समय से अवैध गतिविधियां चल रही हैं। सूचना मिलते ही माधौगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने होटल की जांच की और स्थिति को नियंत्रण में ले लिया। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से होटल को बंद करने और संचालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अब मामले की गहन जांच कर रही है। होटल संचालक और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। जांच में होटल का लाइसेंस और अवैध धंधे के संरक्षण से जुड़े लोगों की भूमिका की जांच की जा रही है।

## पहली बार शराब और भांग दुकानों का आवंटन आज, डीएम ने देखीं तैयारियां

**हरदोई।** जिले में नई आबकारी नीति के तहत पहली बार शराब और भांग की दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी से किया जाएगा। यह प्रक्रिया 6 मार्च 2025 को दोपहर 12 बजे गांधी भवन मैदान में होगी। जिला आबकारी अधिकारी के.पी. सिंह ने आवेदकों को सूचित किया है कि वे रजिस्ट्रेशन स्लिप और फोटो पहचान पत्र लेकर आएं। प्रतिनिधि भेजने वालों को आज शाम तक जिला आबकारी कार्यालय से फोटो युक्त प्रवेश पत्र लेना होगा। डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने गांधी भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने बैठने की व्यवस्था, छाया और पेयजल की व्यवस्था के निर्देश दिए। पार्किंग जीआईसी ग्राउंड में रखी गई है। डीएम ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने को कहा। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी और जिला आबकारी अधिकारी के.पी. सिंह मौजूद थे। आबकारी विभाग ई-लॉटरी में पारदर्शिता के लिए विशेष सतर्कता बरत रहा है। अधिकारी आवंटन प्रक्रिया को सुचारू और नियमित बनाने में जुटे हैं। इससे आवेदकों को निष्पक्ष प्रक्रिया का लाभ मिलेगा।

## अब घर-घर पहुंचेगा प्रयागराज संगम का जल, फायर टेंडर से होगा वितरण

**हरदोई।** जिले में अग्निशमन विभाग ने एक अनूठी पहल शुरू की है। प्रयागराज से लाए गए संगम जल को फायर टेंडर के माध्यम से आम जनता तक पहुंचाया जाएगा। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के तहत शुरू की गई है। इसका उद्देश्य उन श्रद्धालुओं तक पवित्र जल पहुंचाना है, जो महाकुंभ में स्नान के लिए नहीं जा सके। सरकार के निर्देश पर अग्निशमन विभाग दमकल गाड़ियों से जल को जिला मुख्यालयों तक पहुंचा रहा है। वहां से इसका वितरण स्थानीय लोगों में किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भावनाओं को ध्यान में रखकर यह व्यवस्था की है। अग्निशमन विभाग के अधिकारी वितरण की निगरानी कर रहे हैं। डीएम और एसपी ने इस कार्य को सुचारू बनाने के लिए विशेष निर्देश जारी किए हैं। लोग इस पहल का स्वागत कर रहे हैं। वे इसे आध्यात्मिक प्रसाद के रूप में स्वीकार कर रहे हैं। यह प्रयास धार्मिक और सामाजिक एकता को मजबूत करने में सहायक साबित हो रहा है। आम जनता, पुलिसकर्मी और अधिकारी सभी इस पवित्र जल को प्राप्त कर सकेंगे।

## कन्या भोज और विशाल भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**रायबरेली।** शिवगढ़ नगर पंचायत के ढेकवा वार्ड में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन बुधवार को हुआ। शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित कथा का समापन मंत्रोच्चारण और हवन पूजन के साथ हुआ। जय शीतला माता मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित यह कथा 26 फरवरी से 4 मार्च तक चली। प्रसिद्ध कथावाचक पूर्णिमा मिश्रा जी ने अपनी अमृतमयी वाणी से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराया। प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए पहुंचते रहे। समापन दिवस पर महा कन्याभोज और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। युवा समाजसेवी राज दीक्षित (हरियाणा) ने हवन में भाग लिया और भंडारे के लिए 2 टिन तेल दान किया। उन्होंने कन्याभोज में शामिल सभी कन्याओं को दक्षिणा दी और उनका आशीर्वाद लिया। भंडारे का आयोजन दोपहर 2 बजे से देर रात तक चला। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। मंदिर सेवा समिति के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने राज दीक्षित का स्वागत किया और उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कथा के मुख्य यजमान नीरज कुमार मिश्रा, मीना मिश्रा, राकेश त्रिवेदी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विधायक पंकज गुप्ता की तीन बड़ी सौगातें

भूमि पूजन को लेकर नगर में उत्साह

लोकमित्र ब्यूरो



**शुक्लागंज, उन्नाव।** सदर विधानसभा से तीसरी बार विधायक बने पंकज गुप्ता ने नगरवासियों को विकास की तीन बड़ी सौगातें दी हैं। गुरुवार को पोनी रोड चौड़ीकरण, वाराणसी घाट की तर्ज पर भव्य आरती स्थल और मार्जिनल बांध निर्माण का भूमि पूजन किया जाएगा। इसको लेकर नगर में हर्ष और उत्साह का माहौल है। भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होने की तैयारी कर रहे हैं।

नगर में विधायक पंकज गुप्ता के समर्थन में जगह-जगह बधाई संदेशों के होर्डिंग और बैनर लगाए गए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि डबल इंजन की सरकार के तहत किए जा रहे विकास कार्यों से क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी।

यातायात को सुगम बनाने के लिए पोनी रोड चौड़ीकरण की योजना को स्वीकृति मिली है, जिसके लिए लगभग ''11 करोड़ रुपये'' की लागत निर्धारित की गई है। इस परियोजना को मूर्त रूप देने में संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप पांडेय की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसे विधायक पंकज गुप्ता ने आगे बढ़ाकर मंजूरी दिलाई।

इसके अलावा, शुक्लागंज में बनने वाले मार्जिनल बांध के तहत शक्तिनगर क्षेत्र के पास गंगा कटान रोकने की योजना को भी मंजूरी दी गई है। विधायक ने विधानसभा में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद सरकार ने 1.75 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की।

इस योजना से गंगा कटान की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगी। वहीं, वाराणसी के घाटों की तर्ज पर शुक्लागंज के गंगातट पर भव्य आरती स्थल बनाने की योजना भी प्रस्तावित है। इसके लिए शासन ने 1.06 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

यह स्थल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से नगरवासियों के लिए विशेष महत्व रखेगा और क्षेत्र में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। विकास की इन तीन बड़ी परियोजनाओं को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह है और वे विधायक पंकज गुप्ता के प्रयासों की सराहना कर रहे हैं।

## पैच उखड़े तो जर्जर हो रही सड़क को रीनिवल का इंतजार



लोकमित्र ब्यूरो

**रामनगर, बाराबंकी।** थाने के सामने से निकली बड़ी बाजार रोड कई जगह उखड़ी है। इस मार्ग पर कुछ स्थानों पर पैच बनाए गए थे मगर वे टिकाऊ नही रहे और जगह जगह रास्ता जर्जर बना हुआ है। उक्त मार्ग को थाना मोड़ से लेकर राशन दुकान तक नगर पंचायत ने अपनी सीमा में तीन साल पहले डामर बनवाया था। इसके आगे हनुमान मंदिर , बड़ी बाजार होकर हाइवे तक जाने वाला पक्का डामर रोड लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड एक के जिम्मे है जो बनाया नही गया ।यहां कई जगह सड़क उखड़ी पड़ी हुई है ।विभाग ने गड्ढा भरवाने के लिए पैच बनवाए थे मगर वे टिक नहीं सके ।सड़क पूरी रीनिवल योग्य है जिसकी उपेक्षा की जा रही है।

यही सड़क लोधेश्वर महादेवा मंदिर को भी जोड़ती है जिस पर चलकर प्रत्येक सोमवार तमाम भक्त मंदिर जाते है। सड़क की मरम्मत बहुत जरूरी बताई जा रही लेकिन विभाग चुप्पी साधे है। बाजार जाने वाले व मस्जिद में नवाज पढ़ने वाले सहित तमाम लोग उखड़ रही सड़क से परेशान हैं।

## एक्सपायर दवाएं सड़क पर जलाकर फेंकी, सीएमओ ने जांच के दिए आदेश

**हरदोई।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडी में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है। बुधवार को अस्पताल के सामने सड़क किनारे एक्सपायर दवाओं का ढेर मिला। इनमें कई जरूरी दवाएं शामिल थीं। अधजली दवाओं में डाकसी, एजिथ्रोमाइसिन और ओमेप्रजाल जैसी महत्वपूर्ण दवाएं शामिल हैं। इसके अलावा कई सीरप, इंजेक्शन और टैबलेट भी मिले हैं। ये सभी दवाएं गैस, एसिडिटी, सर्दी, खांसी, बुखार और उल्टी जैसी आम बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होती हैं। यह घटना सरकार की मुफ्त चिकित्सा सुविधा योजना पर सवाल खड़े करती है। सूत्रों के अनुसार, ये सभी दवाएं एक्सपायर हो चुकी थीं। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि इन दवाओं को किसने जलाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. रोहताश कुमार ने जांच टीम गठित करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## होली के त्योहार को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक



लोक मित्र संवाद

**बीघापुर,उन्नाव।** होली का त्योहार सौहार्द पूर्ण रंजिश को भूलकर मनाए जाने की लेकर बारा सगवर थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक एस डी एम की अध्यक्षता में हुई। पीस कमेटी की बैठक की संबोधित करते हुए एस डी एम रणवीर सिंह ने कहा कि बैसवारा क्षेत्र गंगा जमुनी संस्कृति के साथ कलम व कृपाण का धनी रहा है। सभी लोग समरसता कायम रखते हुए होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मिलजुल कर मनाएं। उन्होंने बैठक में मौजूद क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगो से आगामी पर्वों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता के सहयोग से कानून व्यवस्था बनाये रखने में कायम है। होली के पर्व पर माहौल बिगाड़ने वालो पर पैनी नजर रखी जा रही है। उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही भी की जायेगी। क्षेत्र में किसी प्रकार की गैर कानूनी गतिविधियों की जानकारी देकर आप सभी प्रशासन का सहयोग जरूर करें। इस मौके पर थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, उपनिरीक्षक मानिकराम व क्षेत्रीय लोगो मे प्रकाश सिंह, भोले सिंह, राजेश सिंह, आशू आदि मौजूद रहे।

## नगर पंचायत की निष्प्रयोज्य सामग्री की हुई नीलामी



लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** नगर पंचायत बंकी सीमान्तर्गत अवस्थित एम.आर.एफ. सेन्टर पर कूडे की छटाई के द्वौरान एकत्रित निष्प्रयोज्य सामग्री व कबाड़ जैसे कार्टून, पेपर, कन्टेनर, बोल्ट, कॉच एंव प्लास्टिक की बोतलें, बैग आदि की खुली नीलामी बोली निर्धारित समय पर की गयी।

जिसमें 5 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह जानकारी देते हुए अधिशाषी अधिकारी मोहिनी केसरवानी ने बताया कि मौके पर उपस्थित लोगो में सर्वाधिक बोली 20,500 रुपए की मेसर्स एम.के.ट्रेडिंग कम्पनी की रही। नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए सर्वाधिक बोली दाता को एम.आर.एफ. सेन्टर पर छटाई के द्वौरान एकत्रित होने वाले निष्प्रयोज्य सामग्री / कबाड को ले जाने की अनुमति प्रदान की गयी।

नीलामी के समापन के द्वौरान अधिशासी अधिकारी द्वारा कहा गया कि नगर पंचायत बंकी द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है, कि नगर क्षेत्र से निकलने वाला कूडा सूखा-गीला अलग-अलग एकत्रित किया जाय। जिसके लिए समस्त वार्डो में डोर-टू-डोर कूड़ा का कलेक्शन कराया जा रहा है। इससे कूड़ा का उचित निस्तारण भी होगा तथा निकाय की आय भी होगी। इसी क्रम में लोगों से अपील की गयी कि सभी लोग अपने घरों से निकलने वाला कूडा सूखा-गीला अलग अलग ही सफाई मित्र को मोंगे जाने पर दे, इधर उधर कूडा सड़क अथवा नाली में डाले।

यदि पुरानी किताबें, पुराना कपड़ा, पुराने खिलोने इत्यादि घरों में है, तो उन्हें नगर पंचायत बंकी पुराना कार्यालय प्रांगण में बने आर.आर.आर. सेन्टर पर उपलब्ध करा दें। जिससे उन्हे पुनः उपयोग में लाया जा सके।

## महाभारत की कथा सुन मंत्र मुग्ध, हुए श्रोता



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** विधानसभा अमेठी में कैलाश नाथ मिश्र के यहां हो रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन भक्ति, उल्लास और दिव्यता से भरपूर ,कथा वाचक शंकराचार्य श्री स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज ज्योर्तिमठ उत्तराखंड के कृपा पात्र शिष्य आचार्य श्री अरुण कुमार त्रिपाठी जी के मुखारविंद से कथा का श्रवण कर उपस्थित श्रोता मंत्र मुक्त हो गए, महाराज जी ने भागवत कथा के महत्व को समझाया और कथा के दौरान महाभारत की कथा का वर्णन किया गया,कथा वाचक आचार्य महाराज जी ने बताया भगवत गीता का क्या महत्व मनुष्य के जीवन में क्या होता है, महिलाओं एवं श्रद्धालुओ द्वारा भाव-विभोर होकर भक्तिमय बनाने में सहयोग किया गया, स्वागत एवं सहयोग में प्रमोद कुमार मिश्रा, अनिल कुमार, विनोद कुमार , राहुल रोहित शुभम मिश्रा सहित पूरे रामनाथ पुर बड़ा में भक्ति का संगम नजर आ रहा था।

## होली में होगा मनरेगा, कागजों में हुआ काम, नहीं हो रहा पेमेंट

19 करोड़ की बकायेदारी , काम हुआ कागजों पर

लोकमित्र ब्यूरो



**अमेठी।** होली का त्योहार जैसे जैसे नजदीक आ रहा है। वैसे ही मनरेगा, मैटेरियल आपूर्ति कर्ता के माथे पर चिंता की लकीरें और अधिक होती जा रही है। लगभग 19 करोड़ की बकायेदारी से सभी की मुसीबत बनती जा रही है। मनरेगा कर्मचारियों को पांच माह से मानदेय भी नहीं मिला है। जबकि उप मुख्यमंत्री ने भी बजट जारी करने के लिए भारत सरकार को पत्र लिखा है।

जिले में मनरेगा के नाम पर खूब लूट मची हुई है, और शासन प्रशासन के अधिकारी 20 प्रतिशत लेकर लेकर हिस्सा बने हुए हैं काम कागजों पर हो रहा है सरकार हमेशा कर्जदार बन रह रही है, जबकि ना हल चलें ना फावड़े मनरेगा में काम हो रहा रोज एक मजदूर काम करे तो 10 की हाजिरी यह ग्राम सभाओं का लेखा-जोखा है फिर भी सरकार पर आरोप प्रत्यारोप लगाने से बाज नहीं आ रहे जिले में मनरेगा को तीन माह से बजट नहीं मिला है। मजदूरों के 36 लाख 42 हजार रुपये की धनराशि में ब्लाकों द्वारा डोंगल न लगाए जाने से ऑनलाइन प्रदर्शित हो रहा है। जबकि विभागीय लोगों का कहना है कि बकाए की धनराशि इससे कहीं अधिक है।

डोंगल लगने से ऑनलाइन दिखाई नहीं दे रहा है। मनरेगा के तहत काम करने वाले मिस्त्रियों का एक करोड़ 10 लाख 25 हजार रुपये का मेहनताना बाकी है। इसी प्रकार मैटेरियल आपूर्ति करने वाले दुकानदारों का 15 करोड़ 60 लाख 38 हजार रुपए का बकाया है। एक करोड़ 83 लाख 67 हजार रुपए का टैक्स सहित कुल 18 करोड़ 90 लाख 72 हजार की देनदारी बाकी है। मनरेगा में काम करने वाले कर्मचारियों को धन के अभाव में पांच माह से मानदेय नहीं मिलने से भुखमरी की कगार पर खड़े हैं।

त्योहार के पहले योजना को बजट नहीं आवंटित हुआ तो मजदूरों, मैटेरियल आपूर्ति कर्ताओं व कर्मचारियों के लिए होली का रंग फीका हो सकता है। जबकि सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बीते 07 फरवरी ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार को अपने पत्र क्रमांक संख्या 04/38-6 के तहत बजट उपलब्ध कराने की मांग किया है। जिससे विकास कार्य प्रभावित न हो सके। इस संबंध में डीसी मनरेगा शेर बहादुर ने कहा कि सरकार द्वारा बजट आवंटन के बाद ही भुगतान की कार्रवाई की जाएगी।

गौर करने वाली बात यह है कि सरकार की सबसे भ्रष्ट योजना मनरेगा के तहत ग्राम सभा में खूब बंदर बाट हो रही है कहीं पर भी मनरेगा अंतर्गत काम नहीं हो रहा है जहां पर भी हो रहा है वह काम करने वाले चार लोगों की जगह 40 लोगों की हाजिरी लगाई जा रही है यह देखने को मिल रहा है इन बातों को समाज सेवी अर्जुन पांडे ने कहा कि मनरेगा योजना का दुरुपयोग हो रहा है जो ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी मिलकर सरकार को गुमराह कर रहे हैं इसकी जांच होनी चाहिए जिससे ग्राम विकास हो सके।

## अग्निपीडितों से मिलकर राहत सामग्री प्रदान की विधायक श्रीकान्त कटियार ने

सरकारी आवास व आर्थिक मदद का दिया आश्वासन

लोकमित्र संवाद

**बांगरमऊ,उन्नाव।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत खैरुद्दीन पुर में बीते मंगलवार को आग लग जाने से 19 लोगों की गृहस्थी का सामान सामान जलकर खाक हो गया था। आज बुधवार को क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने अग्नि प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनको राहत सामग्री वितरित की । साथ ही उन्होंने पीड़ितों को सरकार से आवास उपलब्ध कराने और जल्द आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन भी दिया।



ज्ञात हो कि ग्राम खैरुद्दीन पुर में बीते मंगलवार को दोपहर के समय अचानक रसोई गैस सिलेंडर लीकेज हो जाने आग लग गई थी। जिससे कुल 20 घरों की करीब 20 लाख रुपए कीमत का गृहस्थी का सामान जलकर भस्म हो गया था। इसके अलावा आग बुझाने के दौरान एक महिला और एक युवती झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। आज बुधवार को विधायक श्री कटियार आग प्रभावित गांव पहुंचे और घर-घर जाकर आग से हुई क्षति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने पीड़ित परिवारों को सरकार से प्रधानमंत्री आवास दिलाने का वचन दिया। इसके अलावा विधायक ने शासन से अहेतुक सहायता भी जल्द मुहैया कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ है और सभी पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री भी वितरित की।

## 11 घरों में लगी आग, 5 मवेशियों की मौत, लाखों का नुकसान

**हरदोई।** अरवल थाना क्षेत्र के चंद्रमपुर के मजरा छंगापुरवा गांव में बुधवार दोपहर करीब ढाई बजे एक भीषण अग्निकांड की घटना सामने आई। विवेक के घर से शुरू हुई आग तेज हवा के कारण आसपास के घरों तक फैल गई। आग की चपेट में राजाराम, विद्याराम, मटरू, अमर सिंह, राजेंद्र, अशोक, रामप्रकाश, विजय पाल और लालाराम के घर आ गए। इस हादसे में विद्याराम का एक भैंस और अमर सिंह, राजाराम व राजेंद्र की चार बकरियों की मौत हो गई। ग्रामीणों ने पंप सेट की मदद से करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से प्रभावित परिवारों का लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही राजस्व और पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारी नुकसान का आकलन कर रहे हैं।

## कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन, स्टेडियम में

लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिला खेल कार्यालय के उपक्रीड़ाधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि खेल निदेशालय के निर्देशानुसार वर्ष 2025-26 में आवासीय क्रीडा छात्रायास में प्रवेश हेतु प्रदेश स्तरीय 15 वर्ष से कम आयु के बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता आज जनपद के डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्र ने फीता काटकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता के उद्घाटन की घोषणा किया। उन्होंने बताया कि प्रथम दिन कबड्डी प्रतियोगिता दो टीमों (टीम-ए तथा टीम-बी) के मध्य खेला गया, जिसमें वाराणसी ने 44-17 से लखनऊ, आगरा ने 33-03 से सहारनपुर व गोरखपुर ने 28-21 से मेरठ एवं अयोध्या ने 20-07 से आजमगढ़ तथा वाराणसी ने 17-15 से गोरखपुर को हराया। इस क्रम में उन्होंने बताया कि आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश हेतु प्रदेश स्तरीय कबड्क्डी खिलाड़ियों का चयन/ट्रायल्स (फिजिकल टेस्ट एवं स्किल टेस्ट तथा डॉक्टरों द्वारा मेडिकल जांच) भी कराया गया एवं इस अवसर पर उ0प्र0 कबड्डी संघ के आब्जर्वर रामपाल उपस्थित रहे तथा उपक्रीडाधिकारी शमीम अहमद ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन में निर्णायक के रूप में जय प्रकाश यादव, राजेन्द्र पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा किया तथा उक्त दो दिवसीय प्रतियोगिता का फाइनल मैच 06 मार्च 2025 को खेला जायेगा। प्रशिक्षक मो0 नदीम, मो0 आरिफ, लबली तिवारी, मोना सिन्हा ने उपस्थित रहकर प्रतियोगिता के आयोजन में अमूल्य योगदान दिया।

संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हुआ बाइक सवार इलाज के दौरान जिला अस्पताल में हुई मौत

**धौरहरा-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के ढखेरवा सिसैया मार्ग पर एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।पुलिस ने घायल बाइक सवार को लखीमपुर जिला अस्पताल भेजा जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। धौरहरा कोतवाली क्षेत्र के सिसैया गांव निवासी सोनू (26)पुत्र सलीम धौरहरा से वापस मंगलवार रात दस बजे वापस अपने घर बाइक से जा रहा था। रास्ते में धौरहरा सिसैया मार्ग पर चफरिया ताल के पास एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस नें एम्बुलेंस से धौरहरा सीएचसी भेजा जहां डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल ओयल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान बुधवार दोपहर मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया मामले में रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

### कानपुर में अबतक नहीं मिला लूट के साथ रेप कर भागे शातिर का सुराग

**कानपुर।** यहां लाखों की लूट के साथ ही गृह स्वामी के साथ बलात्कार करके फरार हुए शातिर का सुराग अब तक नहीं मिल पाया है। पुलिस उसकी तलाश लगातार कर रही है। यह घटना साढ़ थाना क्षेत्र में की है। पीड़िता के पति पानीपत में प्राइवेट नौकरी करते हैं। मौके पर पहुंची पुलिस को दी गई जानकारी के मुताबिक घटना के समय महिला अपने दो बच्चों के साथ घर में अकेली थी। गांव का ही राघवेंद्र सिंह (32) चोरी की नीयत से घर में घुस गया। इस बीच खटपट की आवाज सुनकर महिला कमरे में पहुंची और विरोध किया लेकिन आरोपी ने महिला को अकेला पाकर उसके साथ रेप किया। इसके बाद जेवरात लेकर अंधेरे का फायदा उठाकर मुख्य गेट से फरार हो गया। इसके बाद उसकी तलाश लगातार की जा रही है लेकिन अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी राघवेंद्र के खिलाफ रेप और चोरी का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश लगातार की जा रही है।

### तहसील परिसर में खड़ी कार में लगी आग

**रायबरेली।** सदर तहसील परिसर में खड़ी एक कार अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। घटना के दौरान तहसील परिसर में अफ्रातफ्री का माहौल बन गया। मौजूद लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की टीम जल्द ही मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी और टीन के डब्बे जैसी दिखने लगी थी। अधिकारियों के अनुसार अभी तक कार में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। साथ ही कार का मालिक भी अभी तक सामने नहीं आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मां सूर्य कुमारी की पुण्यतिथि पर भंडारा कल

**रायबरेली।** उत्तर वाहिनी गंगातट स्थित रालपुर में आदि शक्ति मां सूर्य कुमारी की 28वीं पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह भंडारा 7 मार्च, शुक्रवार को होगा। आदि शक्ति मां सुरेश सेवा संस्थान के प्रबंधक अंजनी कुमार अग्निहोत्री ने इस आयोजन की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से वे 7 मार्च को भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं। इस वर्ष भंडारे में पूड़ी, सब्जी और बूंदी का प्रसाद दिनभर वितरित किया जाएगा। अग्निहोत्री ने मां के सभी भक्तों से अपील की है कि वे समय पर आयोजन स्थल पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करें।

### चक्कर आने से बाइक से गिरी महिला, जिला अस्पताल रेफर

**रायबरेली।** खीरों थाना क्षेत्र के धुराई गांव में एक महिला को बाइक चलाते समय चक्कर आने से गंभीर हादसा हो गया। उद्वत खेड़ा निवासी 35 वर्षीय सुनीता पत्नी रामकेवल बाइक से कहीं जा रही थीं। रास्ते में अचानक चक्कर आने से वह बाइक से गिर गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस के पहुंचने पर घायल महिला को पहले खीरों सीएचसी ले जाया गया। वहां डॉक्टर राहुल घोष ने प्राथमिक उपचार किया। महिला की हालत नाजुक देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफ्र कर दिया।

### गैंगस्टर समेत 5 अपराधी गिरफ्तार, अवैध तमंचा बरामद

**प्रतापगढ़।** पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर चलाए गए इस अभियान में महेशगंज, दिलीपपुर, आसपुर देवसरा और कोहंडौर थाना पुलिस ने कार्रवाई की।महेशगंज पुलिस ने रामनगर पुलिया तिराहे से गैंगस्टर राजेश सरोज को गिरफ्तार किया। इस पर लूट समेत 7 मुकदमे दर्ज हैं। संग्रामगढ़, कुण्डा और महेशगंज थाने में इसके खिलाफगंभीर मामले लंबित हैं। दिलीपपुर पुलिस ने सराय भवानी से प्रवीण कुमार को 315 बोर के देशी तमंचे और एक जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा। आसपुर देवसरा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपी मो. फैजान शाह और मो. जहीर अहमद को उमरा नाला पुल के पास से गिरफ्तार किया। कोहंडौर पुलिस ने 12 साल से फ्रार वारंटी साकिर अली को उसके घर गंगापुर से गिरफ्तार किया। इस पर धारा 352, 504, 506 के तहत मामला दर्ज था। सभी गिरफ्तार अपराधियों को जेल भेज दिया गया है।

### तीन बंद घरों से लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**प्रतापगढ़।** जिले के लीलापुर और बाघराय थाना क्षेत्र में चोरों ने तीन बंद घरों को निशाना बनाया है। चोरों ने इन घरों से लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफकिया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के चमरुपुर शुक्लान गांव में पहली घटना सामने आई। मुंबई में नौकरी करने वाले बबलू वैश्य के बंद घर में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। चार मार्च को मुंबई से लौटने पर बबलू को घर का ताला टूटा मिला। चोर घर से नकदी और कीमती जेवरात ले गए। बाघराय थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाएं हुई। पटवारा बारौं गांव में शिव बहादुर पटेल के घर चोर छत के रास्ते घुसे। उन्होंने कमरे का ताला तोड़कर आलमारी से करीब दो लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिया।

# सीएसआर से रौशन हुआ आयुष्मान आरोग्य मंदिर भानपुर, डीएम ने किया लोकार्पण

» डीएम की पहल पर आठ सब सेंटरों को मिली उपयोगी सामग्री की सौगात

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के आवाह्न पर बलरामपुर फाउन्डेशन ने सीएसआर फंड से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ का ÷आयुष्मान आरोग्य मंदिर भानपुर÷ नवीनीकरण और सौन्दर्याकरण कार्य से रौशन हुआ। जिसका लोकार्पण डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बलरामपुर फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक अर्वंतिका सरावगी, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, मुख्य महाप्रबन्धक योगेश कुमार सिंह संग लोकार्पित कर जनमानस की सेवा को समर्पित किया। इस मौके पर पांच महिलाओं को पिंक हेलमेट का वितरण भी किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि आशा बहनों की समाज में भूमिका अहम है, यह महिलाओं और बालिकाओं को स्वस्थ खानपान की सलाह देकर एनीमिया जैसी बीमारियों से बचाती है। महिलाएं और बालिकाएं उनकी सलाह पर अमल करती हैं। बलरामपुर फाउंडेशन ने क्षेत्र के विकास के लिए बड़े पैमाने पर धनराशि खर्च सामाजिक दायित्व को बखूबी निभाया है। इस केंद्र को हमेशा चकाचक बनाए रखें। इसकी जिम्मेदारी आपके मजबूत कंधों पर है।

डीएम ने कहा कि बलरामपुर फाउंडेशन ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर भानपुर के नवीनीकरण और सौन्दर्याकरण कार्य कराने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के आठ स्वास्थ्य उपकेंद्रों किए 08 सेट इनवर्टर और बैट्रा, 08 सीलिंग फैन, 32 डस्टबिन, 32 मच्छरदानी, 16 ग्रे रंग की रेक्सीन के साथ गद्दे, 16 कवर सहित तकिया, 32 बेड शीट उपलब्ध कराकर निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन किया। उन्होंने स्वास्थ्य महकमें को निर्देशित किया कि उपलब्ध कराई गई सुविधाओं और संसाधनों का समुचित इस्तेमाल कर क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराए। बलरामपुर फाउंडेशन को आगे भी इस तरह के सामाजिक कार्य करने के लिए बधाई व शुभकामनायें दी। बलरामपुर फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक अर्वंतिका सरावगी ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के आह्वान पर बलरामपुर फाउंडेशन की ओर से निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिजुआ के आयुष्मान आरोग्य मंदिर भानपुर में भवन नवीनीकरण एवं सौन्दर्याकरण कार्य कराया। बलरामपुर फाउन्डेशन क्षेत्र के चहुमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संस्था द्वारा पूर्व, वर्तमान व भविष्य में किए जाने वाले कार्यों से भी अवगत कराया। कहा कि मुझे खुशी है कि हम लोग इस पुनीत काम को कर पा रहे।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बलरामपुर फाउंडेशन द्वारा जिले में सीएसआर के जरिए स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर महिला क्लब की अध्यक्ष बबिता सिंह,बीडीओ बिजुआ महावीर सिंह,मैनेजर एचआर अविनेश मिश्र,अधीक्षक सीएचसी बिजुआ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी पुरुष और महिलाएं मौजूद रही।

## अराजक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर, सदभावना और आपसी भाई चारे के साथ मनाये त्यौहार



लोकमित्र ब्यूरो

**मोहम्मदी-खीरी।** होली और रमजान के पर्व को लेकर कोतवाली मे बैठक आयोजित की गयी ,जिसमे दो दिन निकलने बाली होली के घमार के विषय और रमजान के बारे चर्चा की गयी। पुलिस उपाध्यक्ष अरूण कुमार सिह ने कहा कि सभी लोग शान्ति के साथ तयोहार मनाऐ,जो भी शरारती तत्व होगे निश्चित रूप से कारवाई की जाऐगी,आप लोग समाज के अग है सभी अपनी अपनी जिम्मेदारी जरूर समझे व निभाऐ, वही कोतवाल इन्द्रजीत सिह ने कहा कि घमार मे गुब्बारे और पालीथीन का प्रयोग किसी भी कीमत पर नही होने दिया जाऐगा,आपसी भाईचारे के साथ अपने अपने तयोहार मनाए,14 फरवरी को शुक्रवार होने की बजह से घमार और नमाज पर भी आपसी सहमति बनाने की बात कही, बैठक मे नायब तहसीलदार ताहिर परवेज, कस्बा इचार्ज बाबूराम, अवर अभियंता कुलदीप कुमार, पेशे इमाम असजद सिददीकी, पूर्व बार अध्यक्ष आलोक सिह,विवेक शुकला, वरिष्ठ पत्रकार अब्बास नकवी, अतुल रस्तोगी, गोविंद गुप्ता, मो.मोबीन खा, राजपाल सिह, शिवम राठौर, आकाश सैनी सहित नगर व गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में पारदर्शिता, ब्लॉक कार्यालयों में लगेगी सूची, 31 मार्च तक कर सकेंगे आवेदन

**रायबरेली।** जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना को और अधिक पारदर्शी बनाया जा रहा है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने सभी ब्लॉक कार्यालयों में आवेदकों की सूची प्रदर्शित करने का निर्देश दिया है। जिले में अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए करीब 36 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है।जिलाधिकारी माथुर ने कहा कि इस नई व्यवस्था से आवेदकों को अपने आवेदन की स्थिति जानने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा। वे सीधे अपने संबंधित ब्लॉक कार्यालय में जाकर अपनी स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। यह कदम योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता सुनिश्चित करेगा। आवेदक अंतिम तिथि से पहले ही अपने आवेदन की वास्तविक स्थिति का पता लगा सकेंगे।

## मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा,11 शातिर चोर गिरफ्तार

» 9 चोरी की बाइक और 4 बैटरी बरामद

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ।** पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देश पर कोतवाली देहात पुलिस ने 11 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की 8 मोटरसाइकिल और एक ई-स्कूटी समेत कुल 9 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। इसके अलावा 4 बैटरी भी बरामद की गई हैं। आरोपियों को बढ़नी मोड़ और अन्य स्थानों से गिरफ्तार किया गया। चोरी की गई वाहनों में शिव बहादुर की बाइक जो सदर मोड़ से 15 फ्रवरी को, उदयराज यादव की बाइक जो रेलवे स्टेशन से 21 फ्रवरी को, और इब्राहिम की टीवीएस अपाचे जो सिटी प्रतापगढ़ से 27 फ्रवरी को चोरी हुई थी, शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे एक संगठित गिरोह के रूप में काम करते थे। चोरी की गई कुछ मोटरसाइकिलें ईंट भट्ठे की आड़ में छिपाकर रखी गई थीं, जहां उनके दो साथी पांच अन्य चोरी की मोटरसाइकिलों की निगरानी कर रहे थे। गिरफ्तारी के समय आरोपी एक बुलेट और अपाचे मोटरसाइकिल को लीलापुर के एक कबाड़ी को बेचने जा रहे थे। बादशाह कबाड़ी के बारे में पूछने पर बताया गया कि हम सब लोग मिलकर दो पहिया वाहनों की चोरी करते हैं और ग्राहकों को घूम फ्रिकर सेट करते हैं। चोरी की गई गाड़ियां उनको बेचते हैं। जो गाड़ी हम लोग नहीं बेच पाते हैं उन गाडियों के हिस्से पुर्जे अलग-अलग कर बेच देते हैं। काफी समय पहले हम लोगों ने एक स्कूटी चोरी की थी, जिसका ग्राहक नहीं मिला। तब हम लोगों ने बैट्री को अलग कर कबाड़ी को बेच दिया था।

# पेंशनर्स को डीएम ने विश्राम कक्ष की दी सौगात, कोषागार में किया लोकार्पण



» पेंशनर्स बोले, डीएम के प्रयासों से साकार हुआ सपना, जताया आभार

लोकमित्र ब्यूरो

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद खीरी में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर पेंशनरों की सुविधा, सुगमता के लिए जिला कोषागार में नवनिर्मित पेंशनर विश्राम कक्ष की सौगात मिली। जिसका डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बुजुर्ग पेंशनर्स के संग फ़ीता काटकर और शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय ने किया।

सर्वप्रथम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला कोषागार पहुंचकर नवनिर्मित पेंशन विश्राम कक्षों का फीता काटकर लोकार्पित कर पेंशनरों की सुगमता के लिए समर्पित किया। डीएम ने वरिष्ठ कोषाधिकारी अमित कुमार राय और बुजुर्ग पेंशनर्स संग पेंशनर्स विश्राम कक्ष का अवलोकन करते हुए पेंशनरों की सुविधा के लिहाज से और अधिक विकसित किए जाने के निर्देश दिए।

विभिन्न पेंशन संगठनों के पदाधिकारी और उपस्थित पेंशनर्स ने जिला प्रशासन की पहल पर नवनिर्मित पेंशनर्स विश्राम कक्ष के निर्माण पर खुशी जाहिर की और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के प्रति आभार भी जताते हुये आशीर्वाद भी दिया।

## न्यायालय के स्थगन आदेश के बाद भी दबंग कर रहे पक्का निर्माण

» एसडीएम ने स्थगन आदेश का अनुपालन करने को प्रभारी निरीक्षक को दिये निर्देश

» भूमि पर गांव के कुछ दबंग अपनी दबंगई से अबैध निर्माण कर रहे हैं।जबकि उपरोक्त मामले में एसडीएम ने स्थगन आदेश जारी किया है।

लोकमित्र ब्यूरो

**धौरहरा-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र के पंड़ितपुरवा गांव निवासी एक महिला की भूमि पर गांव के कुछ दबंग अपनी दबंगई से अबैध निर्माण कर रहे हैं।जबकि उपरोक्त मामले में एसडीएम ने स्थगन आदेश जारी किया है।

धौरहरा तहसील क्षेत्र के सुजईकुंड़ा गांव निवासी तारा देवी पत्नी मिश्री लाल पंडित पुरवा की भूमि गाटा संख्या 949/ रक्बा 0.882 व 941 रक्बा 0.178 हेक्टेयर जिसका कुर्रा बटवारे का मुकदमा एसडीएम धौरहरा न्यायालय में चल रहा था। इसी दौरान विपक्षी पुत्ती लाल,लालू,लीलाधर पुत्र गण छोटकन निवासी पंडित पुरवा ने उक्त भूमि पर जबरन कब्जा करने की नियत से नीव निर्माण शुरु कर दिया। जबकि मामले में एसडीएम राजेश कुमार ने स्थगन आदेश जारी कर रखा रहा। स्थगन आदेश के बाद भी भूमि पर निर्माण की शिकायत जब पीड़िता ने एसडीएम राजेश कुमार से बुधवार को की तो एसडीएम ने प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्रा को स्थगन आदेश का अनुपालन कराने के निर्देश दिए है। पर दबंग राजनैतिक प्रभाव व अपनी दबंगई के बल पर निर्माण कर खुलेआम स्थगन आदेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं। एसडीएम राजेश कुमार ने बताया स्थगन आदेश का अनुपालन कराने के लिए प्रभारी निरीक्षक को भेजा है। आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही होगी।

# ई-लाटरी के माध्यम से आज होगा मदिरा दुकानों का आवंटन

» आईटीआई पहुंचे डीएम-एसपी, ई-लाटरी की परखी तैयारियां, दिए निर्देश

» नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस की निगरानी में होगी ई लॉटरी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रथम चरण की ई-लॉटरी ओडिटोरियम सह मल्टीपरपज हाल, राजकीय आईटीआई राजापुर लखीमपुर में होंगी, जिसकी सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

बुधवार की शाम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने आईटीआई राजापुर पहुंचकर ओडिटोरियम सह मल्टीपरपज हाल में गुरुवार को होने वाली ई-लॉटरी की तैयारियो की समीक्षा की, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम ने टेक्निकल एक्सपर्ट जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह और जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह से लॉटरी के संबंध में सभी जरूरी तैयारियो के संबंध में जानकारी प्राप्त की। एसपी संकल्प शर्मा ने ई लॉटरी के सफल आयोजन के लिए उपस्थित पुलिस अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि ई-लॉटरी 06 मार्च को पूर्वान्ह 10:00 बजे से पूर्वान्ह 11:45 बजे, तक सम्पन्न की जायेगी। ई-लॉटरी परिसर के लिए निर्धारित स्थान में केवल आवेदकों द्वारा ही प्रवेश किया जायेगा।

किसी अन्य व्यक्ति द्वारा नहीं। पहचान के लिए आवेदक का ई-लाटरी पोर्टल से निर्गत फोटोयुक्त पंजीकरण स्लिप मान्य होगा। प्रत्येक व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी ली जायेगी। किसी भी व्यक्ति के लिए शस्त्र या अन्य असलहा लेकर ई-लॉटरी परिसर में प्रवेश निषिद्ध हैं।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर अश्विनी कुमार सिंह, शहर कोतवाल हेमंत राय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जमालपुर गादुरी को लेकर दो किसान यूनियन आए आमने-सामने

» निष्पक्ष कार्रवाई व अवैध कब्जे नही हटबाये तो भाकियू किसान करेगी आन्दोलन,एसडीएम को सौंप ज्ञापनपत्र।

लोकमित्र ब्यूरो



**जलेसर/एटा।** क्षेत्र के ग्राम जमालपुर गादुरी में सरकारी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जाओं को हटबाये जाने को लेकर बुधवार को एक नया मोड़ आ गया है। मंगलवार को जहाँ भाकियू भानु द्वारा धरना प्रदर्शन कर लेखपाल की कार्रवाई का विरोध किया गया। वही बुधवार को भाकियू किसान द्वारा एसडीएम जलेसर को ज्ञापन पत्र सौंप अवैध कब्जा हटबाये जाने की कार्रवाई का समर्थन करते हुए अवैध कब्जा धारकों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की गयी है। वही मंगलवार की शाम लेखपाल संघ द्वारा भी एसडीएम को ज्ञापनपत्र सौंप लेखपाल के हमलावरों को तत्काल जेल भेजे जाने की मांग की गई है। वही एसडीएम द्वारा तहसीलदार के नेतृत्व में निष्पक्ष रूप से पैमायश कराकर सरकारी जमीन को अवैध कब्जा मुक्त कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।बुधवार को भाकियू किसान के जिलाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में गांव जमालपुर गादुरी के सैंकड़ो किसान तहसील आ धमके। किसानों द्वारा एसडीएम भावना विमल को एक ज्ञापन पत्र सौंप कर सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटबा कर कब्जा करने वाले दबंगो के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई किये जाने की मांग की गई है। भाकियू किसान के जिलाध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह पिंटू ठाकुर ने बताया कि जलेसर तहसील क्षेत्र के ग्राम जमालपुर गादुरी के सरकारी भूमि के गाटा संख्या 149 व 143 व 99 व 141 पर कुछ दबंग लोगों का अवैध कब्जा है। जिससे सभी ग्रामवासियों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त गाटाओं से निष्पक्षतापूर्वक कब्जा हटवाये जाने तथा अवैध कब्जा धारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग की गई है। किसान यूनियन द्वारा निष्पक्षतापूर्वक कार्य नहीं करने पर समस्त किसान भाइयों के साथ भाकियू किसान द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किये जाने की चेतावनी दी गयी है।

भाकियू भानु ने लगाया था मुआवजा नहीं दिलाने का आरोप। तहसील मुख्यालय पर भाकियू भानु के जिलाध्यक्ष पंकज ठाकुर के नेतृत्व में किसानों द्वारा मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया गया था। किसानों द्वारा एसडीएम को एक ज्ञापनपत्र सौंपा गया था।जिसमें गांव जमालपुर गादुरी के उमेश पाल सिंह पुत्र रामपाल सिंह व सौरव व विक्रम पुत्रगण गिरीशपाल सिंह के खिलाफ क्षेत्रीय लेखपाल रजत कुमार शर्मा द्वारा थाना निधौलीकलां में दर्ज कराई गई एफ आई आर को वापिस कराये जाने,जलेसर क्षेत्र के अति वृष्टि से लेखपाल द्वारा मौजा जमालपुर गादुरी मे लगभग 45 व सलेमपुर में 35 लोग मुआवजे से बंचितो को मुआवजा दिलबाये जाने सहित अन्य गांवों से सम्बंधित कई मांगे रखी गयी थी। किसानों द्वारा समस्या का समाधान तीन दिन में नहीं होने पर तहसील में उग्र आन्दोलन करने की चेतवानी दी गयी थी। यह था किसानों के अवैध कब्जे का मामला। तहसील क्षेत्र के गांव जमालपुर गादुरी निवासी शिकायतकर्ता रामवीर सिंह चौहान पुत्र महावीर सिंह ने ग्रामसभा जमालपुर गादुरी स्थित गाटा संख्या 149/0.284 है0 पोखर,मरघट एवं ऊसर की जमीन पर गांव के ही आधा दर्जन लोगों द्वारा जबरन अवैध कब्जा कर लिए जाने की शिकायत सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह से की गयी थी। जिस पर एसडीएम द्वारा राजस्व लेखपाल रजत कुमार शर्मा, चकबन्दी लेखपाल अनिल कुमार सिंह एवं चकबन्दीकर्ता नरेश चन्द्र की एक टीम गठित कर मौके पर जाकर पैमायश करायी गयी थी। राजस्व एवं चकबन्दी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्रस्तुत की गई।

## आयुष्मान वार्ड का संचालन एक साल में ही किया बंद

लोकमित्र ब्यूरो




**गाजियाबाद।** जिला महिला अस्पताल में संचालित आयुष्मान वार्ड शुरू होने के बाद एक साल में ही बंद कर दिया गया। अब आयुष्मान कार्ड धारक महिलाओं का भी इलाज और प्रसव सामान्य वार्ड में ही होगा। दस बेड के वार्ड में रोजाना पांच से छह महिलाएं भर्ती होती थीं। अस्पताल की तीन स्टाफ नर्स को डूडाहेड़ा संयुक्त अस्पताल में भेजने के बाद कर्मियों की कमी हो गई है। अस्पताल में तीसरी मंजिल पर पांच कमरों में 10 बेड बनाए गए हैं।

कमरों के बाहर तीमारदारों के लिए आयुष्मान लॉन्ज की व्यवस्था भी की गई है। 16 मार्च को आयुष्मान वार्ड का उद्घाटन केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने किया था।आयुष्मान कार्ड से इलाज कराने वाली महिलाओं को निजी अस्पताल जैसी सुविधा मिल रही थी। वहां पर तीमारदारों को टीबी देखने सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। आयुष्मान योजना में अस्पताल को प्रति प्रसव के 12,900 से 16 हजार रुपये तक का भुगतान किया जाता है।

अस्पताल में प्रतिदिन 20 से 25 प्रसव होते हैं। इनमें पांच से छह महिलाओं का प्रसव आयुष्मान योजना में किया जा रहा है। अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से 250 से अधिक प्रसव कराए जा चुके हैं।

पहले सभी मरीजों को सामान्य वार्ड में भर्ती किया जा रहा था, प्राइवेट वार्ड को आयुष्मान वार्ड में बदलकर कार्ड धारक महिलाओं को भर्ती किया जा रहा था। अस्पताल की सीएमएस डॉ अल्का शर्मा ने बताया कि अस्पताल में दस स्टाफ नर्स की कमी पहले से ही थी।

अब तीन स्टाफ नर्स को डूडाहेड़ा भेज दिया गया है। स्टाफ की कमी के कारण वार्ड बंद किया गया है। मरीजों का इलाज और भर्ती किया जाएगा, लेकिन आयुष्मान वार्ड स्टाफ वापस आने तक बंद रहेगा।

संक्षिप्त खबरें

## एडीए व नगर निगम के कार्यालय के निर्माण में आई तेजी

**अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम का संयुक्त बहुमंजिला निर्माणाधीन कार्यालय का कार्य जोर शोर से चल रहा है। पांच मंजिला इमारत में वो तमाम सुविधाएं मौजूद रहेंगी, जो बड़े-बड़े महानगरों में स्थित भवनों में होती है। अब तक 60 फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। प्रथम, द्वितीय, तृतीय तल का कार्य पूरा हो चुका गया। चतुर्थ तल पर स्ट्रक्चर, ब्रिक फील्ड और फायर फाइटिंग का कार्य प्रगति पर है।वैग्माइन एंटरप्राइजेज के प्रोजेक्ट मैनेजर मेहराम शर्मा ने बताया कि अक्टूबर तक निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि

इस वर्ष यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा। काफी दिनों से नगर निगम का नया कार्यालय बनवाये जाने को लेकर कवायद चल रही थी। प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्यावासियों की सहूलियत को देखते हुए नगर निगम और विकास प्राधिकरण का कार्य एक जगह बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

*सदर तहसील के पास* जीजीआईसी के सामने निर्माण कार्यों के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई थी। 119.90करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन की उपलब्ध जमीन के 37 फीसदी हिस्से पर निर्माण होगा और कार्यालय को सीसीटीवी, लैन नेटवर्क, ईपी बॉक्स सिस्टम, वातानुकूलन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रीनरी आदि से आच्छादित किया जाएगा। भवन निर्माण में अयोध्या के प्रमुख मठ-मंदिरों सीता रसोई, राम मंदिर, दशरथ महल के साथ मुगल स्थापत्य शैली का समावेश देखने को मिलेगा।

*नए भवन में बनेगें इन विभागों के कार्यालय*

प्रस्तावित कार्यालय भवन में नगर निगम का राजस्व/कर विभाग, जन्म/मृत्यु विभाग, एपीडी व रोकड़ विभाग, स्वास्थ्य, सिविल, लेखा, वित्त, एनफोर्समेन्ट, संपत्ति विभाग, आडिट, जलकल, विद्युत, किराया, लाइसेंस एवं पर्यावरण, जीव-जंतु एवं कानून विभग, अधिस्ठान एवं समिति विभाग तथा सदन हाल का निर्माण कराया जाएगा। जबकि अयोध्या विकास प्राधिकरण के कार्यालय में नियोजन विभाग, संपत्ति विभाग, भूमि विभाग, इंजीनियरिंग विभाग, वित्त विभाग और प्रशासनिक विभाग का कार्यालय बनना है।

ये सुविधाएं भी रहेंगी

-मुख्य ग्राउंड +5 गार्ड रूम, सी.सी. रोड बाउण्ड्री, प्रवेश द्वार, यू. जी. टैंक 150 कि.ली. फ़ायर फाइटिंग सिस्टम, यूपीएस, एलएएन सिस्टम आदि विकसित होगा। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि हमारी कोशिश है कि इस वर्ष तक इसे कम्पलीट कर लें। एडीए के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि इस भवन के निर्माण के बाद लोगों को काफी सहुलियत मिल जाएगी।

### अनेकता में एकता की मिसाल को करना होगा कायम- हिमांशु

**गोसाईगंज-अयोध्या।** अनेकता में एकता को बनाए रखना तथा उसको जागृत कर भारतीय संस्कृति को बचाए रखना ही हमारा उद्देश्य है। आज कल धर्म के नाम पर हम लोगों को एक दूसरे से लड़ाया जा रहा है।इस देश में सभी धर्म को मानने वाले लोग थे,है और रहेंगे।सबके साथ रहने के लिए हमेशा हमें एक दूसरे के बीच प्रेम भाव बनाए रखना होगा।अगर हम ऐसा नहीं करते हैं तो यकीन मानिए आप अपने बच्चों को आतंकवाद की तरफ धकेल रहे हैं।उक्त बाते देश वासियों में प्यार एवं सद्भावना की अलख जगाने के लिए 30 जनवरी को महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर राजधानी दिल्ली स्थित गांधी समाधि स्थल से साइकिल यात्रा पर निकले झारखंड निवासी 60 वर्षीय हिमांशु कुमार ने मंगलवार शाम गोसाईगज कस्बे में जय मां गायत्री गैस सर्विस के मैनेजर/समाजसेवी आनंद सिंह की अगुवाई में माला पहनाकर हुई गर्मजोशी से स्वागत उपरांत पत्रकारों से कही।श्री हिमांशु अपनी साइकिल यात्रा का समापन बुद्धस्थली जनपद कुशीनगर में करेंगे। उन्होंने कहा कि आज कल ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि नौजवान अपनी समस्याओं को सोचना बंद कर दे जिससे पूंजी पतियों का उस पर कब्जा हो सके। इन दिनों झूठी सूचना देकर लोगों के बीच घृणा पैदा कर लडाया जा रहा है।देश की आजादी के बाद बेरोजगारी चरम पर है।शिक्षा महंगी कर प्राइवेट हाथों में दी जा रही है।नौजवान अगर लड़ेगा नहीं तो जिम्मेदारानों से राजनीति का सवाल पूछेगा।मेरे पिताजी ने 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लिया था।मुजफ्फर नगर रेलवे स्टेशन पर आग लगाई थी और फरार हो गए थे। तब गांधी जी ने अपने आश्रम में पिताजी को बुलाया था।पिता जी ने विनोबा भावे के साथ जुड़कर भी आंदोलन में हिस्सा लिया था।आज कल पढ़ने वाले छात्रों को सरकारी जॉब तो छोडीए प्राइवेट जॉब के लिए भी मारामारी करना पड़ रहा है।इस दौरान समाजसेवी आनंद सिंह,शिक्षक दिलीप कुमार सिंह,हनुमान सिंह,हैप्पी सिंह,बृजेश गौतम,व्यापारी नेता अरविंद सिंह जयसवाल, सभाजीत,मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव विनोद सिंह,उत्कर्ष सिंह,मनोज जायसवाल (सीजर),बृजेश गौतम,मनोज मौर्य सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## एनटीपीसी में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया



**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। सुबह एक प्रभात फेरी निकाली गई। एक सुरक्षा रथ को हरी झंडी दिखाकर परियोजना के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव ने रवाना किया जिसके साथ कर्मचारियों का हुजूम उमड़ पड़ा। सुरक्षा संबंधी नारे लगाते लोग प्लांट परिसर का भ्रमण किया और सुरक्षा की अलख जगाई। सुरक्षा कर्मियों के द्वारा प्रस्तुत यम दरबार नाटक का मंचन किया गया जिसे देखकर दर्शक भाव विभोर हो उठे। समारोह को संबोधित करते हुए कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विकसित भारत और सुरक्षित अर्थ व्यवस्था के लिए कारखानों को औद्योगिक स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी नियमों को सदैव अपनाना चाहिए। एनटीपीसी इस मामले में शत प्रतिशत संवेदनशील रहती है ताकि शून्य दुर्घटना की नीति कायम रहे। समारोह में महाप्रबंधक रवि प्रकाश अग्रवाल, सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री सहित बड़ी संख्या में एनटीपीसी कर्मचारी, संविदा कर्मी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अपर महाप्रबंधक सुरक्षा विभाग जितेन्द्र कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पत्रकार बनकर संचालक ने की डॉक्टरों से अभद्रता

**अयोध्या।** श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास एवं नेशनल मेडिकोज़ आर्गेनाइजेशन अवध प्रांत द्वारा दिनांक 02 मार्च को आयोजित श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा मेला के दौरान फ्रीडम फ्रॉम पावर्टी ट्रस्ट के संचालक एवं तथाकथित पत्रकार प्रमिल द्विवेदी ने गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के महासचिव डॉ भूपेंद्र सिंह एवं नेशनल मेडिकोज़ आर्गेनाइजेशन अवध प्रांत के सचिव डॉ. शिवम मिश्र के साथ न केवल बदतमीज़ी की बल्कि दोनों चिकित्सकों के साथ गाली गलौज करके नौकरी से निकालने की धमकी भी दी। इस संबंध में न्यास के सचिव डॉ भूपेंद्र सिंह ने बताया कि न्यास ने इस स्वास्थ्य मेले में विभिन्न संगठनों को भी स्टाल लगाने के लिए आमंत्रित किया था जिसमें फ्रीडम फ्रॉम पावर्टी ट्रस्ट भी आमंत्रित था। लेकिन फ्रीडम फ्रॉम पोवर्टी ट्रस्ट की तरफ़ से आए प्रमिल द्विवेदी ने पहले संघ कार्यालय पर नेशनल मेडिकोज़ आर्गेनाइज़ेशन के महामंत्री डॉ. शिवम् मिश्र के साथ अधिक स्टाल को माँग करके गाली गलौज किया जिसे बीच बचाव करके शांत किया गया। बाद में प्रमिल द्विवेदी ने कार्यक्रम स्थल पर भी पहले दस स्टाल माँगकर हंगामा खड़ा कर दिया।

# परशुराम महाविद्यालय में गरज सकता है योगी का बुलडोजर

### राजस्व व चकबंदी विभाग की संयुक्त टीम के सर्वे में शमसान की भूमि में मिला महाविद्यालय का कुछ भाग

- संयुक्त टीम ने डीएम को सौंपी सर्वे रिपोर्ट
- गोसाईगंज विधायक ने विधानसभा में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध निर्माण का उठाया था मुद्द



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिले के तारुन क्षेत्र में संचालित परशुराम स्मारक महिला महाविद्यालय तारुन का कुछ हिस्सा श्मशान भूमि पर बने होने का मामला प्रकाश में आया है। गोसाईगंज विधायक अभय सिंह ने विधानसभा में यह मामला मजबूती से उठाया था। मामला उठने पर बुधवार को तहसील प्रशासन एवं चकबंदी अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा पैमाइश कर रिपोर्ट जिला अधिकारी को दी की गई है।

गोशाईगंज विधायक अभय सिंह ने परशुराम महाविद्यालय के कुछ भाग को ग्राम समाज ( कब्रिस्तान ) की भूमि में बने होने का सवाल विधानसभा में उठाया था।

सचिवालय प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 48 घंटे के भीतर जिलाधिकारी अयोध्या से श्मशान की भूमि की पैमाइश कर पूरे प्रकरण से संबंधित रिपोर्ट तलब की है। बुधवार को प्रातः तहसील प्रशासन बीकापुर नायब तहसीलदार रामखेलावन, राजस्व निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडेय, लेखपाल शिवकुमार, मुन्नालाल, सुनील सिंह व चकबंदी कानूनगो की संयुक्त टीम ने महाविद्यालय के चारों तरफ भूमि की पैमाइश की।

इस दौरान ग्राम प्रधान हरीराम निषाद सहित अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे। नायब तहसीलदार रामखेलावन ने बताया कि गाटा संख्या 18 रकबा 727 एअर अभिलेखों में श्मशान भूमि के नाम दर्ज है। कॉलेज की बिल्डिंग का कुछ अंश आरक्षित भूमि में आ रहा है। संयुक्त रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।

### इससे पहले भी उठ चुका है ग्राम समाज की भूमि में अवैध निर्माण का मामला

दो माह पूर्व जनकदुलारी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक अवधेश वर्मा ने परशुराम स्मारक महिला महाविद्यालय को श्मशान की भूमि पर निर्माण होने को लेकर जिला अधिकारी से लेकर शासन तक शिकायत कर जांच करने की मांग की थी। लेकिन तब मामला ठंडा बस्ते में चला गया था। विधायक की ओर से उठाए गए सवाल के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। यह माना जा रहा है कि इस मामले में योगी का बुलडोजर महाविद्यालय में चल सकता है।

## समाज कल्याण विभाग द्वारा निःशुल्क विद्यालय प्रवेश हेतु आवेदन प्रारंभ

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय बरवा मसौधा, हाजीपुर बरसेंडी (सीबीएसई बोर्ड) एवं जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय मऊ घनश्यामपुर (यू.पी. बोर्ड) तथा मुगीशपुर (बालिका विद्यालय) में कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 के लिए रिक्त स्थानों पर प्रवेश हेतु निःशुल्क आवेदन पत्र वितरित किए जा रहे हैं।इच्छुक अभिभावक दिनांक 08 मार्च 2025 से संबंधित विद्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं और 15 मार्च 2025 तक उन्हें अनिवार्य रूप से जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र ऑनलाइन लिंक द्धह्लह्लश्चह्य=//ड्डह्लह्य.ह्यश्चह्यस्रष्.द्दश्1.द्बठ्ठ/श्ठ्ठद्यद्बठ्ठद्द/द्बद्दठ्ठद्ब से भी भरा जा सकता है।

उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ये विद्यालय पूरी तरह से राजकीय और निःशुल्क आवासीय विद्यालय हैं। सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 में प्रवेश दिए जाएंगे। शहरी क्षेत्र के 56640 रुपये तक और ग्रामीण क्षेत्र के 46080 रुपये तक आय वाले अभिभावकों के बच्चे इन विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं।

विद्यालय में शिक्षा, पाठ्य सामग्री, भोजन, वस्त्र, और आवासीय सुविधा पूर्णतः निःशुल्क है। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति, 25 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग, और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन पत्र के साथ आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम और 5 पासपोर्ट साइज फोटो अनिवार्य रूप से संलग्न करना आवश्यक है।अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभिभावक संबंधित विद्यालय से संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी अयोध्या द्वारा प्रदान की गई है।

## पाप करते समय तो मनुष्य डरता नहीं है, डरता है तब जब पापों की सजा भुगतने का समय आता है-पंडित प्रेमधर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीकापुर -अयोध्या ।** विकासखंड क्षेत्र के बल्लीपुर पातूपर में आयोजित की जा रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिन मंगलवार की शाम कथा व्यास व्यास पंडित प्रेमधर जी महाराज ने भागवत कथा के महात्म का वर्णन किया। बताया कि श्रीमद् भागवत कथा भाव रोगों की औषधि है। राजा परीक्षित और सुखदेव जी के संवाद मे बताया कि भागवत श्रवण करने से काल का भय समाप्त हो जाता है। भागवत सुनकर परमात्मा के साथ प्रेम करने पर उसे काल का भय नहीं लगता। जो भागवत का आश्रय लेते हैं वे निर्भय बनकर मृत्यु को अमंगल मानते हैं परंतु मृत्यु अमंगल नहीं है मृत्यु काल परमात्मा का सेवक है अतः मंगल भी है। कथा ब्यास ने कहा कि पाप करते समय तो मनुष्य डरता नहीं है, डरता है तब जब पापों की सजा भुगतने का समय आता है। जबकि मनुष्य किसी भी दिन ईश्वर का भय नहीं रखता है इसलिए वह दुःखी होता है। कहा कि परमात्मा का स्वभाव अतिशय सुन्दर है दूसरों के दुख को दूर करने का परमात्मा का स्वभाव है। आरती और प्रसाद वितरण के बाद प्रथम दिवस की कथा को विश्राम दिया गया। कथा के दौरान मुख्य रूप से क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल दुबे, कमलेश, राघवेंद्र दुबे उर्फ गुड्डू, रमेश, कमलेश, कृष्ण कुमार दुबे, अंकित दुबे, जितेंद्र तिवारी, अवधेश दुबे, अनिल यादव, अशर्फीलाल, महेश तिवारी पिंटू दुबे, राम लौट मिश्रा, अरुण दुबे, गुड्डू मिश्र, गिरीश तिवारी सहित तमाम ग्रामवासी श्रद्धालु शामिल रहे।

## उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा टीम का सघन निरीक्षण, अवैध मांस दुकान सीज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** उप जिलाधिकारी सदर विकासधर द्विवेदी और सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय मानिकचंद सिंह के नेतृत्व में पुरानी सब्जी मंडी फतेहगंज चौक में एक बार फिर से पूर्वोत्तर करवाई की गई। इस दौरान, पूर्व में बंद कराई गई मीट की दुकानों में एक दुकान खुली पाई गई, जिसे तुरंत प्रभाव से सीज कर दिया गया। एसडीएम सदर के मार्गदर्शन में संबंधित अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर उपस्थित सभी लोगों को यह सख्त हिदायत दी कि रियासी इलाकों में खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के विपरीत कोई भी मांस की दुकानें संचालित नहीं की जाएं।

इसके बाद, खाद्य सुरक्षा की टीम ने सहायक आयुक्त द्वितीय के साथ पान गली चौक में सघन निरीक्षण किया। इस दौरान चौरसिया एजेंसी पर



कार्रवाई करते हुए बनारसी आशिक सुपारी और शिखर पान मसाला गुटका का नमूना लिया गया। साथ ही शिखर पान मसाला के 67 पैकेट (मूल्य □10,720) और बनारसी आशिक सुपारी के 130 पैकेट (मूल्य □9,750) को सीज कर दिया गया।इसी क्रम में, पान गली चौक में लगभग दर्जन भर दुकानों का निरीक्षण किया गया, जो खाद्य पंजीकरण के तहत व्यवसाय कर रही थीं। इन दुकानों का वार्षिक टर्नओवर 12 लाख रुपये से ऊपर पाया गया। इन सभी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि वे खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के तहत अपना लाइसेंस बनवाएं, अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अयोध्या- ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में जनपद के सभी कार्यालयाध्यक्षों और ऑपरेटरों के लिए ई-ऑफिस प्रणाली लागू किए जाने के सम्बंध में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि सभी विभागों को प्राथमिकता पर एन0आई0सी0 की ईमेल आईडी बनवाना सुनिश्चित करना चाहिए। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर जिन विभागों की एनआईसी मेल आईडी बन चुकी है, उनका वीपीएन पर रजिस्ट्रेशन कराते हुए ई-ऑफिस प्रणाली को संचालित किया जाए।उन्होंने यह भी कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली को जनपद स्तर पर इस माह के अंत तक लागू किया जाना सुनिश्चित किया जाए और इससे संबंधित प्रशिक्षण शीघ्र करवाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अशोक कुमार ने ई-ऑफिस के लागू किए जाने हेतु डीएससी, 31 बिंदु (पीआईएमएस) और वीपीएन के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित जनपद के विभिन्न कार्यालयाध्यक्ष और ऑपरेटर उपस्थित रहे।

## सक्षम परियोजना के तहत तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (श्वष्टद्बद्ब), अहमदाबाद और बजाज फिनसर्व द्वारा उत्तर प्रदेश के पांच जनपदों ङ्क मऊ, कुशीनगर, अयोध्या, वाराणसी और गोरखपुर में संयुक्त रूप से चलाए जा रहे %सक्षम% परियोजना के तहत अयोध्या जनपद में तीन दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अयोध्या जनपद के मकबरा और महाराणा प्रताप डिग्री कॉलेज, लालबाग में किया गया। %सक्षम% परियोजना का उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमियों को वित्तीय साक्षरता और डिजिटल जागरूकता के क्षेत्र में प्रशिक्षित करना है। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर कपिल कुमार ने बताया कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले उद्यमियों को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल जागरूकता, बैंकिंग सेवाओं, बीमा, नकदी प्रवाह प्रबंधन, व्यवसाय विस्तार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उद्यमियों को व्यक्तिगत मार्गदर्शन के साथ हैंड होल्डिंग सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम पूरी तरह से निशुल्क था और इसका उद्देश्य छोटे एवं सूक्ष्म उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था।इस आयोजन में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में कपिल कुमार, अंदेश कुमार, देवेंद्र सिंह, सुश्री सबीहा शकील और श्रीमती अनीता द्विवेदी ने अपनी विशेषज्ञता प्रदान की। बजाज फिनसर्व और भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान की यह पहल उद्यमिता के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है, जिससे सूक्ष्म उद्यमियों को अपने व्यवसायों को सफल बनाने में मदद मिल सके।

## अयोध्या में बेरोजगारों के लिए रोजगार मेला- हर गुरुवार को मिलेगा निश्शुल्क साक्षात्कार का अवसर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** बेरोजगारों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। सियाराम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हर गुरुवार को आयोजित होने वाला रोजगार मेला स्थानीय पुरुषों, युवकों, महिलाओं और युवतियों को निश्शुल्क साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्रदान करेगा। यह मेला अयोध्या के विकास को गति देने के साथ-साथ स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगा।कार्यक्रम के संयोजक रामानुज सिंह राम ने बताया कि यह रोजगार मेला अनवरत हर गुरुवार को आयोजित किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अयोध्या में होटल, धर्मशाला और अन्य व्यवसायों के माध्यम से स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ना है।इस मेला के माध्यम से, सियाराम चैरिटेबल ट्रस्ट स्थानीय बेरोजगारों के लिए एक बेहतर भविष्य की दिशा में कदम बढ़ा रहा है, जिससे वे अयोध्या के विकास में सक्रिय रूप से भाग ले सकें और अपनी आजीविका बेहतर बना सकें।

## अखिल भारतीय चाणक्य परिषद द्वारा ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार आयोजन




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के तत्वावधान में ब्राह्मण बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया जाएगा। यह विशेष आयोजन आगामी 23 मार्च 2025 (रविवार) और 24 मार्च 2025 (सोमवार) को अयोध्या धाम में श्री माधव सेवा सदन, निकट अंतरराष्ट्रीय प्रेस क्लब, रामकोट अयोध्या में आयोजित होगा।कार्यक्रम का विवरण-23 मार्च 2025 (रविवार)- प्रायश्चित स्वरूप छौरकर्म

24 मार्च 2025 (सोमवार)- प्रातः 7-00 बजे से गौरी गणेश पूजन, पंचांग पूजन, अष्टभाण्ड दान, यज्ञोपवीत संस्कार, वेदाध्ययन और समावर्तन संस्कार का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम के अंत में महापुरुषों द्वारा बटुकों को आशीर्वाद दिया जाएगा और प्रसाद वितरित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में बटुकों को 8 से 16 वर्ष की आयु के बच्चों के साथ-साथ 16 वर्ष और उससे अधिक आयु के युवाओं को भी संस्कार से परिपूर्ण करने का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सभी महानुभावों से आग्रह किया जाता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने पाल्यों का निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बनें। रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क -94 517 92504,94520 56121प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा कि यह एक महत्तवपूर्ण धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन है और सभी को इस अवसर पर भाग लेने का आह्वान किया जाता है।इस आयोजन की तैयारियों को लेकर श्री गोपाल मंदिर, लक्ष्मण घाट, अयोध्या धाम में आचार्य वीरेंद्र कुमार द्विवेदी वैदिक की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक राम अनुज तिवारी, राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र, सतीश चंद्र पांडेय, जयप्रकाश तिवारी, काशीनाथ तिवारी, क्षीरेश्वर दत्त मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी, ओम प्रकाश मिश्र, जिला अध्यक्ष सत्यदेव मिश्र, अंबरीश पांडेय एवं अन्य प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड बनाने की मांग, सुरेंद्र श्रीवास्तव ने जिला सूचना अधिकारी को लिखा पत्र




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में मान्यता प्राप्त और गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बन पाया है। इस मामले में प्रेस क्लब के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने जिला सूचना अधिकारी को पत्र लिखा है और इस समस्या का समाधान शीघ्र करने की मांग की है।सुरेंद्र श्रीवास्तव ने पत्र में कहा कि सभी पत्रकारों का आयुष्मान कार्ड बनना आवश्यक है, ताकि उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी बताया कि पत्रकारों ने पहले ही अपना डाटा लखनऊ मुख्यालय को मेल किया था, लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी आयुष्मान कार्ड की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। श्रीवास्तव ने यह भी उल्लेख किया कि कई अन्य जिलों में पत्रकारों के आयुष्मान कार्ड पहले ही बन चुके हैं, जबकि अयोध्या के पत्रकार अब तक इस सुविधा से वंचित हैं

# अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, मौके पर दो की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**सीतापुर।** थाना इमलिया सुल्तानपुर इलाके के तिहार चौकी क्षेत्र के नौवा अंबरपुर मोड़ के पास कस्ता से सीतापुर की ओर आ रही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। मौके पर पहुंची थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। दुर्घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक अशोक कुमार (37) पुत्र केशव कुमार निवासी ग्राम पिपरिया अंडू थाना फरधान जिला लखीमपुर अपनी भतीजी के देवर की शादी में पचदेवरा थाना मितौली जिला लखीमपुर में बीते सोमवार यानी 3 मार्च को शामिल होने आये थे।

मंगलवार की रात अपनी बड़ी भतीजी के दामाद मुकेश कुमार पुत्र हजारी निवासी ग्राम खुर्दा थाना हैदराबाद जिला लखीमपुर के साथ बिना बताये किसी कार्य से घर से देर रात बाइक से निकले। मृतकों में मुकेश कुमार विकास खंड ईसानगर में बतौर सरकारी अध्यापक अपनी सेवायें दे रहे थे। सूचना मिलने पर जब मौके पर पहुंचे तो दोनों लोग मृत अवस्था में मिले। थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस को सूचना दे दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। थानाध्यक्ष इमलिया सुल्तानपुर शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि देर रात दोनों बाइक सवार किसी काम से काजीकमालपुर की ओर आ रहे थे। नौवा अंबरपुर मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ टकरा गई जिसमें दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

इमलिया सुल्तानपुर के सीतापुर गोला मार्ग पर लखीमपुर सीतापुर की सीमा पर नौवा अंबरपुर मोड़ दुर्घटना के मामले में सबसे चर्चित जगह है। आये दिन कोई न कोई घटना होती रहती है। सीतापुर लखीमपुर को जोड़ने वाले इस मार्ग पर बहुत तीव्र मोड़ के कारण अक्सर ऐसी दुर्घटनायें होती रहती हैं। बीते नवंबर माह में बहन की शादी की व्यवस्थायें देखने बाइक से लखनऊ जा रहे शाहजहांपुर के थाना बंडा ते ग्राम निभिचा निवासी सचिन मिश्रा (30) की इसी मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे इसी पेड़ से टकराकर मौत हो गई थी।

## कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में एमएसएमई आउटरीच कैंप का आयोजन

**जौनपुर।** कलेक्ट्रेट प्रेक्षागृह में एमएसएमई आउटरीच कैंप का आयोजन यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के उद्यमियों को वित्तीय सहायता प्रदान करना और उन्हें बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना है। कैंप का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र एवं मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम एवं यूनियन बैंक के केंद्रीय कार्यालय से आए हुए यूनियन बैंक के महाप्रबंधक मनोज कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सीएम युवा ऋण योजना की सफलता पर बल देते हुए इसे आसानी से जन जन तक पहुंचाने का कार्य करने हेतु शाखा प्रबंधकों को निर्देशित किया। महाप्रबंधक के द्वारा बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि बैंक द्वारा एमएसएमई सेक्टर को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न ऋण योजनाओं के माध्यम से आर्थिक सहायता दी जा रही है।

## महिला सशक्तीकरण और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम संपन्न



**सुल्तानपुर।** गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज, सुल्तानपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत चौथे दिन का आयोजन झालापुर ग्राम सभा में संपन्न हुआ। चौथे दिन की शुरुआत दोनों शिविरों में योगाभ्यास और प्राणायाम से हुई जिसमें क्रमशः बी. पी.एड. विभाग के डॉ रवींद्र शुक्ल और डॉ विक्रमादित्य की सहभागिता रही। पूर्वाह्न सत्र में झालापुर ग्राम सभा में महिला सशक्तीकरण और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया गया, जिसमें कार्यक्रमाधिकारी डॉ.विष्णु शंकर अग्रहरि के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने झालापुर गांव के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को नारी शक्ति के प्रति जागरूक किया और स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा घर-घर जाकर 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के लिए प्रेरित किया। इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं के प्रति जनमानस में सम्मान की भावना उत्पन्न करना है। अपराह्न सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ सिंह ने वृक्षों का हमारे जीवन में महत्व बताते हुए वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित किया और लोगों को अपने जन्मदिन पर एक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. अनुज कुमार पटेल ने छात्र - छात्राओं को समाज सेवा को लेकर मार्गदर्शन किया और राष्ट्रीय सेवा योजना के विषय में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रमाधिकारियों के कुशल निर्देशन में किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप महाविद्यालय के पयागीपुर कैंपस के प्रभारी प्रो मो. शाहिद ने युवाओं को अपनी ऊर्जा को सकारात्मक कार्य में लगाने के लिए प्रेरित किया और नशा जैसी बुराइयों से दूर रहने की सलाह दी। दिनभर की गतिविधियों के उपरांत सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों ने एक साथ भोजन ग्रहण कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में दिन का समापन किया। इस अवसर पर कार्यक्रमाधिकारी डॉ शाहनवाज आलम,डॉ दीपा सिंह, डॉ.विष्णु शंकर अग्रहरि, डॉ.भोलानाथ, डॉ.देवेंद्र नाथ मिश्र, डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, एवं स्वयंसेविक और स्वयंसेविकाएं उपस्थिति रहे।

# औरंगजेब की सराहना करना हिंदू-सिक्ख धर्म के शहीदों का सीधा अपमान-डीपी

**सुलतानपुर।** कोई भी मजहब दीन दुखियों की सेवा का जरिया होता है, वह कभी भी किसी निर्दोष के कत्ल का जरिया नहीं बन सकता परंतु इतिहास के क्रूर कातिल बादशाह औरंगजेब ने तो मजहब को ही कत्लेआम का पैमाना बना लिया था। हिंदूओं के विरुद्ध उसने धर्म परिवर्तन करो या मृत्यु का वरण करो, इस सिद्धांत को अपने राजतंत्र का मुख्य एजेंडा बना दिया था।

इसकी समीक्षा करते हुए लेखक पत्रकार डी पी गुप्ता लिखते हैं कि औरंगजेब ने भारत माता के लाखों वीर सपूतों की अत्यंत क्रूरता से हत्या की थी परंतु क्या आश्चर्य है कि इसी भारत भूमि पर उस अताताई औरंगजेब को पीर औलिया का दर्जा देकर उसकी मजार पर फातिहा पढ़ा जाता है। भारत देश का मजहब के आधार पर बंटवारा होने के बाद भी औरंगजेब की मजार आज पूरे शनो-शौकत के साथ वीर मराठाओं की भूमि पर खड़ी है, वहीं उसके द्वारा ध्वस्त किए गये हिंदुओं के हजारों मंदिरों में से मुख्य व अति पवित्र तीर्थ स्थल काशी और मथुरा के मंदिरों का पुनर्निर्माण अदालती कार्रवाई में उलझ कर रह गया है। इधर बीच जब से बालीवुड की फिल्म छावा रीलीज हुई है, हिंदुओं को अपने पूर्वजों के ऊपर हुए मुगलों के अत्याचार की सच्चाई पता चल रही है। जिस तरह छत्रपति सम्भाजी महाराज को इस्लाम न कबूल करने के कारण तड़पा तड़पा कर मारा गया था उस दृश्य को देख कर हर सनातनी दर्शक भावुक हो जा रहा है। जिस औरंगजेब ने अपने पिता शाहजहां को कारागार में डाल दिया, अपने सगे भाई दारा शिकोह की गर्दन काट कर उसे बतौर तोहफा अपने अब्बा को भेंट किया।

जिसने गुरु तेग बहादुर जी की निर्ममता से कत्ल किया। जिसके अत्याचार की वजह से गुरू गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना किया। जिसने दोनों छोटे छोटे साहेबजादों को दिवार में जिंदा चुनवा दिया। ऐसे क्रूर शासक को भारत भूमि के हिंदू धर्म से कन्वर्टेड होकर मुसलमान बने लोगों के एक बड़े हिस्से द्वारा महान शासक बताया जा रहा है। औरंगजेब को पीर औलिया की खिताब से नवाजा जा रहा है उसकी की मजार पर जाकर दुआ पढ़ी जा रही।

ये दुखद पहलू है कि अपने शासनकाल में हिंदुओं का कत्लेआम करने वाला जालिम बादशाह औरंगजेब, आज कुछ लोगों का आदर्श और प्रेरणा स्रोत बन गया है। तमाम लोग उसे महान बताने में लगे हैं। सनातन धर्म के लोगों से जिस प्रकार दरबारी व वामपंथी इतिहासकारों ने मुगलकालीन दौर की सच्चाई छिपाई थी, वह आज एक बालीवुड फिल्म छावा के जरिए पूरे देश के हिंदू जनमानस को झकझोर रही है।

# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों का हुआ सम्मान



लोकमित्र ब्यूरो

**सीतापुर।** सेक्रेड हार्ट डिग्री कॉलेज में वार्षिकोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें मेधावी विद्यार्थियों व विभिन्न विधाओं के सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्राओं को फादर जिरार्ड स्मृति पुरस्कार से देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ लखनऊ विश्वविद्यालय की एकेडमिक अधिष्ठाता प्रोफेसर गीतांजलि मिश्रा, महाविद्यालय के प्रबंधक फादर जॉनी, प्राचार्य फादर प्रशांत, उपप्राचार्य फादर सजीमन, डॉ. मनीष गुप्ता, छात्र समिति के अध्यक्ष केशव शुक्ला व पूजा शुक्ला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन के साथ किया। प्राचार्य डॉक्टर फादर प्रशांत ने सर्वप्रथम सत्र 2023-24 के सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली बीएससी जीव विज्ञान की बुशरा अख्तर, गणित वर्ग की काजल, बीकॉम की अरीशा खान, बीबीए के शरद मनार, बीसीए की रूपसी श्रीवास्तव, एमएससी प्रथम वर्ष गणित की अनुष्का सिंह को सम्मानित किया गया। इसी सत्र स्नातक की प्रथम तथा द्वितीय वर्ष के फादर जिरार्ड स्मृति सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी के रूप में बीबीए की गजाला रईस और केशव शुक्ला को सम्मानित किया। जबकि उपविजेता के रूप में बीसीए के तन्मय शुक्ला और गणित वर्ग के आयुष को सम्मानित किया गया। डेविड रिकार्डो के देवांग विक्रम सिंह ने सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी और आर्यभट्ट की वैष्णवी मिश्रा ने सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी होने का गौरव प्राप्त किया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवांग, सुरभि,प्रगति, मुस्कान,शाहनवाज, अफसा, केशिका ने किया।

# रोज़े के शारीरिक और रूहानी फायदे कौसर ज़ैदी

**सुलतानपुर।** कुरआन मजीद में अल्लाह तआला का इरशाद है कि 'तुम मे से जो इस महीने को पाए वह इसमें रोज़े रखे'। यह बरकतों रहमतों वाला महीना है इसी महीने में कुरआन नाजिल (उतरा) हुआ रोज़ा 'निर्जला व्रत' अल्लाह के हुक्म से खाना पीना और दूसरे गुनाहों से अपने आप को बचाने का नाम है। रोज़े के जहां रुहानी फायदे हैं वहीं शारीरिक लाभ भी हैं।



रोज़ा शरीर को स्वस्थ रखने संक्रमण रोकने और इससे लड़ने के लिए शरीर को काबिल बनाता है। रोज़े के दौरान या बाद में ग्लूकोज के भंडार ख़त्म होने के लगते हैं अब शरीर के लिए ऊर्जा काअगला स्रोत वसा है जब शरीर से वसा घटती है तो वज़न कम होता है। रमज़ान महीने के आखिरी आधे हिस्से में शरीर उपवास प्रक्रिया के अनुरूप ढल जाता है। जब हम उपवास करते हैं तो शरीर के सेल्स टॉक्सिंस को बर्न करते हैं इसी के साथ शरीर के अंदर मौजूद डेड सेल्स भी बर्न हो जाते हैं और शरीर नए सेल्स का निर्माण करता है जो शरीर को स्वस्थ और सुन्दर बनाए रखता है। रोज़ा शरीर में इम्युनिटी सिस्टम को भी बढ़ाने में मदद करता है।खून की सफाई, रक्त नलिकाएं ÷नसों÷ का ब्लॉकेज और आहार नली की भी सफाई हो जाती है, साथ ही आतों की गुड बैक्टीरिया की मात्रा बढ़ जाती है जिस से पाचन क्रिया 'हाजमा' ठीक हो जाता है।

# पुलिस ही अपराध मिनिमाइज कर दर्ज कर रही मुकदमा

सुल्तानपुर। जिले की पुलिस अपराधों को छिपाने अथवा मिनिमाइज करने में माहिर हैं। तहरीर को बदलवा कर लाखों रु की नगदी को गायब कर मुकदमा दर्ज कर पुलिस वाहवाही लूट रही है।ऐसे में चोर हो या अन्य अपराधी, सबके हौंसले बुलंद है। मामला कोतवाली नगर के अमहट गौराबारिक इलाके है।रविवार को देर शाम शिव वाटिका मैरिज लॉन में कानूनगो सुरेन्द्र शुक्ल अपने बेटे की शादी धूमधाम से करने बारातियों के साथ निकले थे। रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने दो लाख का रुपयों से भरा बैग छीन फरार हो गए।बैग में करीब दो लाख रु मोबाइल व घर की चाभियां भी थी। लेकिन दर्ज रिपोर्ट में दो लाख रु नगदी का जिक्र नहीं है। ऐसे में कोतवाली पुलिस ने मिनिमाइज धाराओं में मुकदमा दर्ज कर इतिश्री कर ली हैं।पुलिस की इस भूमिका से बदमाशों के हौसले बुलंद होना स्वाभाविक है। इसी तरह नगर कोतवाली के शास्त्रीनगर चौकी अंतर्गत गुरु नानक गेट के बगल चमगादड़ पोस्टल अराजक तत्वों की तरफ से लगाया गया। आज तक पुलिस पोस्टर लगाने वालों तक नहीं पहुंच सकी। जबकि क्षेत्राधिकार नगर प्रशांत सिंह ने जल्द पोस्ट कांड के पर्दाफाश का दावा किया था। उधर गुरुद्वारा गेट के बगल हुई चोरी में थोक व्यापारी के घर की चोरी में महल 40 हजार रुपए दर्शाया गया जबकि पारिवारिक जनों का कहना था कि लाखों की चोरी हुई थी।

# डीएम ने स्टॉलों का फीता काटकर किया उद्घाटन

लोकमित्र ब्यूरो

**सीतापुर।** आंख अस्पताल मार्ग पर तहसील गेट के पास राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे विविध उत्पादों के स्टाल लगाये गये है। यह स्टाल मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल के निर्देशों के क्रम में आगामी होली के पर्व के दृष्टिगत लगवाये गये है। इन स्टालों पर विविध खाद्यय सामग्री जैसे कचरी, पापड़, चिप्स, नमकीन, मशरुम, सब्जी मसाले, देसी घी इत्यादि के अतिरिक्त दरी, कालीन व साज-सज्जा की वस्तुएं लगायी गयी है। बुधवार को डीएम अभिषेक आनंद ने फीता काटकर लगाये गये स्टालों का उद्घाटन किया। डीएम एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा लगे सभी स्टालों का अवलोकन किया



गया है तथा समूहों की दीदियों एवं आकांक्षा समिति की दीदियों को प्रोत्साहित किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजनमानस से अपील की कि समिति द्वारा बनाये गये प्रोडेक्टों को क्रय करें ताकि इनको और अधिक बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर एडीएम नीतीश कुमार सिंह, एसडीएम सदर अभिनव कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# एजुकेटर भर्ती में दो के विरुद्ध धन उगाही का मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**सुलतानपुर।** जिले के मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने बेसिक शिक्षा विभाग में निकाली गई ईसीसीई एजुकेटर भर्ती में धन उगाही की शिकायत पर आरोपी की बातचीत को रंगे हाथ पकड़ा। बेसिक शिक्षा विभाग के समग्र शिक्षा के डीसी के नाम पर ईसीसीई एजुकेटर भर्ती के लिए 80 हजार रुपए की वसूली करने के मामला सामने आया है। सीडीओ के आदेश पर समग्र शिक्षा के डीसी ने एलाक्षी निर्देशक प्राइवेट लिमिटेड पवन सिंह और विजय पाल सिंह के खिलाफविभिन्न धाराओं में कोतवाली नगर में केस दर्ज कराया है। सीडीओ के इस कार्रवाई से भ्रष्टाचारियों में खलबली मची गयी है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर में दी गई तहरीर में इमरान अहमद पुत्र शमशाद अहमद निवासी ग्राम वजूपुर सुलतानपुर जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी/समग्र शिक्षा कार्यालय सुलतानपुर ने कहा कि 16 फरवरी 2025 को जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी को दूरभाष के माध्यम से किसी अनजान व्यक्ति ने अवगत कराया कि उससे ईसीसीई ऐजुकेटर भर्ती के लिये 40,000 रूपये की माँग की गयी है, जब उस नम्बर पर दुबारा फेन किया गया तो शिकायतकर्ता का फेन लगातार बन्द बता रहा है। तीन मार्च को विकास भवन सुलतानपुर के विजय पाल सिंह पता लोहरामऊ सुलतानपुर के द्वारा किसी व्यक्ति से ईसीसीई ऐजुकेटर भर्ती के लिये 80,000 रूपये माँग रहे थे। जिसकी शिकायत जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी से की गई। विजय पाल सिंह से पूछ-ताछ एवं मोबाइल की जाँच करने के बाद पता चला की विजय सिंह एवं पवन सिंह निर्देशक एलाक्षी एजुकेशन प्राईवेट लिमिटड गोलाघाट सुलतानपुर के द्वारा फेन पर वार्तालाप हुई। जिसमें इमरान के नाम का जिकर पाया। इमरान ने खुद को बेकसूर बताया है ईसीसीई ऐजुकेटर भर्ती के लिये मेरे द्वारा किसी भी व्यक्ति से कोई पैसा नहीं माँगा गया है। विजय पाल सिंह एवं पवन सिंह मेरी छवी को धूमिल कर रहे हैं। सीडीओ अंकुर कौशिक ने बताया कि एलाक्षी प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक पवन सिंह निवासी गोलाघाट कोतवाली नगर और विजय पाल सिंह निवासी लोहरामऊ, कोतवाली देहात के खिलाफबीएनएस की धारा 319, 316 और 308 के तहत कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज हो गया है।

# जौनपुर की समस्त आबकारी दुकानों का आवंटन कार्य ऑनलाइन



**जौनपुर।** जिला आबकारी अधिकारी विष्णु प्रताप सिंह ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 आबकारी विभाग, जौनपुर की समस्त आबकारी दुकानों का आवंटन कार्य ऑनलाइन पोर्टल पर ई-लाटरी प्रक्रिया द्वारा 06 मार्च 2025 को अपरान्ह 02.00 बजे से 03:45 बजे तक प्रेक्षागृह (आडिटोरियम) कलेक्ट्रेट जौनपुर में सम्पन्न कराया जायेगा। ई-लाटरी प्रक्रिया अपरान्ह 2:00 बजे से प्रारम्भ हो जायेगी। अतः आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अपरान्ह् 1:00 बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लें। अनाधिकृत व्यक्ति प्रेक्षागृह के अन्दर प्रवेश नहीं कर सकेगा। केवल यही व्यक्ति/आवेदक गेट के अन्दर प्रवेश पा सकेंगे जिनके पास ई-लाटरी पोर्टल से निर्गत फोटोयुक्त पंजीकरण स्लिप होगी। वे आवेदक जो अन्य जनपद में लाटरी प्रक्रिया में उपस्थित रहने के कारण नहीं आ सकेंगें वे अपने अधिकृत प्रतिनिधि को फोटोयुक्त अधिकृत प्रमाण पत्र (अथारिटी लेटर) तथा आने वाले व्यक्ति के आधार कार्ड के साथ प्रेक्षागृह में भेज सकते है। अर्ह-अनर्हे आवदकों की दुकानवार सूची ई-लाटरी पोर्टल पर मार्क करते हुए डाउनलोड कर तैयार की गयी है, जिसे ई-लाटरी के पूर्व जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय तथा प्रेक्षागृह (आडिटोरियम) कलेक्ट्रेट जौनपुर पर चस्पा किया जायेगा। इस सूची को पी डी एफ फाईल बनाकर वाट्सएप ग्रुप पर डाल दिया जायेगा, जिससे आवेदक यह सुनिश्चित कर सके की उनका नाम ई-लाटरी हेतु दुकानवार आवेदकों की सूची में सम्मिलित है। इस सूची को जनपद के एन0आई0सी पोर्टल पर भी देखा जा सकता है।

ई-लाटरी देशी शराब, माडल शाप कम्पोजिट शाप तथा भांग के क्रम में किया जायेगा। जिस किसी व्यक्ति को पूरे प्रदेश में दो दुकान मिल जायेगी, उसका अगले दुकान हेतु आवेदन अपने आप स्वतः पोर्टल पर समाप्त/ब्लॉक हो जायेगा। जिस भी आवेदक को दुकान आवंटित होगी, ई-लाटरी पोर्टल पर आवेदक के लाग-इन पर प्रदर्शित होगा कि उसको कौन-कौन सी दुकानें आवंटित्त हुई है साथ ही उसके मो0नं0 पर चयनित होने संबंधी मैसेज भी जायेगा तथा लाटरी स्थल पर तत्काल परिणाम की सूची चस्पा कर दी जायेगी। आवंटित आवेदकों की सूची जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय तथा जिले के एन0आई0सी0 पोर्टल पर भी लगा/अपलोड कर दिया जायेगा। चयनित आवेदकों को ई-लाटरी पोर्टल से जनरेट किया हुआ आवंटन आदेश जिला आबकारी अधिकारी जौनपुर कार्यालय से लाटरी प्रक्रिया समाप्त होने के उपरान्त साय 500 बजे से प्राप्त कराया जायेगा। ई-लाटरी की सम्पूर्ण प्रक्रिया की विडियोग्राफी करावी जायेगी। प्रत्येक व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी ली जायेगी। महिला आवेदकों की तलाशी महिला कर्मियों द्वारा ली जायेगी। किसी भी व्यक्ति को शस्त्र या अन्य असलहा लाना मना रहेगा और प्रत्येक व्यक्ति की तलाशी लेकर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि शस्त्र या अन्य असलहा लेकर ई-लाटरी परिसर में प्रवेश न कर सकें। प्रेक्षागृह में उपस्थित आवेदक/अधिकृत प्रतिनिधि शान्ति व्यवस्था व अनुशासन बनाये रखें।

# युवा व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष बनाये गये सन्तोष अग्रहरि

लोकमित्र ब्यूरो

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जौनपुर की बैठक सुतहट्टी बाजार स्थित कैम्प कार्यालय पर पूर्व चेयरमैन जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन की अध्यक्षता में हुई। कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मुकुन्द स्वरूप मिश्रा द्वारा पूर्व सदस्य जिला पंचायत, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष एवं युवा जिलाध्यक्ष रहे सन्तोष अग्रहरि को प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष पद द्वारा सुशोभित किए जाने पर प्रदेश नेतृत्व का धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए माल्यार्पण कर बधाई दिया गया। बैठक में प्रदेश नेतृत्व से विचार विमर्श कर जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन ने लखौवां बाजार निवासी फार्मेसी कालेज प्रबन्धक सन्तोष अग्रहरि को युवा जिलाध्यक्ष तथा मछलीशहर निवासी शिशिर गुप्ता को जिला



महामंत्री पद पर घोषित करते हुए एक सप्ताह में कार्यकारिणी के गठन हेतु निर्देशित किया। इसी क्रम में दीपक गुप्ता को युवा उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। स्वीकृति उद्बोधन में नवनियुक्त जिला युवा अध्यक्ष व महामंत्री ने जिला नेतृत्व की प्रति आभार व्यक्त करते हुये जिम्मेदारीपूर्वक अपने दायित्व के निर्वहन हेतु संकल्प व्यक्त किया।सम्मानित करने एवं बधाई देने वालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी, प्रदेश मंत्री महेंद्र प्रसाद सोनकर, जिला संरक्षक राजदेव यादव, महामंत्री रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष बनवारी लाल गुप्ता, नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल, नगर महामंत्रीद्वय मुन्ना लाल अग्रहरि, मनोज साहू, लायंस क्लब जौनपुर के अध्यक्ष संजय केडिया, चेतन टंडन, आशीष गौतम, अभिषेक गोल्डी, मनोज सोनकर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निवर्तमान युवा जिलाध्यक्ष, प्रदेश युवा कोषाध्यक्ष सन्तोष अग्रहरि ने किया। अन्त में चेतन टंडन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हत्याकांड का खुलासा: बाप ही निकला बेटी का हत्यारा; नशे की हालत में की थी हत्या

लोकमित्र ब्यूरो

**सीतापुर।** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में छह वर्षीय मासूम की हत्या उसके पिता ने ही की थी। मासूम का पिता मोहित पुलिस की पूछताछ में टूट गया। उसने कबूल लिया है कि अपनी मासूम बच्ची का खुद ही कत्ल किया था। बताया जा रहा है कि पिता मोहित ने नशे की हालत में घटना को अंजाम दिया है।

बता दें कि कस्बा रामपुर मथुरा निवासी छह साल की मासूम 25 फरवरी को लापता हो गई थी। अगले दो दिनों तक उनके शरीर के अंग खेतों में बरामद हुए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। इसके बाद एसपी चक्रेश मिश्र ने मातहतों को खुलासा करने के निर्देश दिए थे। स्थानीय पुलिस के साथ स्वाट व सर्विलांस सहित कई थानों की पुलिस खुलासा करने के लिए प्रयास कर रही थी। इसी बीच मृतका का पिता लापता हो गया। एसओजी को उसकी लोकेशन सीतापुर कचहरी में मिली। इसके बाद ही उस पर शक गहरा गया। एसओजी मोहित को खोजकर वापस घर लाई। इसके बाद पिता मोहित, बाबा व अन्य कुछ महिलाओं से कड़ी पूछताछ की। इस पूछताछ में देर रात मोहित टूट गया। बताया कि उसने अकेले ही घटना को अंजाम दिया था। सीओ वेदप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पिता मोहित ने जुर्म कबूल कर लिया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जौनपुर खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया

**जौनपुर।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) खेल एवं युवा कल्याण उ0 प्र0 श्री गिरीश चंद्र यादव जी व जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी सांई तेजा सीलम द्वारा त्रिस्तरीय जौनपुर खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ईशिता किशोर को नोडल बनाया गया है। विकास खण्ड, तहसील व जनपद स्तर पर खेल विधा वॉलीबाल, खो खो, 100 मी0 दौड़, 200 मी0 दौड़, शाटपूट व लांग जम्प व कुश्ती की प्रतियोगिता 04 मार्च से 09 मार्च 2025 तक होगी इस प्रतियोगिता में अण्डर 15 वर्ष के बालक व बालिका खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया किया गया। इस आयोजन के दृष्टिगत बेटी बढाओ कार्यक्रम अन्तर्गत प्रचार-प्रसार हेतु संयोजित किये जाने से संदर्भित कार्यक्रम की पहुंच आम जन सामान्य तक को जायेगी। तत्क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय को संयुक्त रूप से जिला युवा कल्याण अधिकारी रामानुज यादव के साथ आयोजक के रूप में प्रस्तावित किया गया है। युवा कल्याण विभाग, जौनपुर को सांसद क्षेत्र विकास निधि के अन्तर्गत खेल-कूद से सम्बन्धित



उपकरण प्राप्त हुये है। संदर्भित खेल महाकुम्भ के अन्तर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## पुलिस चौकी के समीप रोडवेज बस से कुचलकर बुजुर्ग की मौत

**बांदा।** अस्पताल से दवा लेकर अपने घर जा रहे बुजुर्ग को सिविल लाइन चौकी के समीप तेज रफ्तार रोडवेज बस में कुचल दिया ।उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में ले लिया ।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के काशीराम कॉलोनी निवासी दुर्गा प्रसाद 60 बीमार था। वह बुधवार की दोपहर करीब 1˜30 बजे अस्पताल से दवा लेकर घर पैदल जा रहा था। जैसे ही वह सिविल लाइन चौकी के समीप पहुंचा ही था। कि सामने से आ रही रोडवेज बस ने उसे कुचल दिया। जिससे दुर्गा प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया ।आसपास के लोगों ने उसे उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों कोहराम मच गया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया ।पुलिस ने चालक को हिरासत में लेने के बाद बस को अपने कब्जे में ले लिया ।बस में बैठी सवारियों को दूसरी बस से गंतव्य भेजा गया। मृतक के पारिवारिक दामाद कमलेश गुप्ता ने बताया कि दुर्गा प्रसाद सब्जी का ठेला लगता था। वह अपने पीछे एक पुत्र छोड़ गया।

## कथावाचक ने किया शिव और सती प्रसंग का बखान



**नरैनी।** कस्बा कालिंजर के रामलीला मैदान ममें ग्रामवासियों के सहयोग से रामलीला मैदान में सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया है। राजस्थान अलवर से पधारे कथा व्यास संत स्वामी कमलदास जी बापू के नेतृत्व में गाजे बाजे से भव्य शोभायात्रा निकालकर शुरुआत की।

बुधवार को गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गांव के प्रमुख शिवालयों में पूजा अर्चना के साथ-साथ मंत्रोच्चारण करके शिवमहापुराण की पूजा की गई। कथा के यजमान रामसेवक सोनी सहित नगर की दर्जनों महिला पुरुष पीत वस्त्रों में शामिल रहे। पहले दिन की कथा में भगवान शिव और सती की कथा का वर्णन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बुद्ध विलास द्विवेदी, ओमप्रकाश पाण्डेय, विद्या देवी सिंह, हल्के सोनी, शिवा द्विवेदी, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, दिनेश मिश्रा, दयाराम सोनकर, नारायण त्रिपाठी, कोमल कुशवाहा, प्रमोद सोनी, रामशरण सोनी, संगम सोनी, विजय द्विवेदी, अभिजीत सोनी सहित बड़ी संख्या में माताएं बहनें उपस्थित रहीं।

## प्रोन्नति पर एएसपी को एसपी ने लगाया स्टार




**बांदा।** अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, एएसपी विशेष श्रेणी-2 में पदोन्नति होने पर उन्हें पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर अपनी शुभकामनाएँ दी है। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने अपर पुलिस अधीक्षक विशेष श्रेणी-2 के पद पर पदोन्नत हुए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज को उनकी वर्दी पर सफेद धातुएं अशोक स्तंभ व एक स्टार लगाकर उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी। ज्ञात रहे कि अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज वर्ष 2001 बैच के पीपीएस अधिकारी हैं तथा वर्ष 2018 में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नत हुए थे। प्रोन्नत के संबंध में उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा मंगलवार को आदेश जारी किए गए थे।

## प्रदीप बाथम को मिला इंद्रप्रस्थ शिक्षा रत्न अवॉर्ड



**कमासिन।** विकासखंड कमासिन के ग्राम पंचायत ममसी खुर्द के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय ममसी खुर्द में कार्यरत प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार बाथम को शिक्षा में नवाचार व सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इंद्रप्रस्थ प्रतिभा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। होप आशा की एक किरण व डॉक्टर यादवेंद्र नाथ मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में इंद्रप्रस्थ प्रतिभा सम्मान का आयोजन ए पी एस स्टूडियो नई दिल्ली के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश, पंजाब हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड सहित अन्य राज्यों के शिक्षकों, समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। बाथम को इसके पहले आदर्श शिक्षा सम्मान, द बेस्ट टीचर अवार्ड, राष्ट्र गौरव शिक्षक अवार्ड, आईकॉन अवार्ड, आइडियल इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड 2024 से सम्मानित किया जा चुका है। इस उपलब्धि से उनके चाहने वालों में काफी खुशी देखी जा सकती है।

## मोरम खदान में ट्रक से कुचल कर चालक की मौत

**बांदा।** मोरम खदान में ट्रक से कुचलकर चालक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वाहन चला रहे खलासी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। कानपुर के रसूलपुर उमरा गांव निवासी अजमेर अली 30 पुत्र नायब अली ट्रक चलता था ।वह ट्रक लेकर मरौली गांव स्थित मोरम खदान बालू भरने आया था । मंगलवार की रात खदान में खलासी ट्रक को बैक कर रहा था। चालक अजमेर साइड बता रहा था। तभी खलासी ने अपने चालक अजमेर के ऊपर ट्रक चढ़ा दिया। जिससे वह ट्रक के नीचे आकर कुचल गया ।हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया ।आनन फानन उसे ट्रक से बाहर निकाल कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज होने से पहले अजमेर ने दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी घरवालों को दी गई ।सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए ।पुलिस ने ट्रक चला रहे खलासी शिवम को हिरासत में ले लिया ।मृतक के परिजनों ने बताया कि अजमेर ट्रक चलाता था। उसके एक बेटी एक बेटा है अचानक हुई हादसे से पत्नी रोशनी का रो रो का बुरा हाल हो गया।

# जिला जज ने हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

## आगामी आठ मार्च को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए बुधवार को दीवानी न्यायालय परिसर से जिला जज डॉ. बब्बू सारंग ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन नगर में भ्रमण करते हुए लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजन के बारे में जागरूक करेगा।

प्रचार वाहन भ्रमण का उद्देश्य जनपद व तहसील स्तर पर आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन, वादकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ दिलाया जाना हैं। इस मौके पर जिला जज के साथ कमलेश दुबे अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत-बांदा, चन्द्रपाल द्वितीय, प्रथम अपर जिला जज, डॉ. विकास श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश (एससीएसटी), निरंजन कुमार, अपर जिला जज (डीएए)/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत, छोटेलाल यादव, अपर जिला जज (ईसी एक्ट), गुणेन्द्र प्रकाश, अपर जिला जज (पंचम), हेमंत कुमार अपर जिला जज (पॉक्सो), पल्लवी प्रकाश, अपर जिला जज (त्वरित पथ), हेमन्त कुमार अपर जिला जज (पॉक्सो), सिंह अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भगवानदास गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गरिमा सिंह, सिविल जज (सीडि), सुचेता चौरसिया, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेलवे, वरुणा वशिष्ठ, सिविल जज (सीडि/त्वरित), ब्रम्हदत्त सिंह सदस्य स्थायी लोक अदालत बांदा रवि शंकर, जिला अग्रणी प्रबन्धक, सीओ सदर, कविता अग्रहरि-वरिष्ठ लिपिक, राशिद अहमद डीईओ व नासिर अहमद के साथ पराविधिक स्वयंसेवक सुमन शुक्ला, राहुल सिंह रिंकी अहिरवार, अशोक त्रिपाठी, देवेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

इस सम्बंध में समस्त विधि व्यवसायियों, वादकारी जनता व अन्य संबंधित व्यक्तियों से अपील है कि आप अपने-अपने वादों के निस्तारण के लिए आठ मार्च को दिन शनिवार को आयोजित की जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद नियत कराते हुए जरिये सुलह-समझौता निस्तारण करावें तथा इस अवसर का लाभ उठाएं।

## जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** लाठी डंडो से एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला कर घायल कर देने वाले अभियुक्त को थाना बिसंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त बांस का डंडा बरामद किया गया है।

गौरतलब हो कि देवेंद्र देवेन्द उर्फ कल्लू ने 16 जनवरी को बिलगांव के रहने वाले ज्ञानेन्द्र सिंह पर लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था, जिससे ज्ञानेन्द्र गंभीर रुप से घायल हो गए थे। इस संबंध में घायल के पुत्र ने द्वारा थाना बिसंडा पर दी गई तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था, अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। बुधवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए अभियुक्त ने अपना नाम देवेंद्र उर्फ कल्लू पुत्र छत्रपाल निवासी बिलगांव बताया है।

## बैटरी ना मिलने से परेशान युवक ने की खुदकुशी

**बांदा।** ई रिक्शा की बैटरी ना मिलने से परेशान युवक ने खेत पर लगे बबुल के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया ।मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

मरका थाना क्षेत्र के बाकल गांव निवासी बुद्ध वली 40 पुत्र देशवा मंगलवार की शाम घर से फसल देखने के बहाने निकल गया ।उसने खेत पर लगे बबुल के पेड़ पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मौके पर पहुंची भतीजी संध्या ने देखा तो घर वालों को जानकारी दी ।मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया । सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया ।मृतक के छोटे भाई प्रेमचंद ने बताया कि उसने तीन माह पहले ई रिक्शा खरीदा था ।इसी से वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था ।ई रिक्शा की एक बैटरी खराब हो गई थी। जो एजेंसी में जमा कर दिया था ।बैटरी के लिए वह एजेंसी के चक्कर काट रहा था ।लेकिन बैटरी नहीं मिली इसी से परेशान होकर उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक अपने पीछे पत्नी रामदेवी के अलावा बच्चे छोड़ गया है।

## पीड़िता ने एसपी से की न्याय की फरियाद

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अलोना निवासी तथा जेठ के उत्पीड़न से त्रस्त ज्योति पत्नी जसवंत सिंह ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि उसकी प्राथमिकी दर्ज कराकर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। उसने आरोप लगाया कि जब वह अपने बच्चे को इलाज कराने के लिए बाँदा मुख्यालय जा रही थी कि तभी जेठ ने रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट की, साथ ही धमकी भी दी। पीड़िता ने न्याय की फरियाद की है।

## नैनों खाद का इस्तेमाल करें अन्नदाता ˜ कृषि वैज्ञानिक

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बाँदा** ˜ बड़ोखर खुर्द ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कतरावल में किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें किसानों को पारंपरिक उर्वरक यूरिया एवं डीएपी से होने वाले भूमि संबंधी नुकसान के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ नैनों खाद का प्रयोग करने पर जोर दिया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. श्याम सिंह ने किसानों को यूरिया से होने वाले नुकसान के बारे में लोगों को जागरुक किया और कहा कि नैनों यूरिया व नैनो डीएपी भविष्य की खाद हैं। इसके सहारे खेती को लंबे समय तक किया जा सकता है। इसी प्रकार मुख्य अतिथि एवं उप आयुक्त/उप निबंधक प्रदीप सिंह ने भी विचार व्यक्त किया और नैनों यूरिया के प्रयोग पर बल दिया। प्रगतिशील किसान श्रीराम तिवारी, मान सिंह एवं सगीर मुहम्मद ने भी नैनो उर्वरकों के उपयोग और लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर उपायुक्त एवं निबंधक सहकारिता द्वारा सबसे ज्यादा नैनो खाद का प्रयोग करने वाले किसानों को बैटरी चलहित स्प्रेयर इफको द्वारा देकर प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। क्षेत्राधिकारी इफको प्रतीक चौबे ने भी ऐसे ही विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक पीसीएफ प्रवीण यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एडीसीओ डॉ. अरविंद सिंह, एडीसीओ अतर्रा शिव प्रकाश, एडीसीओ सदर सूर्यप्रकाश, इफको एमसी के अजय सिंह, रमेश कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम आयोजन में एग्री जंक्शन कतरावल ओमकार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## छात्रावास निर्माण के लिए बैठक में तय की गई तारीख

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** साहब तालाब के समीप स्थित पंचवटी आश्रम जेल रोड में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में छात्रावास निर्माण के लिए भूमि पूजन की तिथि 23 फरवरी तय की गई। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर भी बैठक में चर्चा की गई।

बैठक में तय किया गया कि समाज के कार्यकर्ता व्यक्तिगत रूप सभी को आमंत्रित करने जायेंगे, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, प्रिंट मीडिया, न्युज पेपर के माध्यम से भूमि पूजन कार्यक्रम को प्रचारित प्रसारित किया जाएगा और सभी से अनुरोध किया जाएगा कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक क्षत्रिय बन्धु पधारे, जिससे कि भूमि पूजन के कार्यक्रम को



दिव्यता एवं भव्यता प्रदान किया जा सके। बैठक में प्रस्तावित छात्रावास निर्माण के लिए समर्पण निधि में सहयोग हेतु समाज के बन्धुओं से सम्पर्क लगातार अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा बांदा के कार्यकर्ता संपर्क करते रहें। बैठक का संचालन महासचिव शान्ति भूषण सिंह गौतम ने किया। जिलाध्यक्ष राम सिंह कछवाह ने कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन किया। बैठक में रमजोर सिंह चंदेल (संरक्षक), राम सिंह कछवाह (सिंधनकला) अध्यक्ष, पीके सिंह (मीडिया प्रभारी), बलराम सिंह (बसहरी), गोरेलाल सिंह गौतम, राजेश सिंह (अध्यक्ष, बड़ोखर ब्लाक), अभिषेक सिंह (कहरा), अटल सिंह परिहार, वीरेन्द्र सिंह (सेवानिवृत्त सुबेदार मेजर), धीरेन्द्र सिंह गौर (कोषाध्यक्ष) पिपरहरी, बालेन्द्र सिंह गौतम (उपाध्यक्ष), शिव प्रताप सिंह गौर, कुंवर बहादुर सिंह परिहार (उपाध्यक्ष), सबल सिंह (पूर्व क्रीड़ा अधिकारी), शिव मोहन सिंह (महोखर), रणजीत सिंह (उपाध्यक्ष), राम जियावन सिंह गौतम (उपाध्यक्ष), रामनरेश सिंह कछवाह (उपाध्यक्ष), रामनरेश सिंह चौहान, शान्ति भूषण सिंह गौतम (पचनेही) महासचिव आदि मौजूद रहे।

## समस्याओं के समाधान की मांग

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने चेतावनी दी कि यदि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में शिक्षकों की लंबित मांगों का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण नहीं किया गया तो शिक्षक होली का त्यौहार नहीं मनाएंगे और बोर्ड परीक्षाओं के तुरंत बाद धरना प्रदर्शन करेंगे। इस पर भी यदि मांग पूरी न हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। शिक्षकों ने जिला कार्यकारिणी की बैठक कर 8 सूत्रीय ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को सौंपा है। ज्ञापन देने में माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष राजकिशोर शुक्ल, मंत्री भारत भूषण दिवाकर समेत बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल रहे।

## शहीद की मूर्ति का हुआ अनावरण, दी गई श्रद्धांजलि





**लोकमित्र ब्यूरो**

**पैलानी।** तहसील अंतर्गत अतरहट गांव निवासी बलिदानी कांस्टेबल त्रिमोहन सिंह पुत्र बाबूलाल सिंह की मूर्ति का अनावरण प्राथमिक विद्यालय अतरहट परिसर में किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे 46वीं वाहिनी भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल डलमऊ कैंप रायबरेली के द्वितीय कमान के अडोकी चासी व सहायक सेनानी राजेंद्र पाल सिंह, एसडीएम पैलानी शशि भूषण मिश्रा किसान नेता जयराम सिंह बछेउरा अजय सिंह,खंडशिक्षाधिकारी, आदि ने शाहिद की पत्नी पूनम सिंह व उनके बच्चों को ढांढस बंधाया। वहीं शाहिद की पत्नी ने मूर्ति का अनावरण किया। शाहिद की प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा प्राथमिक विद्यालय अतरहट से हुई थी तथा भारत तिब्बत सीमा पुलिस में वर्ष 2013 में भर्ती होकर 29 अक्टूबर 2023 को भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल की अग्रिम चौकी बुग्डियार में राष्ट्र की रक्षा करते हुए वापस लौटते समय लीलम चौकी की ओर प्रस्थान करते समय 150 फीट नीचे गिर जाने से मौत हो गई एस डी एम पैलानी शशिभूषण मिश्र ने कहा कि बुंदेलखंड वीरो की धरा है, बांदा के लाल ने अपने प्राणों की बाजी लगाकर कुर्बानी दी है वह हमेशा याद रखें जाएंगे।

राजा भैया मेमोरियल डिग्री कॉलेज के प्रबंधक मिंटू यादव ने कहा कि शहीद के नाम से एक निशुल्क लाइब्रेरी खोली जाएगी जिसमें प्रतियोगी छात्र छात्राओं को सामान्य ज्ञान की जानकारी मिलेगी। इस दौरान परिजन मुन्ना सिंह , चौकी इंचार्ज पपरेंदा केशव राम, प्रधानाध्यापिका अंकिता यादव आदि मौजूद रहे।

## कार्यशाला में दी गई आग से बचाव की जानकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को फायर सर्विस की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान एनओसी संबंधी जानकारियों के साथ से आग से बचाव के बारे में भी जागरूक किया गय। आग व उसके प्रकार और नियंत्रण के बारे में बताया गया, ताकि आग लगने के दौरान बचाव किया जा सके।

डीएम जे.रीभा और एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में फायर सर्विस द्वारा जनपद के समस्त कार्यदायी संस्थाओ के वरिष्ठ अधिकारियों व लाईसेंस ,पंजीकरण मान्यता, मानचित्र स्वीकृत करने वाले पदाधिकारियों के साथ आग से बचाव के सम्बन्ध में, एनओसी सम्बंन्धी अग्नि सुरक्षा मानको के सम्बन्ध में मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुकेश कुमार द्वारा जानकारी दी गई। पीपीटी प्रजेन्टेशन के माध्यम से आग व उसके प्रकार व नियन्त्रण के तरीके भवनों की संरचना भवन में एनबीसी तथा अन्य मानकों के अनुसार वाँछित फायर फाईटिंग सिस्टम व भवन संरचना मानक अलग-अलग होने के



बारे में बताया गया।

अवगत कराया कि भवनों का निर्माण आगणन के दौरान कार्यदायी संस्थाओ द्वारा वर्तमान तक अपने स्तर से लिये जा रहे निर्णयो में प्रस्ताव के दौरान सिविल वर्क स्ट्रक्चर, आर्किटेक्ट, कन्सल्टेन्ट एवं फायर अरेन्जमेन्ट कल्सन्टेट एजेन्सियों से इस प्रकार का प्रमाण पत्र लेने, प्रस्तावित भवनों में, प्रस्तावित भवन संरचना व प्रस्तावित फायर फाईटिंग अरेन्जमेन्ट मानकों के अनुरुप ही प्रस्तावित किये गये हैं। ऐसे भवनों के निर्माण से पूर्व अग्निशमन विभाग से एनओसी प्राप्त करने की दशा में ऐसे भवनों में अंतिम अनापत्ति निर्गमन करने में भवनों मे सरचनात्मक/एफएफ सिस्टम मानकों के पूर्ति उपरान्त फाइनल एनओसी निर्गमन करने में कठिनाई उत्पन्न न हो। इस दौरान अधिकारीगण मौजूद रहे।